ओ३म्

वार्षिक विवरण

१९६४-६५

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

प्रकाशक :
प्रो० जयदेव वेदालंकार
कुलसचिव,
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय
गुरुकुल कांगड़ी, हरिद्वार (उ०प्र०)

दिसम्बर १९९५ : ५०० प्रतियाँ

मुद्रक :
जैना प्रिंटर्स, ज्वालापुर

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के संस्थापक स्वामी श्रद्धानन्द जी

विश्वविद्यालय के वर्तमान अधिकारी

कुलाधिपति	—प्रो० शेरसिंह
	—श्री सूर्यदेव (जनवरी १६६५ से)
कुलपति	—डा० धर्मपाल
आचार्य एवं उपकुलपति	—प्रो० रामप्रसाद वेदालंकार
कोषाध्यक्ष	—श्री हरवंशलाल शर्मा
कुलसचिव	—प्रो० जयदेव वेदालंकार
डीन, प्राच्य विद्या संकाय	—प्रो० वेदप्रकाश शास्त्री
डीन, मानविकी संकाय	—प्रो० विष्णुदत्त राकेश
डीन, विज्ञान संकाय	—प्रो० एस. एल. सिंह
डीन, जन्तु विज्ञान संकाय	—प्रो० डी. के. माहेश्वरी
डीन, छात्र कल्याण	—प्रो० डी. के. माहेश्वरी
वित्त अधिकारी	—श्री जयसिंह गुप्ता
संग्रहालयाध्यक्ष	—डा० कश्मीर सिंह राही
	—प्रो० वेदप्रकाश शास्त्री (मई ६५ से
पुस्तकालयाध्यक्ष	—श्री जगदीश प्रसाद विद्यालंकार

———

सम्पादक-मण्डल

विषय-सूची

क्रम सं०	विषय	पृष्ठ संख्या

क्रम सं०	विषय	पृष्ठ संख्या
२५-	कम्प्यूटर केन्द्र	१०२
२६-	पुस्तकालय विभाग	१०५
२७-	राष्ट्रीय छात्र सेना (एन.सी.सी.)	१०६
२८-	विश्वविद्यालय छात्रावास	१११
२९-	शारीरिक शिक्षा विभाग	११२
३०-	राष्ट्रीय सेवा योजना	११५
३१-	कन्या गुरुकुल स्नातकोत्तर महाविद्यालय देहरादून	११७
३२-	वित्त एवं लेखा	१२०
३३-	विश्वविद्यालय को प्राप्त अनुदान का विवरण	१२१
३४-	आय का विवरण	१२३
३५-	व्यय का विवरण (अनुरक्षण अनुदान)	१२५
३६-	विश्वविद्यालय के शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की सूची	१२८
३७-	दीक्षान्त समारोह १९९५ पर उपाधि पाने वाले विद्यार्थियों की सूची	

जस्टिस महावीर सिंह
परिद्रष्टा

श्री सूर्यदेव
कुलाधिपति

आमुख

गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय अपनी स्थापना के ६५ वर्ष पूरे कर रहा है। भारत में पुनर्जागरण और निर्माण की मशाल जलाने वाले स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज ने पाश्चात्य शिक्षा प्रणाली के समानान्तर भारतीय जीवन मूल्यों और आदर्शों पर आधारित भारतीय शिक्षा प्रणाली का प्रवर्त्तन गुरुकुल शिक्षा पद्धति के रूप में किया। प्राचीन भारतीय विद्याओं और आधुनिक ज्ञान-विज्ञान का हिन्दी माध्यम से उच्चतर अध्ययन और अध्यापन-अनुसन्धान कराने वाली यह प्रथम राष्ट्रीय शिक्षा संस्था है, जिसकी प्रशंसा महात्मा गाँधी, दीनबन्धु एण्ड्रूज, पण्डित मदनमोहन मालवीय, मान्य गोखले, महाकवि रविन्द्रनाथ, नरेन्द्र देव, जवाहरलाल नेहरू, डा० राजेन्द्रप्रसाद तथा इन्दिरा गाँधी जैसे लोकनायक मनीषियों ने की है। विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त करने के बाद विज्ञान, वैदिक ज्ञान, प्राच्य विद्या और मानविकी के क्षेत्र में इस विश्वविद्यालय ने महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

विश्वविद्यालय में कुलपति जी के आमन्त्रण पर इस वर्ष संस्कृत विभाग में डा० रमाकान्त शुक्ल, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष डा० निगम शर्मा, आचार्य ज्ञानचंद शास्त्री, श्री वेद प्रकाश श्रोत्रिय ने अपने विशिष्ट व्याख्यान दिए।

हिन्दी विभाग में वृन्दावन के श्री जयकिशन प्रसाद खण्डेलवाल, नई दिल्ली के डा० गंगा प्रसाद विमल, अलीगढ़ के डा० तारकनाथ बाली आदि अनेक विद्वान् पधारे तथा अमूल्य व्याख्यान दिए।

इस वर्ष के दीक्षान्तोत्सव पर विश्वविद्यालय में माननीय डा० शिवराज पाटिल, लोकसभाध्यक्ष, भारत सरकार ने दीक्षान्त भाषण पढ़ा।

इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के प्रौढ़ शिक्षा विभाग ने अपने प्रसार कार्यक्रम के अन्तर्गत समीपस्थ ग्रामों में शिक्षा, घरेलू उपकरणों के प्रयोग, जनसंख्या पर रोक तथा स्वरोजगारों की सूचना आदि कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया ।

विश्वविद्यालय के अनेक विद्वान प्राध्यापक विदेशों में विशिष्ट व्याख्यानों के लिये आमन्त्रित किये गये । डा० कौशल कुमार जापान गये ।

विश्वविद्यालय के गणित विभाग के प्रो० डा० एस०एल० सिंह डीन-विज्ञान संकाय को रामानुजम् मैथमेटिकल सोसाइटी ने २५ से २७ मई १९९५ तक चले दशम् अधिवेशन में उनकी गणितीय उपलब्धियों हेतु सम्मानित किया गया तथा अन्तर्राष्ट्रीय बायोग्रेफिकल सेन्टर कैम्ब्रिज, इंग्लैण्ड की एडवाइजरी कौन्सिल का सदस्य चुना गया ।

इस सत्र से विश्वविद्यालय में कला संकाय में स्नातक स्तर पर कम्प्यूटर, गणित, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र, पुरातत्व एवं संग्रहालय विज्ञान पाठ्यक्रम का तथा विज्ञान संकाय में औद्योगिक सूक्ष्म जीव विज्ञान पाठ्यक्रम का विधिवत् अध्यापन प्रारम्भ किया गया ।

इसी सत्र से मनोविज्ञान विभाग के अन्तर्गत एक महत्त्वपूर्ण दो वर्षीय पाठ्यक्रम पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स इन पर्सनल मैनेजमेण्ट एण्ड इण्डस्ट्रियल रिलेशन्स प्रारम्भ हुए ।

विश्वविद्यालय के आचार्यों ने लेखन-प्रकाशन तथा विभिन्न विश्वविद्यालयों में आयोजित संगोष्ठियों, सम्मेलनों, पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों तथा शोध समितियों में भाग ले कर अपने पद की गौरववृद्धि की । कुछ शिक्षकों को प्रोन्नति मिली । मैं सभी को बधाई देता हूँ । विभागों के प्रगति विवरण में अलग-अलग इन विद्वानों के निजी क्रिया-कलापों का विस्तृत ब्यौरा उपलब्ध है ।

अन्त में, मैं केन्द्रीय सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, दिल्ली, हरियाणा एवं पंजाब आर्य प्रतिनिधि सभाओं के

अधिकारियों, शिक्षा पटल, कार्य परिषद् तथा शिष्ट परिषद् के माननीय सदस्यों एवं स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों का अत्यन्त कृतज्ञ हूँ जिनके सहयोग से विश्वविद्यालय का कार्य सुचारू रूप से चलता रहा है और हम निरन्तर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं।

प्रो० जयदेव वेदालंकार
कुलसचिव

गुरुकुल काँगड़ी—संक्षिप्त परिचय

जैसे ही बीसवीं शताब्दी की ऊषा-लालिमा ने अपने तेजस्वी रूप की छटा बिखेरनी आरम्भ की, एक नई आशा, एक नये जीवन, एक नई स्फूर्ति का जन्म हुआ। ४ मार्च सन् १९०२ ई० को स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज ने अपने कर-कमलों से एक नये पौधे का रोपण किया। यही नन्हा-सा पौधा आज ६५ वर्ष बाद ऐसा वृक्ष सिद्ध हुआ जिसने अपनी शाखाओं को पुनः धरती में सँजो दिया और फिर इन्हीं शाखाओं से नई टहनियां फूट आईं। यह पौधा गुरुकुल कांगड़ी, जिसकी स्थापना गंगा के पूर्वी तट पर, हरिद्वार के निकट काँगड़ी ग्राम के समीप हुई थी, आज अपनी सुगन्धी एवं उपयोगिता से भारत-वर्ष को गौरवान्वित कर रहा है।

१९वीं शताब्दी में लार्ड मैकाले ने भारत में वह शिक्षा पद्धति चलाई जो उनके देश में प्रचलित थी। पर मुख्य अन्तर यह था कि जहाँ इंग्लैण्ड में शिक्षित युवक अपनी ही भाषा के माध्यम से शिक्षा ग्रहण करके सम्मानजनक नागरिक बनने का स्वप्न देखते थे, वहाँ भारत में विदेशी भाषा के माध्यम से पढ़े हुए युवक ब्रिटिश शासन के सचिवालयों में नौकरी की खोज करते थे। एक ओर तो शासन द्वारा प्रतिपादित शिक्षा-पद्धति का यह स्वरूप था, दूसरी ओर बाराणसी आदि प्राचीन शिक्षास्थलों पर पाठशालायें चल रही थीं। विद्यार्थी पुरानी पद्धति से संस्कृत साहित्य तथा व्याकरण का अध्ययन कर रहे थे।

स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज ने एक ऐसी शिक्षा-पद्धति का आविष्कार किया जिसमें दोनों शिक्षा-पद्धतियों का समन्वय हो सके, दोनों के गुण ग्रहण करते हुए दोषों को तिलाञ्जलि दी जा सके। अतः गुरुकुल कांगड़ी की प्रारम्भिक योजना में संस्कृत साहित्य और वेदान्त की शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक ज्ञान-विज्ञान को भी यथोचित स्थान दिया गया था और शिक्षा का माध्यम मातृभाषा हिन्दी रखा गया था। निस्संदेह स्वामी जी के मन में शिक्षा के क्षेत्र में आई इस मानसिक क्रांति का स्रोत महर्षि दयानंद जी सरस्वती के

डा० धर्मपाल
कुलपति

डा० जयदेव वेदालंकार
कुलसचिव

शिक्षा सम्बन्धी विचार थे, जिन्हें वे मूर्तरूप प्रदान करना चाहते थे। इनमें ब्रह्मचर्य और गुरु-शिष्य के सम्बन्धों पर बल था।

कुछ वर्षों बाद महाविद्यालय विभाग प्रारम्भ हुआ। महाविद्यालय स्तर तक गुरुकुल में सब विषयों की शिक्षा मातृभाषा हिन्दी के माध्यम से दी जाती थी। उस समय तक आधुनिक विज्ञान की पुस्तकें हिन्दी में बिलकुल नहीं थीं। गुरुकुल के उपाध्यायों ने सर्वप्रथम इस क्षेत्र में काम किया। प्रो० महेशचरण सिंह जी की हिन्दी कैमिस्ट्री, प्रो० रामचरण दास सक्सेना का गुणात्मक विश्लेषण, प्रो० साठे का विकासवाद, श्रीयुत गोवर्धन शास्त्री की भौतिकी और रसायन, प्रो० सिन्हा का वनस्पतिशास्त्र, प्रो० प्राणनाथ का अर्थशास्त्र और प्रो० सुधाकर का मनोविज्ञान आदि हिन्दी में अपने-अपने विषय के ग्रथ हैं। प्रो० रामदेव ने मौलिक अनुसधान कर अपना प्रसिद्ध ग्रंथ 'भारतवर्ष का इतिहास' प्रकाशित किया।

१९५२ में प्रथम दीक्षान्त हुआ जब गुरुकुल से दो ब्रह्मचारी हरिश्चंद्र और इंद्र (दोनों स्वामी श्रद्धानंद जी के सुपुत्र) अपनी शिक्षा पूर्ण कर स्नातक हुए।

गुरुकुल निरंतर लोकप्रिय होता जा रहा था। केवल भारतीय जनता ही नहीं, अनेक विदेशियों को भी गुरुकुल ने अपनी ओर आकर्षित किया। प्रमुख विदेशी आगंतुकों में सी०एफ०ए० एण्ड्रूज, ब्रिटिश ट्रेड यूनियन के नेता श्रीयुत् सिडनी बेव और ब्रिटेन के भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्री रेम्जे मैक्डानेल्ड आदि उल्लेखनीय हैं।

ब्रिटिश सरकार ने पहले गुरुकुल को राजद्रोही संस्था समझा। सरकार का यह भ्रम तब तक दूर नहीं हुआ जब तक संयुक्त प्रान्त के गवर्नर सर जेम्स मेस्टन गुरुकुल को अपनी आँखों से देखने नहीं आये। सर जेम्स मेस्टन गुरुकुल में बार बार पधारे। भारत के वायसराय लार्ड चैम्सफोर्ड भी गुरुकुल पधारे। गुरुकुल राजद्रोही न था, पर जब कभी धर्म, जाति व देश के लिए सेवा और त्याग की आवश्यकता हुई, गुरुकुल सबसे आगे रहा। १९०० के व्यापक दुर्भिक्ष, १९०८ के दक्षिण हैदराबाद जल-विप्लव, १९११ के गुजरात के दुर्भिक्ष और दक्षिण अफ्रीका में महात्मा गाँधी द्वारा प्रारम्भ सत्याग्रह-संग्राम में गुरुकुल के ब्रह्मचारियों ने मजदूरी करके और अपने भोजन में कमी करके दान दिया।

इसी भावना को देखकर महात्मा गांधी तीन बार गुरुकुल पधारे। वह कुटिया अब भी विद्यमान है जिसमें महात्मा गांधी ठहरे थे। बहुत पीछे गुरुकुल के ब्रह्मचारियों ने हैदराबाद सत्याग्रह और हिन्दी आन्दोलन में भी सक्रिय भाग लिया और जेल भी गये।

गुरुकुल ने एक आन्दोलन का रूप धारण कर लिया और परिणामस्वरूप मुलतान, भटिंडा, सूपा तथा अन्य स्थानों पर गुरुकुल खोले गये। बाद में झज्जर, देहरादून, मटिंडू, चित्तौड़गढ़ आदि स्थानों पर भी गुरुकुल खोले गए। अन्य धर्मावलम्बियों ने भी महर्षि दयानन्द के शिक्षा–सम्बन्धी आदर्शों को स्वीकार करके गुरुकुल के ढंग के शिक्षणालय खोलने शुरु किये।

१४ वर्ष तक, अर्थात् १९१७ तक महात्मा मुंशीराम जी गुरुकुल के मुख्याधिष्ठाता रहे। उसी वर्ष उन्होंने संन्यास धारण किया और वे मुंशीराम से स्वामी श्रद्धानन्द जी हो गये। उस वर्ष विद्यालय विभाग में २७६ और महाविद्यालय विभाग में ६४ विद्यार्थी अध्ययन कर रहे थे।

१९२१ में गुरुकुल, महाविद्यालय के रूप में परिणित हो गया। इसी वर्ष इस विवाद का अन्त हो गया कि गुरुकुल केवल एक धार्मिक विद्यालय है और सामान्य शिक्षा देना गुरुकुल का काम नहीं है। यह भी निश्चय हुआ कि विश्वविद्यालय के साथ निम्न महाविद्यालय होंगे —

१. वेद महाविद्यालय
२. साधारण (कला) महाविद्यालय
३. आयुर्वेद महाविद्यालय

बाद में एक व्यवसाय महाविद्यालय भी इसमें जोड़ दिया गया।

गुरुकुल के इतिहास की कुछ प्रमुख घटनाएं इस प्रकार रहीं—

बाढ़—१९२४ में गंगा में भीषण बाढ़ आई और गुरुकुल की बहुत-सी इमारतें नष्ट हो गईं। अतः निश्चय किया गया कि गुरुकुल उसी स्थान पर खोला जाए जहां इस प्रकार के खतरे की आशंका न हो। इसके लिए हरिद्वार

से ५ किलोमीटर की दूरी पर, ज्वालापुर के समीप, गंग नहर के किनारे, हरिद्वार बाईपास मार्ग पर वर्तमान स्थान का चयन किया गया।

१९२७ का वार्षिकोत्सव रजत जयन्ती (सिल्वर जुबिली) के रूप में मनाया गया। इसमें ५० हजार से अधिक आगन्तुक विविध प्रान्तों से सम्मिलित हुए। इनमें महात्मा गांधी, पं० मदन मोहन मालवीय, बाबू राजेन्द्रप्रसाद, सेठ जमुना लाल बजाज, डा० मुंजे साधुवर, वासवानी, आदि उल्लेखनीय हैं। जयन्ती महोत्सव तो बड़ी सफलता के साथ सम्पन्न हुआ, पर ३ मास पूर्व २३ दिसम्बर १९२६ को स्वामी श्रद्धानन्द जी का बलिदान हो गया था और उनका अभाव सबको खटकता रहा। १९२१ से पं० विश्वम्भरनाथ जी गुरुकुल के मुख्याधिष्ठाता नियुक्त हुए पर १९२७ में रजत महोत्सव सम्पन्न करवाने के बाद वे गुरुकुल से चले गये।

पं० विश्वम्भरनाथ जी के बाद १९२७ में आचार्य रामदेव जी, जो १९०५ में गुरुकुल आए थे, मुख्याधिष्ठाता नियुक्त हुए। इनके प्रयत्नों से लाखों रुपया गुरुकुल को दान में मिला। गुरुकुल की नई भूमि पर इमारत बननी शुरु हुई। आचार्य रामदेव जी के पश्चात् प्रसिद्ध विद्वान और प्रचारक पं० चमूपति जी तीन वर्ष तक मुख्याधिष्ठाता रहे। १९३५ में सत्यव्रत जी सिद्धान्तालंकार गुरुकुल के मुख्याधिष्ठाता नियुक्त हुए और पं० अभयदेव जी शर्मा विद्यालंकार आचार्य पद पर आसीन हुए। सन् १९४२ में स्वास्थ्य खराब होने के कारण पं० सत्यव्रत जी ने मुख्याधिष्ठाता पद से त्यागपत्र दे दिया और उनके स्थान पर पं० इन्द्र विद्यावाचस्पति नियुक्त हुए। कुछ समय बाद आचार्य अभयदेव जी ने भी त्यागपत्र दे दिया। पं० बुद्धदेव जी गुरुकुल के नये आचार्य बने पर वे भी १९४३ में चले गए। उनके स्थान पर पं० प्रियव्रत जी आचार्य नियुक्त हुए।

मार्च १९५० में गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय का स्वर्ण जयन्ती महोत्सव मनाया गया। दीक्षान्त भाषण भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा० राजेन्द्र प्रसाद ने दिया। इस अवसर पर पधारने वालों में श्री चन्द्रभानु गुप्त, श्री घनश्यामसिंह गुप्त, राजाधिराज श्री उम्मेद सिंह जी शाहपुराधीश, दीवान बद्रीदास जी, पं० ठाकुरदास जी, महाशय कृष्ण जी, स्वामी सत्यानन्द जी, स्वामी आत्मानन्द जी, श्री वासुदेवशरण जी अग्रवाल, पं० बुद्धदेव जी विद्या-

लंकार, पं० सत्यव्रत जी सिद्धान्तालंकार, कुँवर चाँदकिरण जी शारदा उल्लेखनीय हैं। भारत सरकार की ओर से राष्ट्रपति ने एक लाख रुपये का दान दिया। यह प्रथम अवसर था जब गुरुकुल ने सरकार से अनुदान लिया। १९५३ में पं० धर्मपाल विद्यालंकार सहायक मुख्याधिष्ठाता नियुक्त हुए जो लगभग २० वर्ष रहकर सेवामुक्त हुए।

१ अगस्त १९५७ को पं० जवाहरलाल नेहरु गुरुकुल पधारे। उन्होंने विज्ञान महाविद्यालय का उद्घाटन किया। १९६० में विश्वविद्यालय की हीरक जयन्ती मनाई गयी। इस जयन्ती पर 'गुरुकुल कांगड़ी के ५० वर्ष' नामक एक पुस्तिका भी प्रकाशित की गई। २० वर्ष से भी अधिक समय तक कुलपति एवं मुख्याधिष्ठाता रहने के पश्चात् पं० इन्द्र जी को गुरुकुल से विदाई दी गयी। उनके पश्चात् पं० सत्यव्रत जी सिद्धान्तालंकार गुरुकुल के कुलपति एवं मुख्याधिष्ठाता बने। इन्हीं के समय १९६२ में गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय को भारत सरकार से विश्वविद्यालय के समकक्ष होने की मान्यता मिली। ८ विषयों में एम०ए० कक्षायें विधिवत् शुरु हुईं। अब चार विषयों में पी-एच डी. (शोध व्यवस्था) भी है। इन्हीं के समय १९६६ में डा० गंगाराम जी, जो अंग्रेजी विभाग में १९५२ से कार्य कर रहे थे, प्रथम पूर्णकालीन कुलसचिव नियुक्त हुए। आचार्य प्रियव्रत जी, जो १९४३ से आचार्य पद पर चले आ रहे थे, १९६९ में गुरुकुल के कुलपति बने। इनके प्रयत्नों से विश्वविद्यालय को पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत धन प्राप्त हुआ और स्टाफ के वेतनमानों में संशोधन हुआ। इनके बाद श्री रघुवीर सिंह शास्त्री तथा डा० सत्यकेतु विद्यालंकार कुलपति बने। कुलपति श्री बलभद्र कुमार हूजा का कार्यकाल दीर्घ तथा सराहनीय उपलब्धियों से पूर्ण रहा। कुलपति आर०सी० शर्मा के कार्यकाल में गुरुकुल व्यवसायिक शिक्षा की ओर सफलतापूर्वक आगे बढ़ा है। श्री हूजा तथा श्री शर्मा के कुलपतित्व में ही अनेक विषयों में प्रोफेसर नियुक्त हुए। इससे विश्वविद्यालय को शैक्षणिक प्रगति में गुणात्मक योगदान हुआ।

गुरुकुल को स्थापित हुए ९५ वर्ष हो गये हैं। गुरुकुल के स्नातकों ने प्राचीन इतिहास, वेद, संस्कृत, हिंदी, आयुर्वेद, पत्रकारिता आदि के क्षेत्रों में जो उल्लेखनीय योगदान दिया, वह सदा स्मरणीय रहेगा।

विश्वविद्यालय के उपाध्यायों ने भी लेखन के क्षेत्र में एवं शोधकार्यों में आशातीत प्रगति की है। गुरुकुल की पत्रिकायें और शोध-जर्नल, शैक्षिक

एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में काफी योगदान कर रहे हैं। जनहित क्षेत्र में भी हमने अपने मातृग्राम कांगड़ी को अंगीकृत किया है, जिसमें गोवर्धन शास्त्री पुस्तकालय की स्थापना की जा चुकी है और उसके लिए पूर्व कुलपति श्री हूजा ने ५००) रुपये का दान भी संघड़ विद्या सभा ट्रस्ट, जयपुर से दिलवाया है। इसी प्रकार से विश्वविद्यालय ने गाजीवाला एवं ग्राम जगजीतपुर को भी अंगीकृत किया है और वहां स्वास्थ्य, सफाई, सांस्कृतिक चेतना, प्रौढ़ शिक्षा आदि कार्यों पर जोर दिया जा रहा है।

(२) इस समय निम्न संरचना विश्वविद्यालय के अन्तर्गत कार्य कर रही है।

विद्यालय विभाग

प्रथम कक्षा से बारहवीं कक्षा तक। अन्तिम परीक्षा उत्तीर्ण करने पर विद्या विनोद का प्रमाणपत्र दिया जाता है।

वेद विद्यालय (प्राच्य संकाय)

अभी तक प्रथम वर्ष से द्वितीय वर्ष तक उत्तीर्ण करने पर वेदालंकार की स्नातक उपाधि प्रदान की जाती थी, किन्तु सत्र ८७-८८ से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार स्नातक स्तर पर (वेदालंकार में) त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम लागू कर दिया गया है। इसी महाविद्यालय के अन्तर्गत वेद, संस्कृत, दर्शन, इतिहास तथा योग में एम०ए० और पी-एच०डी० को उपाधियां प्रदान करने की व्यवस्था है।

कला महाविद्यालय (मानविकी संकाय)

इसमें प्रथम वर्ष से द्वितीय वर्ष तक उत्तीर्ण करने पर विद्यालंकार की स्नातक उपाधि दी जाती थी, किन्तु सत्र ८७-८८ से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार स्नातक स्तर पर (विद्यालंकार में) त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम लागू कर दिया गया है। इसी महाविद्यालय के अन्तर्गत मनोविज्ञान, हिन्दी, गणित और अंग्रेजी में एम०ए० तथा पी-एच०डी० उपाधि प्राप्त की जा सकती है। सत्र ९२-९३ के छात्राओं के लिए भी एम०ए० कक्षाओं की अलग से व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही बी०ए० (अलंकार सामान्य) का पाठ्यक्रम भी प्रारम्भ हुआ है।

विज्ञान महाविद्यालय (विज्ञान संकाय)

इसमें प्रथम वर्ष तथा द्वितीय वर्ष उत्तीर्ण करने पर बी०एस-सी० को उपाधि प्रदान की जाती थी। किन्तु सत्र ८७-८८ से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार स्नातक स्तर पर त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम लागू कर दिया गया है। सम्प्रति भौतिकी, रसायन, कम्प्यूटर और गणित में अध्ययन की व्यवस्था है। स्नातकोत्तर कक्षाएँ गणित, भौतिकी, रसायन में चल रही हैं। विश्वविद्यालय में जीव विज्ञान संकाय की अलग व्यवस्था की गयी है जिसमें रसायन शास्त्र के साथ जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, औद्योगिक सूक्ष्म जीव विज्ञान पढ़ाये जा रहे हैं। इस संकाय में बी०एस-सी० के अतिरिक्त माइक्रो-बायोलोजी में स्नातकोत्तर तथा पी-एच० डी० की व्यवस्था है। साथ ही जन्तु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान में पी-एच०डी० उपाधि हेतु भी व्यवस्था है।

कन्या गुरुकुल महाविद्यालय, देहरादून

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा कन्या गुरुकुल महाविद्यालय, देहरादून को विश्वविद्यालय का एक अंगभूत महाविद्यालय स्वीकृत कर लिए जाने के बाद इस महाविद्यालय में पर्याप्त विस्तार हुआ है तथा भविष्य में इसके तेजी से विस्तार होने की सम्भावना है।

गुरुकुल काँगड़ी फार्मेसी

यह आयुर्वेदिक औषधियों के निर्माणार्थ एक बहुत बड़ी फार्मेसी है। बिक्री लगभग एक करोड़ रुपये है। इससे प्राप्त लाभ ब्रह्मचारियों तथा जन-कल्याण पर खर्च किया जाता है।

(३) इस समय गुरुकुल के जो भवन हैं, उनका अनुमानतः मूल्य डेढ़ करोड़ रुपये से कहीं ऊपर है। इन भवनों में वेद तथा साधारण महाविद्यालय, विज्ञान महाविद्यालय, पुस्तकालय, संग्रहालय, टेकचन्द नागिया छात्रावास, सीनेट हाल, विद्यालय, विद्यालय आश्रम, गौशाला, राजेन्द्र छात्रावास, उपाध्यायों तथा कर्मचारियों के आवास-गृह सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त जो भूमि है, उसका भी अनुमानतः मूल्य १ करोड़ रुपये से कम नहीं है।

विश्वविद्यालय द्वारा योग का प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र भी गत पाँच वर्षों से चल रहा है। इसके अतिरिक्त क्रीड़ा विभाग द्वारा छात्रों को विभिन्न अन्तर्विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रशिक्षित किया जाता है। इसके अतिरिक्त वेद, कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के निर्धन छात्रों को आँशिक रोजगार देने का कार्यक्रम भी पुस्तकालय के माध्यम से गत सात वर्षों से चल रहा है। अंग्रेजी विभाग के अन्तर्गत 'अंग्रेजी भाषा का एक वर्षीय प्रमाण-पत्र' पाठ्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें आधुनिक तकनीक से अंग्रजी बोलना सिखलाया जाता है।

भारत सरकार द्वारा प्रदत्त एक प्रोजेक्ट वनस्पति विज्ञान विभाग में चल रहा है। साथ ही शिक्षा मन्त्रालय द्वारा प्रदत्त प्रौढ़ शिक्षा का कार्यक्रम भी निष्ठा एवं सफलता के साथ चल रहा है।

विश्वविद्यालय अपने माननीय अधिकारियों — परिद्रष्टा महोदय, कुलाधिपति जी एवं कुलपति जी के दिशा-निर्देश में उत्तरोत्तर प्रगति-पथ पर अग्रसारित है।

—रामप्रसाद वेदालंकार
आचार्य एवं उपकुलपति

दीक्षान्त-समारोह के अवसर पर
कुलपतिप्रतिवेदनम्

ओ३म्

पुनन्तु मा देवजनाः पुनन्तु मनसा धियः ।
पुनन्तु विश्वा भूतानि जातवेदः पुनीहि मा।। (यजुर्वेद १९/३९)

श्रद्धेया! संन्यासिनः, सम्मान्याः लोकसभाध्यक्षाः श्री शिवराजपाटिल-महोदयाः, परिद्रष्टृपदभाजः श्रीमहावीरसिंहमहोदयाः, कुलाधिपतयः श्री-सूर्यदेवमहाभागाः, सार्वदेशिकार्यप्रतिनिधिसभाप्रधानापदभाजः श्रीरामचन्द्र-वन्देमातरम् महाभागाः, मञ्चस्थाः विद्वांसः- नवस्नातकाः, ब्रह्मचारिणः, विश्वविद्यालयस्य सहयोगिनो नराः, नार्यश्च ।

अद्य गुरुकुल काँगड़ीविश्वविद्यालयस्य चतुर्नवतितमे दीक्षान्तसमारोहक्रमे समागतानां महानुभावानां स्वागत व्याहरन् अमन्दमानन्दमनुभवामि । सहृदयानां मान्यानामातिथ्यक्रमे यदि जायेत क्वचित् काचित् त्रुटिस्तर्हि नूनं सा मर्षणीया ।

हे प्रियस्नातकाः ! देवानामीप्सिततमं गुरुकुलमिदममरहुतात्मना पुण्य-श्लोकेन स्वामिश्रद्धानन्देन चतुर्नवतिवर्षेभ्यः प्राग् भगवत्याः भागिरथ्या पवित्रे तटे स्थापितम् । एतस्माद् गुरुकुलाद् विद्यापारङ्गता देशप्रेमरससिक्ताः ये स्नातका उपाधिवन्तः समभवन् तेषु प्रतिष्ठावन्तो लब्धकीर्तयः पं० इन्द्रविद्यावा-चस्पति-आचार्यरामदेव- स्वामिसमर्पणानन्द- पं० अभयदेव- आचार्यप्रियव्रत-डॉ० सत्यकेतु- पं० चन्द्रगुप्त- डॉ० रामनाथ वेदालंकार- स्वामिधर्मानन्द-प्रभृतयः सम्प्रत्यपि गुरुकुलस्य कीर्तिं सर्वासु दिक्षु प्रसारयन्ति । अस्माक प्रत्ययोऽस्ति द्रढीयान् यन्नवाः स्नातका इत उपाधि गृहीत्वा विश्वविद्यालय यशोगाथां गायं गायं स्वकर्मसु दक्षतां प्रकटयन्तः प्रतिष्ठामवाप्स्यन्ति ।

दीक्षान्त समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डा० पाटिल

हे आर्यबान्धवा: ! अस्मिन् दीक्षान्तसमारोहावसरे विश्वविद्यालयस्य संक्षिप्तं प्रगतिवृत्तं भवतु नाम भवतां कर्णगतमिति विमृश्य समासेनोदीर्यते। यद्यपि अर्थबाधया समुन्नतिः प्रबाध्यते तथापि गुरुकुलस्य प्रोन्नतिर्न हीयते। साम्प्रतममुष्मिन् विश्वविद्यालये चत्वारः संकाया: प्रवर्धमानास्सन्ति ते प्राच्यविद्या-मानविकी-विज्ञान-जीवविज्ञानसंकाया: सन्ति । एकैकस्य संकायस्य विभागानां विवरणं प्रस्तूयते ।

प्राच्यविद्यासंकाय:

१— वेदविभाग: – वेदविभाग: डॉ० मनुदेवबन्धुमहोदयस्य अध्यक्षतायामुन्नतिपथमारोहति । अस्मिन् विभागे प्रोफेसरपदभाग् रामप्रसाद वेदालंकारो विराजते । अयमेव आचार्यपदमुपकुलपति-पदञ्चालङ्करोति । वेदविभागे वेद-ब्राह्मण-आरण्यक-उपनिषद्-वेदाङ्गादीनां सर्वाङ्गीणा शिक्षा दीयते । कर्मकाण्डपरम्परां द्रढयितुं डॉ० मनुदेव बन्धुमहोदयस्य निदेशकत्वे वैदिकप्रयोगशालाऽपि प्रवर्तते । अस्मिन्नेव विभागे विश्वविद्यालयस्यानुदानसहायतया वैदिकवाङ्मय-निर्वचनकोषनाम्न्यां बृहत् शोधयोजनायां डॉ० रूपकिशोर-डॉ० अशोककुमारौ कार्यं कुरुतः । अस्मिन्नेव विभागे एकवर्षीय वैदिक-कर्मकाण्ड-प्रमाणपत्रपाठ्यक्रमोऽपि प्रचलति । अत्र डॉ० दिनेशचन्द्रः अध्यापने शोधकर्मणि च निरतोऽस्ति । डॉ० मनुदेवस्य निर्देशने द्वौ छात्रौ पी–एच०डी० उपाधिभ्यां विभूषितौ। वेद विभागेन वेदमन्त्रोच्चारण-प्रतियोगिताऽपि समायोजिता ।

२—संस्कृतविभाग: – संस्कृतविभागे प्रो० वेदप्रकाशशास्त्री अध्यक्षपदमलङ्करोति। अयमेव सम्प्रति प्राच्यविद्यासंकायस्य अध्यक्षपदभार वहति। अस्मिन् विभागे डॉ० सोमदेव, डॉ० रामप्रकाशौ रीडरपदभाजौ स्तः। प्रवक्ता चास्ति डॉ० ब्रह्मदेव: । अस्मिन् विभागे पञ्चविंशतिः शोधछात्रा: शोधकर्मरता: । अस्मिन्नेव विभागे संस्कृतदिवससमारोह: सम्मानित: । अस्य विभागस्य प्रो० वेदप्रकाशशास्त्रिणा सह अन्ये सहयोगिन: अखिलभारतीयप्राच्यविद्यासम्मेलने भागं ग्रहीतुं गता:। प्रो० वेदप्रकाश शास्त्रिण: निदेशकत्वे त्रिदिवसीया राष्ट्रिया वैदिकसंगोष्ठी समायोजिता । प्रो० वेदप्रकाशशास्त्रिणः अनेकेषु विश्वविद्यालयेषु विषयविशेषज्ञरूपेण तैस्तैर्विश्वविद्यालयैः सादरमामन्त्रिता: ।

३—दर्शनविभाग: — दर्शनविभाग: डॉ० विजयपालशास्त्रिणोऽध्य-क्षतायां प्रगतिमान् वर्तते। अस्यैव विभागस्य प्रोफेसरपदभाग् डॉ० जयदेव वेदालंकार: सम्प्रति विश्वविद्यालयस्य कुलसचिवपदमलंकरोति। अस्मिन्-विभागे डॉ० त्रिलोकचन्द्र-डॉ० उमरावसिंहविष्टौ कार्यं कुरुत:। अत्र प्राच्य-पाश्चात्यदर्शनशास्त्रे शोधकार्यं प्रचलति।

४—प्राचीनभारतीयेतिहासविभाग: – विभागाध्यक्ष: डॉ० कश्मीरसिंह: चारुतया कार्यं निभालयति। विभागे प्रोफेसरपदभाग् डॉ० श्यामनारायण-सिंहोऽस्ति। डॉ० राकेशशर्मा प्रवक्तृपदे कार्यं करोति। इतिहासविभागा-न्तर्गत: पुरातत्त्वसंग्रहालय: डॉ० कश्मीरसिंहस्य निदेशकत्वे चारुतयोन्नति करोति।

५—योगविभाग। – डॉ० ईश्वरभारद्वाजस्याध्यक्ष्येऽयं विभाग: प्रचलति। अस्मिन् विभागे स्नातकोत्तरश्रेण्यां पाठ्यक्रम: समारब्ध:। सम्प्रति युगानु-रूपं अस्य विभागस्य महती ख्याति: प्रवर्धते। समये-समये ईश्वरभारद्वाजस्य आकाशवाणीत: वार्त्ता: प्रसरन्ति। अयं सम्मेलनेष्वपि भागं गृह्णाति।

६—श्रद्धानन्दशोध संस्थानम् – अस्माकं विश्वविद्यालये अभिनवं श्रद्धानन्दशोध संस्थानं संस्थापितम्। अत्र डॉ० भारतभूषण: अध्यक्षपदभारं वहति। डॉ० महावीरस्तत्रैव रीडरपदभागस्ति। आशासे भविष्यति काले बहुलतया शोधकार्यं प्रचलिष्यति।

मानविकीसंकाय:

७—हिन्दीविभाग: :– हिन्दीविभागे डॉ० सन्तरामोऽध्यक्षपदम-लंकरोति। अस्मिन् विभागे डॉ० विष्णुदत्तराकेश आचार्यपदभारं वहन् मान-विकी संकायस्याध्यक्षपदमपि सनाथीकरोति। अस्मिन् विभागे डॉ० भगवान् देव पाण्डेय-डॉ० ज्ञानचन्द्र रावलौ रीडरपदभाजौ। डॉ० कमलकान्तबुधकर: पत्रकारितां स्वरुचि तनुते। डॉ० भगवान् देवपाण्डेय: अस्मिन्नेव वर्षे डी० लिट० उपाधिना आत्मान घोषयति।

८—आंग्लभाषाविभाग: – डॉ० नारायणशर्मण: अध्यक्ष्येऽयं विभाग: प्रचलति। अस्मिन् विभागे समेषां प्राध्यापकानां निर्देशकत्वे शोधकार्यं प्रचलति।

अस्मिन् विभागे प्रो० सदाशिवभगत, डॉ० श्रवणकुमार शर्मा, डॉ० अम्बुजशर्मा, डॉ० कृष्णावतारादयः कार्यनिरताः सन्ति। डॉ० अम्बुजकुमारः शिष्टपरिषदः सदस्योऽस्ति।

९—मनोविज्ञानविभागः :— प्रो० ओम्प्रकाशमिश्रस्य अध्यक्षतायामयं विभागः कार्यं करोति। अस्मिन् विभागे "इकोलोजिकल पर्सपेक्टिव एण्ड बिहेवियर" विषये एकं राष्ट्रियं विद्वत्सम्मेलनमभूत्। अत्र शताधिकैर्विद्वद्भिः भागो गृहीतः। अस्मिन्नेव विभागे अस्मिन् वर्षे 'पर्सनल मैनेजमेण्ट एण्ड इण्डस्ट्रियल रिलेशन्स" विषये अभिनवः पाठ्यक्रमः समारब्धः। सम्प्रति पञ्चविंशतिः छात्राः अध्ययनरताः सन्ति। अस्मिन् विभागे डॉ० सतीशचन्द्र धमीजा, डॉ० एस०के० श्रीवास्तव, डॉ० चन्द्रपाल खोखर प्रभृतयः कार्यरताः सन्ति।

१०—प्रौढ़शिक्षाविभागः :— अस्मिन् विभागे डॉ० रामदत्त शर्मा अध्यक्षपदभार वहति। अयं विभागः साक्षरतावर्धनाय नित्यशः कार्यं करोति। मध्ये-मध्ये प्रतियोगिता अपि समायोजयति। डॉ० जसवीरसिंहमविकः सहायकरूपेण कार्यं करोति।

विज्ञानसंकायः

११—गणितविभागः :— सम्प्रतिविभागाध्यक्षपदे प्रो० विजयपालसिंहो-राजते। विभागेऽस्मिन् डॉ० श्यामलालसिंहः प्रोफेसरपदं वहन् विज्ञान-संकायस्य अध्यक्षपदभारमपि वहति। प्रो० श्यामलालसिंहेन अस्मिन् वर्षे बहुषु स्थानेषु विद्वत्सम्मेलनेषु भागो गृहीतः। अस्मिन् विभागे डॉ० वीरेन्द्र अरोड़ा, डॉ० विजयेन्द्र कुमार शर्मा, डॉ० महीपाल सिंह, डॉ० गुलाटी प्रभृतयः कार्यं कुर्वन्ति।

१२—भौतिकविज्ञानविभागः :— डॉ० हरिश्चन्द्रग्रोवरः अध्यक्षपदम-धितिष्ठति सम्प्रति अस्मिन्विभागे राष्ट्रियस्नातकभौतिकीपरीक्षा समायोजिता। शिलांगवासिना डा० पी०एन० राममहोदयेन विभागे विशिष्टं व्याख्यानं दत्तम्। अस्मिन् विभागे डा० वाई० सिंह महोदयेन विद्वानतिथि-रूपेण कार्यमकारि। डा० बी०पी० शुक्ल, डा० राजेन्द्र कुमार, डा० पी० पी० पाठक, डा० यशपालादयो विभागे कार्यव्यापृतास्सन्ति। विभागेऽभिनवा प्रयोगशाला निर्मीयते।

१३—रसायनविज्ञानविभागः – डॉ० कौशलकुमारो विभागाध्यक्षपदे विराजते । अस्मिन्विभागे नवीना प्रयोगशाला विनिर्मिता । अस्मिन् विभागे स्नातकोत्तर प्रमाणपत्रपाठ्यक्रमः प्रचलति । अनेन पाठ्यक्रमेण विभागस्य महती ख्यातिः प्रथिता । अस्य विभागस्य छात्राः शीघ्रमेव जीविकां लभन्ते । डॉ० ए०के० इन्द्रायणस्य शोधपत्रं एशियन जॅरनल ऑफ कैमिस्ट्री पत्रिकायां प्रकाशितम् । अस्यैव विदुषः आकाशवाणीतः वार्ताः समये-समये प्रसरन्ति । डॉ० रजनीशदत्त-कौशिकस्य निर्देशने त्रिभिश्छात्रैः लघुशोधप्रबन्धाः प्रस्तुताः । डॉ० श्रीकृष्णस्य निर्देशकत्वे छात्राः शोधकार्यं कुर्वन्ति । अस्मिन् विभागे प्रतिवर्षं प्रो० ओम्प्रकाशसिन्हा बलिदानदिवसः समायोज्यते । डॉ० इन्द्रायणस्य 'फण्डामेण्टल्स इन कैमिस्ट्री' नामको ग्रन्थः प्रकाशनतामेति । गर्वस्यविषयोऽयमिन्द्रायणस्य नाम "इण्डियन सोलिडेरिटी काउन्सिल" पुरस्काराय प्रस्तावितम् ।

१४—कम्प्यूटरविज्ञानविभागः – विगतसप्तवर्षेभ्यः कम्प्यूटर विज्ञानविभागः कार्यं करोति । अस्यविभागस्याध्यक्षपदं डॉ० विनोदकुमारः अलंकरोति । अत्र कर्मजितभाटिया-सुनीलकुमार-दुर्गेशकुमारादयः प्रवक्तारः सन्ति । वेदव्रतद्विजेन्द्रपन्तौ तकनीकोसहायकौ स्तः । अस्मिन् वर्षे विभागे नवीनपाठ्यक्रमस्य समावेशः कृतः । विभागीयप्राध्यापकानां शोधलेखाः प्रकाशनाय प्रेषिताः । डॉ० विनोदकुमारः विभिन्नेषु शोधसम्मेलनेषु च भागं गृह्णाति । अस्मिन् वर्षे अलंकारसामान्यपाठ्यक्रमे कम्प्यूटर विषयस्य प्रावधानं कृतम् ।

जीवविज्ञान संकायः

१५—वनस्पतिविज्ञानविभागः – डॉ० पुरुषोत्तमकौशिकः अध्यक्षपदमलंकरोति । अस्मिन् विभागे डॉ० डी०के० माहेश्वरी प्रोफेसर पदभारं वहन् जीवविज्ञानसंकायस्याध्यक्षपदमपि अलंकरोति । अस्मिन् विभागे डॉ० गंगाप्रसादगुप्त, डॉ० नवनीतौ कार्यनिरतौ स्तः । विभागेऽस्मिन् समये-समये विदुषां भाषणानि समायोज्यन्ते । शोधयोजनाप्यत्र प्रचलति । प्रो० डी०के० माहेश्वरी भारतस्यानेकैः विश्वविद्यालयैः विशिष्टभाषणाय आमन्त्रितस्तथैव जर्मनविश्वविद्यालयेनापि समाहूतः । प्रो० माहेश्वरीनिर्देशने द्वाभ्यां छात्राभ्यां शोधकार्यं कृतम् ।

१६—जन्तुविज्ञानविभागः – सम्प्रति विभागे डॉ० ए०के० चोपड़ा अध्यक्षपदमलंकरोति । प्रोफेसरपदभाग् डॉ० बी०डी० जोशी महोदयः विभागस्य समुचितामुन्नतिं करोति । अस्य विभागस्य विभिन्नेषु कार्यक्रमेषु महतीभूमिका दरीदृश्यते । अत्र शोधकार्यं सम्यक् प्रसरति । विभागे डॉ० तिलकराजसेठ, डॉ० दिनेशभट्ट, डॉ० देवराजखन्नाप्रभृतयः सन्ति कर्मासक्ताः । विभागे नियमानुसारं शोधपत्रिका प्रकाश्यते । विभागेऽस्मिन् प्राध्यापकानां बृहच्छोधयोजनाः प्रचलन्ति । अस्मिन् विभागे सद्भावना निबन्धप्रतियोगिता समायोजिता । राष्ट्रियसेवायोजना कार्यक्रमं डॉ० ए०के० चोपड़ा, डॉ० देवराजखन्नामहोदयौ चारुतया प्रचालयतः ।

१७ - पुस्तकालयविभागः – गुरुकुलकांगड़ी विश्वविद्यालयस्य पुस्तकालयः देश-देशान्तरेभ्यः समागतानां शोधकर्तॄणामुत्कर्षस्य केन्द्रमस्ति । प्राच्यविद्यासम्बन्धिनः दुर्लभाः ग्रन्थाः अत्र सहजतया प्राप्यन्ते । अस्मिन् पुस्तकालये वैदिकसाहित्य-संस्कृतसाहित्य-दर्शनशास्त्रादीनां हस्तलिखिताः ग्रन्थाः द्रष्टुं शक्यन्ते । अत्र भारतवर्षस्य सर्वासां भाषाणां पत्रिकाः समागच्छन्ति । पुस्तकालये निर्धनमेधाविछात्राणां कृते जीविकाव्यवस्थापि प्रचलति । भूतपूर्वकुलपतेराचार्यप्रियव्रतस्य नाम्ना त्रिसहस्राधिकाः ग्रन्थाः पुस्तकालये उपहारीकृताः परिवार जनैः । डॉ० जगदीशविद्यालंकारस्य आध्यक्ष्ये पुस्तकालयः दिने-दिने उन्नतिपथमधिरोहति । अस्मिन् वर्षे श्री सत्यदेव विद्यालंकारलिखितः स्वामिश्रद्धानन्दाख्यो ग्रन्थः पुनरपि प्रकाश्यते ।

१८—पुरातत्वसंग्रहालयः – पुरातत्त्वसंग्रहालये संग्रहीतानां पाण्डुलिपीनां परिरक्षणाय प्रकाशनाय च केन्द्रीयमानवसंसाधनविकासमन्त्रालयेन अनुदानं दत्तम् । संग्रहालये नैकाः प्राचीनः मुद्राश्च सन्ति । परसहस्राः जनाः सग्रहालय द्रष्टुं गुरुकुलमुपागताः । पाण्डुलिपिग्रन्थानां परिरक्षणाय संरक्षरणयन्त्रमपि संग्रहालये विद्यते ।

१९—कम्प्यूटरकेन्द्रम् – अस्माकं विश्वविद्यालये कम्प्यूटरकेन्द्रं प्रचलति । कम्प्यूटरकेन्द्राध्यक्षः श्री दिनेशविश्नोई अस्ति । श्री अचलगोयलः प्रणाली विश्लेषकपदे कार्यं करोति । श्री मनोजकुमार, श्री महेन्द्रअसवाल, श्री अरुणकुमार, श्री शशिकान्त, श्री राजेन्द्रादयः केन्द्राभ्युदये साहाय्यं कुर्वन्ति । अस्मिन् वर्षे कम्प्यूटरकेन्द्रस्य विस्तारोऽपि जातः । कम्प्यूटर-उपकरणानि अस्मिन् वर्षे बहूनि क्रीतानि ।

विश्वविद्यालयस्य बहुधा विस्तारं कर्तुं भवननिर्माणे रुचिविशेषः प्रादुर्भवति। मुद्रणकार्यालयस्य पूर्वस्यां दिशी नूतनं भवनं निर्मितम्। अस्मिन्नेव वर्षे मानविकी संकायस्य भवनस्य निर्मितिर्जाता। शिक्षाविस्तारं कर्तुं महिला-छात्राणां कृते पृथग् रूपेण महिलाविद्यालयः प्रचलति।

प्रियस्नातकाः! येषां शाश्वतजीवनमूल्यानां रक्षणाय, राष्ट्रैकतायाः अखण्डतायाः चरित्रस्य धार्मिकसद्भावस्य च परिरक्षणाय गुरुकुलीयशिक्षा-पद्धतिरुद्भाविता सञ्जीविता च। तानि जीवनमूल्यानि भवतां जीवने स्थितिं विधाय प्रतिपदमुन्नतिं प्रदास्यन्ति। यद्यपि नात्र संशयो विद्यते यद् वर्तमाने काले जटिलाः समस्याः प्रादुर्भवन्ति। परं भवतामात्म-विश्वासो गुरुजनानामाशीर्वादेन सह निश्चित जीवनमुन्नेष्यति। युष्माकं जीवनं ससुखं कर्तुं परेशं महेशं प्रार्थये।

विश्वविद्यालयस्य सर्वाङ्गीणविकासे अधिकारिणां शिक्षकानां कर्मचारिणां ब्रह्मचारिणां अभिभावकानाञ्च सहयोग एवं प्रशस्यते। कुलाधिपति-श्रीसूर्यदेवमहोदयानां, श्री महावीरसिंह परिद्रष्टृमहोदयानां निर्देशनेऽसौ विश्वविद्यालयः प्रगतिपथमारोहति।

हे महाजनाः सज्जनाः।

नूनमद्यास्माकं सौभाग्योदयो जातो यदस्माकं मध्ये भारतस्य लोकसभाध्यक्षाः श्रीमन्तः शिवराजपाटिल महोदयाः दीक्षान्तभाषणाय शोभन्ते। एषां सम्पूर्णं जीवनं राष्ट्राय समर्पितं विद्यते। राजनीतिक्षेत्रे भवतां कार्यपद्धतिः वृक्षच्छायेव समेषां परितापहर्त्री विद्यते। भवता गुरु-कुलमुपेत्य गुरुकुलीयशिक्षां प्रति निजानुरागः प्रकटितः। गुरुकुलमध्ये भवन्तमालोक्य सर्वेऽपि कुलवासिनो वयं धन्याः। भवताम् अपरिमितेन साहाय्येन विश्वविद्यालयस्य परिवृद्धिः प्रतिष्ठा च प्रवर्त्स्येते।

अन्ते चाहं समुपस्थितानां सर्वेषां महानुभावानां धन्यवादं व्याहरन् सकलजगज्जेगीयमानं विश्वनाथमभ्यर्थये—

काले वर्षतु पर्जन्यः पृथिवी शस्यशालिनी।
देशोऽयं क्षोभरहितः सज्जनाः सन्तु निर्भयाः॥

९ अप्रैल १९९५

डॉ० धर्मपालः
कुलपतिः

दीक्षान्त अभिभाषण

द्वारा

माननीय श्री डा० शिवराज पाटिल

अध्यक्ष लोकसभा (भारत)

(दिनाँक ६ अप्रैल, १६६५ : स्थान- हरिद्वार)

माननीय कुलाधिपति जी, परिद्रष्टा जी, कुलपति जी, आदरणीय पण्डित जी, आचार्यगण, बन्धुओं, बहनों एवं नवस्नातकों !

आज गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में आपने मुझे यहाँ आमन्त्रित कर युगपुरुष स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज की तप:स्थली देखने का जो सुअवसर प्रदान किया है, उसके लिए मैं आप सभी का हृदय से आभारी हूँ। स्वामी श्रद्धानन्द जी ने देश की स्वाधीनता, अखण्डता, समृद्धि तथा सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करने के लिए आजीवन संघर्ष किया। वे मानव कल्याण के लिए निरन्तर प्रयत्नशील रहे। वे देश के युवकों को एक ऐसे वर्ग के रूप में तैयार करना चाहते थे जो ज्ञान-विज्ञान की भिन्न-भिन्न शाखाओं-प्रशाखाओं में पारंगत होने के साथ-साथ वेदिक ज्ञान एवं विश्व प्रसिद्ध भारतीय संस्कृति से भी भली-भाँति परिचित हो तथा राष्ट्र के रचनात्मक विकास में अपनी भूमिका निभा सके। महर्षि दयानन्द सरस्वती जी की शिक्षा संबन्धी अवधारणाओं के अनुरूप स्वामी श्रद्धानन्द जी भारत के लिए एक ऐसी राष्ट्रीय शिक्षानीति बनाना चाहते थे, जिसमें प्राचीन विद्याओं के साथ आधुनिक ज्ञान-विज्ञान का समन्वय हो। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए ही स्वामी श्रद्धानन्द ने सन् १६०२ में इस गुरुकुल की स्थापना की थी। उनका दृढ़ विश्वास था कि देश की आजादी और आजाद भारत की बहुमुखी प्रगति तब तक सम्भव नहीं होगी, जब तक देश में शिक्षा, हमारी राष्ट्रीय संस्कृति एवं भारतीय पद्धति के अनुरूप लागू नहीं होती। वस्तुत: शिक्षा-

पद्धति ऐसी होनी चाहिये जो जीवन निर्माण करने वाली, इंसानियत लाने वाली और चरित्र निर्माण करने वाली हो और जो जीवन में विभिन्न विचारों को आत्मसात कर सके ।

यह गुरुकुल एक विचार और आन्दोलन के रूप में अस्तित्व में आया, केवल एक संस्था के रूप में नहीं । वैदिक साहित्य व दर्शन के अध्ययन-अध्यापन के साथ राष्ट्रीयता की रक्षा करना इसका उद्देश्य था । इसलिए सरकारी विश्वविद्यालयों द्वारा अपनाई गई शिक्षा पद्धति से हट कर इस गुरुकुल ने समानता के आधार पर राष्ट्रीय शिक्षा देने की योजना तैयार की थी । शिक्षा का माध्यम राष्ट्रभाषा हिन्दी हो इसकी योजना भी सर्वप्रथम इसी गुरुकुल ने कार्यान्वित की थी । यह संस्था तत्कालीन भारतीय विश्वविद्यालयों से सर्वथा भिन्न थी और किसी प्रकार की सरकारी सहायता नहीं लेती थी, क्योंकि उसका उद्देश्य ऐसी राष्ट्रीय शिक्षा पद्धति तैयार करना था जो विदेशी प्रभाव से मुक्त रहकर राष्ट्रीय विचारों से ओत-प्रोत नवयुवक तैयार कर सके । वर्तमान शताब्दी में सरकारी नियन्त्रण से सर्वथा स्वतंत्र रहते हुए सच्ची राष्ट्रीय शिक्षा देने के लिए सबसे पहली और सफल क्रांति गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय ने ही की थी । अब इसमें हिन्दी, संस्कृत, वेद, दर्शन, प्राचीन भारतीय इतिहास, पुरातत्त्व एवं संस्कृति, मनोविज्ञान और अंग्रेजी साहित्य विषयों में शोध आदि करने की व्यवस्था भी विद्यमान है । मुझे ज्ञात हुआ है कि इस गुरुकुल का पुस्तकालय उत्तरी भारत का एक महत्वपूर्ण पुस्तकालय है, जिसमें प्राचीन साहित्य, धर्म और दर्शन पर न केवल दुर्लभ पुस्तकें बल्कि प्राचीन हस्तलिखित पाण्डुलिपियाँ भी सुरक्षित हैं । गुरुकुल का एक महत्त्वपूर्ण दर्शनीय संभाग संग्रहालय है जिसमें प्राचीन इतिहास अभिलेख, पुरातत्त्व और उत्खनन से प्राप्त दुर्लभ सामग्री रखी गयी है । इस संग्रहालय में हरिद्वार और काँगड़ी ग्राम तथा जनपद के अन्य स्थानों से प्राप्त प्राचीन मूर्तियाँ दर्शनीय हैं । इसी संग्रहालय में स्वामी श्रद्धानन्द कक्ष भी है, जिसमें स्वामी जी की पादुकाएँ, वस्त्र, कमंडल और दुर्लभ चित्र सुरक्षित हैं । यह और भी गर्व की बात है कि इस विश्वविद्यालय का एक महत्त्वपूर्ण कार्य ग्राम विकास योजना है । सड़कों का निर्माण, वृक्षारोपण, बायोगैस प्लांटों की स्थापना, आर्थिक विकास परिवार कल्याण, सार्थक ज्ञान आदि विश्वविद्यालय द्वारा ग्रामोत्थान के लिए किए जा रहे प्रमुख कार्य हैं ।

स्वामी जी का विलक्षण व्यक्तित्व, उनकी विलक्षण प्रतिभा इस विश्व-

मंचस्थ पदाधिकारीगण तथा संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि

मुख्य अतिथि डा० शिवराज पाटिल को अभिनन्दन पत्र भेंट करते हुए कुलपति डा० धर्मपाल, साथ में कुलाधिपति श्री सूर्यदेव

विद्यालय के विलक्षण स्वरूप का परिचायक है। स्वामी जी में अध्यात्मिक एवं लौकिक गुणों का अद्भुत संगम था। इसलिए वे इस प्रकार के आधुनिक विश्वविद्यालय और प्राचीन गुरुकुल परंपरा को साकार रूप देने में सफल हुए। वे देश के युवकों को अपने गुरुकुल में शिक्षा देकर एक ओर उन्हें आत्म-साक्षात्कार की शिक्षा देना चाहते थे और दूसरी ओर उन्हें आधुनिक ज्ञान-विज्ञान से सुसज्जित कर देशभक्त, भारतीय संस्कृति के रक्षक, दलितों एवं जरूरतमंदों के सहायक, अल्पसंख्यकों के हमदर्द, अस्पृश्यता, जात-पात, धार्मिक वैमनस्य एवं रूढ़िवादिता के कट्टर विरोधी और पारस्परिक सौहार्द, समानता तथा मेल-मिलाप के प्रबल समर्थक बनाना चाहते थे क्योंकि ये सभी गुण स्वामी जी के अपने व्यक्तित्व में विद्यमान थे।

शिक्षा ही एक ऐसा सशक्त माध्यम है जिसके द्वारा अतीत की उपलब्धियों का मूल्यांकन होता है, वर्तमान की समस्याओं का समाधान खोजा जाता है और भविष्य के लिए रूपरेखा बनाई जाती है। शिक्षा ही वह त्रिवेणी है जो वास्तव में मन को बल देती है, आत्मा को पवित्र करती है और मनुष्य को सही अर्थों में मनुष्य बनाती है। स्वामी विवेकानन्द कहा करते थे कि शिक्षा मनुष्य के विकास की पूर्णता की अभिव्यक्ति है। उस प्रशिक्षण को "शिक्षा" कहा जाता है जिसके द्वारा इच्छाशक्ति की धारा पर सार्थक नियंत्रण स्थापित होता है। अतः इसे शब्द-समूह की स्मृति के रूप में न देखकर विभिन्न शक्तियों के विकास के रूप में देखा जाना चाहिये। सही शिक्षा वह है जो हमें विभिन्न लौकिक विषयों के ज्ञान के साथ-साथ आत्मज्ञान करवाए तथा अपने वास्तविक स्वरूप को पहचानने की प्रेरणा, शक्ति, सामर्थ्य एवं कौशल प्रदान करे और अन्ततः हमें सत्य व ईश्वर से मिला दे।

स्वामी श्रद्धानन्द जी द्वारा प्रणीत शिक्षा पद्धति की सार्थकता, उपयोगिता और सार्वकालिकता इसी बात से सिद्ध होती है कि वर्ष १९८६ में घोषित और १९९२ में संशोधित हमारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत संस्कृत और भारत की अन्य प्राचीन भाषाओं के अध्ययन, अनुसंधान और शोध को बढ़ावा देने के लिए स्वायत्त आयोग के गठन, पूरे देश में सभी बच्चों के लिए प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य बनाने, माध्यमिक स्तर

तक नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने, मुक्त अध्ययन प्रणाली को जीवन-पर्यन्त अवसर के रूप में प्रोत्साहित करने और शिक्षा को रोजगारोन्मुख बनाने पर विशेष बल दिया गया है।

शिक्षा में हमारा दृष्टिकोण केवल व्यवसायमूलक न होकर जीवन परक भी होना चाहिए । जीवन को पद्धति वैज्ञानिक दृष्टि से रखते हुए हम राष्ट्र की रचनात्मक धारा के साथ जुड़ते चलें, सत्य के ग्रहण तथा असत्य के परित्याग के लिए सदैव तत्पर रहें। उपनिषद् कहती है —आत्म-ज्ञान सत्य से मिलता है, सत्य त्याग और सहिष्णुता से प्राप्त होता है, जिसे तप कहते हैं। सत्य के साक्षात्कार के लिए गुरु ज्ञान है तो श्रद्धा जीवन की आस्था और मार्गदर्शिका है । स्वाध्याय, दान और संयम तप की रक्षा करते हैं, इनके बिना ज्ञान तथा शिक्षा की प्राप्ति करना दुष्कर है। ज्ञान की नींव ब्रह्मचर्य है। अत: शिक्षा के मूल में तर्क, स्वाध्याय, संयम, त्याग, सहिष्णुता, श्रद्धा और ब्रह्मचर्य का स्थान अनिवार्य रूप से रखा जाए ।

गुरुकुल कांगड़ी में दी जा रही शिक्षा में उपर्युक्त सभी उद्देश्य और लक्ष्य निहित हैं। इन गुणों से सुसज्जित शिक्षित युवक जिस क्षेत्र में भी कार्य करते हैं, वहीं अपना और अपनो शिक्षण—संस्था का नाम गौरवान्वित करते हैं । मेरी यह मान्यता है कि ऐसे युवकों के हाथों जन-कल्याण सुनिश्चित है। मैं चाहता हूँ कि देश में ऐसे गुरुकुल विश्वविद्यालय अन्यत्र भो स्थापित किये जायें । मुझे प्रसन्नता है कि इस गुरुकुल के अधिकारीगण तथा आचार्यगण स्वामी जी के आदर्शों का निष्ठापूर्वक अनुसरण कर रहे हैं और अपने शिष्यों को भी उन पर चलने हेतु प्रेरित कर रहे हैं।

प्रिय स्नातकों, आप जिस संस्था से स्नातक की उपाधि प्राप्त कर सार्वजनिक जीवन में पदार्पण कर रहे हैं उसकी परम्परा और इतिहास गौरवशाली है। यह वह संस्था है जहाँ हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी को 'महात्मा' की उपाधि से विभूषित किया गया था। आज भी इस संस्था में गणमान्य नेता आकर अपने को धन्य समझते हैं। संस्कृति, साहित्य, धर्म, दर्शन, चिकित्सा, पत्रकारिता, राजनीति विज्ञान तथा व्यवसाय के क्षेत्रों में यहाँ के स्नातकों ने नि:सन्देह नाम अर्जित किया है और आप सभी इस परम्परा को बनाये रखेंगे । मेरी इच्छा है कि आप जीवन के विविध क्षेत्रों का चयन करें और राष्ट्रसेवा के लिए स्वयं को समर्पित करें। समाज के टूटते हुए रिश्तों

और सम्बंधों को मधुर एवं सुदृढ़ करें और समानता तथा सामाजिक न्याय के लिए विवेकसम्मत वातावरण बनायें। मेरी शुभकामना है कि आप सभी अपने जीवन में निरन्तर सुख-समृद्धि की ओर अग्रसर हों और साथ ही राष्ट्र के रचनात्मक विकास में अपना सक्रिय योगदान दें।

विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने दीक्षान्त समारोह के निमित्त मुझे आमन्त्रित कर स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती जैसे महामानव को श्रद्धाँजलि अर्पित करने का जो सुअवसर मुझे दिया, इसके लिए मैं उन्हें साधुवाद और धन्यवाद देता हूं। आचार्यगण और उपस्थित भाई-बहनों के लिए मेरी मंगल-कामनाएँ।

नमस्ते एवं धन्यवाद।

प्राच्य विद्या एवं मानविकी संकाय

१. १८ जुलाई १९९४ को यज्ञोपरान्त सत्र प्रारम्भ हुआ।

२. इस वर्ष संकाय में अलंकार कक्षाओं के साथ-साथ सामान्य अलंकार (बी०ए०) पाठ्यक्रम छात्रों में काफी लोकप्रिय हो रहा है।

३. १५ अगस्त १९९४ को मुख्य कार्यालय के प्रांगण में स्वतन्त्रा दिवस धूम-धाम से मनाया गया। ध्वजारोहण कुलपति महोदय द्वारा किया गया।

४. २३ दिसम्बर १९९४ को स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस समारोह-पूर्वक मनाया गया। इसके पश्चात् विश्वविद्यालय से एक शोभा यात्रा निकाली गयी जो श्रद्धानन्द चौक से शिवमूर्ति होती हुई डा० हरिराम आर्य इण्टर कालेज के प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा में परिणित हुई। इस शोभा यात्रा में हजारों व्यक्ति सम्मिलित हुए।

५. दिनांक २६ जनवरी १९९५ को केन्द्रीय कार्यालय में गणतन्त्र दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया।

६. २५ अप्रैल १९९५ से वार्षिक परीक्षायें आयोजित की गईं।

७. १८ मई १९९५ को सत्रावसान हुआ।

८. शिक्षा सत्र में छात्रों की संख्या इस प्रकार रही :

नाम कक्षा	प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष	तृतीय वर्ष
विद्यालंकार	१०	३	६
बी०ए०	१६०	२६	–
एम०ए० हिन्दी	२५	२३	–

शोभायात्रा

दीक्षान्त पूर्व यज्ञ करते हुए मुख्य अतिथि डा० शिवराज पाटिल, जस्टिस महावीर सिंह, वन्देमातरम् रामचन्द्र राव तथा अन्य

नाम कक्षा	प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष	तृतीय वर्ष
अंग्रेजी	१३	२४	–
मनोबिज्ञान	४४	१४	–
वेदालंकार	१२	५	२
संस्कृत	१५	१७	–
वेद	८	–	–
दर्शन	६	५	–
इतिहास	११	५	–
योग	५	३	–
योग डिप्लोमा	४४		
हिन्दी पत्रकारिमा डिप्लोमा	५		
अंग्रेजी दक्षता प्रमाण पत्र	१८		

———

वेद विभाग

जनपद हरिद्वार में पुण्यसलिला भागीरथी (गंगा) के तट पर सन् १६०० ई० में स्वामी श्रद्धानन्द सरस्वती द्वारा स्थापित गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय आज एक विशालकाय वट वृक्ष का रूप धारण कर चुका है। यह विश्वविद्यालय प्राचीन भारतीय मनीषियों के द्वारा निर्दिष्ट मार्ग पर चलते हुए व्यावहारिक ज्ञान के साथ वैदिक साहित्य एवं संस्कृति के उच्चतम अध्ययन-अध्यापन तथा शोध का प्रमुख केन्द्र है।

विभाग में अनेक छात्र विभागीय प्राध्यापकों के निर्देशन में शोध कार्य कर रहे हैं। यह विभाग विदेशी छात्रों के अतिरिक्त इन्जीनियरों, डाक्टरों, मनोवैज्ञानिकों, राजनेताओं और अध्यात्मप्रेमीजनों को भी अपनी ओर आकृष्ट करता रहा है।

वेद-सम्मेलन—

इस वर्ष इस विश्वविद्यालय के वार्षिकोत्सव पर वेद-सम्मेलन का सफल आयोजन हुआ। इस सम्मेलन में स्वामी ओमानन्द सरस्वती, श्री सूर्यदेव जी, डा० धर्मपाल जी, आ० रामप्रसाद जी, डा० मनुदेव बन्धु, डा० रूपकिशोर शास्त्री, डा० दिनेशचन्द्र, पं० सुखदेव शास्त्री, श्री वेदव्रत जी, श्री महेन्द्र कुमार जी एवं आचार्य वेदप्रकाश शास्त्री आदि वेदमनीषियों ने अपने विचार प्रकट किए। सभी वक्ताओं ने महर्षि दयानन्द द्वारा प्रतिपादित वेद-मार्ग पर चलने का आह्वान किया। सर्वसम्मति से यह निर्णय हुआ कि दयानन्द वेदभाष्य ही सभी समस्याओं का समाधान करने में सक्षम है। ब्र० ब्रह्मदेव, ब्र० अशोक, ब्र० सन्दीप, ब्र० सदानन्द, ब्र० दीनदयाल और ब्र० सत्यदेव (वेदालंकार) ने वेद सम्मेलन में मन्त्रपाठ किया तथा उत्सव पर यजुर्वेद का पाठ किया। अधिष्ठाता श्री महेन्द्र कुमार जी ने सभी वक्ताओं और श्रोताओं को धन्यवाद दिया।

वैदिक संग्रहालय एवं प्रयोगशाला

डा० मनुदेव बन्धु के निर्देशन में यह संग्रहालय निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर है। इसमें ब्राह्मण ग्रन्थों एवं सूत्रग्रन्थों में निर्दिष्ट सभी प्रकार के यज्ञीय पात्रों, हवनकुण्डों, अनेकों प्रकार की जड़ी-बूटियों तथा अनेकों वैदिक पुस्तकों का संकलन किया गया है। पौर्णमास यज्ञ का वीडियो कैसेट तथा वैदिक भक्ति संगीत के कैसेट आदि संग्रहालय में विराजमान हैं। विभाग के छात्रों को वैदिक कर्मकाण्ड में प्रयोगात्मक ज्ञान कराने हेतु प्रयोगशाला में हवन के साथ-साथ षोडश संस्कारों का ज्ञान कराया जाता है। उपदेशक बनाने के लिए छात्रों को तैयार किया जाता है। प्रत्येक कक्षा में कर्मकाण्ड अनिवार्य कर दिया गया है।

इस वर्ष बी०ए० के छात्रों को 'धर्म, दर्शन एवं संस्कृति' का पाठ अनिवार्य रूप से पढ़ाया गया। वेदालंकार में प्रथम श्रेणी प्राप्त करने पर ५०० रु० की विशेष छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। एम०ए० वेद के छात्रों को १०० रु० की धनराशि दी गयी।

विशिष्ट व्याख्यान—

इस वर्ष वेद विभाग में डा० वीरेन्द्र कुमार शर्मा, भूतपूर्व प्रि० राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज लखनऊ, डा० निगम शर्मा और डा० ओम्प्रकाश पाण्डेय लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रमुख व्याख्यान हुए।

भावी कार्यक्रम—

बी०एस-सी०, एम०एस-सी० और बी०ए० की कक्षाओं में वेद (धर्म, दर्शन और संस्कृति) विषय को अनिवार्य पत्र के रूप में पढ़ाने की योजना है। वैदिक वनस्पति, वैदिक रसायन, वैदिक भौतिकी और वैदिक गणित पढ़ाये जा रहे हैं। आशा है १९९५-९६ से बी०एस-सी० के छात्रों को वेद का एक प्रश्नपत्र अनिवार्य रूप से पढ़ाया जाएगा।

इस समय वेद विभाग में चार उपाध्याय अध्यापन कार्य में संलग्न हैं। उनका व्यक्तिगत विवरण तथा कार्य निम्न प्रकार है—

(१) प्रो० रामप्रसाद वेदालंकार
एम०ए० (वेद)
(आचार्य एवं उपकुलपति)

अब तक ५४ पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इस वर्ष वैदिक आदर्श परिवार भाग (२), वेदाध्ययन (एक-तीन भाग), व्यावहारिक योग पुस्तकें छपी हैं। वैदिक अध्यात्म विषय पर प्रवचनों के तीन कैसेट तैयार हुए हैं — (१) व्यावहारिक जीवन में साधना (२) साधना के मन्दिर में प्रवेश का अधिकारी (३) सम्मति—असम्मति, विद्या-अविद्या तथा शरीर-आत्मबोध पूर्वक ओ३म् स्मरण। ये कैसेट इस समय बाजार में उपलब्ध हैं।

ऋषिकुल विद्यापीठ हरिद्वार के वेद सम्मेलन में विशिष्ट व्याख्यान दिया। अनेकों पुस्तकों के अनुवाद संस्कृत, अंग्रेजी, उड़िया और नेपाली भाषा में हो चुके हैं। आचार्य एवं उपकुलपति के रूप में अनेकों समारोहों की अध्यक्षता की।

दिल्ली, हिमाचल, उ०प्र०, हरियाणा एवं गुजरात आदि प्रान्तों में वैदिक धर्म और आर्य समाज का प्रचार किया।

(२) डा० मनुदेव 'बन्धु'
एम०ए० (वेद, संस्कृत, दर्शन, हिन्दी), व्याकरणाचार्य, पी-एच०डी०
रीडर एवं अध्यक्ष

इनके निर्देशन में दो छात्रों को इस वर्ष दीक्षान्त समारोह में पी-एच० डी० (Doctor of Philosophy) की उपाधि प्रदान की गयी। श्री विनोद कुमार को 'वैदिक युग्म एवं गणदेवता" विषय पर और श्री गजानन्द को "अथर्ववेद के दार्शनिक तत्व" विषय पर पी-एच०डी० की उपाधि प्रदान की गयी।

इस वर्ष राकेश शर्मा का "आचार्य प्रियव्रत वेदवाचस्पति के वेदविषयक कार्यों का मूल्यांकन" विषय की रूपरेखा स्वीकृत हुई। इससे पूर्व चार छात्र शोध कार्य में संलग्न हैं।

नव–स्नातक/स्नातिकाएँ

मुख्य अतिथि श्री पाटिल को 'गुरुकुल समाचार' भेंट करते पत्र के मुख्य सम्पादक

अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन रोहतक में २६-२८ दिसम्बर ९४ में "वैदिक न्याय एवं दण्ड व्यवस्था" विषय पर शोध लेख प्रेषित किया।

गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय दयानन्द वेदपीठ के सहयोग से २४-२६ मार्च, ९५ को आयोजित "वर्ण व्यवस्था का वैज्ञानिक आधार" वैदिक गोष्ठी में, उपनिषदों में वर्ण व्यवस्था का वैज्ञानिक स्वरूप" विषय पर शोधपत्र वाचन किया। एक सत्र का संयोजन भी किया।

ऋषिकुल विद्यापीठ हरिद्वार के राष्ट्रिय वेद सम्मेलन में "महर्षि दयानन्दीय वेदभाष्यस्य प्रासङ्गिकता" विषय पर संस्कृत में व्याख्यान दिया।

गुरुकुल महाविद्यालय ज्वालापुर के वार्षिकोत्सव पर १३ अप्रैल ९५ को आयोजित वेद सम्मेलन में "आर्य विचारधारा और उसका उपादेयता" विषय पर व्याख्यान दिया।

सम्प्रति भारत विकास परिषद् हरिद्वार, जीव दया मण्डल हरिद्वार और अखिल भारतीय प्रा० वि० सम्मेलन के सदस्य के रूप में कार्य कर रहे हैं।

विभिन्न पत्रिकाओं में अनेक शोध लेख प्रकाशित हुए।

(३) **डा० रूपकिशोर शास्त्री**
प्रवक्ता
एम०ए०, पी-एच०डी०

इनके निर्देशन में पांच छात्र शोध कार्य कर रहे हैं—

(i) जैमिनीयोपनिषद् ब्राह्मण — एक समीक्षात्मक विवेचन
शोधकर्त्ता —हीरासिंह

(ii) ताण्ड्यमहाब्राह्मण में उपलब्ध निर्वचन और उसके सिद्धान्त
—श्रीमती सरस्वती आर्या

(iii) Bhakti Tattwa in the Upanishads and its development in the Bhagwadgita— Chhaya Bhattacharya

(iv) जैमिनीयोपनिषद् ब्राह्मण में उपलब्ध निर्वचन और उसके सिद्धान्त
—कर्णसिंह

(v) महर्षि दयानन्द की वैदिक विचारधारा एवं मारीशस में उसका प्रभाव
—सुनीलदत्त चतुआ

"वैदिक वाङ्मय निर्वचन कोष" पर (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा स्वीकृत) बृहद शोध योजना का कार्य कर रहे हैं।

"वर्ण व्यवस्था का वैदिक रूप" नामक पुस्तक का सम्पादन किया।

अनेकों सम्मेलनों और गोष्ठियों में भाग लिया।

(४) **डा० दिनेशचन्द्र धर्ममार्तण्ड**
प्रवक्ता, वेद विभाग
एम०ए०, पी-एच०डी०

शोध निर्देशन— एक शोधार्थी का "वैदिक पुरुषमेध" नामक विषय पर शोध-कार्य हेतु पंजीकरण हुआ।

कान्फ्रेन्स/सेमिनार

(i) ३७वें अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन (A.I.O C.) म०द० वि०वि० रोहतक में २६-२८ दिसम्बर, ६४ में 'भक्तेर्वैदिकी मीमांसा' विषय पर संस्कृत में शोध-पत्र वाचन किया।

(ii) गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय म०द० वेदपीठ, दिल्ली के सहयोग से २४-२६ मार्च, ६५ को आयोजित 'राष्ट्रीय वैदिक संगोष्ठी' में "यास्ककालीन वर्णव्यवस्था" विषय पर शोध-पत्र वाचन किया।

(iii) प्रौढ़ सतत् शिक्षा एवं प्रसार विभाग, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में ४ फरवरी, ६५ को 'जनसंख्या शिक्षा एवं विकास' विषय पर आयोजित गोष्ठी में भाग ग्रहण।

(iv) सितम्बर ९४ में अकादेमिक स्टाफ कालेज, लखनऊ विश्वविद्यालय से ओरियण्टेशन कोर्स सम्पन्न किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम

(i) गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के वार्षिकोत्सव पर १० अप्रैल ९५ को 'मन्त्र एवं श्लोकपाठ प्रतियोगिता' में निर्णायकत्व वहन।

(ii) गुरुकुल महाविद्यालय ज्वालापुर के वार्षिकोत्सव पर १३ अप्रैल ९५ को आर्य और वेद सम्मेलनों में क्रमश: 'आर्यत्व की पहचान' और 'जीवन में सफलता के लिए वेद की आवश्यकता' विषय पर व्याख्यान दिए।

(iii) मोदीनगर, हापुड़, गुरुकुल महाविद्यालय, ततारपुर, गु० महाविद्यालय कुण्डा (बिजनौर), वानप्रस्थाश्रम ज्वालापुर, नया बांस दिल्ली एवं पटियाला आदि आर्यसामाजिक स्थानों पर १३ विशिष्ट व्याख्यान दिये।

एतद्तिरिक्त गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय और विभाग से सम्बधित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में यथावसर भाग लिया।

प्रकाशन— ०५ शोध पत्र/लेख प्रकाशित और ०३ शोध पत्र/लेख प्रकाशनार्थ स्वीकृत।

एतद्तिरिक्त विभागीय एवं विश्वविद्यालयीय अपने समस्त शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कार्यों को पूर्ण निष्ठा सहित सम्पन्न किया।

"वैदिक वाङ्मय-निर्वचन कोष"

—डा० रूपकिशोर शास्त्री
प्रधान गवेषक

"वैदिक वाङ्मय-निर्वचन कोष" इस नाम से वृहद् शोध योजना के अन्तर्गत एक कोष का निर्माण चल रहा है। यह वृहद् शोध योजना विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली द्वारा स्वीकृत एवं अनुदानित है। इसके प्रधान गवेषक एवं सञ्चालक डॉ० रूपकिशोर शास्त्री, प्राध्यापक वेद विभाग हैं। डॉ० शास्त्री की अगाध लगन एवं निष्ठा का ही सुफल है कि वैदिक साहित्य की श्रीवृद्धि में परम सहायक तथा विश्व विश्रुत यह कार्य इनके वैदुष्यपूर्ण मार्गदर्शन में अनवरत प्रगति पर है। इस प्रोजेक्ट में परम परिश्रमी की भूमिका सुयोग्य युवा विद्वान् डॉ० अशोक कुमार शर्मा अन्वेषक तथा जे०आर०एफ० बहुत अच्छी तरह से निभा रहे हैं।

इस शोध योजना का अब तक का कार्य लगभग ४०% हो चुका है। निर्वचन परम्परा का यह कोष समस्त वैदिक साहित्य में विद्यमान प्रत्यक्ष-वृत्ति, परोक्षवृत्ति एवं अतिपरोक्षवृत्तिपरक निर्वचनों का निर्वहन एवं प्रतिनिधित्व करेगा। उक्त निर्वचन वैदिक वाङ्मय में बहुतायत में है। शोधपूर्ण तरीके से इनके संग्रह हो जाने पर वेदमन्त्रों का समझना तथा विषय की गम्भीरता और सरल हो जायेगी। यह इसका यथार्थ पहलू होगा। वैदिक साहित्य में संहिताएँ, शाखाएँ, ब्राह्मण ग्रन्थ, आरण्यक, उपनिषद्, वेदाङ्ग, सूत्रग्रन्थ, लक्षण ग्रन्थ एवं परिशिष्ट ग्रन्थ सम्मिलित हैं। इन ग्रन्थों में जहां भी उपलब्ध निर्वचन हैं, उन्हें शोध शोधकर एकत्रित किया जा रहा है।

उक्त शोध योजना में हुए शोध कार्य की प्रगति एवं परिणाम को देखते हुए जहाँ हम लोग आशान्वित हैं वहीं प्रसन्नता भी है कि गुरुकुल

कांगड़ी विश्वविद्यालय के वेद विभाग में सुचारू रूप से चल रहा यह प्रोजेक्ट समय पर पूर्ण होगा, क्योंकि विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का इसमें सराहनीय सहयोग मिल रहा है। शीघ्र पूरा होने में जहां लगन, निष्ठा तथा सभी का सहयोग है वहीं इस कार्य में आधुनिक तकनीकी से शोध प्रोजेक्ट कार्यालय लगा हुआ है। कम्प्यूटर तथा इलैक्ट्रोनिक (दो भाषाई) टाइपराइटर द्वारा सुव्यवस्थित तथा समय पर कार्य होता है।

संस्कृत–साहित्य विभाग

संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए इस वर्ष सितम्बर, ६४ को संस्कृत दिवस सोल्लास मनाया गया। जिसमें स्थानीय संस्कृत विद्वानों के अतिरिक्त अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इस अवसर पर डा० रमाकांत शुक्ल जी ने अपना विशिष्ट व्याख्यान एवं कविता पाठ प्रस्तुत किया। समारोह की अध्यक्षता गुरुकुल के कुलपति डा० धर्मपाल जी ने की। आचार्य पं० रामनाथ जी वेदालंकार ने भी संस्कृत की महत्ता पर अपना विद्वत्तापूर्ण व्याख्यान दिया। संस्कृत विभाग में डा० निगम शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, आचार्य ज्ञानचन्द शास्त्री साहित्य विभागाध्यक्ष, जयभारत संस्कृत महाविद्यालय, हरिद्वार तथा वेद प्रकाश श्रोत्रिय जी के विद्वत्तापूर्ण व्याख्यान हुए।

नवम्बर में पाठ्यक्रम समिति की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें प्रो० हरिनारायण दीक्षित अध्यक्ष संस्कृत एवं डीन कला संकाय नैनीताल तथा श्री कैलाशपति मिश्र जी, प्रो० अध्यक्ष संस्कृत विभाग, डीन कला संकाय सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय ने भाग लिया।

जनवरी, ६५ में डा० करुणेश शुक्ल एवं डा० मानसिंह जी संस्कृत विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सहयोग से शोध समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

२४, २५, २६ मार्च को प्रो० वेदप्रकाश शास्त्री के निर्देशन में "वैदिक वर्ण व्यवस्था का वैज्ञानिक आधार" विषय पर एक अखिल भारतीय शोधगोष्ठी सम्पन्न हुई। इसके उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता श्री सूर्यदेव जी, कुलाधिपति गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय ने की। इस समारोह का उद्घाटन भाषण प्रो० शेरसिंह, अध्यक्ष, अन्तर्राष्ट्रीय द०वे० पीठ दिल्ली ने तथा स्वागत भाषण डा० धर्मपाल जी कुलपति गुरुकुल कांगड़ी विश्व-

विद्यालय ने प्रस्तुत किया। इस गोष्ठी के विभिन्न शोध सत्रों की अध्यक्षता डा० वी०के० वर्मा, प्रो० बी०एच०यू०, डा० एस०आर० भट्ट, अध्यक्ष दर्शन विभाग दिल्ली विश्वविद्यालय, डा० करुणेश शुक्ल प्रो० अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, गोरखपुर विश्वविद्यालय तथा डा० रणजीत सिंह प्रिंसिपल जी ने की। समापन समारोह की अध्यक्षता न्यायमूर्ति श्री महावीर सिंह, परिद्रष्टा गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय ने की। इस वर्ष भी विभाग के छात्रों ने विविध प्रतियोगिताओं में भाग ग्रहण कर पुरस्कार प्राप्त किए।

विभागीय आचार्यों का कार्य-विवरण :

प्रो० वेदप्रकाश शास्त्री

(१) १८, १९, २० सितम्बर, ९४ को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में पुनश्चर्या में विशिष्ट व्याख्यान दिये।

(२) २८–३० नवम्बर ९४ को स्नातकोत्तर आर्य कालेज अम्बाला में वैदिक गोष्ठी में विशेष वक्ता के रूप में भाग ले कर शोधलेख प्रस्तुत किया।

(३) २७–२९ दिसम्बर ९४ में रोहतक विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन में भाग लेकर शोधपत्र का वाचन किया।

(४) २०, २१ फरवरी, ९५ को गोरखपुर विश्वविद्यालय में संस्कृत पुनश्चर्या में विशेष विद्वान् के रूप में तीन व्याख्यान दिये।

(५) २४–२६ मार्च, ९५ में राष्ट्रिय वैदिक गोष्ठी का निदेशक रूप में कार्य किया। यह गोष्ठी गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में प्राच्य विद्या संकाय के अन्तर्गत सम्पन्न हुई।

(६) मेरठ विश्वविद्यालय, कुमायूँ विश्वविद्यालय नैनीताल, काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय, वाराणसी तथा गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर की शोध समिति एवं पाठ्यक्रम समिति में विशेषज्ञ के रूप में सम्मिलित हो कर कार्य किया।

(७) सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के द्वारा गठित निरीक्षक मंडल के संयोजक के रूप में कार्य किया।

(८) आर्यसमाज की विभिन्न इकाईयों में समय-समय पर आर्य सिद्धांतों के गहनतम विषयों पर विशेष व्याख्यान दिये। इनकी संख्या लगभग ५० है।

(९) इनके शोध निर्देशन में १३ शोधार्थियों को पी-एच०डी० की उपाधि प्राप्त हो चुकी है। इस समय १० शोध छात्र इनके निर्देशन में शोध कार्य कर रहे हैं।

(१०) ९४-९५ के सत्र में संस्कृत विभागाध्यक्ष का कार्यभार वहन करते हुए प्राच्य विद्या संकाय के डीन पद पर कार्य किया।

(२) डा० सोमदेव शतांशु
प्रवाचक (रीडर)

१९९४-९५ के शिक्षा सत्र में अपने विभाग तथा विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर दायित्वों का सुचारू रूप से निर्वहन किया।

स्वामी सम्पूर्णानन्द वैदिक शोध संस्थान प्रभात आश्रम, मेरठ द्वारा अगस्त ९४ एवं मार्च ९५ में आयोजित शोध गोष्ठियों में "वैदिक संहिताओं में गौ का महत्व" तथा "वैदिक चिकित्सा विज्ञान" विषयक शोध-पत्र प्रस्तुत किये।

नवम्बर में मनीषिका कलकत्ता द्वारा आयोजित अखिल भारतीय शोध गोष्ठी में भाग ग्रहण कर वैदिक देवों के स्वरूप विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

मार्च में गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में "वैदिक वर्ण व्यवस्था का वैज्ञानिक आधार" विषय पर आयोजित शोध गोष्ठियों में शोधपत्र प्रस्तुत किया।

"समर्पण शतोसौरभम्" का सह सम्पादन किया।

एतदतिरिक्त वैदिक विषयों पर विभिन्न आर्यसमाजों में व्याख्यान दिये।

डा० रामप्रकाश

इनके निर्देशन में शोधार्थी अपना कार्य कर रहे हैं। राष्ट्रीय वैदिक गोष्ठी में इन्होंने लग्नपूर्वक कार्य किया।

डा० ब्रह्मदेव

विभागीय उन्नति के लिए सतर्कता के साथ कार्य करते हैं। छात्रों को समय-समय पर प्रतियोगिताओं में भाग दिलाने के लिए प्रयत्नशील रहते हैं।

दर्शन शास्त्र विभाग

अपने स्थापना काल से लेकर दर्शन विभाग ने उन्नति के अनेक सोपान पार किये हैं। यह बात बड़े गौरव से कही जा सकती है कि गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में दर्शन विभाग के तत्वावधान में जितनी राष्ट्रिय संगोष्ठियाँ, कार्यशाला एवं सेमिनारों का आयोजन किया गया उतनी संख्या में किसी अन्य विभाग में आयोजित नहीं किये गये। प्राय: प्रत्येक वर्ष राष्ट्रिय स्तर पर एक संगोष्ठी अवश्य ही इस विभाग द्वारा आयोजित की जाती है।

इस वर्ष मार्च ६५ में प्राच्य विद्या संकाय के अन्तर्गत वैदिक वर्ण व्यवस्था पर एक राष्ट्रिय सेमिनार का आयोजन किया गया था जिसमें मुख्य भूमिका दर्शन विभाग की ही थी।

आगामी अक्टूबर ६५ में दर्शन विभाग को एक अन्य राष्ट्रिय गौरव प्राप्त होने वाला है। इस वर्ष भारतीय दार्शनिक परिषद् (I.P.C) का अधिवेशन गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय में होने जा रहा है जिसका संयोजन डा० यू०एस० बिष्ट कर रहे हैं। इसकी युद्धस्तर पर तैयारी मार्च ६५ से ही प्रारम्भ हो गई है।

गत तीन वर्षों से गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महिला कालेज में दर्शन विषय में एम०ए० की कक्षाएँ चल रही हैं जिसमें दर्शन विभाग के प्राध्यापक ही पढ़ाते हैं। महिला कालेज का दर्शन विभाग एक छात्रा से लेकर प्रारम्भ किया था किन्तु आज उसमें ग्यारह छात्राएँ नियमित रूप से अध्ययन कर रही हैं।

विभागीय प्राध्यापक वर्ग-

विशिष्ट योग्यता एवं गतिविधियां–

डा० जयदेव वेदालंकार (वर्तमान कुलसचिव)

प्रकाशन— विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में शोध लेख प्रकाशित हुए।
सम्पादन— गुरुकुल पत्रिका मासिक के मुख्य सम्पादक पद पर सफलता के साथ कार्य किया।
शोध कार्य— दो छात्रों ने पी-एच०डी० की उपाधि प्राप्त की। इस समय पांच शोध छात्र शोध कार्य में निर्देशन प्राप्त कर रहे हैं।

डा० विजयपाल शास्त्री

पद—रीडर एवं अध्यक्ष

शैक्षिक योग्यता—एम०ए० (दर्शनशास्त्र, संस्कृत, हिन्दी)

शास्त्री, साहित्याचार्य

पी-एच०डी०, डी०लिट्०

इस वर्ष मेरठ विश्वविद्यालय मेरठ ने दीक्षान्त समारोह पर डी० लिट्० की सर्वोच्च उपाधि से सम्मानित किया। डी०लिट्० का शोध प्रबन्ध था-त्रिक दर्शन का समीक्षात्मक तत्त्वमीमांसीय अध्ययन"। यह प्रबन्ध काश्मीर शैव दर्शन की अद्वयवादी शाखा से सम्बन्ध रखता है। काश्मीर शैव दर्शन की अद्वयवादी शाखा का विशिष्ट नाम त्रिक दर्शन है। उसके छत्तीस तत्त्वों की मान्यता का गवेषणात्मक समाधान इस प्रबन्ध में प्रस्तुत है।

इस प्रबन्ध के प्रकाशन के लिए राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान नई दिल्ली ने २४००० रुपए (चौबीस हजार रुपये) अनुदान दिया है।

प्रकाशन—दो पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं—

१— पातंजल योग विमर्श
२— त्रिक दर्शन का समीक्षात्मक अध्ययन

सम्पादन— गुरुकुल पत्रिका मासिक का सह-सम्पादन किया।
शोधकार्य— इस समय छः शोधार्थी पी-एच०डी० के लिए निर्देशन में शोधरत हैं।

डा० यू०एस० बिष्ट— प्रवक्ता सीनियर ग्रेड

प्रकाशन— दो पुस्तकें (पूर्व प्रकाशित)

शोधलेख— ३२

व्याख्याम- एन्डोमेन्ट व्याख्यान, 'जैन दर्शन' ६६ वां अधिवेशन आई०पी०सी०

सम्मेलन— अखिल भारतीय दर्शन परिषद् एवं आई०पी०सी० वार्षिक अधिवेशनों में सक्रिय भाग लिया। इन दोनों दार्शनिक संस्थाओं की आजीवन सदस्यता।

परीक्षक— ७ विश्वविद्यालय

सदस्यता— सदस्य, कार्य परिषद् गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय

डा० त्रिलोकचन्द

पद— वरिष्ठ प्रवक्ता

विभाग— दर्शन शास्त्र

योग्यताएँ— एम०ए०, पी-एच०डी०

अन्य योग्यतायें— योग सर्टिफिकेट, योग डिप्लोमा, योग का एक वर्ष का कोर्स।

कार्य—

१. मई ९४ में पंचमढ़ी (मध्य प्रदेश) में जबलपुर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अखिल भारतीय दर्शन परिषद् के ३८वें अधिवेशन में भाग लिया।

२. गुरुकुल कांगड़ी बिश्वविद्यालय में प्राच्य विद्या सम्मेलन में "वर्ण-व्यवस्था तथा जाति व्यवस्था—एक विश्लेषण" यह शोधपत्र पढ़ा।

३. योग निकेतन ऋषिकेश में १५ जून १९९४ को 'मनुष्य अपनी आयु बढ़ा-घटा सकता है' यह पत्र पढ़ा जो सार रूप में १७ जून १९९४ को दैनिक हिन्दुस्तान में प्रकाशित हुआ।

४. 'मनुष्य का आहार', हमारे माता-पिता नामक लेख अक्टूबर ९४ में अमर उजाला नामक समाचार पत्र में प्रकाशित हुए।

व्याख्यान

१. योग निकेतन ऋषिकेश में विदेशी साधकों के मध्य अनेकों बार व्याख्यान हुए जिनमें जर्मन, जापान, इंग्लैण्ड, इटली, फ्रांस, कोरिया, अमेरिका आदि देशों के नागरिक उपस्थित हुए।

२. गुरुकुल महाविद्यालय बरनावा (मेरठ) में योग विषय पर दो व्याख्यान हुए।

३. नगला मदेड (मुजफ्फरनगर) इण्टर कालेज में योग विषय पर व्याख्यान हुआ।

४. सप्त सरोवर हरिद्वार में ९५ में हुए भारत विकास परिषद् के सम्मेलन में प्राणायाम विषय पर विशेष व्याख्यान दिया।

५. नन्हेड़ा अनन्तपुर (रुड़की) में अप्रैल ९५ में आयोजित यज्ञ पर व्याख्यान दिया।

योग शिविरों का संचालन

१. व्यास आश्रम, सप्तसरोवर हरिद्वार में १ अप्रैल से ५ अप्रैल तक योग शिविर का संचालन किया।

२. आर्य समाज, आयुधनिर्माणी, पूर्वी क्षेत्र मुरादनगर जनपद गाजियाबाद में २३ अक्टूबर से ३० अक्टूबर १९९४ तक योगसाधना शिविर का संचालन किया जिसका समापन श्री रामचन्द्र विकल (पूर्व साँसद) द्वारा सम्पन्न हुआ।

३. आर्य समाज ऋषिकेश में जून ९४ में एक सप्ताह के योग शिविर का सँचालन किया।

४. तपोवन आश्रम, देहरादून में जुलाई १९९४ में एक सप्ताह के योग शिविर का संचालन किया।

५. आर्य समाज कोटद्वार जनपद पौड़ी गढ़वाल में अगस्त ९४ में आठ दिवसीय योग शिविर का संचालन किया।

६. आर्य वानप्रस्थ आश्रम ज्वालापुर, हरिद्वार में एक सप्ताह के योग शिविर का संचालन किया।

—●—

पुस्तकें—

१– प्रथम किरण

२– योग से रोग निवारण

३– पातञ्जल योग और श्रीअरविंद योग

४– नशा मुक्ति (अप्रकाशित)

५– प्राणायाम का महत्व (अप्रकाशित)

६– ब्रह्मचर्य का वैज्ञानिक स्वरूप (अप्रकाशि त)

———

प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवम् पुरातत्व विभाग

प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग की स्थापना इतिहासविद् पंडित हरिदत्त वेदालंकार जी के द्वारा की गई थी। विभाग के प्राध्यापकों द्वारा भारतीय इतिहास का लेखन भारतीय दृष्टिकोण को आधार मानकर प्रामाणिक संदर्भों से लिखा गया जिसके कारण विभाग की ख्याति चहुँ ओर स्थापित हुई। इस ख्याति का श्रेय पं० हरिदत्त वेदालंकार जी के साथ-साथ डा० सत्यकेतु विद्यालंकार (पूर्व कुलपति, कुलाधिपति, पूर्व विधान परिषद् सदस्य उ०प्र०) पंडित चन्द्रगुप्त विद्यालंकार, डा० बिनोद चंद सिन्हा जी को जाता है।

वर्तमान में विभागीय शिक्षक अध्ययन, अध्यापन, सर्वेक्षण, लेखन, उत्खनन, अनुसंधान आदि कार्य पूरी लगन के साथ करने में अग्रसर हैं। इस सत्र में शोध कार्य में पाँच छात्रों ने शोध विषय प्रस्तुत किए। शोध विषयों को स्वीकृत करने के लिए अधिकृत कमेटी आर०डी०सी० की मीटिंग दिसम्बर, ९४ में प्राच्य विद्या संकाय के अध्यक्ष कक्ष में सम्पन्न हुई।

कमेटी द्वारा निम्न छात्रों के शोध विषय पर विचार किया गया :

१. श्री नवनीत कुमार — निर्देशक डा० काशमीर सिंह भिन्डर
२. श्रीमती आभा — निर्देशक डा० काशमीर सिंह भिन्डर

इन दोनों के विषय स्वीकृत किये गये तथा इनके अतिरिक्त दो छात्र-छात्रा के विषय डा० काशमीर सिंह भिन्डर के निर्देशन में तथा एक छात्रा का विषय डा० एस०एन० सिंह के निर्देशन में कुछ संशोधन के साथ आर०डी० सी० ने निर्णय लिया कि प्रस्तुत विषयों को संशोधित कर विभागीय अध्यक्ष के माध्यम से पुन: विषय विशेषज्ञों की स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जाए।

डा० एस०एन० सिंह के निर्देशन में शोधार्थी श्री देवेन्द्र का कार्य प्रगति

पर है तथा डा० सिंह के निर्देशन में ही सम्पन्न "वैदिक शिक्षा के परिप्रेक्ष्य में स्वामी श्रद्धानन्द का कृतत्व" नामक शोध विषय पर श्री ऋषिपाल आर्य को दीक्षान्त समारोह पर पी-एच०डी० की उपाधि प्रदान की गई।

डा० राकेश शर्मा के निर्देशन में श्रीमती सरोज सिंह ने अपना शोध कार्य पूरा कर कुलसचिव कार्यालय में प्रस्तुत कर दिया है। डा० शर्मा विभाग में शिक्षण कार्य के अतिरिक्त विश्वविद्यालय में एन०सी० सी० के प्रभारी भी हैं।

सत्र में विभागीय छात्रों द्वारा दक्षिण भारत की शैक्षिक यात्रा भी की गई।

पुरातत्व एवं संग्रहालय विज्ञान पाठ्यक्रम

स्नातक स्तर पर व्यवसायिक शिक्षा से सम्बन्धित पाठ्यक्रम चलाये जाने की विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की योजना के अन्तर्गत माननीय कुलपति डा० धर्मपाल जी के निर्देशानुसार विभाग में पुरातत्व एवं संग्रहालय विज्ञान का पाठ्यक्रम चलाए जाने हेतु एक प्रस्ताव तत्कालीन विभागाध्यक्ष डा० एस०एन० सिंह द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को भेजा गया था। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने सत्र १९९४—९५ से इस विषय को प्रारम्भ करने की स्वीकृति प्रदान की जिसके फलस्वरूप इस विषय का पाठ्यक्रम शिक्षा समिति में पारित करा कर तत्कालीन अध्यक्ष डा० काशमीर सिंह भिन्डर के निर्देशन में प्रारम्भ किया गया तथा पुरातत्व संग्रहालय से श्री सूर्यकान्त श्रीवास्तव, क्यूरेटर ने अध्यापन व प्रेक्टिकल आदि कार्य किया।

इस विषय में छात्रों ने विशेष रुचि दिखाई तथा १३ छात्रों ने प्रवेश लिया।

———

पुरातत्व संग्रहालय

ज्ञान प्रसार के लिये शिक्षण सस्था में संग्रहालय की भूमिका के महत्व का सही-सही आकलन करते हुए महात्मा मुन्शीराम जी (स्वामी श्रद्धानन्द जी) द्वारा गुरुकुल परिसर में गुरुकुल संग्रहालय की स्थापना सन् १६०७ में की गई थी। तत्कालीन संग्रहालय में गुरुकुल संग्रहालय शीघ्र अपना गरिमामय स्थान बनाने में सफल रहा। दुर्भाग्यवश सन् १६२४ की बाढ़ में गुरुकुल के साथ-साथ गुरुकुल संग्रहालय को भी भारी क्षति का सामना करना पड़ा। क्षति के प्रभाव से लगभग २५ वर्षों तक संग्रहालय का पुनर्गठन संभव नहीं हो सका।

स्वतन्त्रता के पश्चात् उत्तर प्रदेश के तत्कालीन शिक्षा मन्त्री डा० सम्पूर्णानन्द जी द्वारा उत्तर-प्रदेश राज्य के संग्रहालयों के विकास एवं सुधार सम्बंधी सुझावों के लिए एक "संग्रहालय पुनर्गठन समिति" की स्थापना की गई थी। समिति द्वारा हरिद्वार नगर में एक क्षेत्रीय संग्रहालय की आवश्यकता के सम्बन्ध में विशेष रूप से संस्तुति प्रस्तुत की गयी। समिति की संस्तुति के परिप्रेक्ष्य में गुरुकुल के तत्कालीन मुख्याधिष्ठाता एवं कुलपति पं० इन्द्र विद्यावाचस्पति (स्वामी श्रद्धानन्द के कनिष्ठ पुत्र) ने पुनर्गठित संग्रहालय की स्थापना का निश्चय किया। परिणामत: सन् १६५० में गुरुकुल की स्वर्ण जयन्ती के पावन पर्व पर गुरुकुल संग्रहालय का विधिवत् उद्घाटन किया गया।

सन् १६८२ से प्रारम्भ सत्र में संग्रहालय को विधिवत् विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं शिक्षा मंत्रालय द्वारा विश्वविद्यालय का एक अग स्वीकार किया गया। इसी सत्र में संग्रहालय वर्तमान भवन में भी स्थानांतरित कर दिया गया। षष्ठ पंचवर्षीय योजना में संग्रहालय के समुचित विकास को ध्यान में रखते हुए संग्रहाध्यक्ष (क्यूरेटर) एव संग्रहालय सहायक (म्यूजियम असिस्टैन्ट) के पद आयोग द्वारा स्वीकृत किये गये। परिणामतः संग्रहालय के नियोजन एव प्रदर्शन को नयी दिशा मिली। गत १० वर्षों में हुए परिवर्तन

वर्तमान संग्रहालय की दीर्घाओं में परिलक्षित हैं।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रदत्त विश्वविद्यालय बजट व्यवस्था के अतिरिक्त संग्रहालय को समय-समय पर विकास हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अनुदान देता रहा है। उत्तर-प्रदेश शासन, राष्ट्रीय संग्रहालय एवं राष्ट्रीय अभिलेखागार से भी विकास के लिये अनुदान प्राप्त होता रहा है।

वर्तमान सत्र में मानव संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय अभिलेखागार के माध्यम से सूर्यकान्त श्रीवास्तव, क्यूरेटर संग्रहालय द्वारा प्रस्तुत पाण्डुलिपि परिरक्षण परियोजना के लिए ६६,६६७/- रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ। इस अनुदान का ७५% भाग राष्ट्रीय अभिलेखागार एव शेष २५% विश्वविद्यालय द्वारा वहन करना किया गया है।

परियोजना के अन्तर्गत पाण्डुलिपियों के रसायन उपचार के लिए संग्रहालय में एक लघु प्रयोगशाला स्थापित की गयी है। प्रयोगशाला का उद्घाटन विश्वविद्यालय के परिद्रष्टा माननीय महावीर सिंह जी के कर-कमलों द्वारा २० सितम्बर १९९४ को सम्पन्न हुआ। वर्तमान में संग्रहालय की पाण्डुलिपि-संग्रह का उपचार किया जा रहा है। पाण्डुलिपि संरक्षण के लिये न्यूनतम व्यय पर यह सुविधा अन्य संस्थाओं एवं आश्रमो को प्रदान करने की योजना है। रखरखाव की दृष्टि से दुर्लभ पाण्डुलिपियों के लगभग ०९०० पृष्ठों की माइक्रोफिल्मिग भी तैयार करायी गयी हैं।

अध्ययन की दृष्टि से मुख्य-मुख्य पाण्डुलिपियों की फोटोस्टेट प्रति बनवा कर प्लास्टिक फ्लैप्स में रखा गया है जिससे दुर्लभ पाण्डुलिपियों को सुरक्षित रखा जा सके।

संग्रहालय के पाण्डुलिपि संकलन का अध्ययन करते समय कुछ दुर्लभ पाण्डुलिपियां भी प्रकाश मे आई। उनमें से उल्लेखनीय हैं स्वामी दयानन्द द्वारा रचित "सत्यार्थ प्रकाश" की प्रथम प्रेस कापी जो स्वामी जी द्वारा संशोधित भी की गयी है। इस खोज को राष्ट्रीय, स्थानीय एवं आर्यसमाज के सभी पत्रों ने प्रकाशित किया।

सामान्य दर्शकों एवं पुरातत्व के प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के ज्ञान

के लिये संग्रहालय के केन्द्रीय कक्ष में "आद्य ऐतिहासिक संस्कृति कक्ष" का नियोजन इस वर्ष की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस कक्ष में सिन्धु सभ्यता के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालने का प्रयास किया गया है। साथ ही साथ हरिद्वार जिले के नसीरपुर नामक स्थान से प्राप्त आद्य ऐतिहासिक ताम्र निरवात सभ्यता (कॉपर होर्डस कल्चर) के विभिन्न उपकरण, गेरूये रंग वाले मृद्भाण्डों वाली सभ्यता (ऑकर कलर्ड कल्चर) के अवशेष एवं चित्रित रक्त-श्याम मृद्भाण्डों एवं भूरे रंग वाले मृद्भाण्डों वाली सभ्यताओं के अवशेष भी प्रदर्शित हैं। आद्य ऐतिहासिक काल की अन्य सभ्यताओं के अवशेषों के प्रदर्शन की सम्भावनायें व्यापक हैं। अगर आर्थिक सहयोग एवं अवसर उपलब्ध हुआ तो इस दिशा में ठोस कदम उठाने का प्रयास किया जा सकेगा।

नवनियोजित कक्ष का उद्घाटन वर्तमान लोकसभा के अध्यक्ष माननीय शिवराज पाटिल द्वारा ६ अप्रैल १९९५ को विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह पर किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के परिद्रष्टा माननीय जस्टिस महावीर सिंह, कुलाधिपति सूर्यदेव, सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान वन्देमातरम एवं कुलपति धर्मपाल आदि विशिष्ट व्यक्ति उपस्थित थे।

संग्रहालय के अति विशिष्ट दर्शनार्थियों में माननीय शिवराज पाटिल अध्यक्ष लोकसभा, नई दिल्ली एवं माननीय मदनलाल खुराना, मुख्यमंत्री दिल्ली राज्य विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। विशिष्ट दर्शकों की सूची में निम्न-लिखित नाम भी उल्लेखनीय हैं—

१. श्री इन्द्रजीत सिंह, सेक्रेटरी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, दिल्ली
२. श्री असीम बनर्जी, सेक्रेटरी इंटक, नई दिल्ली
३. श्री हरनाम जोहर, अध्यक्ष पंजाब विधान सभा, चंडीगढ़
४. श्री यशवीर सिंह, अध्यक्ष खादी ग्रामोद्योग आयोग, भारत सरकार
५. जस्टिस महावीर सिंह परिद्रष्टा गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय
६. श्रीमती रेखा अग्रवाल, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
७. डा० सत्यप्रकाश अग्रवाल, प्रशासनिक अधिकारी, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, दिल्ली
८. श्री वेदव्रत शर्मा, दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा, दिल्ली
९. डा० गायत्रीनाथ पंत, उपकुलपति राष्ट्रीय संग्रहालय संस्थान, नई दिल्ली

१०. श्री आई०एन० शिन, अध्यक्ष कोरिया व्यापार मण्डल

११. प्रोफेसर तुकीमाशा निशीमोरा, जापान

संग्रहालय में कार्यरत वर्तमान कर्मचारियों की उपलब्धियाँ—

क्यूरेटर—सूर्यकान्त श्रीवास्तव

"पाण्डुलिपि परिरक्षण परियोजना" सम्बन्धी कार्यों को पूरा करने से पूर्व संग्रहालय को समस्त पाण्डुलिपि संग्रह का अवलोकन किया। अवलोकन में आर्य समाज के प्रवर्तक स्वामी दयानन्द सरस्वती द्वारा रचित सत्यार्थ प्रकाश की प्रथम प्रेस कापी उपलब्ध हुई। पाण्डुलिपि में स्वामी दयानन्द जी द्वारा कहीं-कहीं संशोधन किये गये हैं। इस उपलब्धि को सूचना को राष्ट्रीय, स्थानीय एवं आर्यसमाज के प्रमुख पत्रों में उचित स्थान प्रदान किया गया।

— संग्रहालय परिचय पुस्तिका का लेखन, नियोजन एवं प्रकाशन कार्य सम्पन्न किया।

— संग्रहालय के केन्द्रीय कक्ष में "आद्य ऐतिहासिक कक्ष" का नियोजन एवं प्रदर्शन कार्य किया जिसका विधिवत् उद्‌घाटन लोकसभा अध्यक्ष माननीय शिवराज पाटिल के द्वारा सम्पन्न हुआ।

— विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक स्तर पर प्रारम्भ किये गये व्यवसायिक पाठ्यक्रम के पुरातत्व विज्ञान एवं संग्रहालय विज्ञान के विषयों का अध्यापन कार्य किया।

—गत वर्ष काश्मीर राज्य के उत्पल राजवंश के स्वर्ण सिक्के के पहचान की सूचना को वेटस्फाई लिमिटेड लन्दन ने सिक्कों के प्रमाणिक सन्दर्भ ग्रन्थ "क्वाइंस फैक्ट्स एण्ड फोट्स" के आगामी संशोधित प्रकाशन में सम्मिलित किया गया।

— ऑरेंटियल न्यूमेस्टिक सोसाइटी लन्दन के भारतीय सिक्कों के विशेपज्ञ निकोलस रोड्स द्वारा मांगने पर नन्दी गुप्त के स्वर्ण सिक्के पर विस्तृत लेख न्यूमेस्टिक सर्किल में प्रकाशन के लिये भेजा गया।

सहायक क्यूरेटर— डा० सुखबीर सिंह

पाण्डुलिपि परिरक्षण परियोजना के अन्तर्गत सम्पन्न कार्यों को पूर्ण करने में सहयोग किया।

संग्रहालय सहायक

डा० प्रभात कुमार ने पाण्डुलिपि परिरक्षण परियोजना के अन्तर्गत सम्पन्न कार्यों एवं केन्द्रीय कक्ष में आद्य ऐतिहासिक कक्ष के नियोजन में पूर्ण सहयोग किया।

बृज एकादमी बृन्दावन द्वारा अप्रैल ९४ में पर्यावरण पर आयोजित गोष्ठी में भाग लिया।

कार्यालय लिपिक

श्री अरविन्द कुमार ने अपने कार्यों के दायित्व के साथ-साथ कक्ष नियोजन में महत्वपूर्ण सहयोग किया।

कार्यालय के अन्य कर्मचारियों रमेशचन्द्र पाल, ओमप्रकाश, गुरुप्रसाद एवं फूलसिंह ने भी पाण्डुलिपि परिरक्षण परियोजना के क्रियान्वन एवं केन्द्रीय कक्ष नियोजन एवं प्रदर्शन कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

———

योग शिक्षा विभाग

१. विभाग की स्थापना व इतिहास

इस विभाग में इस समय योग शिक्षा डिप्लोमा (एकवर्षीय), स्नातक कक्षाएँ (त्रिवर्षीय) व स्नातकोत्तर कक्षाएँ (द्विवर्षीय) चलाई जा रही हैं। पाठ्यक्रम में एक्यूप्रेशर व प्राकृतिक चिकित्सा को भी सम्मिलित किया गया है। निकट भविष्य में विभाग में चिकित्सालय की व्यवस्था करना प्रस्तावित है।

२. विभाग की मौलिक छवि

विभाग की बढ़ती हुई गतिविधियों के फलस्वरूप विभागीय छवि उज्ज्वल हुई है। यही कारण है कि अध्ययन हेतु भारत के विभिन्न प्राँतों से छात्र यहां आ रहे हैं। योग व एक्यूप्रेशर चिकित्सा हेतु स्थानीय लोगों के अतिरिक्त आस-पास के जिलों से भी रोगी आ रहे हैं। विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा डा० ईश्वर भारद्वाज को बोर्ड आफ स्टडीज, कालेज एफिलिएशन कमेटी, आर०डी०सी० का सदस्य मनोनीत किया गया है। जूनियर व पी०जी० डिप्लोमा, बी०ए०, एम०पी०एड०, पी-एच०डी० का परीक्षक मनोनीत किया है। भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद् (भारत सरकार) द्वारा विषय विशेषज्ञ के रूप में चयन समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। विभिन्न प्रतियोगिताओं हेतु मुख्य निर्णायक के रूप में आमंत्रित किया जाता है। इस प्रकार विभाग निरन्तर प्रगति-पथ पर अग्रसर है।

३. विभागीय क्रियाकलाप

१. विभिन्न पाठ्यक्रमों में छात्र संख्या इस प्रकार रही—

डिप्लोमा	१०

अलंकार/बी०ए० प्रथम खण्ड	१४
द्वितीय खण्ड	७
तृतीय खण्ड	४
एम०ए० प्रथम खण्ड	३
द्वितीय खण्ड	४

२. अखिल भारतीय अन्तर्विश्वविद्यालय योग प्रतियोगिता, ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट में आयोजित की गई जिसमें विश्वविद्यालय योग टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह प्रथम अवसर था जब विश्वविद्यालय ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया।

३. एम०ए० द्वितीय वर्ष के छात्र सुरक्षित गोस्वामी को नेहरू युवा केन्द्र हरिद्वार ने 'सबको शिक्षा, सबको स्वास्थ्य' कार्यक्रम के संचालकों को योग शिक्षा देने के लिये प्रशिक्षक के रूप में आमन्त्रित किया जिसमें विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों ने योग शिक्षा प्राप्त की।

४. जुलाई, ६४ में भारत विकास परिषद् भेल के तत्वावधान में योग व एक्यूप्रेशर प्रशिक्षण व चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें डा० ईश्वर भारद्वाज (शिविराध्यक्ष) तथा ब्र० सुरक्षित गोस्वामी (एम०ए० द्वितीय वर्ष) ने १०८ प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया। शताधिक लोगों ने चिकित्सा कराई।

५. एम०ए० द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत छात्र रामजोत ने अखिल भारतीय योग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता बंगलौर में आयोजित की गई थी।

६. छात्र सुरक्षित गोस्वामी को दिल्ली दूरदर्शन पर 'योग साधना' धारावाहिक में प्रदर्शन का अवसर मिला। इसी छात्र को लखनऊ दूरदर्शन ने योग धारावाहिक बनाने का निमंत्रण दिया है।

७. विभाग में स्लाइड प्रोजेक्टर क्रय किया गया जिससे छात्रों को स्लाइड के माध्यम से शिक्षण दिया गया। वैक्यूम क्लीनर, बी०पी० इंस्ट्रूमेंट, आलमारियाँ व मेजकुर्सी भी क्रय किये गये।

८. छात्रों द्वारा प्रोजेक्ट के रूप में आसनों के चित्र तैयार करवाये

गये।

शिक्षकों का शोध कार्य, प्रकाशन कार्य, संगोष्ठियों में भागीदारी तथा अन्य उपलब्धियां–

१. डा० ईश्वर भारद्वाज
(प्रवक्ता, विभागाध्यक्ष)
शास्त्री, साहित्याचार्य, एम०ए० (हिन्दी, दर्शन), एन०डी० योग डिप्लोमा, पी-एच०डी०

(क) शोधकार्य

१. मकरासन व गोमुखासन का दमा की चिकित्सा में योगदान
२. शवासन व नाड़ी शोधन प्राणायाम का उच्च रक्तचाप पर प्रभाव
३. कब्ज में तड़ागी मुद्रा का योगदान
४. गजकरणी व अम्लपित्त-प्रतिषेध

(ख) प्रकाशन कार्य

(अ) पुस्तकें— १. औपनिषदिक अध्यात्म विज्ञान
२. उपनिषदों में संन्यास योग
३. यौगिक चिकित्सा (प्रकाशनाधीन)

(ब) शोध-पत्र

१. गुरुकुल पत्रिका– २
२. प्रौढ़ शिक्षा (दिल्ली) १

(ग) संगोष्ठियों में भागीदारी

१. जनवरी, ९५ में केन्द्रीय योग अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली तथा स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 'उदर रोगों की यौगिक चिकित्सा' पर आयोजित तृतीय राष्ट्रीय कान्फ्रेंस में भाग लिया तथा कब्ज व अम्लपित्त रोग चिकित्सा पर दो शोध पत्रों का वाचन किया।

२. जनवरी, १९९५ में ही उक्त संस्थान द्वारा ध्यान की विधि व तकनीक पर आयोजित राष्ट्रीय सेमीनार व कार्यशाला में भाग लिया।

३. मार्च, १९९५ में केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली द्वारा 'योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा' के लिए

'अनुसंधान व प्रशिक्षण' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में विषयविशेषज्ञ के रूप में भाग लिया तथा उपर्युक्त विषय पर विचार व्यक्त किए।

४. गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार तथा अन्तर्राष्ट्रीय दयानन्द वेदपीठ दिल्ली के सौजन्य से 'वैदिक वर्णव्यवस्था' पर आयोजित राष्ट्रीय सेमीनार में भाग लिया तथा शोधपत्र वाचन किया।

(घ) रेडियो-वार्ता—आकाशवाणी नजीबाबाद से 'योग एवं स्वास्थ्य' विषय पर दो वार्ताएँ प्रसारित हुईं।

(ङ) अन्य—

१. विश्वविद्यालय अतिथिगृह के प्रभारी का दायित्व वहन किया।

२. विद्याधिकारी—विद्याविनोद परीक्षाओं में सहायक परीक्षाध्यक्ष के रूप में कार्य किया।

३. हिमाचल प्रदेश, सागर, पंजाब, लखनऊ, हिसार विश्वविद्यालयों में परीक्षक के रूप में नामांकित।

४. हिमाचल प्रदेश व कानपुर में बोर्ड आफ स्टडीज का सदस्य नामित।

५. भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद् नई दिल्ली द्वारा योग शिक्षकों के चयन हेतु गठित चयन-समिति में विषय-विशेषज्ञ नामित।

६. प्रौढ़ शिक्षा विभाग द्वारा जन-जागृति अभियान के अन्तर्गत ग्राम जगजीतपुर व जमालपुर में लगाए गए शिविर में 'योग द्वारा स्वास्थ्य रक्षण' तथा 'दैनिक जीवन में आहार-चर्या' विषय पर व्याख्यान दिए।

७. प्रौढ़ शिक्षा द्वारा जनसंख्या नियंत्रण पर आयोजित गोष्ठी में 'योग द्वारा जनसंख्या नियंत्रण' विषय पर व्याख्यान दिया।

८. गुरुकुल पत्रिका के सम्पादन कार्यों में सहयोग।

९. आर्य वानप्रस्थाश्रम में योग पर व्याख्यान-शृंखला।

२. **डा० सुरेन्द्र कुमार—**
एम०ए० (दर्शन) पी-एच०डी०
(अस्थाई प्रशिक्षक)

१. विभागीय दायित्व वहन करते हुए डिप्लोमा व अलंकार कक्षाओं को अध्यापन कराया तथा क्रियात्मक प्रशिक्षण प्रदान किया।

२. गुरुकुल कांगड़ी वि० वि० में आयोजित 'वैदिक वर्ण व्यवस्था' पर राष्ट्रीय सेमीनार में भाग लिया।

३. विभागीय कार्यों में विभागाध्यक्ष का सहयोग किया।

५. आवश्यकताएँ—

विभागीय कार्य को सुचारु रूप से चलाने के लिए निम्नलिखित आवश्यकताओं की पूर्ति आवश्यक है—

१. स्टाफ—प्रवक्ता, प्रशिक्षक, प्रयोगशाला सहायक, प्रयोगशाला अटेंडेंट, सेवक।

२. उपकरण—टेलीविजन, वी०सी०आर०, टेपरिकार्डर, आडियो व वीडियो कैसेट, प्राकृतिक चिकित्सा व योग चिकित्सा सम्बन्धी उपकरण।

३. भवन—प्रशिक्षण हाल, व्याख्यान कक्ष, प्रयोगशाला व योग चिकित्सालय भवन।

४. सेमीनार/विजिटिंग फैलो/शैक्षिक यात्रा हेतु धन की व्यवस्था।

६. विभागीय कार्य में सहयोग—

निम्नलिखित अध्यापक महानुभावों ने सहयोग प्रदान किया।

(क) अध्यापन कार्य–

१. प्रो० ओम्प्रकाश मिश्र–एम०ए० सप्तम पत्र (उत्तरार्द्ध)

२. डा० आर०डी० शर्मा—एम०ए० सप्तम पत्र (पूर्वार्द्ध)

३. डा० विजयपाल शास्त्री—एम०ए० अष्टम पत्र

४. डा० मनुदेव बन्धु—एम०ए० द्वितीय पत्र

५. डा० जी०आर० शर्मा—एम०ए० चतुर्थ पत्र

६. डा० विनोद कुमार शर्मा—एम०ए० चतुर्थ पत्र

७. डा० स्वदेश भूषण शर्मा—एम०ए० षष्ठम पत्र

(ख) शोधकार्य—

१. डा० स्वदेशभूषण शर्मा—ऋ० रा० आयु० कालेज

२. डा० विनोत कुमार अग्निहोत्री—ऋ० रा० आयु० कालेज

३. डा० सुनील जोशी—गुरु० रा० आ० कालेज

४. डा० दयानन्द शर्मा—गुरु० रा० आ० कालेज

(ग) व्यवस्था सम्बन्धी—

मान्य कुलपति डा० धर्मपाल जी, मान्य आचार्य एवं उपकुलपति प्रो० रामप्रसाद वेदलंकार जी, मान्य कुलसचिव प्रो० जयदेव जी वेदालंकार, मान्य डीन, प्रा०वि० संकाय प्रो० वेदप्रकाश शास्त्री जी, मान्य वित्ताधिकारी श्री जयसिंह गुप्ता जी ने विभागीय कार्यों को गति प्रदान की। एतदर्थ विभाग की ओर से उक्त सभी महानुभावों का हार्दिक धन्यवाद।

हिन्दी विभाग

हिन्दी विभाग के अन्तर्गत एम०ए०, पी-एच०डी० के अतिरिक्त पिछले चार वर्षों से हिन्दी पत्रकारिता में एकवर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम चल रहा है। पत्रकारिता जगत् के मनीषियों ने इस पाठ्यक्रम की प्रशंसा की है। उनका सक्रिय सहयोग भी इस पाठ्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने में बराबर मिलता रहा है।

हिन्दी विभाग में महिला शिक्षा के अन्तर्गत छात्राओं के लिए स्नातकोत्तर अध्ययन एवं अनुसंधान की व्यवस्था है।

सत्र १९९४-९५ की अवधि में हिन्दी विभाग में पठन-पाठन का कार्य सुचारु रूप से सम्पन्न हुआ। विभाग में विशिष्ट विद्वानों के व्याख्यान हुए। इनमें वृन्दावन शोध संस्थान, वृन्दावन के निदेशक डा० जयकिशन प्रसाद खण्डेलवाल मुख्य हैं। २८-२-९५ को आपका 'हिन्दी साहित्य के इतिहास का सिंहावलोकन' विषय पर व्याख्यान हुआ। केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, नई दिल्ली के निदेशक डा० गंगा प्रसाद विमल, दिल्ली विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के प्रोफेसर डा० महेन्द्र कुमार तथा डा० तारकनाथ बाली, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के पूर्व प्रोफेसर एवं अध्यक्ष डा० रवीन्द्र भ्रमर, महर्षि दयानन्द बिश्वविद्यालय रोहतक के हिन्दी विभाग के रीडर डा० नरेश मिश्रा, जोधपुर विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के पूर्व प्रोफेसर एवं अध्यक्ष डा० नित्यानन्द शर्मा तथा बी०एस०एम० (पी०जी०) कालेज, रुड़की के प्राचार्य एवं हिन्दी विभागाध्यक्ष डा० योगेन्द्र नाथ शर्मा 'अरुण' विभागीय कार्यों से विश्वविद्यालय पधारे।

दिनांक १५-११-९४ को शोध उपाधि समिति की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें निम्नलिखित विषय स्वीकृत किये गये—

१. सूरसागर में प्रयुक्त लोकोक्तियों एवं मुहावरों का साहित्यिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक अध्ययन— लता शर्मा

२. गुसाईं गुरुपंथ और उनका बानी साहित्य–श्रीमती आशा भटनागर

३. अभिमन्यु अनत के उपन्यासों में भारतीय जीवन–पुष्पा बत्तरा

४. गढ़वाल का लोक साहित्य : स्वरूप एवं संवेदना–हरीश डिमरी

५. सुभद्रा कुमारी चौहान का काव्य : संवेदना और शिल्प—वीरेन्द्रपाल सिंह

६. महाकवि ग्वाल के काव्य में अभिव्यक्ति-विधान–अनिल कुमारी

७. संत मंगतराम प्रणीत 'समता प्रकाश' का दार्शनिक अध्ययन–
अमिताभ शर्मा

८. प्रेमचंद की कहानियों में यथार्थबोध–अशोक कुमार

९. हिन्दी पत्रकारिता के विकास में स्वामी श्रद्धानन्द का योगदान–
सुभाष चन्द भाटो

इस सत्र में निम्नलिखित छात्रों को पी-एच०डी० की उपाधि प्राप्त हुई—

नाम	विषय	निर्देशक
१. रमेश दत्त शर्मा	साठोत्तरी हिन्दी कविता में जीवन–मूल्य (सन् १९७० से १९९२ तक)	डा० ज्ञानचन्द रावल
२. कु० विजय लक्ष्मी	अम्बाप्रसाद सुमन का समीक्षा-साहित्य	डा० विष्णुदत्त राकेश
३. विनोद बाला रावल	आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के सृजनात्मक साहित्य में सौन्दर्य और प्रेम	डा० भगवानदेव पाण्डेय

इस सत्र में निम्नलिखित छात्रों ने लघु शोध प्रबन्ध प्रस्तुत किया—

नाम	विषय	निर्देशक
१. संजय वर्मा	आर्य समाज की विज्ञान पत्र-कारिता	डा० विष्णुदत्त राकेश

२. कु० शिवानी विद्या- महर्षि दयानन्द के हिन्दी गद्य डा० सन्तराम वैश्य
लंकार का अध्ययन

हिन्दी पत्रकारिता के छात्रों ने प्रायोगिक समाचारपत्र 'शतपथ' के चतुर्थ अंक का प्रकाशन किया।

शिक्षकों की उपलब्धियाँ :

१. डा० विष्णुदत्त राकेश

एम० ए० (आगरा वि०), पी-एच० डी० (जोधपुर वि०), डी० लिट्० (विक्रम वि०)

—प्रोफेसर, हिन्दी विभाग तथा डीन, मानविकी संकाय।

विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं तथा समीक्षा-ग्रंथों में अनेक लेख तथा शोध-पत्र प्रकाशित हुए। इन्होंने कई शोध ग्रंथों की समीक्षात्मक भूमिकाएँ लिखीं। हरिद्वार शहर तथा शहर से बाहर के अनेक साहित्यिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक आयोजनों में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित हुए जहाँ अपने विद्वत्तापूर्ण व्याख्यान से लोगों को लाभान्वित किया। विभिन्न विश्व-विद्यालयों के शोध प्रबंधों का परीक्षण किया। आपके वेदमंत्रों का दूसरा हिन्दी काव्यान्तरण 'पर्णगंधा' नाम से प्रकाशित हुआ। इस सत्र में आपके निर्देशन में एक छात्र ने लघु शोध प्रबंध प्रस्तुत किया तथा एक छात्र को पी-एच०डी० का उपाधि प्राप्त हुई। आपके निर्देशन में कई छात्र पी-एच०डी० उपाधि हेतु अनुसंधान कर रहे हैं।

२. डा० सन्तराम वैश्य

एम० ए० (अवध वि०), पी-एच० डी० (काशी हिन्दू वि०)

—रीडर एवं अध्यक्ष

विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं तथा समीक्षा-ग्रंथों में कई लेख प्रकाशन के लिए स्वीकृत हुए। प्रौढ़, सतत् शिक्षा एवं प्रसार विभाग, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय द्वारा 'जनसंख्या एवं स्वास्थ्य' विषय पर आयोजित निबन्ध

प्रतियोगिता में निबन्धों का मूल्यांकन किया तथा 'नारी शिक्षा—जनसंख्या नियंत्रण में सहायक या बाधक' विषय पर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में भाग लिया। हिन्दी भाषा एवं साहित्य परिषद्, एस० एम० जे० एन० (पी० जी०) कालेज, हरिद्वार द्वारा आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता में निबन्धों का मूल्यांकन किया तथा 'वर्तमान संदर्भ में गांधीवाद की प्रासंगिकता/अप्रासंगिकता' विषय पर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में भाग लिया।

इनके निर्देशन में इस सत्र में एक छात्रा ने लघु शोध प्रबंध प्रस्तुत किया। कई छात्र पी-एच०डी० उपाधि हेतु अनुसंधान कर रहे हैं। अध्यक्ष के रूप में अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन कर, विभाग को गतिशील बनाने के लिए प्रयासरत् हैं।

३. **डा० ज्ञानचन्द रावल**

एम० ए०, पी-एच० डी० (गु० काँ० वि० वि०)

—रीडर

इनके निर्देशन में एक छात्र को पी-एच० डी० की उपाधि प्राप्त हुई तथा कई छात्र पी-एच० डी० उपाधि हेतु अनुसंधान कर रहे हैं।

४. **डा० भगवान देव पाण्डेय**

एम० ए०, पी-एच० डी० (काशी हिन्दू वि०)

—रीडर

इनके निर्देशन में एक छात्र को पी-एच० डी० की उपाधि प्राप्त हुई तथा कई छात्र पी-एच० डी० उपाधि हेतु अनुसंधान कर रहे हैं। इन्होंने कानपुर विश्वविद्यालय में डी० लिट्० उपाधि हेतु अपना शोध प्रबंध प्रस्तुत किया जिसकी मौखिक परीक्षा सम्पन्न हुई।

५. **श्री कमलकान्त बुधकर**

एम० ए० (मेरठ वि०)

—लेक्चरर

इनके नवभारत टाइम्स में कई आलेख तथा टिप्पणियाँ प्रकाशित हुईं। अनेक साहित्यिक तथा सांस्कृतिक आयोजनों में सक्रिय रूप से सहयोग प्रदान किया। आकाशवाणी इलाहाबाद तथा पत्रकारिता विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा आमंत्रित किये गये। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा आयोजित रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया। हिन्दी पत्रकारिता के छात्रों के प्रायोगिक समाचार पत्र 'शतपथ' के चौथे अंक के प्रकाशन में सक्रिय सहयोग दिया।

———

श्रद्धानन्द वैदिक शोध संस्थान

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय की स्थापना अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्द जी ने वैदिक शिक्षा के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिये की थी। इस विश्वविद्यालय में प्रारम्भ से ही वेद की शिक्षा पर सर्वाधिक बल दिया जाता रहा है। वैदिक वाङ्मय में विद्यमान विविध-विधाओं को मानव-जाति के समक्ष प्रस्तुत करने में इस संस्था के विद्वान् आचार्यों और स्नातकों का महनीय योगदान रहा है।

वर्त्तमान में गुरुकुल कांगड़ी वि० वि० के कुलपति डा० धर्मपाल जी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में वैदिक अनुसन्धान को गति प्रदान करने के लिये एक पृथक् विभाग की स्थापना की गई है, जिसका नाम 'श्रद्धानन्द वैदिक शोध-सस्थान एवं प्रकाशन केन्द्र' रखा गया है।

यह विभाग उच्चस्तरीय अनुसन्धान कार्य करने के लिए बृहद् योजना बना रहा है। शीघ्र ही वैदिक अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, वैदिक भौतिक शास्त्र, वैदिक रसायन, वैदिक वनस्पति विज्ञान आदि विषयों पर साहित्य प्रकाशित करने की योजना है।

डा० भारतभूषण विद्यालंकार, प्रोफेसर वेद विभाग एवं निदेशक शोध संस्थान तथा डा० महावीर अग्रवाल रीडर एवं उपनिदेशक के कुशल निर्देशन में विभाग निश्चय ही कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य कर सकेगा। इस क्रम में 'वैदिक पर्यावरण' पर एक बृहद् शोध-योजना प्रो० बी० डी० जोशी, प्रोफेसर जीव विज्ञान के साथ चल रही है, जिसका प्रारूप प्रकाशित किया जा चुका है।

गुरुकुल के स्नातकों एवं उपाध्यायों का वैदिक वाङ्मय को विशिष्ट योगदान रहा है। इन विद्वानों द्वारा लिखित वेद-वेदांग, उपनिषद् आदि से सम्बन्धित साहित्य कुछ अप्रकाशित है और कुछ अप्राप्य है, इसलिये शोध संस्थान ने इस सम्बन्ध में एक ग्रन्थ लिखकर प्रकाशन की योजना बनाई है, जिससे वैदिक साहित्य को गुरुकुल का योगदान सबके समक्ष प्रकट हो सके।

संस्थान के आचार्यों का कार्य-विवरण :

भारत भूषण विद्यालंकार
पद- प्रोफेसर वेद विभाग एवं निदेशक श्रद्धानन्द वैदिक शोध संस्थान

१. उक्त कालावधि में प्राच्यविद्या सम्मेलन रोहतक में पत्र-वाचन किया।

२. प्रभात आश्रम मेरठ में शोध गोष्ठी के अन्तर्गत वैदिक भौतिकी विषय पर पत्र प्रस्तुत किया। 'पावमानी' में प्रकाशन।

३. ऊना (हिमाचल प्रदेश) में वैदिक संस्कृति में पर्यावरण पर शोध-लेख प्रस्तुत किया।

४. गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय वेद संगोष्ठी में वैदिक संस्कृति एवं पर्यावरण विषय में शोध-पत्र वाचन एवं सत्र संचालन।

५. गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में एम० एस–सी० कक्षाओं को वैदिक भौतिकी विषय का अध्यापन।

६. गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में वेद सम्मेलन में व्याख्यान।

७. ज्वालापुर महाविद्यालय में वेद सम्मेलन का सयोजन।

८. रुड़की विश्वविद्यालय प्राङ्गण में भारत-विकास-परिषद् में वैदिक विज्ञान एवं पर्यावरण पर पत्र-वाचन।

९. विभिन्न प्रान्तों में वैदिक संस्कृति का प्रचार-प्रसार।

१०. विभिन्न पत्रिकाओं में तीन शोध लेख।

११. वर्तमान में ४ छात्र शोधकार्यरत।

१२. वैदिक पर्यावरण पर बृहद् प्रोजेक्ट डा० बी०डी० जोशी, प्रोफेसर जीव विज्ञान के सहयोग से। इसके प्रथम स्वरूप में विभिन्न क्षेत्रों को इंगित करते हुए पुस्तिका का प्रकाशन एवं गुरुकुल कांगड़ी के वार्षिकोत्सव पर श्री शिवराज पाटिल अध्यक्ष लोक-सभा द्वारा बिमोचन।

१३. अनेक वर्षों से प्रोक्टोरियल बोर्ड के सदस्य के रूप में सक्रिय योगदान।

डा० महावीर अग्रवाल, रीडर

शैक्षिक योग्यता—एम०ए०, (संस्कृत, वेद, हिन्दी)
पी-एच० डी०, व्याकरणाचार्य

शोध संगोष्ठियाँ :

१. महर्षि दयानन्द वि० वि० रोहतक में दिस० १९९४ में आयोजित अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन में भाग लिया और 'ऋग्वेदे पारिवारिक आदर्शाः' शोध-लेख प्रस्तुत किया।

२. गुरुकुल प्रभात आश्रम मेरठ में समर्पणानन्द जन्म-शती समारोह में आयोजित शोध-संगोष्ठी में 'वेदों में मनोविज्ञान' विषयक शोध-पत्र पढ़ा।

३. गुरुकुल कांगड़ी वि० वि० में मार्च १९९५ में आयोजित त्रिदिवसीय वेद संगोष्ठी में 'वैदिक वर्ण व्यवस्था' विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया।

४. गुरुकुल कांगड़ी वि० वि० के वार्षिकोत्सव पर तथा गुरुकुल महाविद्यालय ज्वालापुर के वार्षिकोत्सव पर आयोजित वेद-सम्मेलन में 'वेदों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता' तथा 'वेदों में विविध विधाएं' विषय पर व्याख्यान दिये।

५. विभिन्न नगरों एवं आर्यसमाजों में आर्य-सम्मेलनों के अवसर पर आयोजित वेद-संगोष्ठियों में वेद, उपनिषद्, दर्शन, रामायणादि पर व्याख्यान दिये।

शोध कार्य—

१. इस वर्ष ४ छात्रों ने शोध-प्रबन्ध पूर्ण कर विश्वविद्यालय में जमा किये जिनमें दो को पी-एच० डी० उपाधि दीक्षान्त-समारोह में प्राप्त हुई। शेष दो की मौखिक परीक्षा संपन्न हो चुकी है।

२. संप्रति ७ छात्र शोध-कार्य कर रहे हैं।

३. इस वर्ष ५ छात्रों ने लघु शोध-प्रबन्ध प्रस्तुत किये।

———

अंग्रेजी विभाग

डा० नारायण शर्मा प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष के दो रिसर्च पेपर T.S. Eliot एवं E. Hemingway पर प्रकाशित हुए। इन्हें मेरठ, गढ़वाल, जयपुर विश्वविद्यालयों ने अपने भिन्न-भिन्न कार्यक्रमों के लिए आमंत्रित भी किया। इनके निर्देशन में पांच शोध विद्यार्थी पी-एच०डी० के लिए कार्य कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त "वैदिक पथ" पत्रिका का सम्पादन कार्य भी किया। पत्रिका का एक Issue गत मास में ही (Feb. 1995) में प्रकाशित हो चुका है।

श्री एस०एस० भगत, रीडर अपने निर्देशन में अमेरिकन एवं भारतीय Confessional Poetry पर तुलनात्मक कार्य करवा रहे हैं। इन्होंने Indian Association of American Studies का वार्षिक सम्मेलन भी attend किया।

डा० श्रवण कुमार शर्मा ने मेरठ विश्वविद्यालय में हुए Canadian Literature पर Seminar में भाग लिया। इन्हें Indian Association of Canadian Studies के वार्षिक सम्मेलन में आमंत्रित किया गया। इनके निर्देशन में चार रिसर्च स्कालर पी-एच०डी० के लिए शोधकार्य कर रहे हैं।

डा० अम्बुज शर्मा के निर्देशन में तीन शोध विद्यार्थी पी-एच०डी० के लिए कार्य कर रहे हैं। यह विश्वविद्यालय की Senate में (शिष्टपरिषद्) सदस्य निर्वाचित हुए हैं। आर्य समाज के आदर्शों एवं संस्कृति के सरक्षण एवं प्रचार के लिए इन्होंने आकर्षक एवं लोकप्रिय Tape-Cassette का सैट बनवाया है।

डा० के०ए० अग्रवाल की चार पुस्तकें प्रकाशित हुईं एवं एक रिसर्च पेपर। इन्होंने ज्वाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय नई देहली में Orientation Course भी attend किया।

माननीय कुलपति जी की प्रेरणा एव प्रोत्साहन के फलस्वरूप विभाग उन्नति की ओर सक्रिय है।

———

मनोविज्ञान विभाग

सत्र १९९४–९५ में विभिन्न कक्षाओं में विद्यार्थियों का प्रवेश निम्नांकित है :—

बी०ए०/बी०एस-सी०/अलंकार	प्रथम वर्ष	५७
बी०ए०/बी०एस-सी०/अलंकार	द्वितीय वर्ष	७२
बी०ए०/बी०एस-सी०/अलंकार	तृतीय वर्ष	०८
एम०ए०/एम०एस-सी०	प्रथम वर्ष	३५
एम०ए०/एम०एस-सी०	द्वितीय वर्ष	१४
शोध छात्र		१४

बोर्ड ऑफ स्टडीज :—

इस सत्र में मनोविज्ञान विषय के बोर्ड ऑफ स्टडीज की मीटिंग हुई, जिसमें मेरठ विश्वविद्यालय से विषयविशेषज्ञ के रूप में प्रो० एस०एन० राय ने भाग लिया। इस मीटिंग में पाठ्यक्रम का नवीनीकरण किया गया तथा पी०जी० डिप्लोमा इन पर्सनल मेनेजमेन्ट एण्ड इण्डस्ट्रियल रिलेशन्स का पाठ्यक्रम स्वीकृत किया गया। पाठ्यक्रम के नवीनीकरण में विभाग के प्रो० एस०सी० धमीजा, डा० एस०के० श्रीवास्तव तथा डा० सी०पी० खोखर का योगदान महत्वपूर्ण है।

शोध समिति :—

इस सत्र में विभाग की शोध समिति की बैठक हुई, जिसमें ७ छात्रों का शोध विषय स्वीकार किया गया। शोध समिति में विषयविशेषज्ञ के रूप में काशी विद्यापीठ बनारस से प्रो० जी०पी० ठाकुर एवं मेरठ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एवं हैड डा० एस०एन० राय ने भाग लिया। विभाग में सभी शिक्षकों के निर्देशन में शोध कार्य चल रहा है।

नैट/जे०आर०एफ० में स्थान :—

इस वर्ष विभाग की छात्रा कु० वन्दना शर्मा ने यू. जी. सी. द्वारा संचालित नैट परीक्षा पास की। विभाग के लिए यह उपलब्धि की बात है कि विभाग के छात्र नैट परीक्षा पास कर रहे हैं। गत वर्ष भी विभाग के ही श्री सतीश चन्द्र पाण्डे ने नैट परीक्षा पास की थी।

राष्ट्रीय संगोष्ठी :—

इस वर्ष विभाग ने एक राष्ट्रीय सेमीनार 'इकोलोजीकल पर्सपेक्टिव एण्ड बिहेवीयर' विषय पर आयोजित किया। यह सेमीनार २४ से २६ नवम्बर, १९९४ में अत्यन्त सफलतापूर्वक किया गया। इस सेमीनार में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के ख्यातिप्राप्त विद्वानों ने भाग लिया और विभिन्न सत्रों में अपने शोध-पत्र पढ़े। इस अवसर पर तीन अन्तर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त मनोवैज्ञानिकों का सम्मान किया गया। जिनके नाम इस प्रकार हैं —

प्रो० हरिशंकर अस्थाना	पूर्व कुलपति, सागर विश्वविद्यालय
प्रो० लालवचन त्रिपाठी	अध्यक्ष, मनोविज्ञान एवं पूर्व कुलपति, गोरखपुर वि०वि०
प्रो० मोहनचन्द जोशी	वर्तमान कुलपति, कुमायुँ विश्वविद्यालय।

सेमीनार का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो० शेरसिंह जी ने किया तथा समापन उद्‌बोधन विश्वविद्यालय के परिद्रष्टा जस्टिस महावीरसिंह जी ने किया। इस अवसर पर श्री सूर्यदेव जी तथा श्री ओमानन्द जी जैसे विद्वानों की उपस्थिति से सेमीनार गौरवान्वित हुआ। इस सेमीनार के उत्प्रेरक तथा संरक्षक कुलपति श्री डा० धर्मपाल जी के मार्गदर्शन में सेमीनार का प्रबन्ध किया गया तथा इस सेमीनार की कार्यवाही ऑल इण्डिया रेडियो से १५ मिनट तक प्रसारित की गई। इस सेमीनार की सफलता में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा० जयदेव वेदालंकार का योगदान उल्लेखनीय है। राष्ट्रीय संगोष्ठी के निर्देशक प्रो० ओ०पी० मिश्र, सह निर्देशक प्रो० एस० सी० धमीजा, आयोजन सचिव डा० एस०के० श्रीवास्तव, सह आयोजन सचिव डा० सी०पी० खोखर थे।

इस सेमीनार की प्रोसीडिंग्स 'इकोलोजिकल पर्सपेक्टिव एण्ड बिहेवीयर' के नाम से पुस्तकाकार में प्रकाशित की गई। जिसका विमोचन माननीय श्री

शिवराज पाटिल, अध्यक्ष लोकसभा के करकमलों द्वारा हुआ। इस प्रोसीडिंग्स के सम्पादक प्रो० ओ०पी० मिश्र तथा डा० एस०के० श्रीवास्तव हैं।

पी०जी० डिप्लोमा इन पर्सनल मैनेजमेन्ट एण्ड इण्डस्ट्रियल रिलेशन्स :–

इस सत्र में विभाग ने कुलपति जी की प्रेरणा से पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन पर्सनल मैनेजमेन्ट एण्ड इण्डस्ट्रियल रिलेशन्स का दो वर्षीय पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया। इस पाठ्यक्रम का सर्वत्र स्वागत हुआ है और इससे इस क्षेत्र की बहुत दिनों से चली आ रही मांग की भी पूर्ति हुई है। उल्लेखनीय है कि ये कोर्स सेल्फ सस्टेनिंग है और आर्थिक रूप से इसका विश्वविद्यालय को योगदान भी उल्लेखनीय है। इस कोर्स के पाठ्यक्रम को बनाने में विभाग के सभी सदस्यों का योगदान उल्लेखनीय है। प्रारम्भ में इस कोर्स के लिए केवल ३१ सीटें स्वीकृत की गई हैं। इस कोर्स का उद्घाटन बी.एच.ई.एल. के प्रबन्ध निदेशक श्री एम०के० मित्तल द्वारा किया गया और इस कोर्स में विशेष व्याख्यान हेतु ब्रिगेडियर के०एस० वर्मा, ओ.सी. रायवाला को निमन्त्रित किया गया।

पी-एच०डी० उपाधि : —

इस वर्ष विभाग के श्री सतीशचन्द्र पाण्डे और श्री आर० के० डागर को पी-एच०डी० उपाधि प्राप्त हुई। इन दोनों विद्यार्थियों ने प्रो० ओ० पी० मिश्र के निर्देशन में काम किया।

विभाग के शिक्षकों की शैक्षणिक गतिविधियां इस प्रकार हैं :–

प्रो० ओ०पी० मिश्र :

प्रो० ओ० पी० मिश्र ने गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गढ़वाल विश्वविद्यालय की रिसर्च डिग्री कमेटी और बोर्ड ऑफ स्टडीज में विषय विशेषज्ञ के रूप में काम किया। कानपुर विश्वविद्यालय में भी प्रो० मिश्र रिसर्च डिग्री कमेटी और बोर्ड ऑफ स्टडीज में कार्य कर रहे हैं। इसी तरह काशी विद्यापीठ बनारस में भी प्रो० मिश्र रिसर्च डिग्री कमेटी में विषय विशेषज्ञ के रूप में मनोनीत किये गये। इस वर्ष मेरठ विश्वविद्यालय ने भी उन्हें अपने यहां बोर्ड ऑफ स्टडीज में विषय विशेषज्ञ के रूप में आमन्त्रित किया। इसके अतिरिक्त प्रो० मिश्र लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली तथा अन्य

प्रदेशीय लोक सेवा आयोगों में भी विशेषज्ञ के रूप में कार्य कर रहे हैं। प्रो० मिश्र के निर्देशन में ६ शोध छात्र कार्य कर रहे हैं तथा २ शोध छात्रों को उनके निर्देशन में पी–एच० डी० डिग्री दी गई। इसके अतिरिक्त प्रो० मिश्र के निर्देशन में ८ विद्यार्थियों ने पोस्ट ग्रेजुएट स्तर पर लघु शोध प्रबन्ध लिखे।

प्रो० एस०सी० धमीजा :

श्री एस०सी० धमीजा के निर्देशन में एम०ए०/एम०एस–सी० के ७ विद्यार्थियों ने लघु शोध प्रबन्ध पूरा किया। इन्हीं के निर्देशन में ५ शोध छात्र अपना पी-एच०डी० का कार्य कर रहे हैं। श्री धमीजा जी के तीन शोध-पत्र "इकोलोजीकल पर्सपेक्टिव एण्ड बिहेवीयर" में प्रकाशित हुए। श्री धमीजा ने छात्रों के लिए तीन पाठ्य पुस्तकें भी लिखी हैं :—

पुस्तकों के नाम :

१. शिक्षा मनोविज्ञान।
२. प्रारम्भिक सांख्यिकी।
३. "डिक्शनरी ऑफ साईक्लोजीकल टर्म्स"।

इसी प्रकार प्रो० धमीजा के निर्देशन में एक शोध-पत्र इस वर्ष साइंस कांग्रेस, कलकत्ता में "ए स्टडी ऑफ साइक्लोजीकल कोरिलेट्स ऑफ कार्डिएक पेशेन्ट" विषय पर पढ़ा गया।

डा० एस०के० श्रीवास्तव :

डा० एस०के० श्रीवास्तव के निर्देशन में इस सत्र में ६ विद्यार्थियों ने अपने लघु शोध प्रबन्ध पूरे किये। इनके निर्देशन में ५ विद्यार्थी पी-एच०डी० का कार्य कर रहे हैं। इस वर्ष डा० श्रीवास्तव के तीन शोध-पत्र प्रकाशित हुए। विभाग की सभी गतिविधियों में डा० एस०के० श्रीवास्तव का योगदान उल्लेखनीय है।

डा० सी०पी० खोखर :

डा० सी०पी० खोखर के निर्देशन में इस वर्ष ५ छात्रों ने लघु शोध प्रबन्ध पूरे किये। विभाग की शैक्षणिक गतिविधियों में आपका योगदान उल्लेखनीय है। इनके निर्देशन में दो छात्र पी-एच०डी० कार्य कर रहे हैं।

————

प्रौढ़, सतत् शिक्षा एवं प्रसार विभाग

प्रौढ़, सतत् शिक्षा एवं प्रसार विभाग सन् १९८३ से हरिद्वार जिले के ग्रामीण एवं शहरी अंचलों में साक्षरता कार्य करता रहा है। इस कार्यक्रम में समय-समय पर परिवर्तन होते रहे हैं। वर्तमान में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग—१९९२ की निर्देशिकानुसार कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। इस निर्देशिकानुसार इस कार्यक्रम का संचालन 'उच्च शिक्षा के तृतीय आयाम-प्रसार' के अन्तर्गत किया जा रहा है। प्रौढ़, सतत् शिक्षा एवं प्रसार विभाग द्वारा सत्र १९९४-९५ में निम्नलिखित कार्यक्रम संचालित किये गये।

१.	जन-शिक्षण निलयम	५
२.	सतत् शिक्षा कोर्स	५
३.	जनसंख्या शिक्षा क्लब	१
४.	साक्षरता कार्यक्रम	

१. जन-शिक्षण निलयम :

विभाग द्वारा न्याय पंचायत जमालपुर के पांच ग्रामों—जमालपुर, गाड़ोवाली, सराय, जगजीतपुर एवं अजीतपुर में जन-शिक्षण निलयम संचालित किये गये। इनमें से अजीतपुर ग्राम के जन-शिक्षण निलयम को माह फरवरी, १९९५ से न्याय पंचायत फेरूपुर के ग्राम कटारपुर में स्थानान्तरित कर दिया गया है। इन जन-शिक्षण निलयमों में नवसाक्षरों, ग्रामीणों के लिये समाचार पत्र, पत्रिकायें एवं पुस्तकें तथा खेल सामग्री—वॉलीबाल, फुटबाल, कैरम बोर्ड विभाग की ओर से निःशुल्क उपलब्ध करायी गयी।

२. सतत् शिक्षा कोर्स :

विभाग द्वारा सतत् शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत पांच लघु प्रशिक्षण

आयोजित कराये गये। जिसमें ग्राम जगजीतपुर में फल संरक्षण, ग्राम अजीतपुर में ग्रामीणोपयोगी बिजली के उपकरणों की मरम्मत व रखरखाव, ग्राम सराय में पेन्टिंग, एवं मिस्सरपुर में कढ़ाई प्रशिक्षण आयोजित किये गये। जगजीतपुर ग्राम में छः माह का सिलाई प्रशिक्षण जून-नवम्बर, १९९४ तक संचालित किया गया। वर्तमान में ग्राम जगजीतपुर एवं सराय में छः माह के सिलाई प्रशिक्षण फरवरी, १९९५ से प्रारम्भ किये गये हैं।

३. जनसंख्या शिक्षा :

जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर, प्रसार भाषण, वाद-विवाद एवं निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गयीं। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत ही दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रौढ़, सतत् शिक्षा एवं प्रसार विभाग के सहयोग से एक दिवसीय संगोष्ठी जनसंख्या एवं विकास विषय पर आयोजित की गयी। वाद-विवाद एवं निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को पुरस्कार वितरित किये गये।

४. साक्षरता कार्यक्रम :

विभाग द्वारा साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत परिवार सर्वेक्षण के पश्चात् २५०० निरक्षरों को साक्षर बनाया गया। २५०० निरक्षरों में से नवसाक्षरों ने ३३१ ने उत्तम, १०५६ ने मध्यम एवं ११११३ ने साधारण स्तर प्राप्त किया।

५. प्रकाशन :

सत्र १९९३-९४ में जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत 'जनसंख्या एवं पर्यावरण' विषय पर आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता में प्राप्त छात्र/छात्राओं के निबन्धों को मूल्याकंन के पश्चात् आठ निबन्धों को 'जनसंख्या एवं पर्यावरण' नामक निबन्ध संकलन के रूप में प्रकाशित किया गया।

६. सूदूर शिक्षा :

विभाग को सूदूर शिक्षा संकाय के रूप में विकसित किया जा रहा है। सूदूर शिक्षा को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इसका श्रेय तत्कालीन कुलाधिपति प्रो० शेर सिंह जी एवं वर्तमान कुलपति डा० धर्मपाल जी को जाता है। सूदूर शिक्षा पाठ्यक्रम प्रौढ़, सतत् शिक्षा एवं

प्रसार विभाग के अन्तर्गत प्रारम्भ किये जायेंगे। इस आशय का प्रस्ताव सूदूर शिक्षा समिति की बैठक ८-१२-६४ के अनुसार स्वीकार किया गया है।

७. संगोष्ठी/कार्यशाला सहभागिता :

डा० आर० डी० शर्मा, विभागाध्यक्ष ने निम्नलिखित संगोष्ठी/कार्यशाला/बैठकों में भाग लिया।—

(१) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् में अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिये निर्देशिका के निर्माण सम्बन्धी कार्यशाला में जनवरी १६-१८, १६६५ तक भाग लिया।

(२) मनोविज्ञान विभाग द्वारा आयोजित इकोलोजीकल पर्सपैक्टिव एवं बिहेवियर पर दिनांक २४-२६ नवम्बर, १६६४ में आयोजित संगोष्ठी हेतु इन्फ्लून्स ऑफ रिसैन्ट लाइफ एक्सपीरियन्स आन मेंटल हैल्थ आँफ रूरल फिमेल्स पर शोध पत्र दिया।

(३) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् की शोध पत्रिका इन्डियन एजूकेशनल रिव्यू में इन्फ्लूएंस ऑफ रिसैन्ट लाइफ एक्सपीरियेन्स ऑन मेंटल हैल्थ ऑफ स्कूल टीचर्स नामक शोध पत्र प्रकाशन हेतु स्वीकृत हुआ।

(४) प्रौढ़, सतत् शिक्षा एवं प्रसार विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा उत्तर प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों के प्रौढ़, सतत् शिक्षा एवं प्रसार विभाग के निदेशकों/प्रभारी की बैठक एवं उच्च शिक्षा के तृतीय आयाम पर संगोष्ठी में दिनांक २५-२६ मार्च, १६६५ को भाग लिया तथा लेख प्रस्तुत किया।

डा० जशबीरसिंह मलिक, परियोजना अधिकारी द्वारा निम्नलिखित विभागीय कार्य/संगोष्ठी/कार्यशाला/बैठकों में भाग लिया गया :

(१) प्रौढ़ शिक्षा, जनसंख्या शिक्षा, सतत् शिक्षा कार्यक्रमों का आयोजन एवं संचालन।

(२) १५ जून, १६६४ से १८ जून, १६६४ तक भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ,

नई दिल्ली द्वारा अजमेर, राजस्थान में आयोजित ऑल इन्डिया एडल्ट एजूकेशन कान्फ्रेन्स में भाग लिया।

(३) १-२१ सितम्बर, १९९४ तक गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद में रिफ्रेशर कोर्स किया।

(४) १७ दिसम्बर को दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा आयोजित गोष्ठी 'नेशनल लेवल ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑन न्यू थ्रस्ट एरिया ऑन पोपुलेशन एजूकेशन' में भाग लिया।

(५) ४ फरवरी, १९९५ को दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली के प्रौढ़, सतत् शिक्षा एवं प्रसार विभाग के सहयोग से जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रम के अन्तंगत 'जनसंख्या एवं विकास' विषय पर एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन एवं संचालन किया।

(५) २४ मार्च, १९९५ को विश्वविद्यालय में आयोजित गोष्ठी 'वैदिक वर्ण व्यवस्था का वैज्ञानिक आधार' में भाग लिया।

विभाग में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी :

(१) डा० आर०डी० शर्मा
सहायक निदेशक एवं विभागाध्यक्ष

(२) डा० जशबीर सिंह मलिक
परियोजना अधिकारी

(३) श्री सुदर्शन मल्होत्रा
सहायक कुलसचिव (३१ दिसम्बर, १९९४ तक)

————

गणित विभाग

सत्र १९९४-९५ में नये पाठ्यक्रम के अनुसार स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं का संचालन हुआ। इस वर्ष बी. एस-सी भाग प्रथम, द्वितीय व तृतीय में क्रमशः तीन, दो व दो खण्ड थे। इसके अतिरिक्त बी. ए. प्रथम वर्ष में गणित विषय में ९० छात्रों ने प्रवेश लिया।

विभागाध्यक्ष प्रो० विजयपाल सिंह जी के निर्देशन में स्नातकोत्तर छात्राओं के अध्यापन की अलग परिसर में व्यवस्था की गयी।

प्रो० एस० एल० सिंह, डा० वीरेन्द्र अरोड़ा एवं एम० पी० सिंह के निर्देशन में गणित की नवीन विधाओं एवं प्राचीन भारतीय गणित में कतिपय अभ्यर्थी पी-एच०डी० हेतु शोधकार्य कर रहे हैं।

डा० हरबंस लाल गुलाटी ने पिछले वर्षों की भाँति इस वर्ष भी विश्वविद्यालय को वार्षिक परिक्षाओं में सहायक परीक्षाध्यक्ष का कार्य सफलतापूर्वक किया।

प्रो० एस०एल० सिंह ने गणित विषय में विभिन्न विश्वविद्यालयों में आयोजित सम्मेलनों में भाग लिया एवम् अध्यक्षता की। दिनांक २५-२७ मई, ९५ को रामानुजम् मैथमैटिकल सोसाईटी ने ऋषिकेश में हुए दशम् अधिवेशन में प्रो० सिंह को सम्मानित किया है तथा अन्तर्राष्ट्रीय बायोग्रेफिकल सेन्टर, इंग्लैंड के एडवाइजरी कौन्सिल का सदस्य चुना गया।

प्रो० एस० एल० सिंह के निर्देशन में दो अभ्यर्थियों ने शोध उपाधि प्राप्त की।

———

भौतिकी विभाग

सत्र का प्रारम्भ विधिवत् हुआ।

विभाग में माननीय कुलपति डा० धर्मपाल जी के प्रयास से नयी प्रयोगशाला का निर्माण कराया गया।

सत्र १९९४-९५ में भौतिकी विभाग में छात्रों की संख्या निम्न है।—

B.Sc. I — 239	M.Sc. (Pre.) 10
B.Sc. II — 183	M.Sc. (Final) 08
B.Sc. III — 159	Research Sch. 06

विभाग में राष्ट्रीय स्नातक भौतिकी परीक्षा (N.G.P E. 95) सम्पन्न करायी गयी। इसके अतिरिक्त Vibrations of Self Intersteds to Cubic Methods में Dr. P. N. Ram (North Hill Univ. Shilong) ने लेक्चर दिया। श्री राजेन्द्र प्रसाद भारद्वाज ने डा० पी० पी० पाठक के निर्देशन में "Radio Spectrum of Lightning" पर शोध कार्य सम्पन्न कर उपाधि प्राप्त की।

———

रसायन विज्ञान विभाग

गुरुकुल कांगड़ी वि०वि० में १ अगस्त १९५८ को भारत के तत्कालीन प्रधानमन्त्री पं० ज्वाहरलाल नेहरू द्वारा विज्ञान महाविद्यालय के उद्घाटन के साथ ही रसायन विज्ञान विभाग की स्थापना हुई। विभाग में सन् १९८५ तक स्नातक स्तर को कक्षायें थीं, परन्तु स्नातकोत्तर कक्षाओं के प्रारम्भ करने के लिए विभागीय शिक्षकों द्वारा किये जा रहे निरन्तर प्रयत्नों के परिणाम-स्वरूप विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने सन् १९८५ में "पोस्ट-ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कैमीस्ट्री" कोर्स प्रारम्भ करने की स्वीकृति प्रदान की। इस कोर्स को मिली ख्याति से प्रभावित होकर सन् १९९१ में U G.C. ने M.Sc. Chemistry (Commercial methods of Chemical Analysis) में कक्षाऐं प्रारम्भ करने की स्वीकृति प्रदान की। भारत सरकार की शिक्षा नीति के अनुरूप यह एक रोजगारोन्मुख कोर्स है। आज जहाँ देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से शिक्षा प्राप्त किये हुये छात्रों को रोजगार न मिल पाने की गम्भीर समस्या है, वहाँ हमारे M.Sc Chemistry पास छात्र अपने परीक्षा परिणाम निकलने से पूर्व ही देश के प्रतिष्ठित औद्योगिक प्रतिष्ठानों, संस्थानों में सम्मानित रोजगार पा जाते हैं। गु० कां० विश्वविद्यालय की परम्परा के अनुरूप इस कोर्स के पाठ्यक्रम में "Chemistry in Vedic Literature and Ayurvedic drugs" नाम से विशिष्ट प्रश्न पत्र का समावेश किया गया है। जिसके फलस्वरूप विभागीय शिक्षक आयुर्वेदिक वनस्पतियों एवं औषधियों पर अनुसंधान कार्य में सलग्न हैं, तथा उनके निर्देशन में अनेक शोधार्थी छात्र शोध कार्य कर रहे हैं।

M Sc. Chemistry कोर्स को पास करने वाले छात्रों की योग्यता से प्रभावित होकर जुलाई १९९४ में "पशुपति एक्रीलॉन" उद्योग के अधिकारियों ने कैम्पस इन्टरव्यू लेकर हमारे अनेक छात्रों को कैमिस्ट के पद पर नियुक्ति प्रदान की। इसके अतिरिक्त विभिन्न उद्योगों द्वारा रसायन विभाग से छात्रों की नियुक्ति के लिए सीधे नाम भी मांगे जाते हैं। इनमें मोदी वनस्पति, रेनवैक्सी आदि प्रमुख हैं।

विभाग के डा० आर० के० पालीवाल ने अपने शैक्षणिक उत्तरदायित्व का निर्वाह करते हुये वि० वि० परीक्षाओं को सुचारू ढंग से सम्पन्न कराने के लिए उड़नदस्ते तथा प्रोक्टोरियल बोर्ड के सदस्य बनकर छात्रों में अनुशासन स्थापित करने के लिए सहयोग किया (विशेषकर छात्र कल्याण परिषद् के चुनाव में)। इनके निर्देशन में तीन छात्र-छात्राओं ने लघु शोध प्रबन्ध प्रस्तुत किये।

डा० ए० के० इन्द्रायण (रीडर) का एक शोध पत्र "एशियन जनरल ऑफ कैमिस्ट्री" में प्रकाशित हुआ तथा उनका गत वर्ष जापान में आयोजित सम्मेलन में प्रस्तुत शोध पत्र उपरोक्त जनरल में प्रकाशनार्थ स्वीकृत हुआ। औषध पौधों से सम्बन्धित इनकी एक परियोजना स्वीकृत हुई है। ये आकाशवाणी नजीबाबाद के कार्यक्रम सलाहकार समिति के सदस्य रहे हैं। इनकी वार्तायें एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आकाशवाणी से प्रसारित हुये हैं। डा० इन्द्रायण की पुस्तक Fundamental in Chemistry के द्वितीय संस्करण का गत वर्ष प्रकाशन हुआ था, इसी पुस्तक के तृतीय संस्करण की प्रक्रिया जारी है।

१ अगस्त १९५७ को पं. जवाहरलाल नेहरू गुरुकुल पधारे। उन्होंने विज्ञान महाविद्यालय का उद्‌घाटन किया। १९६० में विश्वविद्यालय की हीरक जयन्ती मनाई गयी। इस जयन्ती पर 'गुरुकुल' कांगड़ी के ५० वर्ष' नामक एक पुस्तिका भी प्रकाशित की गई। २० वर्ष से भी अधिक समय तक कुलपति एवं मुख्याधिष्ठाता रहने के पश्चात् पं. इन्द्र जी को गुरुकुल से विदाई दी गयी। उनके पश्चात् पं. सत्यव्रत जी सिद्धान्तालंकार गुरुकुल के कुलपति एवं मुख्याधिष्ठाता बने। इन्हीं के समय १९६२ में गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय को भारत सरकार से विश्वविद्यालय के समकक्ष होने की मान्यता मिली। ८ विषयों में एम.ए. कक्षाएँ विधिवत् शुरू हुईं, और चार विषयों में पी.एच.डी. (शोध व्यवस्था) भी। इन्हीं के समय १९६६ में डॉ. गंगाराम जी, जो अंग्रेजी विभाग में १९५२ से कार्य कर रहे थे, प्रथम पूर्णकालीन कुलसचिव नियुक्त हुए। आचार्य प्रियव्रत जी, जो १९४३ से आचार्य पद पर चले आ रहे थे, १९६६ में गुरुकुल के कुलपति बने। इनके प्रयत्नों से विश्वविद्यालय को पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत धन प्राप्त हुआ और स्टाफ के वेतनमानों में संशोधन हुआ। इनके बाद श्री रघुवीर सिंह शास्त्री तथा डॉ. सत्यकेतु विद्यालंकार कुलपति बने। कुलपति श्री बलभद्र कुमार हूजा का कार्यकाल दीर्घ तथा सराहनीय उपलब्धियों से पूर्ण रहा। कुलपति आर.सी. शर्मा के कार्यकाल में गुरुकुल व्यवसायिक शिक्षा की ओर सफलतापूर्वक आगे बढ़ा। श्री हूजा तथा श्री शर्मा के कुलपतित्व में ही अनेक विषयों में प्रोफेसर नियुक्त हुए। इससे विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति में गुणात्मक योगदान हुआ।

गुरुकुल को स्थापित हुए ६६ वर्ष हो गये हैं। गुरुकुल के स्नातकों ने प्राचीन इतिहास, वेद, संस्कृत, हिन्दी, आयुर्वेद, पत्रकारिता आदि के क्षेत्रों में जो उल्लेखनीय योगदान दिया, वह सदा स्मरणीय रहेगा।

विश्वविद्यालय के उपाध्यायों ने भी लेखन के क्षेत्र में एवं शोधकार्यों में आशातीत प्रगति की है। गुरुकुल की पत्रिकायें और शोध-जर्नल, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में काफी योगदान कर रहे हैं। जनहित क्षेत्र में भी हमने अपने मातृग्राम कांगड़ी को अंगीकृत किया है, जिसमें गोवर्धन शास्त्री पुस्तकालय की स्थापना की जा चुकी है और उसके लिए पूर्व कुलपति श्री हूजा ने ५००/-रुपये का दान भी संघड़ विद्या सभा ट्रस्ट, जयपुर से दिलवाया है। इसी प्रकार से विश्वविद्यालय ने गाजीवाला एवं ग्राम जगजीतपुर को भी अंगीकृत किया है और वहां स्वास्थ्य, सफाई, सांस्कृतिकचेतना, प्रौढ़ शिक्षा आदि कार्यों पर जोर दिया जा रहा है।

(२) इस समय निम्न संरचना विश्वविद्यालय के अन्तर्गत कार्य कर रही है।

विद्यालय विभाग

प्रथम कक्षा से बारहवीं कक्षा तक। अन्तिम परीक्षा उत्तीर्ण करने पर विद्या विनोद का प्रमाण-पत्र दिया जाता है।

वेद विद्यालय (प्राच्य संकाय)

सत्र ८७-८८ से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार स्नातक स्तर पर (वेदालंकार में) त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम लागू कर दिया गया है। इसी महाविद्यालय के अन्तर्गत वेद, संस्कृत, दर्शन, इतिहास तथा योग में एम.ए. और पीएच.डी. की उपाधियाँ प्रदान करने की व्यवस्था है।

कला महाविद्यालय (मानविकी संकाय)

८७-८८ से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार स्नातक स्तर पर (विद्यालंकार में) त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम लागू कर दिया गया है। इसी महाविद्यालय के अन्तर्गत मनोविज्ञान, हिन्दी, गणित और अंग्रेजी में एम.ए. तथा पी-एच.डी. उपाधि प्राप्त की जा सकती है। सत्र ९२-९३ से छात्राओं के लिए भी एम.ए. कक्षाओं की अलग से व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही बी.ए. (अलंकार सामान्य) का पाठ्यक्रम भी प्रारम्भ हुआ है।

विज्ञान महाविद्यालय (विज्ञान संकाय)

८७-८८ से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार स्नातक स्तर पर त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम लागू कर दिया गया हैं सम्प्रति भौतिकी, रसायन, कम्प्यूटर और गणित में अध्ययन की व्यवस्था है। स्नातकोत्तर कक्षाएँ गणित, भौतिकी, रसायन में चल रही हैं। विश्वविद्यालय में जीव विज्ञान संकाय की अलग व्यवस्था की गयी है जिसमें रसायन शास्त्र के साथ जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, औद्योगिक सूक्ष्म जीव विज्ञान पढ़ाये जा रहे हैं। इस संकाय में बी. एससी. के अतिरिक्त माइक्रोबायोलोजी में स्नातकोत्तर तथा पीएच.डी. की व्यवस्था है। साथ ही जन्तु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान में पीएच.डी. की उपाधि हेतु भी व्यवस्था है। इसी सत्र से इस विभाग में पर्यावरण विज्ञान विषय स्नातकोत्तर पर प्रारम्भ किया गया है।

कन्या गुरुकुल महाविद्यालय, देहरादून

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा कन्या गुरुकुल महाविद्यालय, देहरादून को विश्वविद्यालय

का एक अंगभूत महाविद्यालय स्वीकृत कर लिए जाने के बाद इस महाविद्यालय में पर्याप्त विस्तार हुआ है तथा भविष्य में इसके तेजी से विस्तार होने की सम्भावना है।

कन्या गुरुकुल महाविद्यालय, हरिद्वार

स्वयं पोषित योजना के अन्तर्गत हरिद्वार में भी कन्या कुरुकुल महाविद्यालय में एम.ए., एम. एससी. की कक्षाएं प्रारम्भ कर दी गयी हैं। जिसका पूर्ण विवरण आगे दिया जा रहा है।

गुरुकुल कांगड़ी फार्मेसी

यह आयुर्वेदिक औषधियों के निर्माणार्थ एक बहुत बड़ी फार्मेसी है। बिक्री लगभग एक करोड़ रुपये है। इससे प्राप्त लाभ ब्रह्मचारियों तथा जनकल्याण पर खर्च किया जाता है।

(३) इस समय गुरुकुल के जो भवन हैं, उनका अनुमानतः मूल्य डेढ़ करोड़ रुपये से कहीं ऊपर है। इन भवनों में वेद तथा साधारण महाविद्यालय, विज्ञान महाविद्यालय, पुस्तकालय, संग्रहालय, टेकचन्द नागिया छात्रावास, सीनेट हाल, विद्यालय, विद्यालय आश्रम, गौशाला, राजेन्द्र छात्रावास, उपाध्यायों तथा कर्मचारियों के अवास–गृह सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त जो भूमि है, उसका भी अनुमानतः मूल्य १ करोड़ रुपये से कम नहीं है।

विश्वद्यिलाय द्वारा योग का प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र भी गत पाँच वर्षों से चल रहा है। इसके अतिरिक्त क्रीड़ा विभाग द्वारा छात्रों को विभिन्न अन्तर्विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रशिक्षित किया जाता है। इसके अतिरिक्त वेद, कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के निर्धन छात्रों को आँशिक रोजगार देने का कार्यक्रम भी पुस्तकालय के माध्यम से गत सात वर्षों से चल रहा है अंग्रेजी विभाग के अन्तर्गत अंग्रेजी भाषा का एक वर्षीय प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें आधुनिक तकनीक से अंग्रेजी बोलना सिखलाया जाता है।

शिक्षा मन्त्रालय द्वारा प्रदत्त प्रौढ़ शिक्षा का कार्यक्रम भी निष्ठा एवं सफलता के साथ चल रहा है।

विश्वविद्यालय अपने माननीय अधिकारियों–परिदृष्ट्र महोदय, कुलाधिपति जी एवं कुलपति जी के दिशा–निर्देश में उत्तरोत्तर प्रगति–पथ पर अग्रसारित है।

प्रो. वेद प्रकाश शास्त्री
आचार्य एवं उपकुलपति

दीक्षान्त–समारोह के अवसर पर
कुलपतिप्रतिवेदनम्
ओ३म्

उपहवरे गिरीणां संगमे च नदीनांधिया विप्रोऽजायत।

श्रध्देयाः संन्यासिनः, मान्याः कुलाधिपतयः श्री सूर्यदेव महाभागाः, सम्मान्याः परिद्रष्टारो न्याय मूर्त्तयः **श्री महावीर सिंह** महोदया दीक्षान्त भाषणाय मुख्यातिथिरुपेण समुपस्थिताः साहित्य पयोनिधि प्रस्यूत सुधास्वादसरसस्वान्ताः चेक गणराज्यस्य राजूदतपदमलंकुर्वाणाः महामहिम **डॉ. ओदोलेन स्मेकल महोदयाः**, सार्वदेशिकार्य प्रतिनिधि सभा प्रधान पदभाजः **श्री रामचन्द्र** वन्देमातरम् महाभागाः, मञ्चस्थाः विद्वांस, शिक्षा शास्त्रिणः, आर्यनेतारो, नवस्नातकाः, शिष्ट–कार्यपरिषदोः सदस्याः, विश्वविद्यालयस्य पंचनवतितमेदीक्षान्तसमारोहावसरे समागतानां मान्यांनां महानुभावानाँ स्वागतं व्याहरन् अमन्दमानन्दमनुभवामि। समुपस्थितानां तत्र भक्तां दर्शनेन काऽप्यनिर्वचनीयः हर्षप्रकर्षः समेदेति नश्चेतसि।

हे प्रियस्नातकाः। अस्याः विंशशताब्द्याः प्रथमे वर्षे पुण्यश्लोकेन स्वामि श्रद्धानन्देन मन्दाकिन्याः पवित्रे तटे गुरुकुलमिदं संस्थापितम्। एतस्मिन् गुरुकुले विद्यापारदृश्वाम, वेदमनीषिणः काव्यकोविदाः वाग्मिनः लेखकाः देशप्रेमसिक्ताः नेतारः, अनेके स्नातकाः उपाधिवन्तः समभवन्, तेषु लब्धकीर्त्तिभिः पं. इन्द्रविद्यावाचस्पति–आचार्य अभयदेव स्वामी समर्पणानन्द, आचार्य सत्यव्रत, डॉ. सत्यकेतु, आचार्य प्रियव्रत, पं. चन्द्रगुप्त, डॉ. रामनाथ वेदालंकार, स्वामी धर्मानन्द प्रभृतिभिः गुरुकुलस्य कीर्ति सर्वासु दिक्षु प्रसारिता। अस्माकं प्रत्ययोऽस्ति द्रढीयान् यन्नवाः स्नातका इत उपाधि गृहीत्वां विश्वविद्यलास्य यशोगाथां गायं गायं स्वकर्मसु दक्षतां प्रकटयन्तः प्रतिष्ठाम् आप्स्यन्ति।

हे आर्य बान्धवाः। अस्य विश्वविद्यालयस्य प्रगतियात्रायाः संक्षिप्तं प्रगतिवृत्तं भवतां श्रवणगोचरतां यातु इत्येव विमृश्य दीक्षान्त समारोहावसरे समासेनोदीर्यते। यद्यपि अर्थाभावेन अन्येश्च प्रत्यवायैः समुन्नतिः किञ्चित् प्रबाध्यते तथापित भवताँ स्नेहेन न हीयते।

साम्प्रतममुष्मिन् विश्वविद्यालये चत्वारः संकाया सन्ति। एकश्च कन्या गुरुकुल महाविद्यालय बालिकानाम् उच्चशिक्षायै प्रयतमानोऽस्ति। देहरादून नगरे विश्वविद्यालयस्य अन्यस्मिन् परिसरे महिलाशिक्षा व्यवस्था प्रचलति। प्रवर्त्तमानानां विभागानां विवरणं समासतो प्रस्तूयते।

प्राच्य विद्या संकायः

वेद विभागः

वैदिक ज्ञानविज्ञानान्वेषणे दीक्षितोऽयं विभागों वैदिक ज्ञान प्रसारे सदा सन्नद्धोवर्त्तते–अस्मिन् विभागे इदानीं डॉ. मनुदेवबन्धोरध्यक्षत्वे **डॉ. रूपकिशोर शास्त्री, डॉ. दिनेशचन्द्रः, डॉ. सत्यदेवनिगमालंकारश्च** अध्यापननिरताः सन्ति।

जनवरी मासे आचार्य **राम प्रसाद वेदालंकार** महोदयोऽनेकवर्षेभ्यः सर्ववेद्य वेदविद्या प्रदानेन प्रशासन पाटवेन च विश्वविद्यालयस्य सेवां कृत्वा सेवानिवृत्तः।

सत्रेऽस्मिन् **डॉ. ओमप्रकाश पाण्डेय महोदयस्य डॉ. अभेदानन्द भट्टाचार्य** महोदयस्य च विशिष्टं व्याख्यानमभवत्।

डॉ. मनुदेवबन्धुः डॉ. दिनेशचन्द्रश्च कुरुक्षेत्र विश्वविद्यलाये समायोजित वैदिक संगोष्ठ्यां शोधपत्रे पठितवन्तौ। अन्ये चापि प्राध्यापकाः वैदिक सम्मेलनेषु भागं गृहीतवन्तः।

डॉ. रूपकिशोर शास्त्री वैदिकवाङ्मयनिर्वचन कोष निर्माणे संलग्नः **डॉ. दिनेशचन्द्रः**, वैदिक उपमाकोश इत्याख्यां शोधयोजनां विश्वविद्यालयानुदानाय प्रेषितवान्। अनेके छात्रा इदानीं शोधकार्यरताः।

संस्कृत विभागः

विभागोऽयं संस्कृत साहित्य सन्निहित विविधज्ञानविज्ञान प्रसारे सततमग्रगो वर्त्तते संस्कृत साहित्य विभागे शिक्षां प्राप्य अत्रत्याः स्नातका विभिन्नेषु विश्वविद्यालयेषु ससम्मानं कार्यरताः सन्ति।

विभागे प्रो. वेदप्रकाश शास्त्रिणः प्रोफेसरपदे **डॉ. महावीरः, डॉ. सोमदेव शतांशु, डॉ. राम प्रकाश शर्मा** रीडरपदे प्रतिष्ठिताः सन्ति। सम्प्रति चक्रानुसारं, **डॉ. सोमदेवः** अध्यक्षपद भारं वहति।

अस्मिन् शिक्षासत्रे स्नातकोत्तर कक्षासु भारतस्य सप्तराज्यानां नयपाल देशस्य च छात्रा ज्ञानमर्जयन्ति।

भारत सर्वकारस्य संस्कृत शिक्षापरामर्शकपदम् अलंकृतचरस्य **डॉ. रामकृष्ण** शर्मणो विशिष्टं व्याख्यानम् समायोजितम्। अस्य विभागस्य तत्वावधाने महर्षिस्वामिदयानन्द जन्मोत्सवः समायोजितः।

अस्मिन् वर्षे संस्कृत विभागीयाः छात्रा विविधविश्वविद्यालयैरायोजित विभिन्न प्रतियोगितासु पुरस्कृतयाः।

प्रो. वेदप्रकाश शास्त्री महोदयोऽद्यत्वे प्राच्यविद्यासंकायाध्यक्षत्वेन सह विश्वविद्यालयस्य आचार्योपकुलपतिपदमावहति। नैकान् विश्वविद्यालयान् विशेषज्ञत्वेन च भवान् गतवान्।

अस्मिन् सत्रे **डॉ. महावीर** शास्त्रिणः निर्देशकत्वे चत्वार छात्राः पीएच.डी. उपाधिमधिगच्छन्ति, सप्त छात्राः शोधकार्यरताः सन्ति। एते कानपुर विश्वविद्यलायेन संस्कृत पाठ्यक्रम समितौ विषय विशेषज्ञत्वेन सादरं निमन्त्रिताः। अस्य विश्वविद्यालयस्य शिक्षापटले स्नातक प्रतिनिधिरूपेण चयनिताः।

डॉ. सोमदेव शतांशुः स्वामिसमर्पणानन्द वैदिक शोधसंस्थानेन समायोजित शोधगोष्ठीषु शोध पत्रं प्रस्तुतवान्। इदानीं डॉ. शतांशोः निर्देशने त्रयश्छात्राः शोधकार्यरताः सन्ति।

डॉ. रामप्रकाश शर्मणो निर्देशकत्वेऽप्यनेके छात्राः शोधकार्य कुर्वन्ति। **डॉ. ब्रह्मदेवः** कुरुक्षेत्र–विश्वविद्यलाये समायोजित शोध संगोष्ठ्यां शोधपत्रं प्रस्तुतवान्।

श्रद्धानन्द वैदिक शोध संस्थानम्

अस्य संस्थानस्य निर्देशकपदं **डॉ. भारत भूषण** विद्यालंकारोऽलंकरोति। अस्मिन् वर्षे संस्थानेन वैदिकपर्यावरणविषयकं पुस्तक प्रकाशितम्। स्वामी श्रद्धानन्द समग्र मूल्यांकन इत्याख्यं पुस्तकञ्चापि नूनमचिरमेष्यति दृग्गोचरताम्।

इदं संस्थानम् पुरातत्वसंग्रहालस्य सहयोगेन पुरातत्व सम्बन्धिनी मेकां शोधयोजनां प्रेषितवान्। वैदिक वनस्पतीनां सूक्ष्मजैविक चिकित्सा शास्त्रीयमध्ययनम् इत्याख्या शोधयोजना चापि प्रेषिता।

दर्शन विभागः

इदानीम् अस्मिन् विभागे त्रयोऽध्यापकाः कार्यरताः। **डॉ. त्रिलोक चन्द्र** विभागाध्यक्षः प्रवाचकपदं, **डॉ. विजय पाल शास्त्री** प्रवाचकपद, **डॉ. यू.एस. बिष्टश्च** वरिष्ठ प्रवक्तृपदमलंकरोति। **डॉ. जयदेव वेदालंकारश्च** कुलसचिवपदभार वहन्नपि विभागे विद्याप्रदानरतः।

अस्मिन् वर्षे दर्शन विभागः 'इण्डियन फिलोसफिकल कांग्रेस' इत्याख्यसंगठनस्य सप्ततितमम् अधिवेशनं सगौरवं समायोजितवान्। अस्मिन् भारतवर्षस्य शतत्रयदार्शनिकाः संगताः। **डॉ. विष्टः** अस्य स्थानीय सचिवत्वेन कार्यमकरोत्।

डॉ. त्रिलोकचन्द्रेन–ब्रह्मचर्य का वैज्ञानिक स्वरूपं इत्याख्यं पुस्तकं प्रकाशितम्। **डॉ. विजयपाल शास्त्रिणो** निर्देशकत्वे द्वौ छात्रौ पीएच.डी. उपाधिम् अलभताम्।

डॉ. विष्टलिखिते १–द कान्सेप्ट ऑफ लैंग्वेज, २–द जैना थ्योरी ऑफ रिअलिटी एण्ड नालेज इत्याख्ये पुस्तके प्रकाशिते। अनेकानिशोध पत्राणि च प्रकाशितानि।

योग विभागः

डॉ. ईश्वर भारद्वाजस्य सन्निर्देशने योग विभागोऽनुदिनमग्रेसरति। विभागेऽस्मिन् एकवर्षीयः डिप्लोमा पाठ्यक्रम, स्नातकस्नातकोत्तर कक्षासु च योगाध्यापनम्ः एकवर्षीयः डिप्लोमा पाठ्यक्रमः, स्नातकस्नातकोत्तर कक्षासु च योगाध्यापनम् प्रचरति। **डॉ० भारद्वाजोऽस्मिन्** सत्रे अनेकेषु विश्वविद्यालयेषु विषय विशेषज्ञत्वेन आहूतः। भवतां योगस्वास्थ्यविषयिणी वार्त्ता आकाशवाण्या प्रसारिता। चत्वार छात्राः इदानीं शोधरताः।

इतिहास विभागः

अस्मिन् विभागे **डॉ. श्यामनारायण सिंहः** प्रोफेसरपदे **डॉ. कश्मीर सिंहों** रीडर पदे **डॉ. राकेश कुमार**, वरिष्ठ प्रवक्तृपदे अध्यापनरताः। समेषाँ प्राध्यापकानां निर्देशने छात्रैः शाधाकार्यणि क्रियन्ते। अस्मिन् सत्रे **डॉ. राकेश शर्मणः** 'प्राचीन भारते धार्मिक सहिष्णुता' इत्याख्या लघ्वी शोधपरियोजना विश्वविद्यालये स्वीकृता। सम्प्रति प्रो. वेदप्रकाश शास्त्री विभागाध्यक्षीयं कार्यं निर्वहति।

पुरातत्वसंग्रहालयः

अस्मिन् सत्रे पुरातत्वसंग्रहालये आद्य ऐतिहासिक संस्कृतिकक्षः सन्नियोजितः। अत्र हि सिन्धुसभ्यतायाः, गैरिकरागमृद् भाण्डताम्रनिधिसभ्यतायाः चित्रितधूसरमृद् भाण्डसभ्यतायाश्च अवशेषाः प्रदर्शनपटले चित्रिताः।

श्री शिवराज पाटिल, मदनलाल खुराना, राजेन्द्र गुप्तादयो नेतारः संग्रहालयम् अमुम् प्रेक्ष्य प्राशंसन्। संग्रहालयस्य विकासार्थ (क्यूरेटर) **डॉ. सूर्यकान्त श्रीवास्तवेनैका** शोधयोजना सर्वकारम् प्रति प्रेषिता।

मानविकी संकायः

मनोविज्ञान विभागः

अस्मिन् विभागे चत्वारः प्राध्यापकाः वर्त्तन्ते। तत्र च **डॉ. ओ.पी. मिश्र**, प्रोफेसरपदभाक् **डॉ. एस.सी. धमीजा**, अध्यक्षपदमावहति **डॉ. एस.के. श्रीवास्तव डा. चन्द्रप्रकाश खोखर** महोदयौ प्रवक्तृपदभाजौ।

विभागेन विगतशिक्षासत्रे प्रारब्धः– पी.एम. आई.आर पी–जी डिप्लोमा इति पाठयक्रमः साफल्येन द्वितीयवर्ष प्रचरति। अस्यपाठयक्रमस्य द्वितीयवर्षीयाश्छात्राः शैक्षणिकयात्रायै 'गोआ' नगरी प्रतिगता। मनोविज्ञान विषयस्य छात्रेभ्य एका संगणक प्रयोगशालापि कार्यव्यापृता।

सर्वेऽपि विभागीय प्राध्यापकाः शोधकर्मणि संलग्ना. सन्ति। इदानीमस्मिन् विभागे विंशतिप्रायाः छात्राः शोधकार्य व्यापृता।

परामर्श कार्य नियुक्ति विभागः

विश्वविद्यालयेऽस्मिन् वर्षे Counceling and Replacement Dept परामर्श एवं कार्य नियुक्ति विभागोऽपि संस्थापितः। छात्रेभ्यो व्यावसायिक परामर्श प्रदानं कार्यनियुक्तिश्चास्य प्रयोजनम। **डॉ. ओमप्रकाश मिश्रोऽस्य** विभागस्य निर्देशको वर्तते।

हिन्दी विभागः

साम्प्रतं हिन्दी विभागे पञ्चप्राध्यापकाः कार्यरताः **डॉ. विष्णुदत्तराकेश** प्रोफेसरपदं, **डॉ. ज्ञानचन्द रावलो ऽध्यक्षपदं,** रीडर पदंच, **डॉ. सन्तराम वैश्य डॉ. भगवान देवाश्च** रीडरपदमलंकुर्वन्ति। **डॉ. कमलकान्त बुधकरः** प्रवक्तृपदे कार्यरतः।

अस्मिन् शिक्षासत्रे विविध विश्वविद्यालयेभ्योऽनेके विद्वांसः व्याख्यानादि शैक्षणिककार्यार्थमायाता ते हि **डॉ. हरमहेन्द्रसिंह बेदी डॉ. महेन्द्रकुमार डॉ. महेन्द्रनाथादयः।**

हिन्दी विभागे हिन्दी पत्रकारिता–स्नातकोत्तर डिप्लोमापाठ्यक्रमः प्रचरित **डॉ. कमलकान्त बुधकरस्य** नेतृत्वे पत्रकार छात्राः प्रशिक्षण यात्रायै दिल्ली–इन्दौर भोपाल नगरीगताः। तत्र च विशिष्ट पत्रकारैः सह संभाषणं विचारविनिमयञ्च अकुर्वन्।

डॉ. विष्णुदत्त राकेशस्य निर्देशनेऽनेकेछात्राः शोधरताः। एतस्मात् शिक्षासत्रात् **डॉ. ज्ञानचन्द रावलो** विभागस्य अध्यक्षपदं निर्वहति। **डॉ. सन्तराम वैश्योऽनेकेषु** शोधसंगोष्ठीषु भागं गृहीतवान्। **डॉ. भगवानदेव** पाण्डेयो वैज्ञानिक एवं तकनीकीं इत्याख्यसंस्थानेन आयोजितायां कार्यशालाया सम्मिलितः। **डॉ. बुधकरोऽपि** विविधासु गोष्ठीषु भागं गृहीतवान्। असौ अम्बालास्थ प्रभुप्रेमी संघेन ज्ञानभारती पुरस्कृत्या सभाजितः।

अंग्रेजी विभागः

विभागेऽस्मिन् **डॉ. नारायण शर्मणोऽध्यक्षत्वे डॉ. सदाशिवभगत, डा. श्रवण कुमार शर्मा, डॉ. अम्बुज शर्मा, डा. कृष्ण अवतार अग्रवाल** इत्येते प्राध्यापकाः अध्यापनरताः।

विभागेन स्नातककक्षासु व्यवसायात्मकं आंग्लशिक्षणम् वैकल्पिकपत्रत्त्वेन संचाल्यते। एतत्प्रशिक्षणाय डा. श्रवण कुमार शर्मा हैदराबादस्थं सी.आई.एल. संस्थानं फैकेल्टी एनरिचमेण्ट–योजनायां कैनेडा देशमपि गतवान्। डा. श्रवण कुमारेण 'एलियनेशन इन दी पोएट्री आफ मैथ्यू आर्नलड' इत्याख्यं शोधपत्रं प्रकाशित्। अपरेषाम् प्राध्यापकानां निर्देशनेऽनेके शोध छात्राः शोधकर्मणि संलग्नाः। डा अग्रवाल महोदयस्य एकं शोधपत्रं प्रकाशितम्। डा. नारायण शर्मणोऽनेके शोधलेखाः प्रकाशिताः। विविधविश्वविद्यालयै भवान् विशेषज्ञत्वेनामन्त्रितः।

प्रौढसततशिक्षा प्रसारविभागश्चः

अस्मिन् विभागे **डॉ. आर.डी. शर्मा डा. यशवीर सिंहमलिकौ** कार्यकर्तौ। डॉ. शर्मा अस्य विभागस्य अध्यक्षो वर्तते। एतेन विभागेन भारतीय प्रौढ़ शिक्षासंघस्य सहयोगेन केन्द्रिय क्षेत्रीय प्रौढशिक्षाधिवेशनम् आयोजितम्। जनसंख्या एवं पर्यावरण, जनसंख्या एवं स्वास्थ्य इति पुस्तकद्वयं

विभागेन प्रकाशितम्। निकटस्थयग्राम्यक्षेत्रेषु साक्षरता व्यावसायिक प्रशिक्षणकार्यक्रमाः संचालिताः।

विज्ञान संकायः

गणित विभागः

डॉ. वीरेन्द्र अरोड़ा महोदयः गणित विभागस्य अध्यक्षपदभारं वहति। विभागेऽस्मिन् **डॉ० एस०एल० सिंहः** प्रोफेसर पदभारं वहन् विज्ञान संकायस्य अध्यक्ष पदमपि अलंकरोति। अनेन विभागेन वर्षेऽस्मिन् 'Vedic gemotry and its Relevance to Science and Technology' विषयमधिकृत्य राष्ट्रीय संगोष्ठी समायोजिता। अस्यां संगोष्ठ्यां बहुभिः विद्वद्भिः शोध–पत्राणि पठितानि। विभागे राजस्थान विश्वविद्यालयस्य **प्रो. एम.सी. गुप्ता** महोदयस्य दैनिक जीवने गणितस्य प्रयोगः' विषये अतीव लोकप्रियं व्याख्यानमभूत्। **प्रो. एस.एल. सिंह** महोदयः स्लावाकियां, पोलैंड देशेषु गत्वा वैदिक ज्यामिति विषये पाण्डित्य पूर्णानि शोधपत्राणि अपठत्। एते अनेकाभिः संस्थाभिः समये–समये सादरम् अभिनन्दिताः। डॉ. अरोड़ा महोदयस्य शोधपत्राणि अन्तर्राष्ट्रीय पत्रिकासु प्रकाशितानि अभवन्। अस्मिन्नेव विभागे कार्यरताः **डॉ. विजयेन्द्र कुमार शर्मा, डॉ. महीपाल, डॉ. गुलाटी**, प्रभृतयः नैकेषु विश्वविद्यालयेषु समायोजित शोध संगोष्ठिषु शोध–पत्राणि प्रस्तुवन्ति। **डॉ. रमेशचन्द्र, श्री विवेक गोयल, श्री राकेश कुमार गुप्ता** आदि शिक्षकाः स्वकर्मणि निरताः सन्ति।

रसायन विज्ञान विभागः

विभागेऽस्मिन् अधीयानानां छात्राणां संख्या प्रतिवर्षम् एधमाना वर्तते। **डॉ. आर.डी. कौशिकः** सम्प्रति अध्यक्षपदे प्रतिष्ठितोऽस्ति। विभागे प्रवर्त्तमानः स्नातकोत्तरीयः पाठ्यक्रमः व्यवसायोन्मुखी अर्वाचीनश्चास्ति, एतस्मात् कारणात् ये छात्रा अत्राध्ययननिरताः ते राष्ट्रीयस्तरेषु प्रतिष्ठानेषु प्रतिष्ठिताः भवन्ति।

रसायनशास्त्रे **डॉ. आर.के. पालीवाल, डॉ. ए.के. इन्द्रायण, डॉ. कौशल कुमार, डॉ. आर. डी. कौशिक** तथा च **डॉ. श्रीकृष्ण** महोदयानां निर्देशने स्नातकोत्तर कक्षायाः छात्राः लघुशोध प्रबन्धान् प्रस्तुतवन्तः। **डॉ. इन्द्रायण** महोदयस्य निर्देशने एकेन छात्रेण पीएच.डी. उपाध्यर्थ शोध–प्रबन्धः लिखित। अनेन महानुभावेन आकाशवाण्याः कार्यक्रमस्यैकस्य संयोजनं व्यधायि। **डॉ. कौशल कुमारस्य** एकं शोध पत्रं जापान देशीय शोधपत्रिकायां प्रकाशितमभवत्।

भौतिकी विभागः

सम्प्रति **डॉ. राजेन्द्र कुमारस्य** अध्यक्षत्वे विभागोऽयं प्रगतिपथमारोहति विभागेऽस्मिन् **श्री हरिश्चन्द्रग्रोवर, डॉ० बुद्धप्रकाश शुक्लः, डॉ. राजेन्द्र कुमारश्च** त्रयोऽपि रीडरपदभाजः सन्ति। **डॉ. पी.पी. पाठकः** वरिष्ठ प्रवक्तृ पदे प्रतिष्ठितो वर्तते। अस्मिन् वर्षे पञ्च छात्राणां शोध विषयाः पीएच.डी. उपाध्यर्थ स्वीकृताः। भौतिकी विभागे स्नातकोत्तर कक्षायां "वैदिक भौतिकी" पाठ्यक्रमो विशिष्टरूपेण प्रचरति।

डॉ. बी.पी. शुक्ल महोदयस्य, **डॉ. पी.पी. पाठकस्य** च शोध पत्राणि शोध संगोष्ठीसु स्वीकृतानि।

कम्प्यूटर विभागः

आधुनिक काले संगणक विज्ञानस्य महत्त्वं सर्वैरेव स्वीक्रियते। प्राच्यविद्यासंरक्षणपरायणेऽस्मिन्

विश्वविद्यालये दश वर्षेभ्यः संगणकविज्ञानमपि उच्चस्तरेण अध्याप्यते। एम.सी.ए. नामा सुविख्यातः पाठ्यक्रमोऽस्य विश्वविद्यालयस्य गौरवं प्रख्यापयाति। डॉ. विनोदकुमार शर्मणः आध्यक्ष्ये विभागः नितरामुन्नतिपथमारोहति। विभागेऽस्मिन् **श्री कर्मजीत भाटिया, श्री सुनीलकुमारश्च** द्वावपि स्थायी प्राध्यापक रुपेण कार्य कुरूतः। अन्ये पञ्च अस्थायी प्राध्यापका अपि अहर्निश सेवमानाः तिष्ठन्ति। विभागेन सुदूर शिक्षान्तर्गत स्नातकस्तरीय कम्प्यूटर पाठ्यक्रमः प्रारब्धः यः जनैः भृशं प्रशंसितः।

श्री एम.पी. सिहस्य पी.के. यादवस्य च सहलेखने **डॉ. विनोद शर्मणा** बहूनि शोध–पत्राणि विलिख्य नैकासु विख्यातासु पत्रिकासु संप्रेषितानि शोध संगोष्ठीषु च प्रस्तुतानि। डॉ. शर्मा हैदराबाद नगरे 'कम्प्यूटर सोसायटी ऑफ इण्डिया' संस्थया नवम्बर मासे आयोजिते सम्मेलने तथा च कोयम्बटूर नगरे 'सिस्टम सोसायटी ऑफ इण्डिया' प्रतिष्ठानेन समयोजिते सम्मेलने ससम्मानं शोध–पत्राणि प्रास्तौत्। डॉ० शर्मणः निर्देशने श्री प्रदीप कुमारेण शोध–प्रबन्धः प्रस्तुत। अन्यौ द्वौ छात्रौ शोधकर्मनिरतौ स्तः। अनेन विभागेन समये–समये डॉ. सुधीर ककर, नयी दिल्ली, डॉ. आर.के. गुप्ता रुड़की, डॉ. एस.पी. शर्मा रुड़की, डॉ. आर.सी. जोशी रुड़की, डॉ. आशीष सिन्हा वनस्थली विद्यापीठ, डॉ. एस.पी. सिंह मैमोरियल वि.वि. कनाडा, प्रभृतयः लब्धकीर्त्तयः विद्वांसः व्याख्यानाय' सादरं निमन्त्रिताः। विभागीय पुस्तकालयः श्री सुनीलकुमारस्य निर्देशने दिने–दिने प्रतनुते। अस्मिन् विभागे संगणक विषयस्य विविधानि एक सहस्रमितानि पुस्तकानि अध्येतृणां लाभाय वर्तन्ते। एवं विभागोऽयम् अस्य विश्वविद्यालस्य कीर्ति विस्तारयति।

कम्प्यूटर केन्द्रम्–

विश्वविद्यालयानुदान आयोगसहाय्येन अत्र कम्प्यूटर केन्द्रमपि स्थापितमस्ति। **श्री दिनेशकुमार विश्नोई** महोदयस्य अध्यक्षतायां, **श्री मनोजकुमार, श्री महेन्द्र असवाल, शशिकान्त, श्री राजेन्द्र ऋषि शर्मा, श्री राजीव गुप्ता, श्री पवनीशादीनां** सहाय्येन केन्द्रं प्रगतिपथमारोहति। अस्मिन् केन्द्रे बहूनि आधुनिकोपकरणानि अस्य गौरवं वर्धयन्ति। श्री दिनेश महोदयः शोध–पत्रं जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालयस्य पत्रिकायां प्रकाशनार्थं प्रेषितवान्। श्री महेन्द्र सिंहने गणितविभागे शोध–पत्रं पठितम्। श्री मनोज कुमारेण पुस्तकालयस्य कम्प्यूटरीकरणं क्रियते। आगामिनि सत्रें विश्वविद्यालयीय सदस्यानां कृते कम्प्यूटर प्रशिक्षणस्य योजना निर्मिता।

जीव विज्ञान संकायः

वनस्पति विज्ञान विभागः

डॉ. पुरुषोत्तम कौशिकः अध्यक्षपदमलंकरोति। अस्मिन् विभागे **डॉ. डी. के. माहेश्वरी** प्रोफेसर पदभारं वहन् जीवविज्ञान संकायस्याध्यक्ष पदमप्यलंकरोति। अस्मिन् विभागे **डॉ. गंगाप्रसाद गुप्तः, डॉ. नवनीतश्च** अध्यापन कर्मणि निरतौ स्तः। प्रो. माहेश्वरी महोदयाः जर्मनीस्थ उल्म विश्वविद्यालयेन एकस्मै मासाय विजिटिंग प्रोफेसर रुपेण सादरं निमन्त्रिताः। भारत सर्वकारेण चापि अन्तर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक विनिमय कार्यक्रमे जर्मनीदेश प्रति गन्तुम् एते चयनिताः। अस्मिन्नेव सत्रे माहेश्वरी महोदयाः न्यूयार्क एकेडेमी आफ साइंसेज संस्थायाः सदस्यत्वेन नामिताः। नेपालस्य त्रिभुन विश्वविद्यालये भवद्भिः व्याख्यानं प्रदत्तम्। विभागाध्यक्षः डॉ. कोशिक महोदयोऽपि अनेकेषु देशेषु सादरं निमन्त्रयते। डॉ. कौशिकस्य वैज्ञानिक कार्यक्रमः

दूरदर्शने प्रसारितोऽभूत्। कौशिक महोदयः बहुभिः संस्थानैः शोध–संगष्ठिषु सादरं निमन्त्रितः भारतस्य अनेकेषु विश्वविद्यालयेषु, पुनश्चर्या पाठ्यक्रमेषु च एतेषां वैदुष्यपूर्णानि व्याख्यानानि आयोज्यन्ते। विभागस्थाः सर्वेऽपि उपाध्याया उच्चशोधकर्मणिनिरताः सन्ति। डॉ. कौशिक तथा च डॉ. माहेश्वरी उभावपि विभिन्नेषु विश्वविद्यालयेषु विषयविशेषज्ञत्वेन सादरं मानितौ।

जन्तु विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान विभागश्च

गौरवास्पदमिदं यत् विश्वविद्यालयानुदान आयोगेन विभागेऽस्मिन् पर्यावरण विज्ञान तथा च कम्प्यूटर एप्लीकेशन पाठ्यक्रम संचालनाय चत्वारिंशल्लक्षपरिमितम् अनुदानं स्वीकृतम्। इमं पाठ्यक्रममुन्नेतुं **प्रो. बी.डी. जोशी, डॉ. ए.के. चोपड़ा** महोदयौ अहर्निशं प्रयतमानौ दृश्येते। पर्यावरण विज्ञानस्थ छात्राणां लाभाय अस्मिन् वर्षे अनेकेभ्यः विश्वविद्यालयेभ्यः विषय पारंगताः विद्वाँसः विभागेन सादरं निमन्त्रिताः। अस्य विशिष्टस्य पाठ्यक्रमस्य संचालनाय विश्वविद्यालयेन **डॉ. दिनेश भट्टः** रीडर पदे, **डॉ. पी.सी. जोशी** च प्राध्यापक पदे नियुक्तौ।

अक्टूबर मासे 'इन्डियन एकेडमी ऑफ इन्वायरमेंटल साइंसेस' संस्थायाः सहयोगेन विभागोऽयं "पर्यावरण परिवर्त्तनस्य जैविक विविधतायां प्रभावः" विषये राष्ट्रीयसम्मेलनम् आयोजितवान्। अस्यां संगोष्ठ्यां पंचविंशति वैज्ञानिकाः संप्राप्ताः। जम्मूविश्वविद्यालयस्य कुलपतिः प्रो. मल्होत्रा विशिष्टा तिथिपदं समल रोत्। अनेन विभागेन नव वर्षेभ्यः "Himalayan Journal of Environment & Zoology" नाम्नी पत्रिका नियमेन प्रकाश्यते याखलुशिक्षा जगति भृशं प्रशंस्यते।

अस्य विभागस्य प्रोफेसर पदे प्रतिष्ठितस्य डॉ. बी.डी. जोशी महोदयस्य निर्देशने सन्त्यनेके छात्राः शोधरताः। डॉ. जोशी विविधेषु विश्वविद्यालयेषु विषयविशेषज्ञत्वेन सादरं निमन्त्रितः। असौ बहवीनां संस्थानां मानद सदस्यरुपेणापि कार्य करोति।

विभागाध्यक्षस्य डॉ. ए.के. चोपड़ा महोदयस्य शोधपत्राणि विशिष्ट पत्रिकासु, शोध संगोष्ठीसु च स्वीकृतानि। एषां निर्देशनेऽपि शोधकार्य प्रचलति। रीडर पदभाजः डॉ. टी.आर. सेठ महोदयाः विभागीयं कार्य साधु सम्पादयन्ति। डॉ. दिनेश भट्टेन शोधपत्राणि शोध गोष्ठीषु प्रस्तुतानि। अस्य 'Sociobiology of Some Avain Species' शोध परियोजना वि.वि अनुदान आयोगेन स्वीकृता। प्राध्यापक पदे नियुक्तः डॉ. डी.आर. खन्ना राष्ट्रीय सेवा योजनायाः कार्य साधु सम्पादयति।

पुस्तकालयः–

अस्माकम् पुस्तकालयो देशस्य शोधछात्रेभ्यस्तीर्थभूतो वर्त्तते। दुर्लभ प्राच्यविद्याग्रन्थरत्नैः सुभूषितोऽयं पुस्तकागारः देशस्य श्रेष्ठो न्यासः। अत्र लक्षाधिकग्रन्थरत्नानि राजन्ते।

विश्वविद्यालयस्य श्रद्धानन्दप्रकाशन केन्द्रेण प्रतिवर्ष ग्रन्थाः प्रकाश्यन्ते। अस्मिन् वर्षे आचार्यरामदेवरचितग्रन्थः 'भारतवर्ष का इतिहास प्रकाशितः। अस्मिन् आवैदिककालात् बौद्धकालान्तिकं भारतीयैतिहांस सर्वथा नवीनदृष्ट्या आलेखितम् पुस्तकालये प्रतियोगिपरीक्षार्थिभ्य पृथक् पुस्तकसंग्रहो विद्यते। अस्मिन् वर्षे पुस्तकालयावलोकनार्थ लोकसभाध्यक्षः शिवराजपाटिलः पूर्वमुख्यमन्त्रि श्री मदनलालखुरानाप्रमुखाः पुरुषाः समायाताः।

शारीरिक शिक्षा विभागः–

छात्राणां शारीरिक, मानसिक वृद्ध यर्थ विश्वविद्यालये शारीरिक शिक्षा विभागः, **डॉ. रामकुमार सिंह डागर** महोदयस्य निर्देशने प्रशंसनीयं कार्य करोति। सत्रेऽस्मिन् विभागः उत्तर क्षेत्रीय अन्तर्विश्वविद्यालयीन वालीबॉल प्रतियोगतायाः संयोजनमकरोत्। अस्याम् प्रतियोगितायां षड्विंशति

विश्वविद्यालयानां दलानि भागं गृहीतवन्तः। टैक्सप्लास इण्डिया प्रा.लि. प्रतिष्ठानस्य कार्यकारी निदेशकाः श्रीमन्तः जे.सी. जैन महोदयाः ध्वजोत्तोलनमकार्षुः। बी.एच.ई.एल. प्रतिष्ठानस्य कार्यकारी निदेशकाः मान्याः महेन्द्रकुमार मित्तल महोदयाः विजेतृभ्यः पुरस्कारमददुः।

अस्मिन्नेव वर्षे एका अन्या 'अन्तर्विश्वविद्यालय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता' पुरुषाणां कृते समायोजिता। अस्यां सप्तविंशति विश्वविद्यालयानां छात्राः स्वं बलं प्रदर्शयामासुः। जनपदस्य आरक्षी अधीक्षकाः श्रीमन्तोऽशोककुमार महोदयाः उद्घाटनमकुर्वनम् मान्याः कुलाधिपतयोऽपि प्रतियोगितायामस्यां समागत्य छात्रोत्साहवर्धनकार्षुः।

शारीरिक शिक्षा विभागस्य निदेर्शकः डॉ. डागर महोदयाऽखिल भारतीय विश्वविद्यालयसंघेन अखिल भारतीयान्तर विश्वविद्यालय भारोत्तोलन तथा च शरीर सौष्ठव प्रतियोगितायाः पर्यवेक्षक पदेन सम्मानितः। गुरुकुल कागड़ी विश्वविद्यालयस्य छात्राः विभिन्नासु प्रतियोगितासु भागं गृहीत्वा विजयं लभन्ते। डॉ. डागर महोदयः आन्ध्रप्रदेशे वारंगलस्य ककाटिया विश्वविद्यालयेऽखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय भारोत्तोलन, तथा च शरीर सौष्ठव प्रतियोगितायां विशिष्टातिथिरुपेण सादरं निमन्त्रितः सम्मानितश्च।

कन्या गुरुकुल महाविद्यालयः

विदन्त्येव भवन्तो भवन्तः श्रीमन्तः यद् युगप्रवर्त्ततः महर्षि दयानन्दः अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्दश्च न केवलं भारतवर्षे अपितु निखिलेऽपि विश्वे वैदिकशिक्षाप्रचाराय कृतसंकल्पा आसन्। नारी शिक्षा समुन्नत्यै एते महात्मानः यानि प्रयत्नान्यकुर्वन् तानि सदैव अमराणि स्थास्यन्ति। स्वामी श्रद्धानन्दस्य स्त्री-शिक्षा विषयकं संकल्पं पूरयितुं गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालयेन महिला महाविद्यालयस्य पृथक् स्थापना कृता। कुलाधिपति महोदयानां करकमलैरस्मिन्नेव वर्षे नूतनस्य भवनस्य शिलान्यासोऽभूत्। तत्र द्रुतगत्या भवननिर्माण कार्य प्रचलति। मन्ये आगामिनि वर्षे बालिकानाम् अध्ययनाध्यापन कार्य तत्रैव प्रचलिष्यति। अस्मिन् महाविद्यालये प्राच्यविद्या, मानविकी, विज्ञान संकायेषु संस्कृत, दर्शन, इतिहास, हिन्दी, अंग्रेजी, मनोविज्ञान, सूक्ष्मजीव विज्ञान, गणित, रसायन शास्त्र, पर्यावरण विज्ञान विषयाणां स्नातकोत्तरीयमध्यापनकार्य प्रचलति। अस्य महाविद्यालयस्य प्रभारीपदं डा. सूनृता विद्यालंकृता महोदया वहति। अस्या निर्देशने छात्राणां संख्या प्रतिवर्षमेधमाना अस्ति।

फरवरी मासे महाविद्यालये सांस्कृतिक-समारोहः श्रीमतां कुलाधिपति महोदयानामध्यक्षतायामभूत दिल्ली विधानसभायाः सदस्याः मान्याः राजेन्द्र गुप्ता महोदयाः मुख्यातिथिपदमलंकृतवन्तः। स्नातकोत्तर कक्षासु अध्ययनरताभिः। बालिकाभिः संस्कृत, हिन्दी, आंग्लभाषासु प्रस्तुतानि विविधानि रमणीयानि सांस्कृतिक कार्यक्रमाणि समुपस्थितैः दर्शकैः भृशं प्रशंसितानि।

कन्या गुरुकुल महाविद्यालयः देहरादूनम्-

मान्याः अतिथयः। यथा हरिद्वार नगरे विश्वविद्यालयेऽस्मिन् विविधाः विषयाः पाठ्यन्ते तथैव देहरादून नगरे विश्वविद्यालयस्य द्वितीये परिसरे बालिकानाम् गुरुकुल महाविद्यालये स्नातक, स्नातकोत्तर कक्षासु प्राचीनार्वाचीन विषयाणामध्ययनं प्रचलति। कम्प्यूटर विषये एम.सी.ए. पाठ्यक्रमोऽपि प्रवर्तने अस्य देशस्य बालिकाः ज्ञानदीक्षिताः भूत्वा धरणिमिमां ज्ञानालोकेनालोकितां कुर्यु रित्येव मनसि निधाय स्वनामधन्येनाचार्य रामदेवेन वृक्षोऽयं देहरादून नगरे समारोपितः। मान्या दमयन्ती महोदया सुदीर्धकालं संस्थायाः संचालनमकरोत्। सम्प्रति श्रीमती भगवती गुप्ता महाविद्यालयस्य प्राचार्यपदमनावहति। अस्मिन् पावनपरिसरे पुत्रिभिः प्रतिदिनं सायं प्रातः ब्रह्मयज्ञः,

देवयज्ञश्च क्रीयते। वर्षेऽस्मिन् छात्रावास भवनं निर्मितम्। यज्ञशालायाः निर्माणमपि सम्पन्नम।

गुरुकुलकांगड़ी विश्वविद्यालये न केवलमलंकार स्नातका अपितु विज्ञानस्नातका अपि वैदिक धर्म–दर्शन दीक्षिता भवेयुरिति विमृश्य विज्ञान कक्षासु धर्म–दर्शन संस्कृतिविषयः पाठ्यक्रमेऽनिवार्यत्वेन निर्धारितो वर्तते। कस्यापि संस्थानस्य विस्ताराय भवनानां महत्यावश्यकता भवति। अस्मिन्नेव वर्षे मानविकी संकायस्याथ च सूक्ष्मविज्ञान भवनस्य निर्मितिर्जाता। अत्रभवननिर्माण कार्यमविरतं प्रचलत्येव।

हे आर्यबान्धवाः। यथैव विश्वविद्यालये तथैव गुरुकुल विभागे वेद, दर्शन, साहित्यादि विषयैः सहाधुनिक कम्प्यूटर विज्ञानमप्यध्याप्यते। ब्रह्मचारिणां स्वास्थ्यलाभाय निःशुल्कं दुग्धं प्रदीयते। समये–समये आर्य समाजोत्सवाः सोत्साहं समायोज्यन्ते। यज्ञधूमेन मन्त्राणां सुमधुरेण ध्वनिना च वातावरणं सर्वदा सात्विकं भवति। अस्मिन् वर्षे सुविशाले क्षेत्रे वृक्षारोपणं कृत्वैकमुद्यानमपि निर्मितम्।

दिसम्बर मासस्य त्रिविंशतितमे दिवसेऽमर हुत्मात्मनां श्रद्धानन्दस्वामिनां स्मृतौ सुविशालः कार्यक्रमः समायोजितः। अनेके मूर्धाभिषिक्त आर्यनेतारोऽस्मिन् श्रद्धांजलिसमारोहे समायाताः। ब्रह्मचारिणां, शिक्षकाणामार्य नेतृणां, नर–नारीणां च सुविशालां शोभायात्रां दर्श–दर्श हरिद्वारस्थाः जना आनन्दपयोनिधौ निमग्नाः।

प्रियस्नातकाः! येषाँ शाश्वतजीवनमूल्यानां रक्षणाय, राष्ट्रियैकतायाः अखण्डतायाः, चरित्रस्य धार्मिकसद्भावस्य च परिरक्षणाय गुरुकुलीयशिक्षापद्धतिरुद्भाविता सञ्जीविता च, तानि जीवनमूल्यानि भवतां जीवने स्थितिं विधाय प्रतिपदमुन्नतिं प्रदास्यन्ति। यद्यपि नात्र संशयो विद्यते यद् वर्त्तमाने काले जटिलाः समस्याः प्रादुर्भवन्ति। पर भवतामात्मविश्वासो गुरुजनानामाशीर्वादेन सह निश्चितं जीवनमुन्नेष्यति। युष्माकं जीवनं ससुखं कर्तुं परेशं महेशं प्रार्थये।

विश्वविद्यालयस्य सर्वाङ्गीणविकासे ऽधिकारिणां शिक्षकानां कर्मचारिणां ब्रह्मचारिणामभिभावकानाञ्च सहयोग एव प्रशस्यते। कुलाधिपतिश्रीसूर्यदेवमहोदयानां, श्री महावीरसिंह परिद्रष्टृमहोदयानां निर्देशनेऽसौ विश्वविद्यालयः प्रगतिपथमारोहति।

हे गुरुकुल परम्परानुरागिणः–

नूनमद्यास्माकं सौभाग्योदयो जातो यदस्माकं मध्ये चेकगणराजस्य राजदूतपदमलंकुर्वाणाः, श्रीमन्तः ओदोलेन स्मेकल महोदयाः दीक्षान्तभाषणाय शोभन्ते। एषां सम्पूर्णजीवनं मानवीय मूल्याणां रक्षणाय समर्पितं विद्यते। भवता गुरुकुलमुपेत्य गुरुकुलीयशिक्षां प्रति निजानुरागः प्रकटितः। गुरुकुलमध्ये भवन्तमालोक्य सर्वेऽपि कुलवासिनो वयं धन्याः। भवताम् अपरिमितेन साहाय्येन विश्वविद्यालयस्य परिवृद्धिः प्रतिष्ठा च प्रवत्स्येते।

अन्ते चाहं समुपस्थितानां सर्वेषां महानुभावानाँ धन्यवादं व्याहरन् सकलजगज्जेगीयमानं विश्वनाथमभ्यर्थये–

आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः

डॉ. धर्मपालः

१३ अप्रैल १९९६ — कुलपतिः

दीक्षान्त भाषण

द्वारा

महामहिम डॉ. ओदोलेन स्मेकल

भारत में चेक गणराज्य के राजदूत

(दिनांक १३ अप्रैल १६६६ : स्थान–हरिद्वार)

श्री कुलाधिपति जी, परिद्रष्टा महोदय, देवियों, सज्जनों और अन्तेवासियों,

अमरहुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज की इस गौरवमयी तपस्थली में आकर मैं स्वयं को धन्य समझता हूँ। गुरुकुल कांगडी के रूप में राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली का प्रवर्तन कर स्वामी जी ने महात्मा गांधी के स्वाधीनता आन्दोलन का वैचारिक पक्ष मजबूत किया था। गुरूकुल के प्राध्यापकों, ब्रह्मचारियों तथा कर्मचारियों ने स्वाधीनता, चरित्र निर्माण तथा संस्कृति की रक्षा के लिए जितना उद्योग किया, उतना शायद किसी अन्य विश्वविद्यालय ने ब्रिटिश राज के दौरान नहीं किया। ऐसी ऐतिहासिक संस्था के दीक्षान्त के लिए आपने मुझे आमन्त्रित किया, मैं आपका आभारी हूँ।

जैसा कि आप जानते हैं, मैं जिस देश का हूँ, वह भारत से दूर, अति दूर है। वह देश, चेक धरती, यूरोप के मध्य हृदय में स्थित है। फिर भी यहां आकर दीक्षान्त भाषण मैं हिन्दी में दे रहा हूँ। वैसे तो मेरी मातृभाषा चेक भाषा है किन्तु हिन्दी को अपनी दूसरी मातृभाषा मानता हूँ।

भारत मुझको बालकपन से आकर्षित करता रहा है क्योंकि यह अनेक संस्कृतियों का विशाल देश, उपमहाद्वीप है। भारत न केवल साहित्यिक उत्कर्ष और प्रसिद्ध कलाकृतियों के लिए विश्वविख्यात देश है अपितु इस देश की सभ्यता ने अनेक ध्यानयोग्य दार्शनिक, आध्यात्मिक और बौद्धिक धारणाओं, मूल्यों से संसार भर की संस्कृतियों को भरपूर समृद्ध किया है।

हिन्दी भाषा को मैंने इसलिए चुन लिया तथा सीख लिया ताकि भारत की संस्कृति और साहित्यिक परम्पराओं से एक भारतीय भाषा के माध्यम से, अंग्रेजी के माध्यम से नहीं, परिचित हो जाऊँ। मैं हिन्दी को भारत की प्रतिनिधि वास्तविक राष्ट्रभाषा समझता हूँ।

चेक धरती के एक प्रकाण्ड विद्वान, शिक्षक और प्रतिभाशाली लेखक ने कहा है कि 'भाषा की जानकारी विदेशी संस्कृति के द्वार खोल देती है। अन्य देश की आत्मिक तथा बौद्धिक निधि से परिचय प्राप्त करने के लिए भाषा सदा प्रमुख भूमिका निभाती है, क्योंकि भाषा अपने देश और देशवासियों की अस्मिता का दर्पण है। वह न केवल देश की बोलती हुई आत्मा है परन्तु भाषा में देश के सारे गुणागुण तथा रागानुराग निहित, सम्मिलित हैं।'

उस चेक विद्वान का नाम है यान आमोस कोमेनियुस, जो मध्य युग से आज तक

"मानवजाति के आचार्य (गुरु)" कहलाते आए हैं।

यान आमोस कोमेनियुस आधुनिक शैक्षणिक सिद्धांतों के जनक माने जाते हैं। कोमेनियुस ने कहा कि सब विषयों की शिक्षा मातृभाषा के माध्यम से होनी चाहिए और कि शिक्षणालय मानव जाति की कर्मशाला है। समाज सुधारक के रूप में कोमेनियुस ने अपील की कि हिंसा और युद्ध का परित्याग किया जाए और कि विशुद्ध बन्धुत्व का सारा जीवन मानव गरिमा, सामाजिक न्याय, सहिष्णुता तथा प्रेम पर आधारित और निमित्त किया जाए।

यान आमोस कोमेनियुस की भाँति आधुनिक चेक गणराज्य के राष्ट्रपति वात्सलाव हावेल भी सच्चाई में जीवन बिताने और सत्य को अपना जीवन समर्पित करने का संदेश देते हैं।

आज शिक्षा किताबी ज्ञान के अर्जन का माध्यम बन गई है। आधुनिक ज्ञान, विज्ञान तथा तकनीकी ज्ञान के लिए देश तथा देश से बाहर भारतीय छात्र अत्यधिक परिश्रम कर रहे हैं पर उनका सारा प्रयत्न प्रगति की होड़ में अग्रणी बनने के लिए हो रहा है। भौतिक सुख साधनों की स्पृहा इतनी बढ़ गई है कि वे देश की मिट्टी से सम्बन्ध तोड़ कर ऊँचे पद, प्रतिष्ठा तथा धन कमाने के लिए विदेशों में पलायन कर रहे हैं। देश को जो लाभ उनसे होना चाहिए था, वह इस प्रवृत्ति के चलते नहीं हो पा रहा है। मेरी इच्छा है कि हम विदेशों में जाएं, ऊँची तकनीक प्राप्त करें ताकि लौट कर इस देश की जनता की सेवा करें जिससे देश की निरक्षरता, गरीबी, बेरोजगारी तथा जड़ता समाप्त हो। देश सर्वांग समृद्ध बने, वह पहले की तरह ज्ञान का उजाला संसार को दे तथा मानवीय मूल्यों की व्याख्या तथा स्थापना में अपना भरपूर योगदान करे। कभी इस देश के विचारक पृथ्वी के प्राणियों को अपने चरित्र की कसौटी सामने रखकर अनुकरण की प्रेरणा देते थे। 'स्वंस्वंचरित्रं शिक्षरेन्' का उद्घोष इस देश के अलावा कहीं और नहीं हुआ। ऋषिमुनियों की यह उज्जवल परम्परा आप विद्यार्थियों को आगे बढ़ानी है।

मुझे यह देखकर दुःख होता है कि हमारे जीवन में स्वाध्याय, स्वावलम्बन्, श्रम, परदुःखकातरता तथा समवेत होकर कार्य करने की प्रवृत्ति का ह्रास हुआ है। व्यक्ति केन्द्रित हमारे विकास की यात्रा अधूरी और असामाजिक है। शिक्षा तो सामाजिक विकास और उन्नति का साधन है। वह व्यक्ति को समाज के साथ स्व को पर के साथ जोड़ती है। विश्व जीवन सम्बन्धी दृष्टिकोण के विकसित हुए बिना आज हमारा रह सकना सम्भव नहीं। भौतिक तथा आध्यात्मिक समन्वय के आधार पर ही शिक्षा का भवन टिकना चाहिए था पर आज आर्थिक संसाधनों के दोहन के नाम पर विश्वविद्यालयों में धन कमाने की होड़ लगने लगी हैं व्यावहारिक पाठ्यक्रमों की बढ़ती हुई प्रवृत्ति ने इस होड़ को अंधा बना दिया हैं। मानव की बौद्धिक तथा आध्यात्मिक शक्तियों के विकास और जागरण के स्थान पर अधिकाधिक जीवनोपयोगी संसाधनों को जुटाने की मानसिकता बढ़ने लगी है। शिक्षा के विश्व बन्धुत्ववादी दृष्टिकोण में यह एक बाधा हैं अतः मैं अपेक्षा करता हूँ कि शिक्षा में आत्मिक शक्ति के माधुर्य को विकसित करने का लक्ष्य होना चाहिए। शारीरिक, बौद्धिक, नैतिक तथा आत्मिक विकास के अभाव में सांस्कृतिक व्यक्तित्व का निर्माण संभव नहीं है। सामाजिक न्याय, सुरक्षा तथा मानव जाति के उत्थान का संकल्प उसका आदर्श रहना चाहिए। अर्थकरी विद्याओं के साथ जीवन में संयम, सादगी और तप के लिए भी अभ्यास किया जाना चाहिए। छात्रावास में अभ्यस्त तप द्वारा ही मनुष्य सार्वजनिक जीवन में प्रवेश करते हुए सुख दुःख, लाभ–हानि, जय पराजय, मान अपमान तथा

भूख प्यास आदि द्वन्द्वों को सहने की सामर्थ्य रख सकेगा। आचार्य और विद्यार्थी दोनों को ही समस्त मानवीय गुणों के उपार्जन के लिए संलग्न रहना चाहिए।

विश्वबन्धुत्व की दिशा में गुरुकुल कांगडी का विशेष योगदान रहा है। गुरुकुल के अनेक स्नातकों ने विदेशों में जाकर शिक्षा, धर्म, राजनीतिक तथा व्यवसाय के क्षेत्र में विशिष्ट मापदण्ड स्थापित किए हैं। पं. अमीचन्द्र विद्यालंकार ने फीजी में जाकर अनेक शिक्षण संस्थाओं की स्थापना की। वे वहां की संसद के सदस्य भी बने। पं. सत्यव्रत सिद्धातालंकार, आचार्य रामदेव, पं. बुद्धदेव विद्यालंकार, पं. मदन मोहन, श्री विद्यासागर विद्यालंकार, पं. सत्यपाल सिद्धांतालंकार, पं. ईश्वर दत्त विद्यालंकार, श्री सत्यदेव भारद्वाज वेदालंकार, श्री धर्मेन्द्रनाथ वेदालंकार, श्री देवनाथ पं. ईश्वर दत्त विद्यालंकार, श्री सत्यदेव भारद्वाज वेदालंकार, श्री धर्मेन्द्रनाथ वेदालंकार, श्री देवनाथ विद्यालंकार, श्री रणधीर वेदालंकार, श्री अमृतपाल वेदालंकार, पं. श्याम सुन्दर स्नातक ने बर्मा, अफ्रीका, कीनिया, युगाण्डा, टांगानीका, सिंगापुर, मलाया, यूरोप में जाकर वैदिक सिद्धांतों और हिन्दी भाषा का प्रचार प्रसार किया। मोजाम्बीक में पं. रविशंकर सिद्धांतालंकार, पं. सुमन्तराय विद्यालंकार, पं. मतिमान विद्यालंकार ने और रोडेशिया में पं. हरिदेव वेदालंकार ने अध्यापन कार्य किया। दक्षिण अफ्रीका में श्री सुधीर कुमार विद्यालंकार, श्री अरुण कुमार विद्यालंकार, श्री हरिशंकर आयुर्वेदालंकार, पं. नरदेव वेदालंकार ने सराहनीय कार्य किया। इस समय भी अनेक स्नातक अमेरिका और यूरोप के देशों में गुरुकुल का नाम उज्ज्वल कर रहे हैं।

प्रिय स्नातकों,

आप चाहे विज्ञान के छात्र रहे हों, चाहे मानविकी के, अपने ज्ञान विज्ञान की अधुनातन शाखाओं में दक्षता प्राप्त की हो, चाहे आप प्राचीन विद्याओं का अभ्यास करते रहे हो। मेरा मानना है कि आपको भारतीय संस्कृति तथा इतिहास का गहरा ज्ञान होना चाहिए। विश्व की सभ्यताओं का इतिहास जाने बिना आप अपने गौरवपूर्ण इतिहास की महत्ता नहीं समझ सकते। आज की शिक्षा में एक बड़ी कमी है, राष्ट्रीय दृष्टिकोण का अभाव। पुरातन भारतीय इतिहास के अन्वेषण तथा स्वाधीनता आन्दोलन की बुनियादी धारणा से अपरिचित होने के कारण ही हम सर्वधर्मसमभाव, धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद तथा अनेकता में एकता के सिद्धांतों को नहीं समझ पा रहे हैं। देश के सामने धर्म, जाति, छुआछूत, गरीबी तथा अंधविश्वासों की चुनौतियां विकराल होकर खड़ी हैं। अतः आज इस तथ्य को अच्छी तरह समझ लें कि यह देश किसी एक धर्म, विचार उपासना प्रणाली अथवा जीवन शैली के लिए नहीं बना। यहाँ बहुत भेद है फिर उन सब में जो अभेद है उसी का दर्शन शिक्षा का लक्ष्य है। हम समाज के व्यापक हित को सामने रखें और अपने लक्ष्य को सुदृढ़ बना ले तो हमारा सारा क्रियाकलाप ठीक हो जाएगा। शुद्ध लक्ष्य (Pure End) के लिये अशुद्ध साधन (Impurement) से काम नहीं लिया जा सकता। महात्मा गांधी ने बार–बार इसी बात पर जोर दिया है कि शुद्ध लक्ष्य के लिए शुद्ध साधन से ही काम लेना होगा।

मैं गुरुकुल (Residential school) का प्रशंसक रहा हूँ। स्वामी श्रद्धानन्द ने गांधी जी से पहले छुआछूत का कलंक मिटाने के लिए उद्योग किया था। कांग्रेस में इस आशय का प्रस्ताव भी स्वामी जी के कारण ही पारित हुआ। स्वामी जी सिद्धांत और व्यवहार में एक थे। उन्होंने पिछड़े, निर्धन, निरक्षर तथा दलित लोगों के जीवन के उत्थान के लिए कांग्रेस से भी अधिक

कुलाधिपति श्री सूर्यदेव

कार्य किया। मैं आपका आह्वान करता हूँ, आप लोग आगे आएं तथा छोटे–बड़े, धनी–निर्धन, पवित्र अपवित्र एवं सवर्ण असवर्ण के कृत्रिम तथा अमानवीय भेदों को तोड़कर एक स्वस्थ भारतीय समाज की संरचना का अभियान चलाएं। शरीर भी तभी चलता है जब उसका हर अंग दूसरे अंग का सहयोग करे। सामाजिक शरीर के सभी अंग यदि एक दूसरे के पूरक होकर सहयोग करेंगे तो देश सुरक्षित रहेगा, अन्यथा वह बालू की भीत की तरह बिखर जाएगा। मानव मात्र की एकता का सिद्धांत वैदिक है जो विचारक इस भारतीय आदर्श को समाज के लिए कल्याणकारी समझते हों उनका कर्तव्य है कि इसको लोकनायकों के सामने रखें तथा सार्वजनिक चरित्र द्वारा इस आदर्श को ढालने का उद्योग करें।

आचार्यगण,

ज्ञान और स्वाध्याय के साथ–साथ स्वावलम्बी होना भी बहुत जरूरी है। बिना स्वावलम्बन के स्वदेशी की बात ठीक से हृदयंगम नहीं कर सकते। इस देश में आर्थिक संसाधनों की कमी है। हम पूर्ण विकसित, आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ देशों की तरह, शोध और उच्चतर अध्ययन के क्षेत्र में उच्च उपलब्धियां केवल स्वावलम्बन, श्रम और तप द्वारा ही पा सकते हैं। यहाँ छात्रों में प्रतिभा, रचनात्मकता तथा मौलिकता की अपार शक्ति है, पर संसाधनों के अभाव में उन्हें संघर्ष करना पड़ता है। हमारे अनुभवों का एक नया संसार उन्हीं के सत्यप्रयत्नों से उद्घाटित होना है। मेरा कहना है कि यहाँ भी हमें अपना लक्ष्य शुद्ध रखना चाहिए। धर्म तथा विज्ञान मिलजुल कर ही विश्व की रक्षा कर सकते हैं। रंग, सम्प्रदाय, वर्ण तथा भाषा भेद, शुद्ध चेतना पर कुहासे की पर्त चढ़ाते हैं, इस अंधेरे में हमें अपना लक्ष्य नहीं दिखाई देता। आज जब हम सीमित आर्थिक साधनों के रहते राष्ट्रीय उन्नति और सामाजिक विकास की बहुविध योजनाएं चला रहे हैं तब आपके सक्रिय सहयोग और निष्काम त्याग की महत्ता बढ़ जाती है। आपकी खोजों से शिवेतर क्षति अर्थात् अकल्याण की समाप्ति और जन कल्याण की उन्नति का लक्ष्य पूरा होना चाहिए। जब पूरे विश्व में शक्ति की अनियंत्रित होड़ बढ़ रही हो तथा छोटे विकासोन्मुख तथा अर्धविकसित देश अपनी आन्तरिक बाह्य समस्याओं में उलझे हों तब आपका दायित्व और भी बढ़ जाता है। यदि सत्य शिक्षा का प्रसार हो तो विश्व इस पागलपन और तनाव से मुक्त हो जाए। आज की शिक्षा और विशेषकर वैज्ञानिक शिक्षा का यह अत्यन्त दुर्बल पक्ष है।

मेरे प्यारे विद्यार्थियों,

यदि तुम मानवमात्र को उसके सही परिप्रेक्ष्य में देखना चाहते हो, यदि समाज से शोषक और शोषित का भेद मिटाना चाहते हो, यदि देश को एकता के सूत्र में पिरोए रखना चाहते हो, यदि पृथ्वी पर सुख शान्ति, सर्वोदय और सामूहिक समृद्धि की कामना करते हो, यदि मनुष्य–मनुष्य तथा वर्ग–वर्ग में अनेकता हटाकर एकता लाना चाहते हो तथा पृथ्वी को स्वर्ग बनाना चाहते हो तो ऐसी व्यवस्था का निर्माण करो, जहाँ अभेद दर्शन का आधार हो। धर्म कर्तव्य के पालन में प्रत्येक व्यक्ति की दृष्टि उदार तथा तर्कसंगत हो। उसमें किसी ऐसी उपासना शैली तथा शिक्षा के लिए स्थान न हो जो मनुष्य को मनुष्य से लड़ाए, उनमें अलगाव पैदा करे तथा वर्ग संघर्ष के लिए प्रेरणा दे। दृढ़ तथा पवित्र चरित्र, स्वावलम्बन और जनकल्याण ही उसका लक्ष्य हो।

इन शब्दों के साथ मैं आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगलकामना करता हूँ तथा आशा

करता हूँ कि स्वतंत्र भारत के संविधान निर्माताओं ने जो विचार दर्शन तथा जीवनशैली प्रदान की, उसका आप अनुपालन करें। भारतीय ऋषि–मुनियों की चिन्तन शैली को जीवन में उतारें तथा इस देश, समाज और अपने शिक्षणालय की महान परम्पराओं की रक्षा करें। आपको ऐसे संसार का निर्माण करना है जहाँ सब मिलकर कार्य करने तथा जीवन यापन करने में हर्ष का अनुभव करें ताकि मनुष्य का मनुष्य द्वारा किए जाने वाला शोषण और अन्याय समाप्त हो जाए। आपने यह आशीर्वचन सुना होगा।

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भाग्भवेत्।

इस भावना को मन, वाणी तथा शरीर से सार्थक करें। आपको हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त हो, यही मेरी प्रार्थना है।

वार्षिक विवरण (वेद–विभाग)

(१) स्वामी श्रद्धानन्द सरस्वती जी ने गुरुकुल कांगडी की स्थापना के साथ ही वैदिक ग्रन्थों के पठन–पाठन की व्यवस्था की थी। अर्वाचीन और प्राचीन का संगम यहाँ दृष्टिगोचर होता है।

(२) आचार्य रामप्रसाद वेदालंकार जी ३१ जनवरी ९६ को दीर्घकालिक सेवा के बाद निवृत्त हो गये। वे वेद–विभाग में प्रोफेसर पद पर और आचार्य एवम् उपकुलपति पद पर अधिष्ठित थे।

(३) विशिष्ट व्याख्यान–

विभाग में दो विशिष्ट व्याख्यान हुए। डॉ. ओमप्रकाश पाण्डेय, लखनऊ विश्वविद्यालय का "ब्राह्मण ग्रन्थों में प्रतिपादित धर्म" विषय पर और डॉ. अभेदानन्द भट्टाचार्य, प्राचार्य भगवानदास संस्कृत महाविधलाय, हरिद्वार का "उपनिषदों में वर्णित ब्रह्म का स्वरूप" विषय पर विशिष्ट व्याख्यान हुए।

(४) वैदिक संग्रहालय एवं प्रयोगशाला–

वेद विभाग में सभी छात्रों को संस्कार तथा यज्ञ सिखाने के लिए एक प्रयोगशाला की स्थापना की गयी है। षोडश संस्कार और पौर्णमास यज्ञ सिखाये जाते हैं। इसके लिए अंक निर्धारित कर दिये गये हैं। चारों वेद एक जिल्द में प्रयोगशाला में रखे गये हैं। वीडियो कैसेट द्वारा भी छात्रों को सिखाया जाता है। सभी छात्रों से संस्कारों की कॉपी बनवाई जाती है।

(५) बी.ए. और बी.एससी. में धर्म, दर्शन–

संस्कृति–बी.ए. और बी.एससी. के सभी छात्रों को वैदिक साहित्य का अध्ययन अनिवार्य कर दिया गया हैं इसमें चारों वेदौं के चुने हुए मन्त्र, गीता, सत्यार्थप्रकाश उपनिषद्, दर्शन, वैदिक साहित्य का सामान्य परिचय, सभी मत–मतान्तरों का सामान्य परिचय और आर्य समाज का परिचय आदि विषयों का समावेश किया गया है।

डॉ० दिनेश चन्द्र धर्ममार्तण्ड

(प्रवक्ता–वेद विभाग)

एम.ए., पी–एच.डी.

शोध–निर्देशन–

चार शोध–छात्र शोध कार्य कर रहे हैं।

कान्फ्रेन्स/सेमिनार– (१) 'अखिल भारतीय दर्शन परिषद्' के गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार में १३–१५ अक्टूबर ९५ को आयोजित सम्मेलन/कान्फ्रेन्स में "निरुक्त की आत्मसम्बन्धी संकल्पना" विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

(२) मार्च '९६ में संस्कृत, पालि, प्राकृत विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 'वेदों की वेदार्थ प्रक्रियाएं' विषय पर आयोजित सेमिनार में 'निरुक्त के आलोक में वेदार्थ प्रक्रियाओं का परिचय' विषय पर शोध–पत्र वाचन किया।

(३) प्रौढ़ शिक्षा एवं शारीरिक शिक्षण विभाग, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के समय–समय पर आयोजित कार्यक्रमों में सक्रिय भाग लिया।

प्रकाशन–

सात शोध–पत्र/लेख प्रकाशित/प्रकाशनार्थ स्वीकृत।

"प्राचीन एवं अर्वाचीन वै.सा में भक्तितत्त्व" नामक प्रबन्ध विश्वविद्यालय के अनुदान से प्रकाशनार्थ प्रेस में प्रेषित।

"डॉ० रूपकिशोर शास्त्री"

"प्राध्यापक, वेद विभाग,"

"प्रधान गवेषक–वेद रिसर्च प्रोजेक्ट"

१. एम.ए. (वेद) को सफल अध्यापन तथा १०० प्रतिशत परीक्षा परिणाम।

२. बी.ए., बी.एससी. की कक्षाओं एवं समस्त विद्यार्थियों को सभ्य, चरित्रवान्, अनुशासनप्रिय एवं धर्म व कर्तव्यनिष्ठ बनाने हेतु "धर्म दर्शन संस्कृति" इस अनिवार्य विषय का सफलतम सञ्चालन एवं अध्यापन।

३. "जैमिनीयोपनिषद् ब्राह्मण–एक अध्ययन" इस गम्भीर व विद्वतापूर्ण विषय पर शोधार्थी को शोध निर्देशन व उसे पी–एच.डी. उपाधि प्राप्त।

४. सम्प्रति वैदिक साहित्य पर देश–विदेश के ५ शोधार्थियों को शोध निर्देशन जारी।

५. अब तक वैदिक साहित्य एवं अन्यान्य विषयों पर अंग्रेजी व हिन्दी में १० पुस्तकों का लेखन तथा उनमें से ६ प्रकाशित।

६. दिल्ली से प्रकाशित होने वाली एक अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठित पत्रिका 'वेदोद्धारिणी' त्रैमासिक का सफल उप सम्पादन तथा हिन्दी, संस्कृत व अंग्रेजी में लेखों का प्रकाशन।

७. यू.जी.सी. द्वारा स्वीकृत तथा अनुदानित बृहद् शोध योजना के अन्तर्गत "वैदिक वाङ्मय–निर्वचन कोष" इस बृहद् ग्रन्थ पर चल रहा कार्य अन्तिम चरण में। अपना समस्त कार्य कम्प्यूटर पर करने में प्रवीणता।

८. वैदिक विषयों पर विभिन्न विश्वविद्यालयों, सार्वजनिक स्थानों संगोष्ठियों में तथा आकाशवाणी पर व्याख्यान व वार्ताएं।

शिक्षासत्र 1995–96 में
संस्कृत विभाग का प्रगति विवरण

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय का संस्कृत विभाग संस्कृत वाङ्मय में निहित ज्ञान विज्ञान के प्रचार–प्रसार के महान लक्ष्य को प्राप्त करने में सदा अग्रणी रहा है।

इस शिक्षा सत्र में भारत के विभिन्न प्रान्तों तथा नेपाल के छात्र स्नातकोत्तर कक्षाओं में अध्यनरत हैं तथा अनेक छात्र–छात्राएं संस्कृत साहित्य के विभिन्न विषयों में शोधकार्यों में संलग्न हैं।

इस वर्ष संस्कृत विभाग में डॉ. रामकृष्ण शर्मा, पूर्व संस्कृत शिक्षा सलाहाकार, भारत सरकार का एक विशिष्ट व्याख्यान हुआ। दिनांक १४/२/९६ को संस्कृत विभाग के तत्वावधान में महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती जी का जन्म दिवस समारोह सम्पन्न हुआ, जिसमें आर्य जगत् के विशिष्ट विद्वान श्री वेदप्रकाश श्रोतीय, दिल्ली का महर्षि के जीवनवृत्त पर विद्वत्तापूर्ण व्याख्यान हुआ।

दिनांक ८/३/९६ को प्रो. मानसिंह जी डीन प्राच्य विद्या संकाय, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा डॉ. करुणेश शुक्ल संस्कृत विभागाध्यक्ष के तत्वावधान में विभाग की शोध समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

इस सत्र में विभाग के स्नातकोत्तर कक्षाओं के छात्रों ने मेरठ वि.वि. कुरुक्षेत्र वि.वि. द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। भगवानदास संस्कृत महाविद्यालय हरिद्वार द्वारा आयोजित प्रश्नमंच में सुबोध शुक्ल ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। सहारनपुर में आयोजित राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में रामसिंह ने स्वर्णपदक तथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए योगकुमार की उपाधि प्राप्त की।

प्राध्यापकों का प्रगति विवरण

डॉ. सामेदेव शतांशु–

इस शिक्षा सत्र में शैक्षणिक कार्य के अतिरिक्त विभागध्यक्ष का कार्य निर्वहन किया। मार्च १९९५ में स्वामी समर्पणानन्द वैदिक शोध संस्थान द्वारा आयोजित वैदिक वाङ्मय में विविध विज्ञान विषयक शोध गोष्ठी में अथर्ववेदीय चिकित्सा विज्ञान विषयक शोध पत्र पढ़ा। इसी संस्थान द्वारा जनवरी ९६ में आयोजित 'वैदिक शिक्षा व्यवस्था' विषयक शोधगोष्ठी में भाग लिया।

इस समय तीन शोध–छात्र इनके निर्देशन में शोध कार्य कर रहे हैं तथा एक ने 'कालिदास साहित्य में योग विद्या' विषय पर लघुशोध प्रबन्ध प्रस्तुत किया।

आचार्य वेदप्रकाश शास्त्री (प्रोफेसर)

शोध लेखन प्रकाशन–"वेद में ध्यान योग" शोध लेख प्रकाशित हुआ, "रीति सिद्धांत" तथा

"श्लेष परम्परा" नामक लेख प्रकाशित हो रहे हैं। अन्तर्राष्ट्रीय दयानन्द शोध पीठ की शोध पत्रिका में "पर्यावरण समस्यायाः वैदिकं समाधानम्" लेख प्रकाशित हुआ।

शोध निर्देशन–

इस समय १० शोध छात्र इनके निर्देशन में विभिन्न विषयों पर शोधकार्य कर रहे हैं।

शोध गोष्ठी में आमन्त्रित–पटियाला विश्वविद्यालय पंजाब के डॉ. बलवीर सिंह शोध केन्द्र देहरादून में एक शोध गोष्ठी में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए तथा शोध लेख का वाचन किया।

विशेषज्ञ के रूप में आमन्त्रित–

उच्च शिक्षा आयोग इलाहाबाद (उ.प्र.) में विषय विशेषज्ञ के रूप में कार्य किया। इसी प्रकार काशी विद्यापीठ वाराणसी में विशेषज्ञ के रूप में कार्य किया। नैनीताल विश्वविद्यालय, हे.नं. ब. गढ़वाल विश्वविद्यालय, गोरखपुर विश्वविद्यालय आदि में शोध समिति तथा शिक्षा समिति में विशेषज्ञ का कार्य किया।

प्रशासनिक कार्य–

प्राच्य विद्या संकाय का ३० जून ६६ तक संकायाध्यक्ष पद पर कार्य किया। ३१ जनवरी ६६ से विश्वविद्यालय में आचार्य एवं उपकुलपति पद का कार्यभार ग्रहण किया हुआ है।

डॉ. महावीर अग्रवाल, वरिष्ठ रीडर

शैक्षिक योग्यता–एम.ए. (संस्कृत, वेद, हिन्दी) पी–एच.डी. व्याकरणाचार्य लब्ध स्वर्ण पदक।

शोध–निर्देशन–आपके निर्देशन में इस वर्ष ४ शोधछात्र पी–एच.डी. की उपाधि प्राप्त कर रहे हैं। अब तक १० शोधछात्र पी–एच.डी. की उपाधि प्राप्त कर चुके हैं।

इस वर्ष ३ छात्रों ने लघु शोध प्रबन्ध प्रस्तुत किये। अब तक २५ छात्र लघु शोध प्रबन्ध पूर्ण कर चुके हैं।

संप्रति–इनके निर्देशन में १० छात्र पीएच.डी. हेतु शोधकार्यरत हैं।

शोध संगोष्ठियां–

१. कानपुर विद्या मन्दिर महिला महाविद्यालय में आयोजित वेद–संगोष्ठी में 'वेदों में विज्ञान' विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया और समारोह की अध्यक्षता की।

२. मनोहर भाई पटेल कॉलेज साकोरठी (महाराष्ट्र) में नव. ६५ में आयोजित संगोष्ठी में 'मराठी साहित्य पर वैदिक प्रभाव' विषय पर मुख्य व्याख्यान दिया।

३. भगवानदास संस्कृत महाविद्यालय हरिद्वार में विद्वद् गोष्ठी में 'दर्शन और ज्ञान' विषय पर व्याख्यान दिया।

४. गुरुकुल कांगड़ी वि.वि. हरिद्वार के वार्षिकोत्सव पर संस्कृति सम्मेलनों "वैदिक संस्कृति का स्वरूप" विषय पर व्याख्यान दिया।

५. कलकत्ता, बम्बई, जालन्धर, कानपुर, आनन्द, अहमदाबाद, देवलाली, नागपुर, सहारनपुर, देहरादून, रुड़की आदि नगरों में आर्य सम्मेलनों और वेद, शिक्षा सम्मेलनों में वेद, उपनिषद, दर्शन आदि पर अनेक व्याख्यान दिये।

डॉ. ब्रह्मदेव विद्यालंकार–

संस्कृत विभाग के समुन्नत्यर्थ समायोजित समस्त कर्त्तव्य कार्यों का निर्वहन अत्यन्त

तन्मयता एवं प्रबलता से किया गया। विभागेतर विश्वविद्यालीय कार्यों की परिणति में भी यथाशक्ति योगदान दिया।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा १, २, ३ मार्च में आयोजित त्रिदिवसीय वैदिक संगोष्ठी में भाग लिया एवं 'वेदार्थ में महर्षि दयानन्द की उदात्त दृष्टि' विषय पर पत्र वाचन किया। १ मई से २८ मई १९९६ तक कुरुक्षेत्र वि.वि. में अरियण्टेशन कोर्स किया।

दर्शन विभाग

डॉ. त्रिलोक चन्द्र

पीएच.डी. अध्यक्ष दर्शन विभाग

इस सत्र में किये गये कार्य–

"१. ब्रह्मचर्य का वैज्ञानिक स्वरूप" नामक पुस्तक प्रकाशित की।

२. गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में आयोजित प्राच्य विद्या संकाय के सम्मेलन में वर्ण व्यवस्था पर शोध निबन्ध पढ़ा।

Dr. U.S. BIST

1. Attended a series of lectures of a Chinese Professor, Deptt. of Philosophy, University of Delhi.

2. Attended a National Seminar Deptt. of Philosohpy, University of Delhi.

3. Organised in the capacity of the local secretary, the 90th session of the Indian Philosophical congress.

4. Edited the "absract" of papers for the Indian Philosophical Congress.

5. Working for the publication of the papers published at the I.P.C.

6. Attended as a critique a National seminar on Agamic/Tantrik philosophy and Religion, B.H.U., Varanasi.

7. Elected President, Metaphysics & Epistemology Section.

डॉ. विजयपाल शास्त्री

रीडर दर्शन विभाग

शैक्षणिक गतिविध–

१. १४ अप्रैल ६६ से १७ अप्रैल ६६ तक बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में आयोजित आगम शास्त्र पर संगोष्ठी में शोधपत्र वाचन किया। शीर्षक था–"शिवस्य जगत्कारणत्वम्"

२. २१ अप्रैल ६६ को डॉ. बलवीर सिंह शोध संस्थान देहरादून में योग पर आधारित सेमिनार में शोधपत्र पढ़ा। विषय था–विवेक दुःख का जनक है।

३. अक्टूबर ६५ में दर्शन विभाग में इन्डियन फिलोसोफिकल कांग्रेस का भव्य आयोजन किया। उसके प्रबन्ध में सहायता की।

४. १३ अप्रैल ६६ को दीक्षान्त समारोह में दो छात्रों (राकेश शर्मा और प्रमोद कुमार) ने पी–एच.डी. की उपाधि प्राप्त की।

राकेश शर्मा की थीसिस का शीर्षक था–"गीता के हिन्दी भाष्यों का समीक्षात्मक अध्ययन।

प्रमोद कुमार के शोध प्रबन्ध का शीर्षक था–उद्धवगीता' एक दार्शनिक परिशीलन।

पुरातत्व संग्रहालय गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

ज्ञान प्रसार के लिये शिक्षण संस्था में संग्रहालय की भूमिका के महत्व का सही–सही आकलन करते हुए महात्मा मुंशीराम जी (स्वामी श्रद्धानन्द जी) द्वारा गुरुकुल परिसर में गुरुकुल संग्रहालय की स्थापना सन् १६०७ में की गयी थी। तत्कालीन संग्रहालयों में गुरुकुल संग्रहालय शीघ्र अपना गरिमामय स्थान बनाने में सफल रहा। दुर्भाग्यवश सन् १६२४ की बाढ़ में गुरुकुल के साथ–साथ गुरुकुल संग्रहालय को भी भारी क्षति का सामना करना पड़ा।

स्वतन्त्रता के पश्चात् उत्तर–प्रदेश के तत्कालीन शिक्षा मंत्री डॉ. सम्पूर्णानन्द जी द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य के संग्रहालयों के विकास एवं सुधार सम्बन्धी सुझावों के लिए एक "संग्रहालय पुनर्गठन समिति" की स्थापना की गयी थी। समिति द्वारा हरिद्वार नगर में एक क्षेत्रीय संग्रहालय की आवश्यकता के सम्बन्ध में विशेष रूप से संस्तुति प्रस्तुत की गयी। समिति की संस्तुति के परिप्रेक्ष्य में गुरुकुल के तत्कालीन मुख्य अधिष्ठाता एवं कुलपति पं इन्द्र विद्यावाचस्पति (स्वामी श्रद्धानन्द के अनुज पुत्र) ने पुनर्गठित संग्रहालय की स्थापना का निश्चय किया। परिणामतः १६४५ में संग्रहालय का पुनर्गठन किया गया तथा सन् १६५० में गुरुकुल की स्वर्ण जयन्ती के पावन पर्व पर वर्तमान परिसर में स्थित वेद मन्दिर के प्रथम तल पर गुरुकुल संग्रहालय का विधिवत् डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल द्वारा उद्घाटन किया गया। प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के तत्कालीन विभागध्यक्ष प्रो. हरिदत्त वेदालंकार संग्रहालयाध्यक्ष नियुक्त किये गये। तदुपरान्त सन् १६७२ में शिक्षा पटल की स्वीकृति के अनुसार यह संग्रहालय प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग का विधिवत अंग बना दिया गया तथा प्राध्यापक विभागाध्यक्ष डॉ. बी.सी. सिन्हा को पदेन निदेशक नियुक्त किया गया। सन् १६८२ से प्रारम्भ सत्र में संग्रहालय को विधिवत् विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं शिक्षा मन्त्रालय द्वारा विश्वविद्यालय का एक अंग स्वीकार कर लिया गया।

संग्रहालय को इस सत्र १६६५–६६ में २६१ सिक्कों की प्राप्ति हुइं। कनाडा के पॉच सिक्के विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के व्याख्याता डॉ. श्रवण कुमार शर्मा द्वारा प्राप्त हुए। इसी वर्ष डॉ. एस.एल. सिंह डीन (विज्ञान संकाय) द्वारा पोलैण्ड के दो नोट भी प्राप्त हुए। इनके अतिरिक्त कोरिया से पधारे डॉ. तुकीमासा निकीमासा द्वारा मार्च १६६५ में तीन कोरिया के भी सिक्के प्राप्त हुए।

संग्रहालय में संग्रहीत सामग्री का पंजीकरण वर्गीकरण एवं सूचीकरण का कार्य भी किया गया है। फ्यूमीगेशन कार्य हेतू स्थापित प्रयोगशाला में भी कार्य चलता रहा। संग्रहालय संग्रह की लगभग ७७ पाण्डुलिपियों का रसायन उपचार किया जा चुका है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रदत्त विश्वविद्यालय बजट व्यवस्था के अतिरिक्त संग्रहालय को समय–समय पर विकास हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अनुदान देता रहा है। उत्तर प्रदेश शासन, राष्ट्रीय संग्रहालय एवं राष्ट्रीय अभिलेखागार से भी विकास के लिये अनुदान प्राप्त होता रहा है।

वर्तमान सत्र में उत्तर प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के संग्रहालय पुस्तकालय की

अभिवृद्धि हेतु २०,०००/–रु० का अनुदान प्राप्त हुआ। प्राप्त अनुदान से पुस्तकें क्रय किये जाने की व्यवस्था की जा रही है।

संग्रहालय के अति विशिष्ट दर्शनार्थियों में माननीय शिवराज पाटिल अध्यक्ष, लोकसभा, नई दिल्ली एवं माननीय मदनलाल खुराना, मुख्यमंत्री, दिल्ली राज्य विशेष रूप से उल्लेखनीय है। विशिष्ट दर्शकों की सूची में निम्नलिखित नाम उल्लेखनीय है।

१–श्री अनुराग भटनागर, डायरेक्टर यूनिवर्सिटी, मानव संसाधन मन्त्रालय, नई दिल्ली।

२–श्री यशपाल सिंह, प्राचार्य, जे.एन. विद्यालय, राजकोट।

३– श्री रामाश्रय, मन्त्री, आर्य समाज टैगोर गार्डन, नई दिल्ली।

४–श्री यू.कुटिल, बर्लिन, जर्मनी।

५–श्री सरदार सिंह, प्रधान आर्य समाज, ध्रुवपेट, हैदराबाद।

६–संयुक्त सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली।

७– डॉ. श्याम सिंह शशि, दिल्ली।

८–श्री नोतन कुमार, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली।

९–ओक स्वास्तिका, इन्डोनेशिया।

१०–श्री राजेन्द्र गुप्ता, मन्त्री दिल्ली राज्य।

इस सत्र में १५ मई १९९५ तक संग्रहालय के निदेशक पद पर डॉ. काशमीर सिंह भिण्डर कार्यरत थे। १६ मई १९९५ से संत्रान्त तक डीन, प्राच्य विद्या संकाय प्रो. वेदप्रकाश शास्त्री निदेशक पद पर कार्य करते रहे।

संग्रहालय के कार्यरत वर्तमान कर्मचारियों की उपलब्धियाँ

निदेशक–प्रो. वेदप्रकाश शास्त्री

डीन, प्राच्य विद्या संकाय के दायित्व के निर्वहन के साथ–साथ आचार्य एवं उपकुलपति के दायित्वों को भी देख रहे हैं।

संग्रहपाल–सूर्यकान्त श्रीवास्तव

१–संग्रहालय के केन्द्रीय कक्ष में आद्य ऐतिहासिक कक्ष का नियोजन एवं प्रदर्शन कार्य सम्पन्न किया जिसका विधिवत् तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष मान्य शिवराज पाटिल द्वारा सम्पन्न किया गया।

२–इण्डियन आर्केलियोजीकल सोसायटी द्वारा "इमरजेन्स एण्ड डिफ्यूजन आफ फार्मिंग वेस्ड सोसायटी इन ईस्टर्न इण्डिया" पर आयोजित सेमिनार में भाग लिया तथ। "एग्रीकलचरल टूल आफ कॉपर होर्ड कल्चर" पर लेख प्रस्तुत किया।

३–पाण्डुलिपि अनुभाग की अपंजीकृत पाण्डुलिपियों का पंजीकरण कराया।

४–पाण्डुलिपियों का कैटलाग तैयार किया जिसका अन्तिम रूप से मिलान कार्य किया जा रहा है।

५–कला अनुभाग की पेन्टिंग्स के कैटलाग के लिये भी अध्ययन कार्य किया जा रहा है। संग्रह में उलब्ध बारहमास पर आधारित पेन्टिंग्स पर एक मानोग्राफ्स भी तैयार किया गया।

सहायक संग्रहपाल–डॉ. सुखबीर सिंह

१–संग्रहालय के दिन–प्रतिदिन के प्रशासनिक कार्यों में सहयोग दिया।

२–संग्रहालय में समय–समय पर आये दर्शकों और विशिष्ट महानुभावों को संग्रहालय का अवलोकन कराया गया।

३–संग्रहालय में संग्रहीत पुरातात्विक सामग्री का पंजीकरण, वर्गीकरण, सूचीकरण और लैबलिंग आदि कार्य किये गये।

४–प्रतिवर्ष की भांति मुख्य कार्यालय के निर्देश पर संग्रहालय के डैड स्टाफ का सत्यापन कार्य किया।

५–पाण्डुलिपि परिरक्षण परियोजना के अन्तर्गत स्थापित प्रयोगशाला में ७७ पाण्डुलिपियों का परिरक्षण पूरा किया।

संग्रहालय सहायक–डॉ. प्रभात कुमार

१–संग्रहालय कार्य में सहयोग किया।

२–प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं का अध्यापन कार्य किया।

३–संग्रहालय पुस्तकालय का सत्यापन कार्य किया।

४–सामान्य एवं विशिष्ट दर्शकों को संग्रहालय का अवलोकन कराया।

कार्यालय लिपिक–श्री अरविन्द कुमार ने कार्यालय के दायित्वों के निर्वाहन के साथ–साथ संग्रहालय के दर्शकों को अवलोकन कराने में सहयोग प्रदान किया।

कार्यालय के अन्य कर्मचारियों रमेशचंद पाल, ओमप्रकाश, रामजीत, फूलसिंह के द्वारा संग्रहालय के रख–रखाव आदि में पूर्ण सहयोग उपलब्ध रहा।

प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व

प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के विद्वान प्राध्यापकों द्वारा भारतीय इतिहास का लेखन भारतीय दृष्टिकोण को आधार मानकर प्रामाणिक संदर्भों से लिखा गया जिसके कारण विभाग की ख्याति चारों ओर स्थापित हुई। इस दिशा में आचार्य रामदेव, जयचन्द्र विद्यालंकार पं. चन्द्रगुप्त विद्यालंकार, डॉ० सत्यकेतु विद्यालंकार, (पूर्व कुलाधिपति, पूर्व विधान परिषद सदस्य, उ.प्र.) के अतिरिक्त पं. हरिदत्त वेदालंकार एवं डॉ. विनोद चन्द्र सिन्हा द्वारा लिखे गये ग्रन्थ उल्लेखनीय हैं।

इसी परम्परा में विभाग के समस्त प्राध्यापक, अध्ययन, अध्यापन, लेखन तथा शोध आदि कार्य को पूरी तत्परता के साथ कर रहे हैं। इस सत्र में शोध कार्य हेतु आठ छात्रों ने अपने शोध विषय प्रस्तुत किए। शोध विषयों को स्वीकृत करने के लिए अधिकृत कमेटी आर.डी.सी. की मीटिंग फरवरी १९९९ में प्राच्य विद्या संकाय के अध्यक्ष कक्ष में सम्पन्न हुई।

कमेटी द्वारा निम्न छात्रों के शोध विषय विचारानन्तर स्वीकृत किये गये।

नाम	शोध विषय	निदेशक
१. **राजेश शुक्ला**	**प्राचीन भारतीय अन्तरजातीय सम्बन्धों में कुटनीति सम्बन्धों का योगदान एवं वर्तमान राजनीति के सन्दर्भ में इसकी उपादेयता**	**डॉ.श्यामनारायण सिंह**
२. **कु. मीनाक्षी परिहार**	**प्राचीन भारत एवं ईरान के सांस्कृतिक सम्बन्ध (प्रारम्भ से गुप्त काल)**	**डॉ. श्यामनरायण सिंह**
३. **श्री शिवनन्दन पांडेय**	**भारतीय सांस्कृतिक धरोहरों के परिरक्षण में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग का एक योगदान–एक अध्ययन**	**डॉ. श्यामनारायण सिंह**
४. अजय परमार	गढ़वाल हिमालय की कला	डॉ. काशमीर सिंह भिंडर
५. कु. सपना रानी	प्राचीन भारत में वैवाहिक पद्धति पर सामाजिक परिवर्तन का प्रभाव	डा. काशमीर सिंह भिंडर
६. श्रीमती किरण पेशण	कल्हा दि ग्रेट हिस्टोरियन आफ कश्मीर	डॉ. काशमीर सिंह भिंडर
७. हरीश शर्मा	गुप्तकाल में नौकरशाही	डॉ. राकेश शर्मा
८. पदमा श्रीवास्तव	महाकाव्यों के काल में वर्णाश्रम व्यवस्था	डॉ. राकेश शर्मा

इनके अतिरिक्त गत वर्ष के दो शोधार्थियों यथा कु. सपना तथा अजय परमार के संशोधित

शोध विषय भी विचारान्तर स्वीकृत किये गये।

वर्तमान में डॉ. श्यामनारायण सिंह के निर्देशन में ४ छात्र, डॉ. काशमीर सिंह भिण्डर के निर्देशन में ५ छात्र और डॉ. राकेश शर्मा के निर्देशन में तीन छात्र शोध कार्य कर रहे हैं

इस वर्ष डॉ. राकेश शर्मा के निर्देशन में सम्पन्न श्रीमती सरोज सिंह, श्री ब्रिजेश कुमार और श्री दीपक घोष को अप्रैल १९९६ में दीक्षान्त समारोह पर पी–एच.डी. की उपाधि प्रदान की गई। डॉ. शर्मा इस विभाग में शिक्षण कार्य के अतिरिक्त विश्वविद्यालय में एन.सी.सी. कमान्डिंग अफसर भी हैं। जिनके निर्देशन में एन.सी.सी. विभाग लगातार प्रगति पर है। सम्प्रति डॉ० शर्मा प्राचीन भारत में धार्मिक सहिष्णुता (वैदिक काल से गुप्त काल तक) विषय पर माइनर रिसर्च प्रोजेक्ट के रूप में कार्य कर रहे हैं।

डॉ० श्यामनारायण सिंह के निर्देशन में श्री देवेन्द्र कुमार गुप्ता ने प्राचीन भारत में व्यापार एवं वाणिज्य (प्रारम्भ से ६०० ई. तक)–एक अध्ययन पूर्ण कर शोध प्रबन्ध मूल्यांकन हेतु अपना शोध कार्य कुलसचिव कार्यालय में प्रस्तुत कर दिया है। इसी वर्ष विभाग के दो छात्रों ने यथा श्री देवेन्द्र कुमार गुप्ता ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित की National Examination Test "NET" की परीक्षा उत्तीर्ण की तथा एम.ए. प्रथम वर्ष के छात्र प्रवीण कुमार ने संघ लोक सवा आयोग, उ.प्र. लोक सेवा आयोग तथा राजस्थान लोक सेवा आयोग की प्रारम्भिक परीक्षाएं उत्तीर्ण की।

इस वर्ष स्नातकोत्तर परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्ता कु. मीनाक्षी परिहार ने दीक्षान्त समारोह पर पंडित हरिदत्त वेदालंकार स्मृति स्वर्ण पदक प्राप्त किया। विभागीय छात्रों द्वारा इस वर्ष शैक्षणिक यात्रा के अन्तर्गत कलकत्ता, भुवनेश्वर, पुरी और कोणार्क आदि ऐतिहासिक महत्व के स्थलों का भ्रमण किया।

स्नातक स्तर पर व्यवसायिक शिक्षा से सम्बन्धित पुरातत्व एवं संग्रहालय विज्ञान पाठ्यक्रम विधिवत रूप से चलाया जा रहा है।

विभागीय उत्तरदायित्वों का पूर्ण निर्वाह करते हुए विभाग के प्राध्यापक विश्वविद्यालय को प्रशासनिक क्षेत्र में भी सहयोग दे रहे हैं। इसमें प्रो. एस.एन. सिंह एवं डॉ० राकेश शर्मा का नाम उल्लेखनीय है। डॉ. सिंह विभागीय उत्तरदायित्वों के अतिरिक्त डीन प्राच्य विद्या संकाय तथा कुलसचिव के रूप में भी विश्वविद्यालय प्रशासन को सहयोग दे रहे हैं।

वार्षिक विवरण–95–96

योग शिक्षा विभाग

१. विभाग की स्थापना व इतिहास–

सन् १९८४ में चुतर्मासीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम से प्रारम्भ किया गया यह विभाग दिन–प्रतिदिन प्रगति पथ पर अग्रसर है। अब एक वर्षीय डिप्लोमा के साथ बी.ए. व एम.ए. कक्षाएँ विगत कई वर्षों से चल रही हैं। सत्र ९६–९७ से पीएच.डी. भी प्रारम्भ कर दी गई है।

योग विभाग ने स्थानीय जनता के साथ भी स्वयं को जोड़कर ख्याति प्राप्त की है। क्षेत्र के शिक्षित वर्ग ने विभाग के कार्य की सराहना की है। भविष्य में जन कल्याणार्थ योग व प्राकृतिक चिकित्सालय की स्थापना का कार्य भी पूर्ण होने की सम्भाचना है।

२. विभाग की मौलिक छवि–

योगविभाग की स्थापना से विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ी है। विश्वविद्यालय में एम.ए. तथा पीएच.डी. अध्ययन हेतु भारत के विभिन्न प्रान्तों के लोग यहाँ आ रहे हैं। एम.ए. की कक्षाएँ अभी तक अन्य विश्वविद्यालयों में नहीं हैं। उसी प्रकार पीएच.डी. के अध्ययन हेतु लोग आ रहे हैं। पाँच छात्रों ने पीएच.डी. हेतु पंजीकरण करा दिया है। योग चिकित्सा की प्राप्ति हेतु भी लोग आते हैं। बिभागाध्यक्ष डॉ. ईश्वर भारद्वाज को योग के क्षेत्र में अन्य विश्वविद्यालयों में विषय–विशेषज्ञ के रूप में बोर्ड आफ स्टडीज का सदस्य, परीक्षक, चयन–समिति का सदस्य, प्रतियोगिताओं में मुख्य निर्णायक के रूप में तथा कालेज सम्बद्धता समिति में विषय विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया जाता है। इसी से विभाग की उज्जवल छवि का परिचय प्राप्त होता है।

३. विभागीय क्रिया–कलाप–

(क) छात्र–संख्या– विभिन्न पाठ्यक्रमों में छात्र संख्या इस प्रकार रही–

डिप्लोमा	१०
बी.ए./अलंकार प्रथम वर्ष	४
बी.ए./अलंकार द्वितीय वर्ष	१०
बी.ए./अलंकार तृतीय वर्ष	८
एम.ए. प्रथम खण्ड	८
एम.ए. द्वितीय खण्ड	४

(ख) अखिल भारतीय अन्तर्विश्वविद्यालय योग प्रतियोगिता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में सम्पन्न हुई जिसमें हमारी टीम ने भाग लिया तथा अच्छा प्रदर्शन किया।

(ग) उत्तर भारत योग कुमार प्रतियोगिता सहारनपुर में आयोजित की गई जिसमें एम.ए. द्वितीय खण्ड के छात्र रामसिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बी.ए. तृतीय खण्ड के छात्र संजय

कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

(घ) अखिल भारतीय योग प्रतियोगिता में छात्र रामसिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पूर्व छात्र श्री रामजीत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

(ङ) छात्र सुरक्षित गोस्वामी ने लखनऊ दूरदर्शन पर योग विशेषज्ञ के रूप में भाग लिया।

(च) विभागाध्यक्ष डा. ईश्वर भारद्वाज को 'केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली' द्वारा अपनी चयन समिति में विषय विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया।

(छ) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा योग प्रोन्नति योजना के अन्तर्गत योग केन्द्र हेतु दो प्रशिक्षक स्वीकृत किए गए हैं जिनके आने के पश्चात् योग केन्द्र के अन्तर्गत त्रैमासिक व एकवर्षीय पाठ्यक्रम, दैनिक अभ्यास, योग शिविर तथा योग चिकित्सा के कार्यक्रम प्रारम्भ किए जाएँगे।

४. शिक्षकों का शोधकार्य, प्रकाशन कार्य, संगोष्ठियों में भागीदारी तथा अन्य उपलब्धियाँ–

डॉ. ईश्वर भारद्वाज

(प्रवक्ता, विभागाध्यक्ष)

शास्त्री, साहित्याचार्य, एम.ए. (हिन्दी, दर्शन)

एन.डी., योग डिप्लोमा, पीएच.डी.

१. शोधकार्य–

(क) मकरासन व गोमुखासन का दमा की चिकित्सा में योगदान

(ख) शवासन व नाड़ी शोधन प्राणायाम का उच्च रक्तचाप पर प्रभाव

(ग) कब्ज में तड़ागी मुद्रा का योगदान

(घ) गजकरणी व अम्लपित्त–प्रतिषेध

२. प्रकाशन कार्य–

(अ) पुस्तकें– १. औपनिषदिक अध्यात्मविज्ञान
२. उपनिषदों में संन्यासयोग
३. यौगिक चिकित्सा (प्रकाशनाधीन)

(ब) शोधपत्र– १. गुरुकुलपत्रिका–
२. प्रौढ़शिक्षा (दिल्ली) –१
३. देश–निर्देश – २
५. जयराम सन्देश– ३

३. संगोष्ठियों में भागीदारी–

(क) केन्द्रीय योग अनुसंधान संस्थान दिल्ली द्वारा अप्रैल, ९६ में आयोजित ओरियंटेशन कार्यक्रम में दो व्याख्यान योग विषय पर दिए।

(ख) प्रौढ़ शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित शिविरों में योग पर व्याख्यान।

(ग) मानव कल्याण केन्द्र देहरादून में योग पर व्याख्यान।

(घ) भारतीय दार्शनिक परिषद के गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में आयोजित अधिवेशन

में भाग लिया।

४. रेड़ियो वार्ता–

१. आकाशवाणी दिल्ली के राष्ट्रीय चैनल पर 'योग व स्वास्थ्य' विषय पर वार्ता प्रसारित।

२. आकाशवाणी नजीबाबाद से 'योग एवं स्वास्थ्य' विषय पर दो वार्ता प्रसारित।

५. अन्यः

१. विश्वविद्यालय अतिथिगृह के प्रभारी का दायित्व निर्वाह किया।

२. विश्वविद्यालय परीक्षा में सहायक परीक्षाध्यक्ष का कार्य किया।

३. हिमाचल प्रदेश, सागर, पंजाब, लखनऊ, कानपुर, हिसार, महर्षि दयानन्द, गढ़वाल, रुहेलखण्ड विश्वविद्यालयों तथा केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा परीक्षक के रूप में मंनोनीत।

४. हिमाचल प्रदेश, कानपुर, गढ़वाल व सागर विश्वविद्यालयों में 'बोर्ड आफ स्टडीज' का सदस्य मनोनीत।

५. भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद् (आइ.सी.सी.आर) नई दिल्ली द्वारा विषयविशेषज्ञ के रूप में चयन–समिति में मनोनीत।

डॉ. सुरेन्द्र कुमार

एम.ए., पीएच.डी.,

योग डिप्लोमा (प्रशिक्षक)

१. विभागीय दायित्व के अन्तर्गत डिप्लोमा व अलंकार/बी.ए. कक्षाओं को अध्यापन कराया।

२. भारतीय दार्शनकि कांग्रेस में भाग लिया।

३. विश्वविद्यालय अतिथिगृह के कार्य में सहयोग दिया।

४. अन्तर्विश्वविद्यालय योग प्रतियोगिता में टीम को लेकर कुरुक्षेत्र गये।

कुलपति डॉ. धर्मपाल

मानविकी संकाय

१७ जुलाई १६६६ को यज्ञोपरान्त सत्र प्रारम्भ हुआ। १५ मई १६६६ से सत्रावसान हुआ। शिक्षा सत्र में छात्रों की संख्या इस प्रकार रही।

नाम कक्षा	प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष	तृतीय वर्ष
बी.ए.	१२०	६३	२३
विद्यालंकार	१	३	२
एम.ए. हिन्दी	५	४	
एम.ए. अंग्रेजी	७	२	
एम.ए. मनोविज्ञान	१५	८	
हिन्दी पत्रकारिता (एक वर्षीय)	१५		

हिन्दी विभाग

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय का हिन्दी विभाग गुरुकुल के स्थापना काल जितना पुराना है, पर यहां स्नातकोत्तर कक्षाओं का अध्यापन सन् १६६३–६४ से प्रारम्भ हुआ। तुलनात्मक हिन्दी आलोचना के जनक आचार्य पद्मसिंह शर्मा तथा प्रख्यात हिन्दी वैयाकरणी आचार्य किशोरीदास वाजपेयी हिन्दी विभाग में प्राध्यापक रहे हैं। अनेक देशी–विदेशी छात्र यहां अध्ययन कर आज उच्च पदों पर कार्य कर रहे हैं।

१६६५–६६ की अवधि में पठन–पाठन का कार्य सुचारु रूप से सम्पन्न हुआ। विभाग में विशिष्ठ विद्वानों के व्याख्यान हुए। इनमें नवभारत टाइम्स के सम्पादक श्री अच्युतानन्द मिश्र, प्रो. डॉ. हरमहेन्द्र सिंह बेदी पंजाब विश्वविद्यालय पटियाला, दिल्ली विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के प्रोफेसर डॉ. महेन्द्र कुमार मुख्य है। महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के प्रोफेसर डॉ. नरेश मिश्र, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से डॉ. वेदप्रकाश अमिताभ आदि विभिन्न कार्यो से विश्वविद्यालय में उपस्थित हुए।

हिन्दी पत्रकारिता के छात्र प्रशिक्षण–यात्रा पर दिल्ली इन्दौर भोपाल गए जहां उन्होंने प्रेस की कार्यविधि का अवलोकन किया। इस यात्रा के दौरान उन्हें पत्रकारिता से जुड़े विशिष्ट विद्वानों के व्याख्यान भी सुनने को मिले। पत्रकारिता के छात्रों ने ही प्रायोगिक समाचार पत्र 'शतपथ' का प्रकाशन किया। जिसका विमोचन १३ अप्रैल ६६ को चैक गणराज्य के राजदूत हिन्दी कवि एवं नाटकार डॉ. आदोनेल स्मेकल विद्यामार्तण्ड द्वारा हुआ।

केन्द्रिय हिन्दी निदेशालय नई दिल्ली से अहिन्दी भाषा नव लेखकों का एक सप्ताह का शिविर डॉ. भगवानदेव पाण्डेय के संयोजन में आयोजित हुआ। इसमें स्थानीय तथा बाह्य विद्वानों ने व्याख्यान एवं लेखकों ने अपनी–अपनी रचनाओं का वाचन किया। समारोह में केन्द्रिय निदेशालय के निदेशक डॉ. गंगाप्रसाद 'विमल' तकनीकी शब्दावली आयोग के निदेशक डॉ. घिल्डयाल, डॉ. योगेन्द्रनाथ शर्मा 'अरुण' तथा अलीगढ़ से डॉ. वेदप्रकाश स्थानीय विद्वानों में डॉ. नारायण शर्मा डीन मनविकी, प्रो. वेदप्रकाश शास्त्री आचार्य एवं उपकुलपति तथा डॉ. धर्मपाल कुलपति गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय आदि के विचारो से अहिन्दी भाषीनव लेखक प्रभावित लाभान्वित हुए।

अंग्रेजी विभाग

अंग्रेजी विभाग में विभागीय एवं व्यक्तिगत स्तर पर शैक्षिक गतिविधि और योगदान सन्तोषजनक ढंग से चला।

विभाग को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से स्नातक स्तर पर वोकेशनल इंग्लिश की शिक्षा एक वैकल्पिक पेपर के रूप में प्रारम्भ करने की अनुमति प्राप्त हुई। इस कार्य हेतु आयोग से वित्तीय सहायता भी प्राप्त हुई है। विभाग ने सम्बद्ध कार्यक्रम प्रारम्भ कर दिया है। उत्तरी भारत में केवल तीन विश्वविद्यालयों को ही यह कोर्स चलाने की अनुमति प्राप्त हुई है। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय का अंग्रेजी विभाग इनमें से एक है।

उपरोक्त कार्यक्रम के संचालन हेतु सी.आई.एफ.एल. हैदराबाद ने एक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जिसमें विभाग से डॉ. श्रवण शर्मा प्रशिक्षण के लिए गये। इन्होंने तीन सप्ताह का प्रशिक्षण प्राप्त किया। डॉ. श्रवण शर्मा की एक पुस्तक "एलियनेशन इन दी पोएट्री आफ मैथ्यू आर्नलड" प्रकाशित हुई। डॉ. शर्मा फैकल्टी एनरिचमेन्ट योजना के अन्तर्गत एक मास के लिए कैनेडा भी गए।

श्री सदाशिव भगत शोधार्थियों को पीएच.डी. डिग्री हेतु शोध कार्य में मार्गदर्शन करने में व्यस्त रहे।

डॉ. अम्बुज शर्मा ने भी शोधार्थियों को निर्देशन दिया और वैदिक ऋचाओं को संगीतबद्ध करने के कार्य में व्यस्त रहे।

डॉ. के.ए. अग्रवाल ने इन्डो एन्गलियन पोएट्री पर एक लेख तैयार किया और "वैदिक पथ" में प्रकाशन हेतु स्वीकृत हुआ। यह दो शोधार्थियों का पीएच.डी. डिग्री के लिए निर्देशन भी कर रहे हैं।

विभागाध्यक्ष डॉ. नारायण शर्मा ने दो शोध पत्र "सम आस्पैक्ट्स आफ श्री आरविन्दोज योग" और 'पोएटिक सैंसिविलिटि इन विक्टोरियन एज' लिखे। पहला पत्र पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला के 'बी.एस. इन्स्टिच्यूट आफ कम्पैरेटिव रिलिजन' और दूसरा मेरठ विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित होने वाले एक संकलन के लिए स्वीकार हुआ। डॉ. शर्मा के निर्देशन में शोध कार्य भी चल रहा है। इनको सत्र में गढ़वाल, मेरठ, कुमायूं एवं विक्रम विश्वविद्यालयों ने भिन्न--भिन्न कार्य हेतु आमन्त्रित किया।

मनोविज्ञान

सत्र–1995–96

सत्र १९९५–९६ से विभाग के एम.ए./एम.एस.सी. पाठ्यक्रम के लिये प्रवेश सीमा १५ कर दी गई है और इससे अधिक छात्रों को प्रवेश नहीं दिया गया। एम.ए./एम.एस.सी. तथा स्नातक स्तर पर लगभग १०० विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। पी.एम.आई.आर. में इस सत्र में ३४ छात्रों को प्रवेश दिया गया। इस पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में ३० छात्रों ने प्रवेश लिया।

शोध समिति–

इस सत्र में हुई शोध समिति की बैठक में आठ विषय शोध के लिये स्वीकार किये गये। बैठक में विषय विशेषज्ञ के रूप में काशी विद्यापीठ के प्रो. जी.पी. ठाकुर तथा मेरठ विश्वविद्यालय के प्रो. एस.एन. राय ने भाग लिया। विभाग के सभी अध्यापक शोध कार्य करा रहे हैं।

इस वर्ष विभाग की एक छात्रा, जिसने पिछले वर्ष नैट परीक्षा पास की थी, उत्तर प्रदेश कमीशन द्वारा प्रवक्ता के पद के लिये चुनी गई और वह मेरठ विश्वविद्यालय के एक महिला महाविद्यालय में पढ़ा रही है। एक अन्य छात्र की इथोपिया में प्रवक्ता के पद पर नियुक्ति हुई। एक छात्र नैट परीक्षा पास करने के बाद पिलानी में प्रवक्ता के रूप में चुने गये।

विभाग में आयोजन के लिये दो गोष्ठियों की स्वीकृति प्रदान की गई। एक अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी डॉ. एस.के. श्रीवास्तव द्वारा प्रो. मिश्रा के निर्देशन में फरवरी १९९७ में आयोजित की जायेगी। दूसरी संगोष्ठी अक्टूबर/नवम्बर, १९९७ में प्रो. धमीजा द्वारा आयोजित की जायेगी।

पीएच.डी. उपाधि–

इस वर्ष श्रीमती सी.के. सिंह को प्रो. मिश्र के निर्देशन में किये गये कार्य पर पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई।

विभाग के शिक्षकों की शैक्षणिक गतिविधिया इस प्रकार है:–

प्रो. ओ.पी. मिश्र–

प्रो. ओ.पी. मिश्र को इस वर्ष माननीय कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा प्रारम्भ किये गये निर्देशन एवम् नियुक्ति केन्द्र का निदेशक नियुक्त किया गया। उनके निर्देशन में १० छात्र, छात्रायें पीएच.डी. उपाधि के लिये शोध कार्य कर रहे हैं। पी.एम.आई.आर. तथा एम.ए. के लगभग २० छात्रों ने उनके निर्देशन में प्रोजेक्ट का कार्य पूर्ण किया।

प्रो. ओ.पी. मिश्र मेरठ विश्वविद्यालय, गढ़वाल विश्वविद्यालय, कानपुर विश्वविद्यालय तथा काशी विश्वविद्यालय (विद्या पीठ) की शोध समितियों में विषय विशेषज्ञ के रूप में कार्य कर रहे हैं। वे गढ़वाल विश्वविद्यालय की बोर्ड आफ स्टडीज में भी विशेषज्ञ के रूप में भाग ले रहे हैं। इसके अतिरिक्त राजकीय लोक सेवा आयोग, तथा केन्द्रीय सेवा आयोग में परीक्षक तथा सलाहकार के रूप में कार्य करते हुए विश्वविद्यालय की गरिमा बढ़ा रहे हैं।

प्रो. एस.सी. धमीजा–

इस वर्ष प्रो. एस.सी. धमीजा को मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष पद के अतिरिक्त पी.एम. आई.आर. पाठ्यक्रम का निर्देशक भी नियुक्त किया गया। उनके निर्देशन में ५ छात्र, छात्रायें पीएच.डी. उपाधि के लिये कार्य कर रहे है। एम.ए. तथा पी.एम.आई.आर. के लगभग २० छात्र/छात्राओं ने उनके निर्देशन में प्रोजेक्ट का कार्य पूरा किया। प्रो. धमीजा का एक शोध पत्र प्रकाशित हुआ, एक शोध पत्र प्रकाशन के लिये स्वीकार किया गया है। इसके अतिरिक्त एक शोधपत्र विचार के लिये विदेश भेजा गया है। उनकी तीन पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, तथा एक परीक्षण इस सत्र में प्रकाशित हुआ है।

डॉ. एस.के. श्रीवास्तव–

डॉ. एस.के श्रीवास्तव द्वारा लिखित एक पुस्तक प्रकाशित हुई जिसके द्वारा उन्हें विश्वविद्यालय से वित्तीय सहायता प्रदान की गई। इस पुस्तक का विमोचन दीक्षांत समारोह में हुआ। उन्होंने अलीगढ़ में आयोजित एक कान्फ्रैन्स में भाग लिया और एक शोध पत्र पढ़ा। उनके तीन शोध पत्र प्रकाशित हुऐ तथा दो शोध पत्र प्रकाशित होने के लिये स्वीकार किये गये। एक मनोवैज्ञानिक परीक्षण का मानकीकरण डॉ. श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इण्डियन काउंसिल आफ सोशल सांइस रिसर्च द्वारा उन्हें एक प्रोजेक्ट के लिये वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई है। वर्तमान में वे छात्रावास के अध्यक्ष का कार्यभार भी संभाले हुए हैं।

डॉ. सी.पी. खोखर–

डॉ. सी.पी. खोखर ने इस सत्र में बम्बई में आयोजित एक संगोष्ठी में एक शोध पत्र प्रस्तुत किया। इसी सत्र में उनका एक शोध भी प्रकाशित हुआ। उन्होंने दिसम्बर ६५ में उस्मानिया विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित रिफ्रैशर कोर्स में भी भाग लिया। डॉ. खोखर के साथ एक छात्र पीएच.डी. उपाधि के लिये कार्य कर रहा है, तथा एम.ए./पी.एम.आई.आर. के ८ छात्रों को उन्होंने प्रोजेक्ट कार्य पूर्ण करवाया।

प्रौढ़ सतत् शिक्षा एवं प्रसार विभाग

प्रौढ़ सतत् शिक्षा एवं प्रसार विभाग को विश्व-विद्यालय अनुदान आयोग द्वारा पत्रांक ५-३२/६२(एन.एफ.ई--१) दिनांक ०२ सितम्बर १६६५ के माध्यम से रू० ७५,०००/- सत्र १६६५-६६ हेतु स्वीकृत किये गये। इस सत्र में निम्न लिखित कार्यक्रम संचालित किये गये।

१. जन-शिक्षण निलयम-५

२. सतत् शिक्षा कोर्स-५

३. जन संख्या शिक्षा क्लब-१

४. साक्षरता कार्यक्रम

१. जन-शिक्षण निलयम-

विभाग द्वारा पाँच जन-शिक्षण निलयम ग्राम जमालपुर (सीतापुर), गाड़ों वाली, अजीतपुर (कटारपुर), जगजीतपुर और सराय में संचालित किये जा रहे हैं। विभाग द्वारा इन निलयमों पर समाचार पत्र, पत्रिकायें फुटबाल, बालीबाल एवं कैरम बोर्ड निःशुल्क उपलब्ध कराये जाते हैं।

२. सतत् शिक्षा-

विभाग द्वारा इस कार्यक्रम के अन्तर्गगत सिलाई एवं पेन्टिंग में ६-६ माह के दो प्रशिक्षण आयोजित किये गये। इसके अतिरिक्त १५-१५ दिन के सौन्दर्य एवं घरेलू बिजली उपकरणों तथा टेलिविजन की मरम्मत सम्बन्धी दो प्रशिक्षण आयोजित किये गये।

एक दस दिवसीय कढ़ाई सम्बन्धी प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

३. जनसंख्या शिक्षा-

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत विभाग द्वारा वाद-विवाद प्रतियोगिता, एवं निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके अतिरिक्त जनसंख्या एवं स्वास्थ्य विषय पर एक पुस्तक भी प्रकाशित की गई।

४. साक्षरता कार्यक्रम-

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम कटारपुर, जगजीतपुर, सराय, सीतापुर, एवं गाड़ोवाली, में साक्षरता किटों का वितरण किया गया तथा ६५० निरक्षरों को साक्षर बनाया गया।

५. अन्य क्रिया-कलाप-

विभाग द्वारा भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ नई दिल्ली के सहयोग से "केन्द्रीय क्षेत्रीय सम्मेलन" का आयोजन दिनांक १६-१७, दिसम्बर, १६६५ में किया गया। इस सम्मेलन का उद्घाटन माननीय परिदृष्टा न्यायाधीश महावीर सिंह, द्वारा किया गया सम्मेलन में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश एवं दिल्ली से ४० प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

५- विभागीय अधिकारियों के कार्य-कलाप

डॉ. आर.डी. शर्मा

विभागाध्यक्ष डॉ. आर.डी. शर्मा द्वारा एम.ए. (उत्तरार्ध) योग को तृतीय पेपर 'शोध विधियां'

का शिक्षण–कार्य किया गया।

संगोष्ठी सम्मेलन में भागीदारी–

१. भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित गुरुकुल कांगड़ी विश्व–विद्यालय हरिद्वार में १६–१७ दिसम्बर, १६६५ में आगामी शताब्दी में उत्तर साक्षरता विषय पर केन्द्रीय क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया।

२. लखनऊ विश्व–विद्यालय द्वारा जीवन गुणवत्ता विषय पर आयोजित संगोष्ठी में मार्च २३–२४ १६६६ को भाग लिया तथा लेख भी प्रस्तुत किया।

३. गुरुकुल कांगड़ी विश्व–विद्यालय द्वारा आयोजित भारतीय दार्शनिक कांग्रेस के ७० वे अधिवेशन में अक्टूबर १३:१५, १६६५ में भाग लिया तथा शोध पत्र भी दिया।

४. दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रौढ़ सतत् शिक्षा एवं प्रसार विभागों के निदेशकों की बैठक में जून ६,१६६५ में भाग लिया।

५. लखनऊ विश्व–विद्यालय द्वारा आयोजित प्रौढ़ सतत् शिक्षा एवं विभागों के निदेशकों की बैठक में दिसम्बर ४,१६६५ को भाग लिया।

६. लखनऊ विश्व–विद्यालय द्वारा आयोजित प्रौढ़ सतत् शिक्षा एवं प्रसार विभागों के निदेशकों की बैठक में मार्च २३, १६६६ को भाग लिया।

प्रकाशित लेख–

इन्फून्स ऑफ रिसेंट लाइफ एक्सपीरियेन्स आन मेंटल हैल्प स्कूल टीचर्स, इंडियन एजूकेशनल रिव्यू वॉल्यूम थर्टी नम्बर टू जुलाई १६६५

डॉ. जे.एस. मलिक परि. अधि.

संगोष्ठी/सम्मेलन में भागीदारी–

भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित गुरुकुल कांगड़ी विश्व–विद्यालय हरिद्वार में १६–१७ दिसम्बर १६६६ में आगामी शताब्दी में उत्तर साक्षरता विषय पर केन्द्रीय क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया।

विज्ञान संकाय
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज द्वारा स्थापित गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय आज भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति की अनुपम घरोहर के रूप में हैं। यह विश्वविद्यालय वर्तमान में वैदिक शिक्षाओं के साथ–साथ विज्ञान विषयों की उच्च शिक्षा प्रदान कर रहा है। संकाय के प्राध्यापकगण शिक्षण कार्य के साथ–साथ शोध कार्य में संलग्न हैं। वर्ष १९९४–९५ में संकाय का परीक्षा फल सराहनीय रहा। यह अत्यन्त हर्ष एवं प्रतिष्ठा का विषय है कि इस संकाय से बी.एससी. की उपाधि लेकर निकले छात्रों को भारत वर्ष के अन्य प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश मिल चुका है।

संकाय के प्राध्यापक शोध कार्य कर एवं करवा रहे हैं। शोध एवं अन्य शैक्षिणिक गतिविधियों के लिये संबंधित विभागों की आख्या अवलोकनीय है। यहां के शिक्षकों के शोध पत्र लगातार विदेशी एवं भारतीय पत्रिकाओं में छप चुके हैं और छप रहे हैं। संकाय की एक विशिष्टता यह है कि बी.एससी. में कम्प्यूटर विज्ञान को विषय विशेष के रूप में पढ़ाने का प्रबंध है। संकाय में उपलब्ध सुविधाओं का भरपूर प्रयोग किया जा रहा है। और छात्र संख्या निरन्तर बढ़ रही है। छात्रों की बढ़ती संख्या को देखते हुए इस वर्ष दूरस्थ शिक्षा (Distance Education) के अन्तर्गत भी छात्रों को प्रवेश दिया गया। संकाय में प्रत्येक ग्रुप के मेघावी छात्रों को वरियता क्रम के अनुसार प्रति ग्रुप में ५–५ छात्रों को संकाय द्वारा छात्रवृति प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त जिन्दल ट्रस्ट नई दिल्ली से भी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गयी है। सत्र १९९५–९६ में प्रवेशानुसार छात्र संख्या निम्नवत रही–

कक्षा	ग्रुप	छात्र सं०
बी.एससी. प्रथम वर्ष	गणित	९५
बी.एससी. प्रथम वर्ष	कम्प्यूटर	६०
बी.एससी. द्वितीय वर्ष	गणित	१११
बी.एससी. द्वितीय वर्ष	कम्प्यूटर	५५
बी.एससी. द्वितीय वर्ष	मनोविज्ञान	११
बी.एससी. द्वितीय वर्ष	दर्शन	३
बी.एससी. तृतीय वर्ष	गणित	६२
बी.एससी. तृतीय वर्ष	कम्प्यूटर	५४
बी.एससी. तृतीय वर्ष	मनोविज्ञान	३५

बी.एससी. तृतीय वर्ष	दर्शन	३
एम.एससी. प्रथम वर्ष	भौतिकी	११
एम.एससी. द्वितीय वर्ष	भौतिकी	१०
एम.एससी. प्रथम वर्ष	रसायन	२०
एम.एससी. द्वितीय वर्ष	रसायन	१०
एम.एससी. प्रथम वर्ष	गणित	१०
एम.एससी. द्वितीय वर्ष	गणित	५
एम.एससी. प्रथम सेमेस्टर		४०
एम.एससी. तृतीय सेमेस्टर		३३
एम.एससी. पंचम सेमेस्टर		३४

वार्षिक प्रगति विवरण 1995–96

जीव विज्ञान संकाय

जीव विज्ञान संकाय के प्राध्यापक महानुभाव शिक्षण कार्य के साथ–साथ शोध कार्य में संलग्न हैं। वर्ष १९९५–९६ में इस संकाय में बी.एससी. तृतीय वर्ष का परीक्षा फल अति उत्तम रहा है। यह अत्यन्त हर्ष एवं प्रतिष्ठा का विषय है कि इस संकाय से इस वर्ष बी.एससी. की उपाधि लेकर निकले अनेक छात्रों को भारतवर्ष के अन्य प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश मिल चुका है।

छात्रों को वरीयता क्रम के अनुसार संकाय द्वारा छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है संकाय में आमन्त्रित व्याख्यानों का भी आयोजन किया गया, और विभागीय सदस्यों को भी अन्य विश्वविद्यालयों में व्याख्यान देने हेतु आमन्त्रित किया गया।

सत्र १९९५–९६ के प्रवेशानुसार छात्र संख्या निम्न रही–

कक्षा	ग्रुप	छात्र संख्या
बी.एससी. प्रथम	बायो	४०
बी.एससी. प्रथम	ई. माइक्रो.	२६
बी.एससी. द्वितीय	बायो	५७
बी.एससी. तृतीय	बायो	५५
एम.एससी. प्रथम	माइक्रो.	१८
एम.एससी. द्वितीय	माइक्रो.	११
एम.एससी. प्रथम	पर्यावरण	१२

वार्षिक प्रगति विवरण सत्र 1995–96

गणित विभाग

बी.एससी. प्रथम वर्ष तथा एम.एससी. प्रथम वर्ष में नये छात्रों के प्रवेश लेने के बाद कक्षाएं प्रारम्भ हुई। छात्रों को अधिक से अधिक अध्ययन के लिए प्रेरित किया गया एवं छात्रों की व्यक्तिगत कठिनाइयों का भी निराकरण विभाग के शिक्षकों द्वारा किया गया।

विभाग द्वारा ३१ अगस्त १९९५ को "Vedic Geometry and its Relevance to Science and Technology" पर National Symposium का आयोजन हुआ जिसमें प्रोफेसर जी.एस. पान्डेय, सेवानिवृत अध्यक्ष, गणित अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन मुख्य अतिथि थे। इसमें प्रोफेसर वी.पी. सक्सेना, अध्यक्ष, गणित अध्ययनशाला जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर ने 'प्राचीन भारतीय गणित में ज्यामिति' विषय पर अति महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया।

प्रोफेसर श्याम लाल सिंह व डॉ. वीरेन्द्र अरोड़ा के सह निर्देशकत्व में आयोजित इस सिम्पोजियम में विभागीय शिक्षकों तथा अपने विश्वविद्यालय के प्रोफेसर भारत भूषण व डॉ. मनुदेव बन्धु के अतिरिक्त श्री विनोद मिश्र (लोगोंवाल–पंजाब), डॉ. महेश चन्द्र (पंत नगर), डॉ. सत्यनारायण पान्डेय (ऋषिकेश), डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल (नजीबाबाद) आदि ने अपने भाषण दिये तथा शोध पत्र प्रस्तुत किये।

यह उल्लेखनीय है कि ३१ अगस्त १९९५ को ही प्रोफेसर विजय पाल सिंह, रीडर एवं पूर्व विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय से सेवा निवृत हुए। इस अवसर पर उन्हें एवं प्रोफेसर जी.एस. पान्डेय व प्रोफेसर वी.पी. सक्सेना को विभाग द्वारा सम्मानित किया गया।

२६ फरवरी १९९६ को विभाग द्वारा "Applications of Mathematics in daily life" विषय पर राजस्थान विश्वविद्यालय के अवकाश प्राप्त प्रोफेसर एम.सी. गुप्ता का लोकप्रिय व्याख्यान हुआ जिसकी छात्रों एवं अध्यापकों ने भूरि–भूरि प्रशंसा की।

विभाग द्वारा १४ मार्च १९९६ को कम्प्यूटर विभाग के सहयोग से "Mathematics and computers" विषय पर अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध प्रोफेसर डॉ. एस.पी. सिंह का व्याख्यान हुआ।

विभाग के शिक्षकों द्वारा सत्र ९५–९६ में किये गये कतिपय शैक्षणिक कार्यो का विवरण निम्नवत् है:

प्रो. श्याम लाल सिंह

१. सम्मान

१ (अ) रामानुज मैथमेटिकल सोसाइटी ने अपने १०वें कन्वेनशन (१९९५) में गणित के प्रति योगदान तथा सोसाइटी तथा गणित के प्रति की गयी सेवाओं के लिए प्रो. श्याम लाल सिंह

को सम्मानित किया।

१ (ब) विज्ञान परिषद् आफ इण्डिया (वी.पी.आई.) ने अपनी सिल्वर जुबली कोनफरेन्स (१९९६) के अवसर पर परिषद् तथा गणित के प्रति विशिष्ट सेवाओं के लिए प्रो. श्याम लाल सिंह को सम्मानित किया।

२. विदेश यात्राएँ

२ (अ) आई.एन.एस.ए– एस.ए.एस एक्सचेंज कार्यक्रम के अर्न्तगत स्लोवाकिया की २–सप्ताह (सितम्बर १९९५) की यात्रा की तथा वहाँ वैदिक ज्यामिति एवं अन्य विषयों पर भाषण दिया।

२ (ब) सितम्बर – अक्टूबर १९९५ मूँ पोलेंड की २५ दिवसीय यात्रा की। इस अवधि में वहाँ के विभिन्न विश्वविद्यालयों में व्याख्यान दिए। इसी अवधि में प्रतिष्ठित पोलिश गणितज्ञ प्रो.जे. मतकोवस्की के साथ कुछ शोध पत्रों को पूर्ण किया।

३. अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की शोध पत्रिकाओं में प्रकाशनार्थ कुछ शोध पत्र स्वीकृत हुए।

४. स्लोवाक अकादमी आफ साइंसेज कुछ पोलिश विश्वविद्यालयों, गणित–सांख्यिकी संस्थान देहरादून तथा कुछ भारतीय विश्वविद्यालयों में वैदिक ज्यामिति तथा प्राचीन भारतीय गणित पर व्याख्यान दिए।

डॉ. वीरेन्द्र अरोड़ा (विभागाध्यक्ष)

विभागीय कार्य सम्पन्न करवाने के अतिरिक्त विभाग द्वारा आयोजित नेशनल सिम्पोजियम में शोध पत्र प्रस्तुत किये। एक शोध पत्र नार्थ बंगाल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित नेशनल सिम्पोजियम में पोस्टर प्रजेन्टेशन के लिए स्वीकृत किया गया।। इस शोध पत्र के 'नोर्थ बंगाल विश्वविद्यालय रिव्यु' शोध पत्रिका में भी प्रकाशित होने की संभावना है।

डॉ. विजयेन्द्र कुमार

विभाग द्वारा संचालित दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम की अधिकांश युनिटें तैयार की। विभाग द्वारा आयोजित सिम्पोजिमय में भाग लिया। कुछ शोध पत्र भी प्रकाशन की प्रक्रिया में है।

डॉ. महीपाल सिंह

विभाग द्वारा आयोजित सिम्पोजियम में भाग लिया। एक शोध पत्र हैदरावाद में आयोजित कोनफरेन्स में प्रस्तुत किया। कुछ अन्य शोध पत्र भी प्रकाशनार्थ स्वीकृत हुए।

डॉ. हरबंश लाल गुलाटी

दूरस्थ शिक्षा प्रोग्राम के लिए युनिटें तैयार की। विभाग द्वारा आयोजित सिम्पोजियम में भाग लिया।

डॉ. रमेश चन्द

दूरस्थ शिक्षा प्रोग्राम की युनिटें तैयार की। विभाग में आयोजित नेशनल सिम्पोजियम में शोध प्रस्तुत किया। कुछ शोध पत्र प्रकाशनार्थ स्वीकृत हुए।

श्री विवेक गोयल

दूरस्थ शिक्षा प्रोग्राम की कुछ युनिटें तैयार की। विभाग द्वारा आयोजित नेशनल सिम्पोजियम में शोध पत्र प्रस्तुत किया। एक शोध पत्र, गणित विभाग, युनिवर्सिटी आफ नोर्थ बंगाल द्वारा आयोजित सिम्पोजियम में पोस्टर प्रजेन्टेशन के लिए स्वीकृत किया गया। डॉ. वीरेन्द्र अरोड़ा के निर्देशन में पीएच.डी. के लिए पंजीकृत है।

श्री राकेश कुमार गुप्ता

दूरस्थ शिक्षा प्रोग्राम की युनिटें तैयार की। अन्य विभागीय शैक्षिक गतिविधियों में भाग लिया।

वार्षिक विवरण–1995–96

भौतिकी विभाग गु.कां.वि.

भौतिकी विभाग में बी.एससी., एम.एससी, कक्षाओं के लिए अध्यापन तथा शोधकार्य के लिये प्राविधान है।

एम.एससी. कक्षाओं में Applied Electronics के दो Special Paper हैं:–

(a) Digital Electronics.

(b) Microprocesser Theory and Application.

चक्रीय क्रम में १ जुलाई १९९५ से डॉ. राजेन्द्र कुमार, रीडर, भौतिकी विभाग में अध्यक्ष पद का कार्य कर रहे हैं।

अब तक विभाग में तीन प्रयोगशालायें थी, इस सत्र में एक अतिरिक्त प्रयोगशाला का निर्माण हुआ,

विभाग में शोधकार्य के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय एवं रुड़की विश्वविद्यालय से भी सहयोग प्राप्त हो रहा है।

इस सत्र में शोध की बैठक डॉ. राजेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में दिनांक १२–१२–१९९५ को सम्पन्न हुई जिसमें ०५ (पांच) शोधार्थियों को पंजीकरण हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी।

इस सत्र में विभाग के शिक्षकों ने शोध पत्र प्रस्तुत किये जिनका विवरण इस प्रकार है:

(१) डॉ. बी.पी. शुक्ल–	National Seminar on Scientific, Technical and Engineering . Knowledge in Sanskrit Literature (11-13 oct, 1995) Modern Rashtriya Sanskrit Sansthan N. Delhi.	Mayavad & physics
(२) डॉ. पी.पी. पाठक–	National space. Science Symposium Osmania University Hydrabad (6-10 Feb, 1996)	Faster growth model of streamer change for higher frequency Radiation

इस सत्र में दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत भौतिकी विषय में बी.एस–सी. प्रथम वर्ष की कक्षायें प्रारम्भ की गयी।

भौतिक विभाग में एम–एससी. कक्षाओं में सामान्य पाठ्यक्रम के अतिरिक्त "वैदिक भौतिकी" का पाठ्यक्रम भी चल रहा है। इस प्रकार का पाठ्यक्रम सर्वप्रथम गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यलाय द्वारा प्रारम्भ किया गया है। वैदिक भौतिकी के क्षेत्र में शोध कार्य भी प्रगति पर है।

रसायन विज्ञान विभाग

सामान्य विवरण

गत ५ वर्षों में रसायन विभाग में छात्र संख्या २०० से बढ़कर लगभग ५५० हो चुकी है। एम.एससी. में छात्र संख्या कुल ४० हो गयी है। कुल ८ शोध छात्र विभाग में कार्यरत है। वर्ष १९९५–९६ में उपरोक्त प्रगति को देखते हुए प्रशासन द्वारा विभागीय ग्रान्ट बढ़ाई गयी।

विभाग में चल रहा एम.एससी. कोर्स एक आधुनिक व रोजगारोन्मुख कार्यक्रम है जिसका स्पेशियलाइजेशन "कामर्शियल मेथड्स आफ कैमिकल एनेलिसिस" में है। इसमें छात्रों को अत्याधुनिक उपकरणों व तकनीकों पर प्रशिक्षण दिया जाता है जिससे उन्हें रोजगार के अवसर सुलभ हो जाते हैं।

रसायन विभाग

कन्या गुरुकुल महाविद्यालय (महिला शिक्षा संभाग, गु.कां. वि.) की स्थापना

कुलपति जी के निर्देशानुसार डॉ. आर.डी. कौशिक की अध्यक्षता में कन्या गुरुकुल महाविद्यालय में रसायान विभाग की स्थापना वर्ष १९९५–९६ में ही की गई। लैब निर्माण व आधुनिकतम उपकरणों से उसे सुसज्जित किया गया। इस विभाग में भी एम.एससी. (कामर्शियल मैथड्स आफ कैमिकल एनेलिसिस) एक रोजगारोन्मुख कार्यक्रम, क्षेत्रीय मांग को देखते हुए चलाया गया है। इस पाठ्यक्रम में १३ छात्राओं को प्रवेश दिया गया है। इस समय एम.एससी. द्वितीय वर्ष की प्रयोगशाला का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

वर्ष १९९५–९६ में शोध उपाधि समिति व पाठ्यक्रम समिति की बैठक की गई। विभागीय बी.एससी. व एम.एससी पाठ्यक्रमों में संशोधन किया गया। आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा प्रयोगात्मक परीक्षायें यथा समय कराई गई, जिसके फलस्वरूप विशेषकर एम.एससी. (रसायन) का सत्र नियमित कर दिया गया।

विभागीय पुस्तकालय

रसायन विभाग के पुस्तकालय में कुल ५२८ पुस्तकें हैं जिनका उपयोग एम.एससी. व शोध छात्रों के अतिरिक्त शिक्षकों द्वारा भी किया जाता है। वर्ष १९९५–९६ में डॉ. श्री कृष्ण विभागीय पुस्तकालय के इन्चार्ज रहे। विभागीय पुस्तकालय कक्ष का निर्माण अभी विचाराधीन है।

डॉ. आर.डी. कौशिक

१. डॉ. कौशिक के निर्देशन में दो एम.एससी. छात्रों ने डिसर्टेशन कार्यपूर्ण किया। अभी दो अन्य छात्र डिसर्टेशन कार्य कर रहे हैं।

२. शोध छात्र निर्देशनः ४ शोध छात्र अपनी पी–एच.डी. की उपाधि हेतु कार्यरत हैं।

३. शोध परियोजनाः यू.जी.सी. शोध परियोजना "Kineties and mechanism of periodate oxidation of compounds of physiological importance" स्वीकृत हुआ। इस पर कार्य चल रहा है।

४. शोध पत्रः एक शोध पत्र प्रकाशनार्थ भेजा गया।

५. डॉ. कौशिक ने संयोजक बोर्ड आफ स्टडीज, संयोजक शोध उपाधि समिति, विभागाधक्ष, सदस्य बी.एससी. प्रवेश समिति व संयोजक एम.एससी. प्रवेश समिति के रूप में १९९५–९६ में कार्य किया।

डॉ. आर.के. पालीवाल

१. डॉ. पालीवाल के निर्देशन में दो एम.एससी. छात्रों ने अपना डिसर्टेशन कार्य पूर्ण किया। दो अन्य छात्रों का कार्य प्रगति पर है।

२. परीक्षा उड़न दस्ते के सदस्य के रूप में कार्य किया।

३. विश्वविद्यलय की अनुशासन समिति में प्रोक्टर का कार्य किया।

डॉ. ए.के. इन्द्रायण

१. डॉ. इन्द्रायण के निर्देशन में दो एम.एससी. छात्रों ने डिसर्टेशन कार्य पूर्ण किया व दो अन्य का कार्य प्रगति पर है।

२. एक शोध छात्र ने पीएच.डी. थीसिस प्रस्तुत की व एक अन्य शोध छात्रा कार्य कर रही है।

३. यू.जी.सी. शोध परियोजना का कार्य पूर्ण किया।

४. आकाशवाणी नजीबाबाद से सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का संचालन, व विश्वविद्यलाय में स्वतन्त्रता दिवस व गणतन्त्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों का संचालन किया।

५. राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह पर एक निबन्ध प्रतियोगिता, साइंस क्विज, पोस्टर व कार्टून प्रदर्शनी का संयोजन किया।

६. प्रकाशन कार्य

डॉ. इन्द्रायण की पुस्तक "Fundamentals in chemistry" का तृतीय संस्करण प्रकाशित हुआ निम्न शोध पत्र प्रकाशनार्थ/प्रस्तुति हेतु स्वीकृत हुए।

(i) "Silver (II) Bipyridyl complex-Development as a Redox titrant," R.K. Shukla & A.K. Indrayan, Asian Journal of chemistry 7 (645) 1995.

(ii) Spectrophotometric Studies on silver (II)- Pyrazine Complex", Annual Conference of India council of Chemistry Bombay Abs I0-39, p-59 (1995).

डॉ. कौशल कुमार

1. M.Sc. Chemistry के दो छात्रों ने अपने–अपने डिसर्टेशन कार्य डॉ. कौशल कुमार के निर्देशन में पूरे किये व अन्य छात्र कार्यरत हैं।

2. शोध पत्रः IV International Congress on Traditional Asian Medicines, टोक्यो जापान में पढ़े गये शोध पत्र "Chemistry of Traditional Recepies used in Hepatic disorders" का The Eastern Institute, Tokyo, Japan के जनरल "TOHO" में प्रकाशन हुआ।

3. दो छात्र Ph.D. हेतु शोध कार्यरत हैं।

4. १४ फरवरी ९६ को जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यलाय नई दिल्ली में "NEHRU WOULD NEVER HAVE APPROVED THE ONGOING ECONOMIC REFORMS" विषय पर आयोजित Inter University Trophy debate में गु.कां.वि.वि. के प्रतिनिधित्व हेतु छात्रों का मार्गदर्शन किया।

'हिन्दी की विभूति'', उ.प्र हिन्दी संस्थान द्वारा भारत भारती सम्मान से सद्य.
सम्मानित विश्वविद्यालय के यशस्वी शिष्ट परिषद् सदस्य प्रो विजयेन्द्र स्नातक

शोभा यात्रा में शामिल छात्र

डॉ. रणधीर सिंह

डॉ. सिंह ने सन् १९९४ में अमरीका में स्थित केलिफोर्निया विश्वविद्यालय के लॉस ऐजेल्स में रिसर्च एसोसियेट के पद का आमन्त्रण स्वीकार किया। उनहोंने वहां बायो कैमिस्ट्री विभाग में लगभग दो वर्ष तक रिसर्च कार्य किया तथा वहां की विकसित टेक्नोलॉजी में ट्रेनिंग ली। जिसका लाभ आने वाले समय में हमारे छात्रों को होगा। डॉ. सिंह ने अपना शोध कार्य प्रकाशित होने के लिए अमरीका के Journal में भेजा है। अब डॉ. सिंह ने रसायन विज्ञान विभाग में Join करके विभाग के विकास में अपना समय प्रदान करना शुरू कर दिया है। इससे विभाग के विकास में और भी प्रगति होगी।

शोध छात्र निर्देशन–

एक शोध छात्र अपनी शोध उपाधि हेतु कार्यरत है।

शोध परियोजना–

यू.जी.सी. शोध परियोजना Synthetic Kinetic and Electrochemical studies of Macro cyclic complexes, एक रिसर्च एसोसिएट सहित स्वीकृत हुआ। जिसके कार्यान्वयन के लिए यू.जी.सी. से पत्राचार जारी है।

डॉ. श्री कृष्ण–

१. दो एमएस.सी. छात्रों ने डॉ. श्री कृष्ण के निर्देशन में डिसर्टेशन का कार्य किया। दो अन्य छात्र उक्त उद्देश्य से कार्यरत हैं।

२. विभागीय पुस्तकालय इंचार्ज के रूप में कार्य किया।

३. विभागीय सामग्री क्रय करने आदि में सहयोग किया।

जन्तु एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग

वार्षिक विवरण–1995–96

अपने स्थापना काल सन् १९६१ से लेकर अब तक जन्तु विज्ञान विभाग ने उन्नति के अनेक सोपान पार किये हैं। सन १९८४ में यू.जी.सी. द्वारा जन्तु (एवं वनस्पति विज्ञान) विभाग दोनों को संयुक्त रूप से एम.एस.सी. माइक्रो बायोलोजी दी गई। तब से लगातार इस विभाग द्वारा माइक्रोबाइयोलॉजी (एम.एससी.) कक्षाओं को पढ़ाया जा रहा है एवं निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसर है। विभाग की नीतियों के कारण माइक्रोबायोलॉजी के छात्रों को लघुशोध प्रबन्ध लगातार कराये जाते रहे हैं। इस विभाग में किये गये लघुशोध प्रबन्ध के कारण यहाँ के छात्र देश–विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों में उच्च पदों पर आसीन हैं। तथा क्लीनिकल माइक्रोबायोलोजी के कारण बहुत से छात्र स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत अपनी–अपनी पैथोलोजी एवं माइक्रोबायोलो!जी लैब चला रहे हैं व सम्मानित रूप से धनोपार्जन कर रहे हैं।

छात्रों की पुरजोर मांग है कि एम.एस.सी कक्षाओं में इस विभाग द्वारा क्लीनिकल एवं पैथोलोजिकल माइक्रोबायोलोजी भी प्रारम्भ की जाय। सत्र ९५–९६ में विभाग की प्रगति विशेषरूप से उल्लेखनीय है। इस सत्र में विभाग को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा लगभग ४० लाख रूपये का अनुदान एम.एस.सी. इनवायरनमैंटल साईन्स कोर्स एवं कम्प्यूटर एप्लीकेशन कोर्स हेतु स्वीकृत हुआ, यह बात हमारे लिऐ गौरव की है कि यू.जी.सी. ने कुछ चुनिंदा विश्वविद्यालयों/विभागों में से हमारे विभाग का भी चयन उक्त कोर्स हेतु किया, इसका श्रेय वर्तमान कुलपति डा० धर्मपाल, प्रो. बी.डी. जोशी वर्तमान डीन एवं विभागाध्यक्ष तथा डॉ. ए.के. चोपड़ा को जाता है जिनके अथक प्रयासों के फलस्वरूप उक्त दोनों कोर्स विभाग को स्वीकृत हुए, हैं। इसी सत्र से M.Sc. Environmental Science Course का शुभारम्भ हो चुका है, साढ़े पांत्र लाख रुपये की प्रथम किस्त भी यू.जी.सी. द्वारा रिलीज की जा चुकी है जिस अनुदान से उक्त कोर्स हेतु अत्याधुनिक उपकरण क्रय किये जा चुके हैं, भवन निर्माण हेतु प्रक्रिया प्रगति पर है, कम्प्यूटर एप्लीकेशन कोर्स हेतु ६.१५ लाख रुपये की राशि प्राप्त हो चुकी है। M.Sc. Enviromental Science Course के छात्रों को विशेष रूप से लाभान्वित करने हेतु देश के अनेक विश्वविद्यालयों एवं शोध संस्थानों से विषय विशेषज्ञों द्वारा नवीनतम जानकारी विभिन्न व्याख्यानों द्वारा प्रदान की गई, जिन विद्वानों द्वारा व्याख्यान दिये गये उनके नाम हैं: चाइल्ड लाइफ इन्सटीट्यूट, देहरादून से डॉ. सुशान्त चौधरी एवं डॉ. सुगातौ, दिल्ली वि.वि. से प्रो. आर.एन. सक्सेना, जम्मू वि.वि. से प्रो. एम.के. ज्योति एवं डॉ. कुलदीप शर्मा, मगध वि.वि. बोधगया से प्रो. वी.एन. पान्डेय, एम.डी., वि.वि. रोहतक से प्रो. के. वी. शास्त्री एवं प्रो. रविप्रकाश, अवध विश्वविद्यालय से डॉ. जी.सी. पान्डे, पंजाब वि.वि. चण्डीगढ़ से डॉ. शर्मा, इन्डियन इन्स्टीट्यूट आफ फारेस्ट मैनेजमेंट, भोपाल से प्रो. मलकानिया, गढ़वाल वि.वि. से प्रो. हरस्वरूप सक्सेना व डॉ. जी.एस. रजवार।

एम.एससी. इनवायरनमेंटल कोर्स हेतु यू.जी.सी. द्वारा स्वीकृत पदों पर निम्न दो शिक्षकों

का चयन भी वि.वि. द्वारा इसी सत्र में कर दिया गया है।

१. रीडर डॉ. दिनेश भट्ट

२. प्रवक्ता डॉ. पी.सी. जोशी

माह अक्टूबर में विभाग ने "इन्डियन एकेडमी आफ इन्वायरनमेंटल साइंसेज" के सहयोग से "पर्यावरण परिवर्तन का जैविक विविधता पर प्रभाव" नामक विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जिसमें देश के करीब २५ वैज्ञानिकों ने भाग लिया। संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह के अवसर पर कुलपति डॉ. धर्मपाल (मुख्य अतिथि), जम्मू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मल्होत्रा (विशिष्ट अतिथि) प्रो. वी.डी. जोशी (कन्वीनर) सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

विभाग के प्राध्यापकों द्वारा अपने ही प्रयास से एक शोध पत्रिका "Himalayan Journal of Environment & Zoology" का नियमित प्रकाशन विगत ६ वर्षों से लगातार हो रहा है जिसकी शिक्षा जगत में ख्याति अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर निरन्तर बढ़ती जा रही है।

इसके अलावा विभाग में विभिन्न शोध परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है और बी.एससी. (साधारण), बी.एससी. (आर्नस, जूलौजी), एम.एससी. (माइक्रो बायलोजी), एम.एससी. (पर्यावरण विज्ञान) की कक्षाएं सुचारू रूप से चल रही हैं।

विभागीय प्राध्यापकों द्वारा इस सत्र में किये कुछ विशिष्ट क्रियाकलाप निम्न प्रकार हैं:-

(१) डॉ. वी.डी. जोशी-प्रोफेसरः

प्रो. जोशी माइक्रोबायलोजी विषय के कोर्डिनेटर हैं। इनके निदेशन में विषय प्रगति पर है और छात्र राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर गुरुकुल का यश फैला रहे हैं। निम्न दो छात्रों ने इनके सुपरविजन में अपना लघु शोध प्रबन्ध का कार्य पूर्ण किया।

१. श्री कालिका प्रसाद कोठारी २. श्री पुनीत कुलश्रेष्ठ अन्य छात्रों (१) श्री अमित कौशिक एवम् (२) श्री अमित उपाध्याय का शोध कार्य प्रगति पर है।

During the academic/sessionof 1995-96, Prof. B.D. Joshi was in following of the activities, beside his routine duties of teaching in the faculty:

1. Prof. Joshi attended the following four congress held during the academic year:

(i) Zoological Society of India Congress, held at Durdwan University Burdawan, during September 1995 and deliv red one key Note address.

(ii) Thirteenth National Congress of Society of Bioscienceas of India, held at Meerut University in December 1995.

(iii) Attended Indian National Science Congress Association's 92 Convention, held at Punjabi University, Patiala and delivered an invited Guest Lecture on the Status of Eco-biology of river Ganga bhagirathi in Garhwal Himalayas, in the first week of January 1996.

(iv) Attended IV International Congress of Indian Institute of Ecology and Environment, and delivered one special lecture on the Vedic precepts of environment, in the third week of January 1996.

2. Professor Joshi acted as resource person for a five day National Workship, on Aqua Culture organised by the Dept. of Zoology, Punjab University, Chandigarh, in

September 1995 and delivered a special lecture on the Fish Deseases.

3. Delivered an invitee lecture to refresher course teachers in Zoology at the Dept. of Zoology, Kurukshetra University, Kurukshetra, in October 1995.

4. Professor Joshi was awarded Honorary Fellowship of the following organisations, in recognition of his contributions to the field of Zoology and Environmental Sciences:

(i) Zoological Society of India (F.Z.S.I.)

(ii) The Global open University, (Milan Italy)-(F.T.G.O.U.)

5. Prof. Joshi has been nominated as an expert member in the Governing Body of Prof. Henryk Skolimivasky Centre for Eco-philosophy by its Chancellor.

6. Prof. Joshi has been nominated in the academic council of I.I.E.E. Delhi.

7. Prof. Joshi has been apolinted as the founder Co-ordinator of distance Education Programm (D.E.P.) of G.K.V., from the academic session of 1995-96 a programme which he has seeded with grand success.

8. Prof. Joshi has also taken over a University Co-ordinator since Aug. 1995 of N.S.S., a programme which he established in this V.V. in 1982.

9. Prof. Joshi organised a National Seminar on the "Impact of Changing Environment of animal bio-diversity"- in Sept. 1995, and acted as its Director. The programme was sponsored by Directorate of Environment U.P., Lucknow.

10. Prof. Joshi organised a two days district level essay and paintings competetion and exhibition, in Sept, 1995 co-sponsored by Ind. Aca, Env. Science, Hardwar and Directorate of Environment, U.P., Lucknow.

11. Prof. Joshi continues to be:

(i) Editor in Chief of Himalayan Journal of Environment and Zoology.

(ii) President, Ind. Acad. Env. Sci., Hardwar

(iii) Chief Proctor, G.K.V. Hardwar.

(iv) Convenor flying Squad of G.K.V. Examinations

12. Prof. Joshi has participated in various meetings as an subject expert of the following organisations and Universities:

(i) U.G.C. Committee on Emarging areas in education-for environmental sciences.

(ii) Himalayan ecology, G.B.G.I.H.E.D., Almora.

(iii) B.O.S. and R.D.C. of Garhwal, University, Jiwaji university, Avadh University and Bhopal University.

13. Prof. Joshi acted as an expert member in various committees of Rajasthan Agricultural University, Bikaner, Jammu University Jammu, L.N.Mithila University, Darbhanga.

14. Prof. Joshi organised a district level essay competetion on Role of youth in Aids Prevention, under U.T.A., in G.K.V., during March 1996.

15. Two major research projects from U.G.C. and G.B.P.I.H.E.D. are currently in progress under the supervision of prof. Joshi.

16. Two students have been awarded (Sri V.P. Semwal and Sri R.K. Soni have been awarded Ph. D. degree under the guidance of prof. Joshi.

17. This year two students in Zoology and one student in Microbiology got their registration for ph.D. under the guidance of prof. Joshi.

18. Prof. Joshi published two research papers during the current academic year in two national journals.

डॉ. टी.आर. सेठ–रीडर–

डॉ. सेठ द्वारा विभागीय एवं वि.वि. क्रिया कलापों में सक्रिय योगदान दिया गया, आपने विज्ञान संकाय की वार्षिक परीक्षा में सहायक–परीक्षाध्यक्ष का कार्य कुशलतापूर्वक सम्पन्न किया। डॉ. सेठ विभिन्न वि.वि. की परीक्षाओं में परीक्षक हैं।

डॉ. ए.के. चोपड़ा रीडर एवं विभागाध्यक्ष–

इस सत्र में डॉ. चोपडा ने विश्वविद्यालय एवं विभागीय प्रगति हेतु अनेक कार्य किये, उनके कुछ क्रिया–कलापों का ब्यौरा निम्नवत है:

Research papers/Scientific articles:

1. Chopra, A.K. & Singh, H.R. (1995). Diseases of coldwater fishes. Advances in Aquaculture, (In Print)

2. Srivastava, N., Nigam, S.C. Chopra, A.K. 1995. Changes in Aminotransferase Activity of Some Freshwater snails during Larval Trematode Infection. Revista Di Parassitologia (In Print)

3. Chopra, A.K. 1995. Rogoan Ke Safai Mein Shayak Kein Machliyan. March 24, Amar Ujala, p 4

4. Chopra. A.K. 1993. Seesa Vishabtata Vigyan Gasima Sindhu New Delhi, Val. 15.1.94

M.Sc. Dissertation Completed:

1. Antimicrobial Efficacy of Selected Dry Formulation Against Staphylococcus epidermidis - Mr. Deepal Vats

2. In vitro Antimicrobial Sensitivity of Different Antibiotics Against Escherichia Escherichia Coli, a common cause of Urinary Tract Infection-Mr. Ashwani Kumar

Ph. D Dissertation Completed:

'A Study on Epidemiology and Pathology of Parasitic Diseases of Human Beings at Hardwar- Mr. Ravi Kant

Other Activities:

(i) An Executive-editor of Him. J. Env. Zoolo. Since 1987

(ii) As Programme Coordinator of NSS upto Sepember, 1996

डॉ. दिनेश भट्ट रीडर–

(१) डॉ. भट्ट ने Environment and Bird नामक राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया एवं निम्न तीन शोध पत्र प्रस्तुत किये:

(i) Some Aspects of the Territorial Behaviour of the Magpie-Robin

(ii) Preliminary obserrations on calls & songs in Magpie-Robin

(iii) Nest site selection and Nesting in spotted mubia in urbanised habitat

(२) "पर्यावरण परिवर्तन का जैविक विविधता पर प्रभाव" नामक राष्ट्रीय संगोष्ठी ने निम्न शोध पत्र प्रस्तुत किया।

(i) Diversity in Nesting behaviour in a Tropical avain species.

(3) Ph. D. Work: तीन शोध–कर्ताओं (1) Ms. Myera Shah, (ii) Mr. R.C. Sharma & (iii) Mr Anil Kumar का शोध कार्य डॉ. भट्ट के सुपरविजन से प्रगति पर है।

(4) Project: Sociobiology of Some Avain species नामक विषय पर U.G.C. प्रोजेक्ट स्वीकृत है जिस पर शोध कार्य सुचारू रूप से चल रहा है।

(5) Editing Work: Managing Editor "Himalayan Journal of Environment & Zoology.

(6) M.Sc. Dissertation: Mr. Amit Singh ने डा०भट्ट के सुपरविजन में अपना लघुशोध प्रबंध पूर्ण किया व छात्र सुबोध कुमार का कार्य प्रगति पर है।

डॉ. डी.आर. खन्ना: प्रवक्ता:

डॉ. खन्ना ने विभागीय एवं विश्वविद्यालय के क्रिया कलापों में अपना सक्रिय योगदान दिया।

(१) विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी "Impact of Changing Environment on Animal Bioliversity" के संचालन में सक्रिय योगदान दिया व शोध–पत्र वाचन किया।

(2) N.S.S. के नियमित क्रिया–कलापों में छात्रों का मार्ग निर्देशन किया व दस दिवसीय विशेष शिविर का सफल आयोजन किया।

डॉ० ईश्वर भारद्वाजस्य आध्यक्ष्ये विभागः प्रगतिं करोति। निखिलेऽपि भारते गुरुकुलकांगड़ी विश्वविद्यालयेनैव योगविषये स्नातकोत्तरोपाधिः प्रदीयते। डॉ० भारद्वाजस्य निर्देशने चत्वारः छात्राः शोधकार्यं कुर्वन्ति। विभागे डॉ० महावीर मीमांसकानां स्वामीरामदेवस्य च योगविषये विशिष्टानि व्याख्यानानि आयोजितानि। अस्य विभागस्य छात्राः अन्तर्विश्वविद्यालय—योगप्रतियोगितासु विजयवन्तो भवन्ति। डॉ० भारद्वाजस्य योगावार्त्ताः आकाशवाण्याः प्रसारिताः। एते दिल्लीस्थ केन्द्रीय योग संस्थाने पुनश्चर्यापाठ्यक्रमे भागं गृहीतवन्तः। विश्वविद्यालयानुदान आयोगस्य योगप्रोन्नतियोजनायां श्री योगेश्वरदत्तः श्री सुरक्षितश्च कार्यरतौ स्तः।

श्रद्धानन्दशोध संस्थानम्:—

डॉ० भारतभूषण विद्यालंकार महोदयानां निर्देशने संस्थानमिदं शोध ग्रन्थानां प्रकाशनं करोति। डॉ० भारतभूषणमहोदयैः एका बृहद् शोधपरियोजना विश्वविद्यालयानुदान आयोगं प्रति प्रेषिता। प्रो० रणजीत सिंह महोदय प्रणीतस्य स्वामिश्रद्धानन्दचरिताख्यस्य ग्रन्थस्य तथा च आचार्य रामदेव विरचितस्य ''भारतवर्ष का इतिहास' ग्रन्थस्य प्रकाशनं शोधसंस्थानेन कृतम्।

शारीरिक शिक्षाविभागः—

छात्राणां शारीरिक, मानसिक वृद्धयर्थं विश्वविद्यालये शारीरिक शिक्षा विभागः डॉ० रामकुमार सिंह डागर महोदयस्य निर्देशने प्रशंसनीयं कार्यं करोति। अत्रत्याः छात्राः अनेकासु राष्ट्रीय प्रतियोगितासु भागं गृहीतवन्तः। कबड्डी, बाक्सिंग योगक्रीड़ा प्रतियोगितासु गुरुकुलस्य छात्राः विजयमलभन्त। क्रीड़ाविभागाध्यक्षाःडॉ० डागर महोदयाः गुरुनानकदेव विश्वविद्यालये, विविधासु प्रतियोगितासु च विश्वविद्यालयनुदानयोगेन पर्यवेक्षकरूपेण प्रेषिताः।

आगामनि सत्रे विभागेऽस्मिन् त्रिवर्षीय बी०पी०एड० पाठ्यक्रमः प्रारभ्यते।

मानविकी संकायः

मानविकी संकाये हिन्दी, अंग्रेजी, मनोविज्ञान, प्रौढ़–शिक्षा चत्वारो विभागाः वर्तन्ते। डॉ० नारायण शर्माणोऽस्य संकायाध्यक्षपदे प्रतिष्ठिताः सन्ति।

हिन्दीविभागः–

डॉ० विष्णुदत्त राकेशः प्रोफेसर पदे, डॉ० ज्ञानचन्द रावलः विभागाध्यक्षपदे, डॉ० सन्तरामवैश्यः, डॉ० भगवान्देव पाण्डेय महोदयौ रीडरपदे कार्यरताः सन्ति। श्री कमलकान्त बुधकरश्च प्राध्यापकरूपे हिन्दीपत्रकारितायाः संवर्धने बद्धादरो वर्तते। विश्वविद्यालये ऽद्यावधि विविधेषु दीक्षान्त समारोहेषु मनीषिभिः प्रदत्तानां दीक्षान्त भाषणाना सम्पादनं श्रीमद्भिः डॉ० विष्णुदत्त राकेश महोदयैः 'दीक्षालोक' नाम्ना कृतं यस्येदानीं लोकार्पणं क्रियते। एतेषां निर्देशने बहुभिः छात्रैः शोधोपाधयः प्राप्ताः। डॉ० सन्तराम, डॉ० ज्ञानचन्द, डॉ० भगवानदेव महोदयानां निर्देशने अनेके छात्राः शोधकार्यरताः सन्ति। डॉ० सन्तराम वैश्येन कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालये समायोजिते हिन्दी पुनश्चर्या पाठ्यक्रमे व्याख्यानं प्रदत्तम्। अमृतसरस्थ गुरूनानकदेव विश्वविद्यालस्य हिन्दीविभागे, चित्रकूटधाम्नि राष्ट्रीय रामायाण मेलावसरेच विचाराः प्रस्तुताः।

आंग्लभाषा विभागः –

सम्प्रति विभागे पञ्च उपाध्यायाः विराजन्ते। प्रोफेसरपदभाजां डॉ० नारायण शर्मणां निर्देशकत्वे एको छात्रः पी–एच.डी. उपाधिं स्वीकरोति। एते इलाहाबाद, मेरठ, कुमायूं आदि विश्वविद्यालयेषु विषयविशेषज्ञत्वेन सादरं निमन्त्रिताः। अरविन्द साहित्यमधिकृत्य भवद्भिः प्रशंसनीयं कार्य क्रियते।

विभागाध्यक्षाः श्री सदाशिव भगत महोदयाः विभागस्य स्थापनाकालत एव सेवारताः सन्ति। एषां प्रयासेन भाषा प्रयोगशालयाः स्थापना संजाता। श्री भगत महोदयस्य निर्देशने अनेके छात्राः पी–एच.डी. उपाधिवन्तः समभवन्।

डॉ० श्रवणकुमार शर्मणः निर्देशने एकेन छात्रेण शोधोपाधिः प्राप्यते। डॉ० शर्मा जम्मू–विश्वविद्यालये शोधसंगोष्ठ्यां शोधपत्रं प्रस्तुतवान्। डॉ० अम्बुज शर्मणः निर्देशने त्रयो छात्राः शोधकार्य कुर्वन्ति। डॉ० कृष्णावतार अग्रवालः 'शेक्सपीयर इन माडर्न टाइम्स' विषये शोधकार्यरतोऽस्ति। असौ प्रयागविश्वविद्यालये तथा च हैदराबाद नगरे पुनश्चर्या पाठ्यक्रमे भागं गृहीतवान्।

मनोविज्ञान विभाग :–

विभागेऽस्ति पञ्च उपाध्यायाः अध्यापनकर्मणि, शोध निर्देशने च कृतसंकल्पाः सन्ति। प्रो० ओ०पी० मिश्राणां निर्देशने १० छात्राः शोधोपाधिं प्राप्तवन्तः। विभागाध्यक्षानां श्री एस०सी० धमीजा महोदयानां निर्देशने एकः छात्रः अस्मिन् समारोहे पी–एच.डी. उपाधिना अलंक्रियते। एतेषां शोधपत्रमेकं तन्मय भट्टाचार्यस्य सहलेखने आस्ट्रेलियास्थ अन्तर्राष्ट्रीय कांग्रेसे स्वीकृतम्। धमीजा महोदयस्य त्रीणि पुस्तकानि मनोविज्ञानविषये प्रकाशितानि सन्ति। विभागे रीडरपदभाजा डॉ० एस०के० श्रीवास्तवेन द्वयोः शोधपरियोजनयोः कार्यं क्रियते। द्वाभ्यां छात्राभ्यां शोधोपाधिः प्राप्ता।

अनेन विभागेन एका त्रिदिवसीया अन्तर्राष्ट्रीय शोधसंगोष्ठी बृहद्रूपेणायोजिता। न केवलं

भारतदेशीयाः अपितु विदेशीयाः मनोविज्ञानविद्वांस' समायाताः प्रो० पेस्टोंजी, प्रो० कलियप्पन, प्रो० एम०सी० जोशी प्रो० ए०के० सेन प्रभृतयः विद्वत्तल्लजाः सम्मेलनमिदं सनाथितवन्तः। डॉ० एस०के० श्रीवास्तवः संयोजकस्य गुरुतरं दायित्वम् उवाह। सर्वेषां वैज्ञानिकसत्राणां संचालनं श्री एस०सी० धमीजा महोदयैः कृतम्। प्रवक्तृपदे कार्यरतस्य डा० सी०पी० खोखरस्य निर्देशने छात्राः शोधकार्यं कुर्वन्ति।

प्रौढ़ शिक्षा विभागः—

विभागेऽस्मिन् डॉ० आर०डी० शर्मा अध्यक्षपदभारं वहति। डॉ० जशवीर सिंह मलिकः सहायकरूपेण कार्यं करोति। जने—जने साक्षरतायाः प्रचाराय प्रसाराय विभागोऽयं कृतसंकल्पो वर्तते।

अस्मिन् वर्षे इण्डियन सोसाइटी फार कम्यूनिटी एजूकेशन संस्थायाः सहाय्येन सप्तम राष्ट्रीय सम्मेलनमत्र समायोजितम्। विभागेन सतत् शिक्षातर्गन्तानि पञ्च व्यावसायिक प्रशिक्षणानि समायोजितानि। मानवानिकी संकाये स्नातक कक्षासु समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र, गणित, कम्प्यूटर, विज्ञान विषया अपि पाठ्यन्ते।

विज्ञानसंकायः

गणित सांख्यिकी विभागः—

डॉ० वीरेन्द्र अरोड़ा महोदयो गणितसांख्यिकी विभागस्य विज्ञानसंकायस्य च अध्यक्षपदम् अलंकरोति। अधुना डॉ० एस०एल० सिंह महोदयः आमन्त्रित आचार्यरूपेण दारूलसलाम विश्वविद्यालये अध्यापयति। डॉ० अरोड़ामहोदयः 'इण्टरनेशनल बायोग्राफिकल सेन्टर' अनुष्ठानेन पञ्चनवतिषण्णवतिवर्षस्य कृते वर्षस्य अन्तर्राष्ट्रीय पुरुषत्वेन सम्मानितः।

विभागे सत्रेऽस्मिन् बी०एस०सी० कक्षासु सांख्यिकी विषयः पृथक् विषयत्वेन पाठ्यक्रमे समायोजितः। डॉ० अरोड़ा, डॉ० महीपाल सिंह, डॉ० हरवंसलाल गुलाटी, एभिः प्राध्यापकैः संगणकविभागेन समायोजितायां कार्यशालायां भागो गृहीतः। डॉ० विजयेन्द्रकुमार शर्मा शोधकार्येषु संलग्नः।

रसायनविज्ञानविभागः—

डॉ० आर०डी० कौशिकः सम्प्रति अध्यक्षपदे प्रतिष्ठतोऽस्ति। अस्मिन् विभागे डॉ० आर०के० पालीवाल, डॉ० इन्द्रायण, डॉ० कौशल कुमार, डॉ० आर०डी० कौशिक, डॉ० रणधीर सिंह, डॉ० श्रीकृष्ण महोदयाना निर्देशने उच्चस्तरीयमध्यनं शोध कार्यं च प्रचलति। डॉ० आर०डी० कौशिक, डा० इन्द्रायण महोदययोः निर्देशने छात्राभ्यां पी.एच.डी. उपाधिः प्राप्तः। एतौ प्राध्यापकौ एकैकस्यां शोधपरियोजनायामपि संलग्नौ स्तः। डॉ० आर०डी० सिंह महोदयेन एका शोधपरियोजना पूर्ति नीता। अस्य विभागास्य अनेके शोधलेखाः अन्ताराष्ट्रीयशोधपत्रिकासु प्रकाशिताः।

विभागीय उपाध्यायानां निर्देशने अनेके छात्राः शोधनिरताः वर्तन्ते। अस्य विभागस्य छात्राः गोआ विश्वविद्यालयं डोनापोलास्थानस्थं ओशनोग्राफी इन्स्टीट्यूट (समुद्रविज्ञानसंस्थान) प्रति यात्रार्थं गताः।

भौतिकी विभागः—

अद्यत्वे डॉ० राजेन्द्रकुमार महोदयस्य आध्यक्ष्ये विभागोऽयं प्रगतिपथमारोहति। विभागेऽस्मिन्

कुलाधिपति श्री सूर्यदेव

कुलपति डॉ० धर्मपाल

श्री हरीशचन्द्रग्रोवर, डॉ० बुद्धप्रकाश शुक्लः, डॉ० राजेन्द्र कुमार एते महानुभावाः रीडरपदे कार्यरताः। डॉ० पी०पी० पाठको वरिष्ठ प्रवक्तृपदे प्रतिष्ठितः। अस्मिन् विभागे अष्टौ छात्राः गवेषणाकार्यं कुर्वन्ति।

डॉ० पाठकमहोदयस्य एकः शोधलेखों ऽन्ताराष्ट्रीयशोधपत्रे प्रकाशनार्थं स्वीकृतः। विभागे सी.एस.आर. संस्थानस्य पूर्वनिर्देशकस्य डॉ० एस०के० जोशी महोदयस्य विशिष्टव्याख्यानं समायोजितम्।

कम्प्यूटर विभागः–

अस्मिन् विश्वविद्यालये कम्प्यूटर विषयस्य उच्चस्तरीयमध्ययनं गवेषणाकार्यं डॉ० विनोदकुमार शर्मणोऽध्यक्षत्वे सुचारुतया प्रचरति। डॉ० विनोदकुमार शर्मणः डॉ०कर्मजीत भाटिया, श्री सुनीलकुमार, श्री वेदव्रत, श्री द्विजेन्द्रपन्त – एषां महानुभावानाञ्च अनेके शोधलेखाः राष्ट्रीयान्ताराष्ट्रीयपत्रिकासु प्रकाश्यं गताः। डॉ० शर्मणो निर्देशने एकश्छात्रः पी–एच.डी. उपाधिम् प्राप्तवान्। डॉ० शर्मा रानीदुर्गावती विश्वविद्यालये अनेकानि व्याख्यानानि प्रदत्तवान्।

अस्मिन् विभागे वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोगः अस्य संस्थानस्य सहयोगेन डॉ० विनोदशर्मणः संयोजकत्वे 'कम्प्यूटर की हिन्दी तकनीकी शब्दावली का विकास एवं अनुप्रयोग' इत्यस्मिन् विषये एका पञ्चदिवसीया शोधगोष्ठी समायोजिता। अस्यां पञ्च पञ्चाशत् विद्वांसः सम्मिलिताः।

अस्मिन् विभागे रूड़की विश्वविद्यालयस्य डॉ० पी०एस० अग्रवाल, डॉ० एस०पी० शर्मा, डॉ० के०के० श्रीवास्तव महाभागानां महर्षि दयानन्दविश्वविद्यालयस्य पूर्वकुलपतेः ओ०पी० चौधरी महोदयस्य, उपकुलपतेः डॉ० एल०एन० दहियामहोदयस्य गढ़वाल विश्वविद्यालयस्य डॉ० आर०के० शर्मणश्च व्याख्यानानि समायोजितानि।

अस्मिन् वर्षे विभागीयपुस्तकालयस्य प्रयोगशालायाश्च विस्तारो विकासश्च विहितः।

कम्प्यूटरकेन्द्रम्ः–

विश्वविद्यालये सुसमृद्धं कम्प्यूटरकेन्द्रमपि वर्तते। डॉ० विनोदकुमारशर्मणोऽध्यक्षे श्री अचलगोयल, श्री महेन्द्र सिंह असवाल, श्री मनोज कुमार, श्री शशिकान्त शर्मा इमे महानुभावाः कार्यरताः।

मुख्यकार्यालयस्य सुव्यवस्थार्थं पृथक्त्वेन एकः कम्प्यूटर अनुभागः संस्थापितः। अस्य विभागस्य प्राध्यापकैः सहयोगिभिश्च अनेके लेखाः विविधसम्मेलनेषु प्रस्तुताः।

जीवविज्ञानसंकायः

अस्मिन् सत्रे डॉ० आर०सी० दूबे विभागे रीडरपदे नियुक्तः। जर्मनवास्तव्यस्य प्रोफेसर काये महोदयस्य विभागे विशिष्टं व्याख्यानमायोजितम्। बायोटैक्नोलोजी इत्यस्मिन् विषये एका राष्ट्रीया संगोष्ठी समायोजिता। एकोनविंशतितमा इण्डियन बोटेनिकल सोसाइटी इत्याख्या गोष्ठी चापि समायोजिता। अस्मिन् विभागे विविधविषयेषु पञ्चविंशतिलक्षात्मिकाः तिस्रः शोधयोजनाः लक्ष्याप्राप्त्युन्मुखाः सन्ति।

विभागीय प्राध्यापकानामनेके लेखाः राष्ट्रीयान्ताराष्ट्रीयपत्रिकासु प्रकाशिताः। डॉ०

पुरुषोत्तमकौशिक, डॉ० आर०सी० दूबे महोदयानाम् एकैकं पुस्तक प्रकाशितम्। समेऽपि प्राध्यापकाः राष्ट्रीयसंगोष्ठीषु शोधपत्राणि प्रस्तुतवन्तः विभागाध्यक्षस्य प्रो० माहेश्वरी महोदयस्य नाम विश्वविद्यालयानुदानायोगेन रूसदेशस्ययात्रार्थं प्रस्तावितम्।

जन्तु विज्ञान–पर्यावरणविज्ञान विभागः–

एतद्विभागीयाः प्राध्यापकाः विभागं विश्वविद्यालयञ्चोन्नेतुं सदा यत्नवन्तो वर्त्तन्ते। प्रो० बी०डी० जोशी महोदयः तिस्रशोधयोजनाः, डॉ० दिनेश भट्ट, डॉ० पी०सी० जोशी महाभागश्च एकैक्यं शोधयोजनां सुपरिचालयन्ति। विभागस्य प्राध्यापकैः Himalayan Journal of Environment and Zoology नाम्नी शोधपत्रिका प्रकाशिताः। अस्य विभागस्य त्रयस्त्रिंशत् शोधलेखाः प्रकाशिताः। विविधशोधगोष्ठीषु चास्य विभागस्य प्राध्यापकाः भागं गृहीतवन्तः।

अस्मिन् विभागे अनेकेषां भारतीयवैदेशिक विदुषाम् व्याख्यानानि समायोजितानि।

सप्त छात्रा अत्र शोधकार्यं कुर्वन्ति, चत्वारश्छात्राः पी०एच०डी० उपाधिम् अधिगतवन्तः। विभागस्य अनेके प्राध्यापकाः नैकाः अन्ताराष्ट्रिय पत्रिकाः सम्पादयन्ति। बी०डी० जोशी, डॉ० डी०आर० जोशी, डॉ० डी०आर० खन्ना – प्राध्यापकाभ्यां राष्ट्रीयसेवायोजनायाः कार्यक्रमाः प्रचाल्यन्ते।

प्रबन्धन संकायः

विश्वविद्यालयोऽयमनुदिनं प्रबन्धनशिक्षाक्षेत्रे अग्रेसरति। डॉ० एस०सी० धमीजा संकायस्य अध्यक्षो वर्त्तते।

अस्मिन् संकायेऽस्मिन् सत्रे एम०बी०ए० पाठ्यक्रम प्रारब्धः। डॉ० वी०के० सिंह, डॉ० वी०के० साहनी प्रवक्तृपदे नियुक्तौ। अस्मिन् सत्रे भिवानीस्थ प्रोफेसर एस०के० शर्मा दिल्लीवास्तव्य श्री संजय सेठी प्रभृतीनां विदुषां प्रबन्धविषयकं विशिष्टम् व्याख्यानम् आयोजितम्। छात्राणा व्यावहारिकज्ञानार्थं हरिद्वार–ऋषिकेश–दिल्ली– मुम्बई–मैसूर–बंगलौर–बंगलौर प्रभृति नगरेषु स्थितानि अनेकानि व्यापारिकौद्योगिकप्रतिष्ठानानि प्रदर्शितानि। विभागे विविधाः प्रतियोगिताः परिचर्याः वादविवादाः व्यापारिकक्रीड़ाश्च आयोजिताः।

पुस्तकालयः–

अस्माकम् पुस्तकालयः दुर्लभप्राच्यविद्याग्रन्थानां पावनं कोषागारम्। अस्मिन् पुस्कालये विविध विषयाणाम् एकलक्ष पंचविंशति परिमितानि पुस्तकानि शोभन्ते। विश्वविद्यालयस्य श्रद्धानन्दप्रकाशन केन्द्रेण प्रतिवर्षं ग्रन्थाः प्रकाश्यन्ते। अस्मिन् वर्षे 'दीक्षालोकः' प्रकाश्यते।

अस्मिन् वर्षे पुस्तकालयावलोकनार्थं श्री साहिब सिंह वर्मा, मुख्यमंत्री दिल्ली सर्वकारः तथा च स्मेकल ओदोलेन, राजदूतः चैक गणराज्यस्य प्रभृतयः नेतारो विद्वांसश्च समायाताः।

पुरातत्व संग्रहालयः–

विभागोऽयं सततमुन्नतिशीलः। प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थानां वीथिरेका निर्मिता। पाण्डुलिपीनां संरक्षण योजनायां ६५ पाण्डुलिपीनां परिरक्षणं विहितम्। विश्वविद्यालयानुदान आयोग सहाय्येन संग्रहालय भवने चतुर्णां कक्षाणां निर्माणं संजातम्।

श्री साहिब सिंह वर्मा मुख्यमंत्री दिल्ली सर्वकारः, डॉ० के०पी० नौटियाल कुलपतिः गढ़वाल विश्वविद्यालयः, डॉ० महेन्द्र सोढ़ा कुलपतिचरः लखनऊ विश्वविद्यालय तथा चार्न्येअनेके महानुभावाः संग्रहालयम् अमुं प्रेक्ष्य प्राशंसन्।

समुपस्थिताः अतिथयः!

नारीशिक्षामुन्नेतुं विश्वविद्यालयेनानेन देहरादून नगरे सुदीर्घकालात् कन्या गुरुकुलं सञ्चाल्यते, तत्र संस्कृत, वेद, हिन्दी, आंग्लभाषा, संगीत, इतिहासादि विषयैः सह कम्प्यूटर विषयस्यापि उच्चशिक्षा प्रदीयते।

हरिद्वार नगरे बालिकानामुच्चशिक्षाप्राप्तयेन काचित् समुचिता व्यवस्था आसीत्। अस्माभिरभावोऽयमपाकर्तुं कन्या गुरुकुलमहाविद्यालयः प्रारब्धः। बालिकाः प्रबन्धविषये एम०बी०ए० उपाधि प्राप्तये अध्ययनरताः सन्ति। श्री सुरेखा राणा, सुश्री बिन्दु अरोड़ा प्रवक्तृपदे नियुक्ते। डॉ० सुनृता महोदयायाः निर्देशने महाविद्यालयोऽयं सततमुन्नतिपथमारोहति। तत्रसुयोग्याः, कर्मशीलाः प्राध्यापिकाः मनसा अध्यापयन्ति। कन्यागुरुकुलमहाविद्यालयस्य वार्षिकोत्सवे प्राध्यापिकानां मार्गदर्शने सांस्कृतिककार्यक्रमाः छात्राभिः प्रदर्शिताः। आसां कृते सुविशालस्य भवनस्य निर्माणं क्रियते।

प्रेयांसः स्नातकाः!

स्वामिश्रद्धानन्देन येषां शाश्वतजीवनमूल्यानां परिरक्षणाय, राष्ट्रीयैकतायाः अखण्डताया चरित्रस्य धार्मिकसद्भावस्य च विकासाय गुरुकुलशिक्षापद्धतिरियं समुद्भाविता, तानि जीवनमूल्यानि, ते च आदर्शाः भवतां जीवने स्थितिं विधाय प्रतिपदमुन्नतिं साफल्यञ्च प्रदास्यन्ति। यद्यपि वर्तमान समाजे विषमाः समस्याः प्रादुर्भवन्ति, परं गुरुजनानामाशीर्वादेन सह भवतामात्मविश्वासो निश्चितं जीवनमुन्नेष्यति युष्माकं सर्वेषां कल्याणाय, सर्वविधमाङ्गल्याय च परेशं प्रार्थये मुन्नेष्यति।

विश्वविद्यालयस्य सर्वाङ्गीणविकासे अधिकारिणां, शिक्षकानां, कर्मचारिणां, ब्रह्मचारिणाम् अभिभावकानाञ्च सहयोग एवं प्रशस्यते। कुलाधिपति श्री सूर्यदेव महोदयानां, परिद्रष्टा श्री महावीर सिंह महोदयानां च निर्देशने ऽसौ विश्वविद्यालयः प्रगतिपथमारोहति।

हे महाजनाः सज्जनाः!

सौभाग्यमिदमस्माकं यद् साहित्यकोविदाः अन्तर्राष्ट्रीय संबंध संस्थाने भारतीय भाषा विभागस्य अध्यक्षाः डॉ० आलेग जी उल्त्सिफेरो व महोदयाः दीक्षान्त भाषणायात्र विराजन्ते।–भवता गुरुकुलमुपेत्य गुरुकुलीय शिक्षा प्रतिनिजानुरागः प्रकटितः। गुरुकुलमध्ये भवन्तमालोक्य सर्वेऽपि कुलवासिनो वयं धन्याः। भवतामाशीर्वचोभिः विश्वविद्यालयः नूनं प्रतिष्ठां प्राप्स्यतीति विश्वसीमः।

अन्ते चाहं समुपस्थितानां सर्वेषां महानुभावानां धन्यवादान् व्यावहरन् सकल जगज्जेगीयमानं परमेशमभ्यर्थये –

भद्रं भद्रं न आभर इष्मूर्ज शतक्रतो।

१३ अप्रैल, १९९७
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वारम्।

डॉ० धर्मपालः
कुलपतिः

दीक्षान्त अभिभाषण

कुलाधिपति महोदय, परिद्रष्टा महोदय, कुलपति जी, आचार्यगण, अन्तेवासियों, देवियों तथा सज्जनों,

अमर हुतात्मा वीतराग संन्यासी स्वामी श्रद्धानन्द जी द्वारा संस्थापित राष्ट्रीय शिक्षण संस्था गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के इस पवित्र प्रांगण में उपस्थित होकर मुझे परम प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। यह संस्था विद्या और तप की स्थली रही है। स्वामी श्रद्धानन्द जी के तप ने और ब्रह्मचारियों की देशभक्ति ने महात्मा गांधी को इस तपःस्थली की ओर आकृष्ट करके उनके मन में आशा और विश्वास का भाव उत्पन्न किया था। यह वही पावन भूमि है, जहाँ हमारे देश के सर्वमान्य नेताओं ने समय-समय पर पदार्पण करके स्वयं को गौरवान्वित किया था। स्वामी श्रद्धानन्द जी के संरक्षण में जो आचार्यगण अपने अन्तेवासियों को राष्ट्रभक्ति के गीत सुनाया करते थे, वे स्वयं उसी उत्तरीय वस्त्र को धारण करते थे, जिसका ताना और बाना देशभक्ति, स्वाधीनता, स्वावलम्बन, सच्चरित्रता, निश्छलता तथा निर्भीकता के धागों से बुना जाता था। यह वही संस्था है जिसके ब्रह्मचारी गंगा तट पर बैठकर गंगा की उठती हुई तरंगों में देशभक्ति के गीतों की तान को खोजा करते थे। इस संस्था के इतिहास को पढ़कर जैसा विदित होता है कि यहां शिक्षा का उद्‌देश्य केवल जीविकोपार्जन के लिए न होकर मानव के सर्वांगीण विकास के लिए था। शिक्षा वही है जो मानव को सही जींवन का दर्शन देकर उसे उन्नति की ओर अग्रसर करे। नैतिक आदर्श, मानव मूल्य, सद्‌भाव, राष्ट्रीयता, विश्वबन्धुत्व, हठ और दुराग्रह का परित्याग सिखाने वाली विद्या ही शिक्षा का रूप है।

उपस्थित सज्जनो!

मुझे बताया गया था कि गुरुकुल कांगड़ी जिन आदर्शों को सामने रखकर खोला गया था, वे वैदिक आदर्श हैं जिनमें संकीर्णता का लेश भी नहीं है। वहाँ न साम्प्रदायिकता है, न संकीर्णता है, न कोई वाद पनपा है, न स्वार्थपरता है, न निरंकुशता है, वहाँ तो केवल सच्ची मानवता है, परमार्थ की भावना है, विश्वबन्धुत्व का उद्‌घोष है तथा समूचे विश्व को मित्र दृष्टि से देखने का आदर्श है। वेदों में मानव को उन्नत होने के लिए भौतिक एवं आत्मिक दोनों ही सम्पत्तियों से भरपूर होने का उपदेश है। इसलिए शिक्षा का उद्‌देश्य मानव की आन्तरिक तथा बाह्य शक्तियों का विकास करना है। आज मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय में प्राचीन एवं नवीन विषयों के अध्ययन-अध्यापन की समुचित व्यवस्था है। भारतीय संस्कृति के परिचायक एवं पोषक प्राच्य विद्या संकाय में वेद, संस्कृत, दर्शन, योग, प्राचीन भारतीय इतिहास, पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग कार्य कर रहे हैं। मांनविकी संकाय में हिन्दी, अंग्रेजी, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र आदि नवीन विषयों के अध्यापन की व्यवस्था है। इसी प्रकार विज्ञान के क्षेत्र में उन्नति करने के लिए विज्ञान संकाय तथा जीव विज्ञान संकाय में गणित शास्त्र, रसायन शास्त्र, भौतिकी तथा कम्प्यूटर विज्ञान, जन्तु विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, सूक्ष्मजीव विज्ञान की व्यवस्था है। आधुनिक आवश्यकता का अनुभव करते हुए यहाँ प्रबन्धन संकाय की व्यवस्था भी हो चुकी है। महिला शिक्षा को उन्नत करने के लिए यहाँ प्राचीन एवं नवीन तथा विज्ञान विषयों के अध्यापन की व्यवस्था कर दी गयी है। यह जानकर मुझे हर्ष हो रहा है कि यहाँ विज्ञान के छात्रों के लिए धर्म, दर्शन एवं संस्कृति की शिक्षा भी अनिवार्य रूप से दी जाती है।

आदरणीय सज्जनों!

यह जानकर मुझे प्रसन्नता है कि गुरुकुल काँगड़ी के स्नातकों ने यहाँ से शिक्षा प्राप्त करके विद्यास्नातक तथा व्रतस्नातक के रूप में दीक्षित होकर देश–विदेश में जाकर जो कार्य किया है, वह प्रशंसनीय है। अपने हृदय में विश्वबन्धुत्व का भाव संजोकर कार्य करने वाले स्नातकों ने विदेशों में भी शिक्षा, धर्म, राजनीति तथा व्यवसाय के क्षेत्र में विशिष्ट मानदण्ड स्थापित किए हैं। पं० अमीचन्द विद्यालंकार ने फिजी में जाकर अनेक शिक्षण संस्थानों की स्थापना की। वे वहाँ संसद के सदस्य भी बने। आचार्य रामदेव, पं० सत्यव्रत सिद्धान्तालंकार, पं० बुद्धदेव विद्यालंकार, पं० मदन मोहन, श्री विद्यासागर विद्यालंकार, पं० सत्यपाल सिद्धान्तालंकार, पं० ईश्वर दत्त विद्यालंकार, श्री सत्यदेव भारद्वाज वेदालंकार, श्री धर्मेन्द्रनाथ वेदालंकार, श्री देवनाथ विद्यालंकार, श्री रणधीर वेदालंकार, श्री अमृतपाल वेदालंकार, पं० श्यामसुन्दर स्नातक ने बर्मा, अफ्रीका, कीनिया, युगान्डा, टांगानीका, सिंगापुर, मलाया, यूरोप में जाकर वैदिक सिद्धान्तों एवं हिन्दी भाषा का प्रचार–प्रसार किया। मोजाम्बिक में पं० रविशंकर सिद्धान्तालंकार, पं० सुमन्तराय विद्यालंकार, पं० मतिमान विद्यालंकार ने तथा रोडेशिया में पं० हरिदेव वेदालंकार ने अध्यापन कार्य किया। दक्षिण अफ्रीका में सुधीर कुमार विद्यालंकार, श्री अरूण कुमार विद्यालंकार, श्री हरिशंकर आयुर्वेदालंकार, पं० नरदेव वेदालंकार ने सराहनीय कार्य किया। इस समय भी अनेक स्नातक अमेरिका और यूरोप के देशों में गुरुकुल का नाम उज्जवल कर रहे हैं। अपने देश में रहते हुए जिन्होंने सम्पूर्ण जीवन देशहित, वेदप्रचार तथा अनुपम ग्रन्थों के लेखन में समर्पित कर दिया उनमें पं० अमरनाथ विद्यालंकार, आचार्य प्रियव्रत वेदवाचस्पति, प्रो० विश्वनाथ विद्यालंकार, पं० क्षितिश वेदालंकार आदि के नाम उल्लेखनीय हैं।

समाचार पत्रों से मुझे ज्ञात हुआ है कि इस वर्ष गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्तर के सात सम्मेलनों का आयोजन किया गया है जिनमें विश्वविद्यालय को पर्याप्त प्रतिष्ठा प्राप्त हुई है। प्रौढ़ शिक्षा में, सूक्ष्म जीव विज्ञान में, दर्शनशास्त्र में तथा विश्वविद्यालय प्रशासक संघ के संरक्षण में यहाँ होने वाले सम्मेलनों में बाहर से पधारे हुए विद्वान प्रभावित हुए जिनमें मैं भी हूँ।

सभी ने अनुभव किया कि यह एक राष्ट्रीय शिक्षण संस्था है जिसका भारत के विश्वविद्यालयों में देश की भाषा, रक्षा, पारस्परिक सम्बन्ध तथा देशप्रेम की दिशा में विशेष स्थान है।

उपस्थित सज्जनों!

भारतवर्ष ने जिसकी तपस्या, विद्वता, सहृदयता, अनुरागिता, विश्वजनीनता तथा सद्भावना के बल पर विश्व गुरु के पद को प्राप्त किया था वे इस देश के महर्षि, मुनि, योगी और आचार्य ही थे। यहाँ का आचार्य अपने हृदय में ब्रह्मचारी के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर ब्रह्मचारी को अपने गर्भ में धारण करता था, जिस प्रकार माता के गर्भ में स्थित शिशु माता की आंखों से देखता है उसके कानों से सुनता है, उसकी रसना से खाता है, उसके चिन्तन से सोचता है, उसी प्रकार आचार्य के द्वारा निर्देशित होकर उसका अन्तेवासी आचार्य की आज्ञानुसार सुनता है, पढ़ता है, देखता है, क्रीड़ा करता है, सोता है, जागता है और जीवन का विकास करता है। आचार्य अपने छात्र को इस प्रकार बनाता है कि वह विद्या के क्षेत्र में, राष्ट्रीयता के क्षेत्र में, सामाजिकता के क्षेत्र में, व्यवसाय के क्षेत्र, ज्ञान विज्ञान के क्षेत्र में, देशान्तर के संबंधों के क्षेत्र में, लेखन कला में, वाक्कला में पूर्ण निष्णात होकर अपनी रूचि के अनुसार कर्तव्य का पालन करता हुआ प्रगति पथ पर अग्रसर होता है। देश के अभ्युत्थान में आचार्य की भूमिका बलवत्तर होती है क्योंकि आचार्य केवल किताबी ज्ञान से ही छात्र को विकसित नहीं करता वह तो आचार एवं सदाचार की शिक्षा देकर छात्र का निर्माण करता है।

सज्जनों!

आप अवश्य जानते हैं कि महर्षि दयानन्द सरस्वती जी ने अपने अमर ग्रन्थ सत्यार्थ प्रकाश से मानव शिक्षा के उन मूलभूत सिद्धांतों की ओर संकेत किया है जो शिक्षा जगत के प्राणभूत हैं। अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्द जी ने अपने गुरुवर महर्षि दयानन्द के अनुसार ही देश में गुरुकुल पद्धति का पुनरुद्धार करके महान कार्य किया। आज हमारा देश शिक्षण की दिशा में पुरुषों एवं महिलाओं के लिए समान रूप से सभी साधन जुटाने में लगा है, नारी शिक्षा की अनिवार्यता के विषय में महर्षि दयानन्द स्मरणीय हैं। स्वामी जी ने अछूतोद्धार, नारी शिक्षा, स्वराज्य की भावना को जगाकर पाखण्डों का खण्डन करके सम्पूर्ण मानवजाति को उन्नति करने के अधिकार की बात कही है। आज आपके देश में अनेक विश्वविद्यालयों में शिक्षण कार्य चल रहा है, चिकित्सा के क्षेत्र में तथा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी शिक्षण संस्थानों की कमी नहीं है तथापि अभी और आवश्यकता का अनुभव हो रहा है। आज अच्छे से अच्छे इंजीनियर तैयार हो रहे हैं, डाक्टर प्रतिवर्ष शिक्षित होकर कार्य में लगे हैं, तकनीकी विद्या के पारंगत विद्वान आज उपलब्ध हो रहे हैं परंतु भारत और संसार के सभी देशों का एक पक्ष अभी निर्बल हो रहा है, वह है नैतिकता का पक्ष। इसका एक मात्र कारण मैं समझता हूं कि अध्यापकों ने शिक्षा को अधिकतर किताबी ज्ञान तक सीमित कर लिया है, जबकि शिक्षा का सम्बध मानवीय शुद्ध व्यवहार के साथ जुड़ा हुआ है। आज पारस्परिक सौहार्द की भावना, स्वाध्याय की प्रवृत्ति, स्वावलम्बन की भावना, पुरुषार्थ की तत्परता, दूसरे के संकट को दूर करने की भावना तथा एक साथ चलने की प्रवृत्ति का प्रायः ह्रास होता जा रहा है। आज का मानव लगता है केवल स्वयं में केन्द्रित होकर ही विकास का स्वप्न साकार करना चाहता है। वह अपनी उन्नति को उन्नति मानता है, अपने सुख को बढ़ाने में ही उसकी शक्ति का अपचय होता है। उसका अपने पड़ोसी के प्रति, अपने समाज के प्रति, दीनों और अनाथों के प्रति, जो साक्षर नहीं है उनके प्रति, जो मार्ग से भटक गए हैं उनके प्रति तथा जो निर्धनता के कारण वस्त्र तथा भोजन भी यथोचित प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं उनके प्रति क्या नैतिक दायित्व है, इस विषय में उसका चिन्तन शून्य है, उसकी वाणी मौन है तथा पैरों की गति अवरूद्ध है।

मैं रूस देश से आया हूं जो वर्ष में सात महीने हिमाच्छादित होता है जिसके कारण हमारे छात्रों के सामने कम प्रलोभन है। रूस में पांच सौ से अधिक विश्वविद्यालय हैं जिनमें बीस लाख से अधिक विद्यार्थी हैं। मैं भाषा का अध्यापक हूं, हिन्दी भाषा का।

मानव के जीवन में भाषा का अनुपम महत्व है। भाषा न होती तो हम एक दूसरे को कैसे समझ सकते? आज की दुनिया में हजारों भाषाएं हैं और प्रत्येक भाषा में भिन्न–भिन्न जातियों की स्नेह और सुख की आशा, मैत्री और शांति की इच्छा, बच्चों और बड़ों से प्यार का स्वर गूंजता है। इन भाषाओं में टाल्स्टाय के युद्ध और शांति की पुकार झनझनाती है, दोस्ताएव्स्की का गरीबों का रूस कराहता है, पुश्किन की मधुर कविताएं अमर प्रेम के गीत गाती हैं। इनमें प्रेमचन्द की निर्मला का करुण जीवन रुदन करता है, अश्क के पंजाब की हंसमुखता तथा जिंदादिली चहचहाती है, जयशंकर प्रसाद की मधुलिका की देशभक्ति और आत्मबलिदान चिल्लाता है, वृन्दावनलाल वर्मा की झांसी की रानी का 'हर हर महादेव' का गगनभेदी नाद गरजता है।

मेरे लिए यह बड़ी गौरव की बात है कि रूस देश में भी अनेक हिन्दी भाषी हैं। अभी तक ये लोग हिन्दी में उपन्यास या कहानियां नहीं लिखते किन्तु वे दूसरे क्षेत्रों में हिन्दी की सेवा करते हैं। सर्वप्रथम यह हिन्दी भाषा तथा इसके साहित्य का प्रचार है। हिन्दी से रूसी में प्रायः सब प्रसिद्ध हिन्दी लेखकों की कृतियों का अनुवाद किया गया है जिनमें प्रेमचन्द, जयशंकर प्रसाद, राहुल सांस्कृत्यायन, सुमित्रानन्दन पंत, निराला, अज्ञेय, उपेन्द्रनाथ अश्क, कृशन चंदर,

यशपाल, वृन्दावन लाल वर्मा, अमृतलाल नागर, जैनेन्द्र कुमार और रांगेय राघव के नाम विशेषकर उल्लेखनीय है। इस बात का श्रीगणेश श्री बारान्निकोव द्वारा अनूदित 'रामायण' ने किया था।

अनुवाद के अतिरिक्त हमारे यहां हिन्दी का अध्ययन–अध्यापन का काम किया जा रहा है। केवल मास्को में पांच ऐसे संस्थान हैं जिनमें हिन्दी पढ़ायी जाती है। इनमें शोधकार्य भी हो रहा है। हमारे हिन्दीवेत्ताओं ने केवल हिन्दी में ही इस भाषा के पांच व्याकरण लिखे हैं जिनमें श्री दीम्शित्स द्वारा रचित सात सौ पृष्ठों वाला 'हिन्दी व्याकरण' विशेष रूप से उल्लेखनीय है। कोशकार्य में भी काफी बड़ा काम हो रहा है। हिन्दी–रूसी और रूसी–हिन्दी बारह शब्दकोशों का संकलन हुआ है जिनमें दो खंडों का हिन्दी–रूसी शब्दकोश विशेषकर उल्लेखनीय है। इनमें दो खण्डों वाला रूसी हिन्दी शब्दकोश भी संकलित किया है पर रूस देश में हुए परिवर्तन के कारण उसका प्रकाशन लंबी दराज में रखा गया है।

हिन्दी को पढ़ाने के लिए हमने नौ पाठ्य पुस्तकों को लिखा है। एक के लिए तीन रूसी विद्वानों को उन्नीस सौ उनहत्तर में इंडो–सोवियत मैत्री का नेहरू पुरस्कार दिया गया था। मगर हम पुरस्कारों के लिए काम नहीं करते। हिन्दी भाषा हम हिन्दीवेत्ताओं की जिन्दगी हो गयी है। यह हमारा भाग्य है कि भारत इसका विधाता है।

एक अन्य बात है कि जिसका आज उल्लेख करना अत्यावश्यक है। पचास वर्ष हुए इसी तेरह अप्रैल को हमारे दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध स्थापित हुए थे। अब हम इन संबंधों की स्वर्ण जयंती मना रहे हैं। आशा है कि हम ऐसी अनेक जयंतियां आने वाले दशकों में मनायेंगे।

प्रिय नव स्नातको!

आज आप लोग गुरुकुल के पवित्र प्रांगण में विद्या निष्णात होकर दीक्षित हो रहे हैं। ये सारा देश आप लोगों से कुछ विशेष अपेक्षा करता हुआ आपकी ओर निहार रहा है। आपके जीवन को इस देश की परम्परा ने पाला है, आपकी शिक्षा में गौतम, कपिल, कणाद, जैमिनी के जीवन दर्शन का समावेश है, राष्ट्रीयता की भावना के गीतों को आपने जीवन में उतारा है। आप उस अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानंद के पुत्र हो जो निर्भीक संन्यासी थे, आपने उस महर्षि दयानंद का जीवन चरित्र पढ़ा है, जो युगों युगों में एक अद्भुत क्रांति के अग्रदूत थे। प्रकृति के उस सुरम्य वातावरण में आपकी शिक्षा हुई है जहां प्रातःकाल वेद मन्त्रों की ऋचाओं का गान होता है। जहां प्रतिदिन यज्ञ की सुगन्ध वातावरण को मोहक बनाती है। आपको वे विचार दिए गये हैं जिनमें विनय, नम्रता, शालीनता, गुरुभक्ति सच्चरित्रता, उदारता और देश प्रेम का निवास रहता है।

आज भारत के सामने अनेक चुनौतियां हैं। आप नव स्नातकों को इन चुनौतियों का सामना करना है। आपके सामने अनेक प्रकार की बाधाएं आएंगी, अनेक प्रलोभन आपको दिए जाएंगे, समय–समय पर अनेक यातानाएं भी आपको दी जा सकती हैं, किन्तु आपको सबका सामना करते हुए अपने कर्तव्य पथ पर अडिग रहना है। हमारा आशीर्वाद शुभकामनाएं आपके साथ हैं। आपका मार्ग प्रशस्त हो, आपकी विद्या बलवती हो, आपका भविष्य उज्जवल हो, देश के विभिन्न प्रकार के तामस को दूर करने में आपकी विद्या प्रकाश स्तम्भ का कार्य करे। अन्त में मैं समस्त कुलवासियों के प्रति अपनी सद्भावना व्यक्त करता हूँ।

।। ओउम् शान्ति, शान्ति, शान्ति ।।

प्राच्य विद्या संकाय

विश्वविद्यालय में प्राच्य विद्याओं की उच्च शिक्षा के लिए प्राच्य विद्या संकाय स्थापित है। इस संकाय में वेद, संस्कृत, दर्शन, प्राचीन भारतीय इतिहास, योग और शारीरिक शिक्षा विभाग है। इसमें श्रद्धानन्द शोध संस्थान भी विविध प्रकाशनों में सक्रिय है। इतिहास मर्मज्ञ प्रो० एस०एन० सिंह संकाय प्रमुख के पद पर कार्यरत हैं।

इस संकाय को यह सौभाग्य प्राप्त है कि संकाय प्रमुख प्रो० एस०एन० सिंह एवं संस्कृत विभाग में प्रो० आचार्य वेदप्रकाश शास्त्री विश्वविद्यालय के क्रमशः कुलसचिव और आचार्य (उपकुलपति) नामक दो प्रतिष्ठित पदों पर भी आसीन हैं। इसके पूर्व दर्शन विभाग के प्रो० डॉ० जयदेव वेदालंकार भी संकाय प्रमुख के अतिरिक्त कुलसचिव पद को सुशोभित कर चुके हैं।

इस संकाय में कई शोध परियोजनाएं भी चल रही हैं और अनेक स्वीकृत्यर्थ विचाराधीन हैं। इस सत्र में संकाय के कई प्राध्यापकों ने निम्नलिखितः–

१–विश्व संस्कृत सम्मेलन बंगलौर।

२–अखिल भारतीय संस्कृत सम्मेलन, दिल्ली।

३–विश्व दर्शन सम्मेलन, पुणे।

४–दर्शन सम्मेलन काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी।

५–दर्शन सम्मेलन, शान्ति निकेतन, कलकत्ता।

६–त्रिदिवसीय दर्शन राष्ट्रीय संगोष्ठी, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार आदि अनेक सम्मेलनों में भाग लिया और अपने शोध पत्र वाचन से शिक्षा जगत में सम्मान प्राप्त किया, जो निश्चित ही विश्वविद्यालय की श्रेष्ठ उपलब्धि है।

इस सत्र में कई प्राध्यापकों ने रिफ्रेसर कोर्स भी सम्पन्न किया। विश्वविद्यालय प्रशासकों की राष्ट्रीय संगोष्ठी भी विश्वविद्यालय में सम्पन्न हुई, जिसका संयोजन संकाय के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ० जयदेव वेदालंकार ने किया, यह भी इस संकाय के लिए सौभाग्य की बात है। संकाय की जिन अनेकों विद्वानों ने अपने व्याख्यानों से शोभा बढ़ायी उनमें पद्मश्री प्रो० वी० वेंकटाचलम का नाम प्रमुख है। इनके अतिरिक्त प्रो० महावीर मीमांसक व स्वामी रामदेव जी ने योग में व्याख्यान दिए।

यह गौरव की बात है कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व संकायाध्यक्ष और प्रसिद्ध इतिहासवेत्ता डॉ० उदयवीर सिंह संकाय के प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग में अतिथि आचार्य पद की शोभा बढ़ा रहे हैं। संकाय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की योग प्रोन्नति योजना में भी प्राध्यापक कार्यरत हैं।

संकाय ने इस सत्र में कई प्रतियोगिताओं और सम्मेलनों का भी आयोजन किया। अनेकों छात्रों ने जिन कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया और विजय प्राप्त की उनका नाम इस प्रकार है–

१–अखिल भारतीय अन्तर्विश्वविद्यालय योग प्रतियोगिता, कुरुक्षेत्र, विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र।

२–अखिल भारतीय अन्तर्विश्वविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता ग्वालियर।

कुलसचिव डॉ० श्याम नारायण सिंह

दीक्षान्त स्थल की ओर जाते नव स्नातक

३–अखिल भारतीय अन्तर्विश्वविद्यालय बाक्सिंग चैम्पियनशिप, जयनारायण व्यास वि०वि०, जोधपुर।

४–उत्तरक्षेत्र अन्तर्विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता, नोनी, सोलन (हिमाचल प्रदेश)।

५–जे०बी०जी० हॉकी कप नगीना (बिजनौर)

६–अन्तर्महाविद्यालय एवं अन्तर्विश्वविद्यालय क्षेत्रीय मुखिया जी मैमोरियल बालीबाल प्रतियोगिता, रुड़की।

संकाय के कतिपय छात्र अनुसंधान कार्य के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा (आई.आर.एफ.) भी प्राप्त कर रहे हैं। इस संकाय के वेदालंकार प्रथम, द्वितीय, तृतीय खण्ड के छात्र जो पूर्ववर्ती परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होते हैं उनमें से पांच छात्रों को मेरिट के आधार पर ५०० रुपये मासिक छात्रवृत्ति भी विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जाती है।

संकाय के कई विभागों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्रों को स्वर्णपदक तथा विशेष योग्यता प्रमाण पत्र भी दिए जाते हैं।

इस सत्र में संकायान्तर्गत श्रद्धानन्द शोध संस्थान से आचार्य रामदेव विरचित 'भारतवर्ष का इतिहास' और प्रो० रणजीत सिंह प्रणीत 'स्वामी श्रद्धानन्दचरित' नामक दो महत्वपूर्ण ग्रन्थों का प्रकाशन भी हुआ। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की आर्थिक सहायता से इस सत्र में संकाय के प्राध्यापक डा० दिनेशचन्द शास्त्री का शोध ग्रन्थ प्राचीन एवं अर्वाचीन वैदिक साहित्य में भक्तितत्व' भी प्रकाशित हुआ, जिसकी अनेकों पत्र–पत्रिकाओं में समीक्षा छपी और भूरी–भूरी प्रशंसा की गयी।

वेद विभाग

(१) वेद विभाग ने १६ जुलाई ६६ को सत्रारम्भ में प्रातःकालीन दैनिक यज्ञ का शुभारम्भ किया। यह दैनिक सम्पूर्ण वर्ष अबाधगति से चलता रहा। इसमें यज्ञोपरान्त वैदिक विनय नामक पुस्तक से एक एक मन्त्र का पाठ भी किया जाता रहा है।

(२) स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस पर २३ दिसम्बर ६७ को कुलभूमि से हरिद्वार तक निकलने वाली शोभायात्रा में वेद विभाग की ओर से एक दर्शनीय झांकी निकाली गयी।

(३) गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के वार्षिकोत्सव पर कुलपति जी के आदेशानुसार ५१ कुण्डीय यज्ञों का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें संयोजक वेद विभाग के प्रवक्ता डॉ० सत्यदेव निगमालंकार रहे तथा अभ्यागत जनों ने इसमें सोत्साह भाग लिया।

(४) वेद विभाग की ओर से प्राच्य विद्या संकाय में डॉ० महावीर मीमांसक, दिल्ली विश्वविद्यालय, डॉ० सत्यव्रत राजेश, भूतपूर्व वेदोपाध्याय गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, श्री छैल बिहारी गोयल आर्य, हाथरस (अलीगढ़), श्री प्रियव्रत दास, उड़ीसा आदि वैदिक विद्वानों के विशिष्ट व्याख्यान कराये गये।

प्राध्यापकों के व्यक्तिगत कार्य–

डॉ० मनुदेव बन्धु अध्यक्ष–(क) ६ जनवरी से १० जनवरी ६७ तक कम्प्यूटर विज्ञान विभाग, गु.कां.वि. हरिद्वार द्वारा *'कम्प्यूटर की हिन्दी तकनीकी शब्दावली का विकास एवं अनुप्रयोग'* विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में सक्रिय भाग लिया।

(ख) गुरुकुल महाविद्यालय ज्वालापुर वेद सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में 'वेद आधुनिक सन्दर्भ में' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान दिया।

(ग) गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के वेद सम्मेलन में 'वेदाध्ययन की अनिवार्यता विषय पर विशिष्ट व्याख्यान दिया।

(घ) पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला द्वारा २३–२४ मई ६७ को देहरादून में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सेमीनार में भाग लिया और पत्रवाचन किया।

(ङ) 'विश्वज्योति' नामक त्रैमासिक शोधपत्रिका में 'योग की अनिवार्यता' विषय पर शोध लेख छपा।

(च) 'विश्वज्योति' नामक २ मासिक शोधपत्रिका में 'जनतन्त्र का मूलस्रोत वेद' विषय पर शोधलेख छपा।

(छ) १ मई १६६७ को आचार्य वेदप्रकाश शास्त्री के निर्देशन में सस्कृत विभाग के अन्तर्गत द्वितीय शोध सम्पन्न किया।

(ज) इनके निर्देशन में पांच छात्र वैदिक वा मय की विशिख्य शाखाओं और सूक्ष्म विषयों को लेकर शोधकार्य कर रहे हैं।

डॉ० रूपकिशोर शास्त्री–प्रवक्ता–(१) श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, दिल्ली में पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में भाग लिया।

(२) 'वैदिक निर्वचन कोष' नामक वृहदयोजना पर कार्य चल रहा है। डॉ० अशोक कुमार शर्मा और विनोद कुमार जोशी इसके सहयोगी हैं।

(३) गुरुकुल कांगड़ी के वेदसम्मेलन का संयोजन किया।

(४) वर्ष ६६–६७ में ब्राह्मण ग्रन्थों पर एक पी.एच.डी. कराई।

(५) वर्तमान में शास्त्रीजी के निर्देशन में वेदों, ब्राह्मण ग्रन्थों के गम्भीर विषयों पर देश विदेश के ५ पी.एच.डी. शोधार्थी कार्यरत।

(६) जनवरी ६७ में आयोजित 'दशम विश्व संस्कृत सम्मेलन' में सक्रिय भाग एवं विषय प्रस्तुति।

(७) उ०प्र० सरकार की संस्तुति पर डॉ० शास्त्री जी के कृतित्व व्यक्तित्व से प्रभावित होकर राज्यपाल श्री रोमेश भंडारी द्वारा 'उ०प्र० संस्कृत संस्थान' के लिए तीन वर्ष के कार्यकाल हेतु सदस्य मनोनीत कर गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार के लिए यश, गौरव एवं प्रतिष्ठा प्रदान की।

डा० दिनेशचन्द्र शास्त्री

शोध निर्देशन—चार शोधार्थियों को विभिन्न वैदिक विषयों पर सफलतापूर्वक पी–एच.डी. उपाधि के लिए निर्देशन में रहे हैं। एक शोधार्थी छात्रा ने पी–एच.डी. के लिए "अथर्ववेद के १८वें काण्ड पर सायण एवं क्षेमकरणदास त्रिवेदी के भाष्यों का तुलनात्मक अध्ययन" विषय पर शोध की रूपरेखा (Synopsis) जमा की है।

संगोष्ठियों में भागीदारी—(१) दिल्ली संस्कृत अकादमी द्वारा २७.२.६७ से ०१.३.६७ तक आयोजित त्रिदिवसीय 'अखिल भारतीय संस्कृत सम्मेलन' में 'वैदिक धनुर्वेद विज्ञानम्' विषय पर संस्कृत में शोधपत्र वाचन किया।

(२) जनवरी ६७ में जाटवपुर विश्वविद्यालय, कलकत्ता में समायोजित 'अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन' के लिए 'वैदिक सुता' और 'आचार्य रामनाथ कृतं समावेदभाष्यम्' नामक शोध पत्रों का सारांश प्रेषित किया।

(३) प्रौढ़ शिक्षा, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के समय–समय पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया।

प्रकाशन कार्य— (क) पुस्तकें—

(१) प्राचीन एवं अर्वाचीन वैदिक साहित्य में भक्तितत्व (प्रकाशित)
(२) श्रुतिपन्थाः (अप्रकाशित)
(३) पाश्चात्य वेदमनीषी (अप्रकाशित)

(ख) शोधपत्र एवं लेख—

(१) वैदिक समाजवाद और कार्लमार्क्स प्रतिपादित समाजवादः एक तुलनात्मक सभी सान्दृष्टि—परोपकारिणी सभा, अजमेर की वेदगोष्ठी के लिए प्रेषित।
(२) वैदिक कवीनां काव्यविषयकं चिन्तनम्— ०६–२६ जनवरी १६६७ तक श्रीलाल बहादुर शास्त्री रा.सं०वि. पीठ, नई दिल्ली में 'वेद वेदाङ्ग' विषय पर समायोजित रिफ्रेशर कोर्स (पुनश्चर्या पाठ्यक्रम) में प्रस्तुत।
(३) महर्षि दयानन्द निर्वाणोत्सव—स्वस्तिपन्था
(४) यह नेताजी के सपनों का भारत नहीं है—स्वस्तिपन्था

शोध–प्रायोजना— वैदिक वाङ्मय में उपलब्ध उपमाओं का व्याख्यात्मक कोश बनाने के लिए वि.वि.अ.आयोग, नई दिल्ली को एक बृहद् शोध प्रायोजन Major research project) प्रस्तुत की।

डॉ. सत्यदेव निगमालंकार प्रवक्ता— (क) श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, दिल्ली में पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में भाग लिया।

(ख) दिल्ली संस्कृत अकादमी में राष्ट्रीय सम्मेलन में 'वैदिक पर्यावरण विज्ञानम्' विषय पर शोधपत्र वाचन किया।

संस्कृत विभाग

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय का संस्कृत विभाग संस्कृत साहित्य में निहित ज्ञान विज्ञान का प्रचार–प्रसार कर विश्वविद्यालय की गरिमामयी परम्परा को अक्षुण्ण रखने में सतत् कटिबद्ध है। यहां से शिक्षित दीक्षित स्नातक संस्कृत एवं संस्कृति के प्रसार में विभिन्न अनुष्ठानों में संलग्न हैं।

इस सत्र में शैक्षणिक कार्य के अतिरिक्त संस्कृत विभाग द्वारा 'संस्कृत दिवस' सोल्लास मनाया गया। जिसमें श्री श्रीकृष्ण सेमवाल, सचिव संस्कृत अकादमी, दिल्ली का विशिष्ट व्याख्यान हुआ तथा छात्रों के संस्कृत गीत्त आदि कार्यक्रम हुए।

फरवरी मास में संस्कृत विभाग के तत्वाधान में त्रिभाषा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। संस्कृत विभाग के तत्वाधान में ही 'महर्षि दयानन्द जन्म दिवस' समारोह आयोजित हुआ। ऋषि केशवानन्द जी, अध्यक्ष, निर्धन निकेतन ने मुख्य अतिथि पद को अलंकृत किया।

विभाग के छात्र श्री चन्द्रशेखर प्रभु एवं भानुप्रताप ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित अन्तर्विश्वविद्यालयीन भाषण प्रतियोगिता में प्रथम एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर सर्वाधिक अंक प्राप्त किया तथा 'चलवैजयन्ती' से विश्वविद्यालय की कीर्ति में वृद्धि की। उक्त विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रश्नमंच कार्यक्रम में भी छात्रों ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।

मार्च में विभाग की शोध समिति की बैठक भी सम्पन्न हुई। अप्रैल मास में कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा (बिहार) के सम्माननीय कुलपति पद्मश्री डॉ० वी. वेंकटाचलम् जी का संस्कृत भाषा के महत्व एवं संवर्द्धन विषय पर विशिष्ट व्याख्यान हुआ। विभाग में श्री बृहस्पति एवं श्री विनय कुमार एन.ई.टी. परीक्षा उत्तीर्ण कर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से छात्रवृत्ति प्राप्त कर शोध कार्य में संलग्न हैं।

प्रो० वेद प्रकाश शास्त्री–प्रोफेसर आचार्य (उप–कुलपति)

शोध निर्देशनः–इनके निर्देशन में इस वर्ष चार शोध छात्रों को पी.एच.डी. उपाधि प्राप्त हुई। दो शोध छात्रों की मौखिकी परीक्षा सम्पन्न हो चुकी है। सात शोध छात्र इनके निर्देशन में शोध कार्य कर रहे हैं।

संगोष्ठी में भाग ग्रहणः– विश्वविद्यालय में सम्पन्न सभी सम्मेलनों में भाग लिया। निर्धन निकेतन में अक्टूबर ९६ में सम्पन्न शोध गोष्ठी में भाग लिया तथा शोध पत्र का वाचन किया। दिल्ली संस्कृत अकादमी द्वारा दिल्ली में २७–२८ फरवरी तथा १ मार्च में आयोजित अखिल भारतीय संस्कृत सम्मेलन में भाग लिया तथा शोध पत्र का वाचन किया।

विशेषज्ञ के रूप में:–गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर, काशी विद्यापीठ बनारस, कुमायूं विश्वविद्यालय नैनीताल, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणासी तथा गोरखपुर विश्वविद्यालय में विशेषज्ञ रहे।

वैदिक प्रचारः–आर्य जगत के शैक्षणिक संस्थानों तथा धार्मिक संस्थानों में लगभग ५० विषयों पर विविध व्याख्यान दिए।

डॉ० सोमदेव शतांशु

इस सत्र में डॉ० सोमदेव शतांशु ने शैक्षणिक कार्यों के अतिरिक्त विभागाध्यक्ष का भी कार्य किया। एक छात्र ने 'शंकराचार्यस्य योगशास्त्रऽवेदानम्' विषय में लघु शोध प्रस्तुत किया। इस समय पांच छात्र विभिन्न विषयों पर शोधकार्य कर रहे हैं।

इस सत्र में स्वामी समर्पणानन्द वैदिक शोध संस्थान प्रभात आश्रम द्वारा आयोजित दो शोध गोष्ठियों में भाग लिया तथा शोधपत्र प्रस्तुत किये।

गुरुकुल विज्ञान आश्रम, पाली राजस्थान द्वारा आयोजित विभिन्न सम्मेलनों में भाग लियां, त्रैमासिक शोध पत्र पावमानी के सहसम्पादक का कार्य किया।

डॉ० महावीर अग्रवाल, रीडर

शोध निर्देशन– अब तक १३ छात्र शोधोपाधि प्राप्त कर चुके हैं। ७ शोध छात्र पी.एच. डी. शोध कार्य हेतु पंजीकृत हैं। दो शोध छात्र श्री विनय कुमार विद्यालंकार तथा श्री बृहस्पति मिश्र, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की कनिष्ठ शोध छात्रवृत्ति प्राप्त कर रहे हैं।

लगभग २५ छात्रों ने एम.ए. उत्तरार्ध में लघु शोध प्रबंध लिखे हैं। कानपुर विश्वविद्यालय में आर.डी.सी. तथा बोर्ड ऑफ स्टडीज में विषय विशेषज्ञ के रूप में कुलपति जी द्वारा नामित।

दशम् विश्व संस्कृत सम्मेलन में (३ जून से ८ जून ९७) गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए शोध पत्र 'वैदिक दण्ड व्यवस्था' प्रस्तुत किया। संस्कृत अकादमी दिल्ली द्वारा आयोजित अखिल भारतीय त्रिदिवसीय संस्कृत सम्मेलन में भाग लिया और शोध पत्र प्रस्तुत किया।

महर्षि दयानन्द वि.वि., रोहतक, मेरठ विश्वविद्यालय मेरठ, कानपुर विश्वविद्यालय, आगरा विश्वविद्यालय आदि के पी.एच.डी. के शोध प्रबंधों का मूल्यांकन किया।

चौ० चरणसिंह विश्वविद्यालय मेरठ से 'वैदिक संहिताओं में अर्थव्यवस्था' विषयक शोध प्रबन्ध पर २० मई को दीक्षान्त समारोह में उ०प्र० के राज्यपाल श्री रोमेश भंडारी ने आपको डी. लिट् की उपाधि से अलंकृत किया।

अनेक संस्थानों में वेद, दर्शन, उपनिषद्, साहित्य आदि विषयों पर आयोजित सम्मेलनों में विशिष्ट व्याख्यान दिये।

डॉ० ब्रह्मदेव प्रवक्ता–संस्कृत

१ मई १९९६ से २८ मई १९९६ तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित प्रत्यग्र विधान पाठ्य कार्यक्रम (Qrientation Course) में भाग लिया। ६ जनवरी ९७ से २६ जनवरी ९७ तक श्रीलाल बहादुर शास्त्रीय राष्ट्रीय विद्यापीठ, दिल्ली में पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (Refresher Course) सुचारूरूपेण सम्पादित किया।

जनवरी ९७ में हुये अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलनार्थ सदस्यता ग्रहण की एवं 'शेषशक्ति विमर्श' नाम शोध–पत्र–वाचनार्थ प्रेषित किया गया।

विद्यार्थियों को इतर–विश्वविद्यालयों में होने वाली प्रतियोगिताओं हेतु सज्जित कर भेजा, जहाँ से प्रथम, द्वितीय आदि पुरस्कार छात्रों ने प्राप्त किये।

इस सत्र में दो लघु शोध–प्रबन्ध तैयार करवाये, जिसमें एक स्वामी दयानन्द जी के राजनैतिक चिन्तन की उदात्तता को प्रदर्शित करता है एवं दूसरा रघुवंश–कालीन नैतिक आदर्शों पर प्रकाश डालता है।

❖❖❖

दर्शनशास्त्र विभाग

फरवरी ६७ में दर्शनविभाग में 'व्याप्तिः तदग्रहोपायश्च' पर त्रिदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके संयोजक डॉ० जयदेव वेदालंकार थे। इसमें डॉ० प्रहलादाचार्य, डॉ० पी०के० मुखोपाध्याय आदि अनेक विद्वानों ने भाग लिया। डॉ० अशोक वोहरा इसमें मुख्य अतिथि थे।

डॉ० त्रिलोक चन्द ने शाँतिनिकेतन में अखिल भारतीय दर्शन सम्मेलन में अपना शोध निबन्ध प्रस्तुत किया। डॉ० विजयपाल शास्त्री ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में हुई दर्शन संगोष्ठी में शोध निबन्ध प्रस्तुत किया। इस सत्र में नौ शोधार्थियों का पी.एच.डी. के लिए पंजीकरण किया गया। विभाग निरन्तर प्रगति की ओर है।

डॉ० यू०एस० बिष्ट ने २४ से ३० नवम्बर १९९६ तक महाराष्ट्र इन्स्टीट्यूट आफ टेक्नालोजी द्वारा दर्शन, विज्ञान एवं धर्म विषय पर आयोजित 'विश्व दर्शन सम्मेलन' में ज्ञानमीमांसा एवं तत्त्वमीमांसा विभाग की अध्यक्षता की। डॉ० बिष्ट ने भारतीय दार्शनिक अनुसंधान केन्द्र, नई दिल्ली द्वारा आयोजित १० दिवसीय कार्यशाला (पाण्डिचेरी), बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के धर्म–दर्शन विभाग द्वारा आयोजित 'आगमिक दर्शन' तथा लखनऊ में आई.सी.पी.आर. द्वारा आयोजित गांधी एवं महर्षिरमण तथा एम.एम.एच. कालेज गाजियाबाद के दर्शन विभाग द्वारा आयोजित 'लिबर्टी एण्ड फ्रीडम' विषयों पर निबंध पढ़े।

प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग

प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग (प्राच्य विद्या संकाय) की स्थापना का श्रेय वैसे तो पं० हरिदत्त वेदालंकार को जाता है, परन्तु इसकी नींव में आचार्य रामदेव, पं० जयचन्द्र वेदालंकार, पं० चन्द्रगुप्त विद्यालंकार, डॉ० सत्यकेतु विद्यालंकार जैसे प्रसिद्ध इतिहासविदों का हाथ है। स्थापना के पश्चात् डा० विनोद सिन्हा के योगदान को भी विस्मृत नहीं किया जा सकता है।

वर्तमान में विभाग के समस्त प्राध्यापक अध्ययन, अध्यापन सर्वेक्षण, लेखन, उत्खनन, अनुसंधान आदि कार्यों को निष्ठापूर्वक कर रहे हैं।

इस सत्र में भारतवर्ष के प्रसिद्ध पुरातत्वविद् प्रो० उदयवीर सिंह पूर्व संकायाध्यक्ष, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय नवम्बर ९६ से मई ९७ छह माह के लिये विभाग में विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में पधारे। इस सत्र में होने वाली आर.डी.सी. एवं बोर्ड आफ स्टडीज की बैठकों में प्रो० सिंह के विद्वतापूर्ण सुझावों का विभाग को उल्लेखनीय सहयोग मिला है।

इस सत्र में विभाग में कुछ नवीन शोध विषय स्वीकृत किये गये। वर्तमान में विभाग के निम्न शोधार्थियों का कार्य प्रगति की ओर अग्रसर है–

नाम	शोध विषय	निदेशक
(१) राजेश शुक्ला	प्राचीन भारतीय अंतर्जातीय सम्बंधों में कूटनीति सम्बंधों का योगदान एवं वर्तमान सन्दर्भ में इसकी उपादेयता।	डॉ० श्यामनारायण सिंह
(२) कु० मीनाक्षी परिहार	प्राचीन भारत एवं ईरान के सांस्कृतिक सम्बन्ध (प्रारंभ से गुप्तकाल तक)	डॉ० श्यामनरायण सिंह
(३) शिवनन्दन पाण्डेय	भारतीय सांस्कृतिक धरोहरों के परीक्षण में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग का योगदान–एक अध्ययन।	डॉ० श्यामनारायण सिंह
(४) प्रदीप कुमार	बौद्ध साहित्य में वर्णित आर्थिक जीवन (एक विवेचनात्मक अध्ययन, सातवीं शताब्दी ई० तक)	डॉ० श्यामनारायण सिंह
(५) अजय परमार	गढ़वाल हिमालय की कला	डॉ०काश्मीरसिंह भिण्डर
(६) कुमारी सपना रानी	प्राचीन भारत में वैवाहिक पद्धति पर सामाजिक परिवर्तन का प्रभाव।	डॉ०काश्मीरसिंह भिण्डर
(७) श्रीमती किरण पेशन	कल्हण,दि ग्रेट हिस्टोरियन आफ काश्मीर	डॉ०काश्मीरसिंह भिण्डर
(८) हरिश शर्मा	गुप्तकाल में नौकरशाही	डॉ० राकेश शर्मा

नाम	शोध विषय	निदेशक
(६) श्रीमती पदमाश्रीवास्तव	महाकाव्यों में वर्णाश्रम व्यवस्था	डॉ० राकेश शमो
(१०) कौसर रजा	उत्तराखण्ड का सांस्कृतिक अध्ययन	डॉ० राकेश शर्मा
(११) मदनगोपाल उपाध्याय	शूद्रों की परिवर्तनशील सामाजिक, आर्थिक एवं धार्मिक स्थिति का विवेचन (वैदिक काल से गुप्तकाल तक)	डॉ० राकेश शर्मा
(१२) कु० तनुजा गुप्ता	विष्णु पुराण में वर्णित भारतीय संस्कृति	डॉ० राकेश शर्मा

वर्तमान सत्र में अप्रैल १९९७ के दीक्षान्त समारोह पर डॉ० श्यामनारायण सिंह के निर्देशन में श्री देवेन्द्र गुप्ता को पी.एच.डी. की उपाधि प्रदान की गयी। वर्तमान में डॉ० श्याम नारायण सिंह प्राच्य विद्या संकाय के संकायाध्यक्ष के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के कुल सचिव का गुरुतर कार्यभार भी सम्भाल रहे हैं। विभागीय पुरातत्व संग्रहालय को भी डॉ० श्याम नारायण का कुशल नेतृत्व संग्रहालय निदेशक के रूप में प्राप्त है।

डॉ० काश्मीर सिंह के निर्देशन में तीन शोधार्थी अपना शोधकार्य कर रहे हैं। डॉ० सिंह के निर्देशन में आभा भण्डारी का शोध प्रबंध जमा हो गया है। डॉ० राकेश शर्मा के निर्देशन में पांच शोधार्थी अपना शोधकार्य कर रहे हैं। डॉ० शर्मा प्राचीन भारत में धार्मिक सहिष्णुता विषय पर माइनर रिसर्च प्रोजेक्ट के रूप में कार्य कर रहे हैं। डॉ० शर्मा वि०वि० के एन.सी. सी. विभाग के कमान्डिंग आफिसर भी हैं। साथ ही विश्वविद्यालय की अनुशासन समिति में प्रोक्टर के रूप में डॉ० शर्मा कार्यरत हैं।

नवनियुक्त प्रवक्ता डॉ० सेंगर एवं डॉ० गुप्ता ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा आयोजित मई ९७ में १५ दिन का चैतडू जि० कांगड़ा हिमाचल में उत्खनन का गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया। डॉ० देवेन्द्र गुप्ता ने भोगीलाल जैन इन्स्टीट्यूट में भाषा एवं लिपि में विज्ञान में मई–जून में आयोजित होने वाले चार माह के प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया।

इस सत्र में प्रो० उदयवीर सिंह के अतिरिक्त जिन इतिहासविदों का विभाग को अनेक गतिविधियों में सहयोग प्राप्त हुआ वे निम्न हैं– प्रो० पुरुषोत्तम सिंह, प्रो. एवं अध्यक्ष बनारस हिन्दू वि०वि०, प्रो० आर०एन० मिश्र, जीवानी वि०वि०, प्रो० विजय बहादुर राव, गोरखपुर वि०वि०, डॉ० बी०एम० खण्डूरी, अध्यक्ष गढ़वाल वि०, डॉ० के०पी० सिंह, प्राचार्य संजय गांधी स्नातकोत्तर कालेज, सुल्तानपुर। इस वर्ष स्नातकोत्तर परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त प्रदीप कुमार को दीक्षान्त समारोह पर पं० हरिदत्त वेदालंकार स्मृति स्वर्ण पदक प्रदान किया गया।

इस सत्र में स्वतंत्रता की ५०वीं वर्षगांठ के अवसर पर आर्य समाज, मथुरा द्वारा

दीक्षान्त भाषण देते हुए डॉ० उलत्सिफेरोव

मुख्य अतिथि को अभिनन्दन पत्र भेंट करते हुए कुलाधिपति एव कुलपति

पुरातत्व संग्रहालय,

स्वामी श्रद्धानन्द द्वारा स्थापित यह पुरातत्व संग्रहालय गत वर्षों की भांति इस समय भी विकास की ओर अग्रसर है। यह संग्रहालय अपने समृद्ध बहुउद्देशित विविध संकलन की दृष्टि से क्षेत्रीय संग्रहालय की समस्त आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। वर्तमान में संग्रहालय वीथिकाओं में निम्नलिखित वस्तुयें जनसामान्य एवं विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए प्रदर्शित हैं। सिन्धु सभ्यता संग्रह, ताम्रनिधि सभ्यता संग्रह, मृदभाण्ड संग्रह, मृण्मूर्तिकला संग्रह, प्रस्तर मूर्तिकला संग्रह, अष्ट धातु प्रतिमा संग्रह, मुद्रासंग्रह, चित्रकला संग्रह, पाण्डुलिपि संग्रह, अस्त्र–शस्त्र संग्रह, स्वामी श्रद्धानन्द कक्ष, हिमालय दर्शन चित्रावीथिका संग्रह, पंडित नेहरू संग्रह और विविध वस्तुओं का संग्रह भी है, जिनका उपयोग विद्यार्थियों को शिक्षा देने के लिए एक उचित माध्याम के रूप में किया जाता रहा है।

संग्रहालय को इस सत्र (१९९६–९७) में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिये गये अनुदान से संग्रहालय पुस्तकालय के लिये २०,०००/– की पुस्तकें क्रय की गईं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रदत्त विश्वविद्यालय बजट व्यवस्था से प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थों की वीथिका को एक नया रूप देने के लिए १९,१०० रुपये के चार शोकेस बनवाये गये। संग्रहालय को समय–समय पर विकास हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और राष्ट्रीय अभिलेखागार से भी अनुदान प्राप्त होता रहा है।

संग्रहालय में संग्रहीत पाण्डुलिपियों के रसायन उपचार के लिये एक लघु प्रयोगशाला भी स्थापित की गयी है। वर्तमान में संग्रहालय की पाण्डुलिपियों का उपचार किया जा रहा है। पाण्डुलिपि संरक्षण के लिये न्यूनतम व्यय पर यह सुविधा अन्य विभागों एवं संस्थाओं को प्रदान करने की भी योजना है। वर्तमान सत्र में पाण्डुलिपि परीक्षण परियोजना के अन्तर्गत ६५ पाण्डुलिपियों का परीक्षण किया गया।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने भी इस संग्रहालय की महत्ता को देखते हुए और इसे गरिमा प्रदान करते हुए व्यवसाय से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत 'संग्रहालय विज्ञान एवं पुरातत्व विज्ञान' विषय पर स्नातक स्तर का पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने की स्वीकृति सत्र १९९४–९५ में प्राप्त हो गई। इसी आधार पर विभाग में स्नातक स्तर का यह पाठयक्रम चलाया जा रहा है। यह विषय स्नातक स्तर पर कला एवं विज्ञान दोनों संकायों के छात्रों के लिये सुलभ है। इस विषय की अध्यापन से सम्बन्धित सामग्री उपलब्ध कराने में डा. यू.बी. सिंह (विजिटिंग प्रोफेसर) का सहयोग विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

विभाग की विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्राप्त अनुदान से संग्रहालय भवन के द्वितीय तल पर चार कमरों का निर्माण कार्य पूर्ण होने जा रहा है।

इस सत्र में संग्रहालय में आये दर्शकों की संख्या ४९३० रही। समय–समय पर संग्रहालय में जो विशिष्ट महानुभाव आये, उनका विवरण निम्न प्रकार है–

१– श्री साहिब सिंह वर्मा, मुख्यमंत्री, दिल्ली सरकार

२– श्री बलविन्द्र सिह, स्पेशल सैक्रेटरी, उत्तर प्रदेश सरकार

३– श्री एन. काजून, यू.एस.ए.

४– डा. एल. बोरड़स, रोमानिया

५– डॉ. के.पी. नोटियाल, कुलपति, गढवाल विश्वविद्यालय

६– प्रो. जे.के. गुप्ता, पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़

७– श्री एस.एस. सन्धू, जिला मजिस्ट्रेट, हरिद्वार

८– श्री देवनारायण शुभधन, हालैण्ड

९– श्री महेन्द्र सोढ़ा, विजिटिंग कमेटी के चेयरमैन एवं पूर्व कुलपति इन्दौर तथा लखनऊ विश्वविद्यालय

१०– श्री राकेश खुराना, समकुलपति, इन्दिरा गांधी विश्वविद्यालय

११–प्रो. उमानाथ मिश्र, अध्यक्ष संस्कृत विभाग, काशी विद्यापीठ, वाराणासी

१२–प्रो. कमलाकर मिश्र, अध्यक्ष, दर्शन विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणासी

१३–प्रो. रमानाथ मिश्र, आचार्य एवं अध्यक्ष, प्रा.भा.ई. संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग जीयाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

इस सत्र में १ जुलाई ६६ तक संग्रहालय के निदेशक का कार्यभार प्राच्य विद्या संकाय के डीन, प्रोफेसर वेदप्रकाश शास्त्री के पास था। २ जुलाई ६६ से निदेशक पद का दायित्व अध्यक्ष, प्रा.भा.ई.सं. एवं पुरातत्व विभाग तथा प्राच्य विद्या संकाय के डीन डा. एस.एन. सिंह के पास है।

संग्रहालय के कार्यरत वर्तमान कर्मचारियों की उपलब्धियाँ

निदेशक– डॉ. एस.एन.सिंह, डीन प्राच्य विद्या संकाय एवं कुलसचिव के दायित्व का निर्वाहन भी कर रहे हैं।

क्यूरेटर–सूर्यकान्त श्रीवास्तव

१–संग्रहालय में समय–समय पर आये विशिष्ट महानुभावों को संग्रहालय का अवलोकन कराया गया।

२–संग्रहालय के केन्द्रीय कक्ष में चित्रकला वीथिका का नियोजन एवं प्रदर्शन कार्य सम्पन्न किया।

सहायक क्यूरेटर– डॉ. सुखबीर सिंह

१–संग्रहालय में समय–समय पर आये दर्शकों एवं विशिष्ट महानुभावों को संग्रहालय का अवलोकन कराया गया।

२–संग्रहालय में संग्रहीत पुरातात्विक सामग्री का पंजीकरण, वर्गीकरण, सूचीकरण और लैबलिंग आदि कार्य किये गये।

३–पाण्डुलिपि परीक्षण परियोजना के अंतर्गत स्थापित प्रयोगशाला में ६५ पाण्डुलिपियों का परीक्षण किया गया।

४–अलंकार प्रथम वर्ष के छात्रों का संग्रहालय विज्ञान और पुरातत्व विज्ञान के एक अन्तर का अध्यापन कार्य किया गया।

संग्रहालय सहायक– श्री अनिल कुमार सिंह

१–संग्रहालय में समय–समय पर आये दर्शकों और विशिष्ट महानुभावों को संग्रहालय का अवलोकन कराया गया।

२–संग्रहालय पुस्तकालय का कार्य किया।

३–प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग के स्नातकोत्तर कक्षा के एक अन्तर का अध्यापन कार्य किया।

कार्यालय लिपिक– श्री अरविन्द कुमार ने कार्यालय के दायित्वों के निर्वहण के साथ–साथ संग्रहालय के कार्यों में भी सहयोग किया।

योग–विभाग

१. विभाग की स्थापना व इतिहास–

सन् १९८४ में चतुर्मासीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम से विभाग की स्थापना हुई। निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर हो रहे योग विभाग में अब निम्नलिखित पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है–

(क) त्रैमासिक प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम

(ख) एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम

(ग) त्रिवर्षीय स्नातक उपाधि में ऐच्छिक विषय

(घ) एम०ए० योग

(ड) पी.एच.डी.

इसके अतिरिक्त जनसाधारण के लिए प्रतिदिन क्रियात्मक कक्षाएं तथा योग चिकित्सा की व्यवस्था है। स्थानीय जनता से स्वयं को जोड़कर विभाग ने ख्याति प्राप्त की है। विद्यालय के बच्चों में योग के प्रति रूचि उत्पन्न करने का कार्य भी विभाग द्वारा किया जा रहा है।

२. विभागीय मौलिक छवि–

योग के एम.ए. व पी.एच.डी. में अध्ययन हेतु भारत के विभिन्न प्रान्तों से छात्र यहाँ आ रहे हैं। योग चिकित्सा के लिए रोगी प्रतिदिन विभाग में आकर लाभ ले रहे हैं। विभागाध्यक्ष डा० ईश्वर भारद्वाज को विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा विषय विशेषज्ञ के रूप में बोर्ड आफ स्टडीज का सदस्य, चयन समिति का सदस्य, परीक्षक, प्रतियोगिताओं में मुख्य निर्णायक आदि के रूप में आमंत्रित किया जाता है। विभिन्न संस्थाओं द्वारा योग शिविरों के आयोजन हेतु डॉ० भारद्वाज को बुलाया जाता है।

३. विभागीय क्रियाकलाप–

(क) छात्र संख्या– विभिन्न पाठ्यक्रमों में छात्र संख्या इस प्रकार रही–

१– त्रैमासिक पाठ्यक्रम	५
२– बी.ए./अलंकार प्रथम खण्ड	१७
३-- बी.ए./अलंकार द्वितीय खण्ड	२
४– बी.ए. अलंकार तृतीय खण्ड	६
५– एम.ए. प्रथम खण्ड	८
६– एम.ए. द्वितीय खण्ड	४
७– पी.एच.डी.	४

(ख) अखिल भारतीय अन्तर्विश्वविद्यालय योग प्रतियोगिता में एम.ए. प्रथम खण्ड के छात्र तेज प्रसाद पोखेल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

(ग) उत्तर भारत योग कुमार प्रतियोगिता सहारनपुर में आयोजित हुई जिसमें प्रथम स्थान तेजप्रसाद पोखेल, एम.ए. प्रथम खण्ड, द्वितीय स्थान मनोज कुमार, एम.ए. द्वितीय

खण्ड तथा तृतीय स्थान प्रशांत कुमार, दशम कक्षा को प्राप्त हुआ।

(घ) विभागाध्यक्ष डॉ० ईश्वर भारद्वाज को केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा अनुसंधान अधिकारी हेतु चयन समिति में विषय विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया।

(ङ) योग प्रोन्नति योजना के अंतर्गत दो प्रशिक्षकों द्वारा भी कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात् त्रैमासिक पाठ्यक्रम भी प्रारंभ किया गया। दैनिक अभ्यास, योग चिकित्सा तथा योग शिविरों का आयोजन भी किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत बाल विकास शिक्षा सदन में ५ मई से १७ मई ९७ तक योग शिविर लगाया गया जिसमें ८० छात्रों ने भाग लिया।

(च) विभाग में डॉ० महावीर मीमांसक व स्वामी रामदेव जी के व्याख्यान कराये गये।

४. शिक्षकों का शोधकार्य, प्रकाशनकार्य, संगोष्ठियों में भागीदारी तथा अन्य उपलब्धियाँ–

(१) डॉ० ईश्वर भारद्वाज (प्रवक्ता, विभागाध्यक्ष)

१. शोधकार्य–

(क) मकरासन व गोमुखासन का दमा की चिकित्सा में योगदान

(ख) शवासन व नाड़ी शोधन प्राणायाम का उच्च रक्तचाप में प्रभाव।

(ग) कब्ज में ताजगी मुद्रा का योगदान

(घ) गजकरणी व अम्लपित्त प्रतिषेध

२. प्रकाशन कार्य–

(अ) पुस्तकें–
१. औपनिषदिक अध्यात्म विज्ञान
२. उपनिषदों में संन्यास योग
३. यौगिक चिकित्सा } शीघ्र प्रकाश्य
४. योग सन्दर्भिका } शीघ्र प्रकाश्य

(ब) शोधपत्र–
१. गुरुकुल पत्रिका–१२
२. प्रौ० शिक्षा (दिल्ली)–१
३. देशनिर्देश–२
४. जयराम सन्देश–३

३. संगोष्ठियों में भागीदारी–

(क) केन्द्रीय योग अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली द्वारा आयोजित ओरियंटेशन कार्यक्रम में भाग लिया।

(ख) मानव कल्याण केन्द्र, देहरादून में योग विषय पर व्याख्यान दिए।

(ग) विश्वविद्यालय में आयोजित दार्शनिक सेमीनार में भाग लिया।

(घ) विश्वविद्यालय में आयोजित सेमीनार 'विश्वविद्यालयों का निजीकरण' में भाग लिया।

(ङ) डॉ० हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में योग विषय पर आयोजित सेमीनार में भाग लिया।

४. रेडियो वर्ग–

(क) आकाशवाणी नजीबाबाद केन्द्र में दो वार्ताएं प्रसारित।

(ख) आकाशवाणी दिल्ली के राष्ट्रीय चैनल से दो वार्ताएं प्रसारित।

५. अन्य–

(क) हिमाचल प्रदेश, सागर, पंजाब, लखनऊ, कानपुर, हिसार, महर्षि दयानन्द, गढ़वाल रूहेलखण्ड विश्वविद्यालयों तथा केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा परीक्षक के रूप में मनोनीत।

(ख) हिमाचल, कानपुर, गढ़वाल, सगर विश्वविद्यालयों की बोर्ड आफ स्टडीज में विषय विशेषज्ञ के रूप में मनोनीत।

(ग) भारतीय सांस्कृति समन्वय परिषद, नई दिल्ली तथा के०योग एवं प्रा० चिकित्सा अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली की चयन समितियों में विशेष विशेषज्ञ रूप में मनोनीत।

(घ) योग एवं एक्यूप्रेशर चिकित्सा प्रदान की। अखिल भारतीय संस्कृत सम्मेलन नई दिल्ली में पत्रवाचन किया।

(२) डॉ० सुरेन्द्र कुमार (प्रशिक्षक)

एम.ए., पी.एच.डी., योग डिप्लोमा

१. विभागीय दायित्व का निर्वहण किया।

२. भारतीय दर्शन कांफ्रेंस में भाग लिया।

३. अन्तर्विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में टीम मैनेजर के रूप में गए।

४. योग एवं एक्यूप्रेशर चिकित्सा प्रदान की।

(३) योगेश्वर दत्त (प्रशिक्षक–योग प्रोन्नति योजना)

शास्त्री, योग डिप्लोमा

१. विभागीय दायित्व का निर्वहण किया।

२. भारतीय दर्शन कांफ्रेंस में भाग लिया।

३. योग चिकित्सा द्वारा रोगियों का उपचार।

(४) सुरक्षित गोस्वामी (प्रशिक्षक योग प्रोन्नति योजना)

एम.ए., योग डिप्लोमा

१. विभागीय दायित्व का निर्वहण किया।

२. भारतीय दर्शन कांफ्रेंस में भाग लिया।

३. रोगियों को योग व एक्यूप्रेशर चिकित्सा उपलब्ध करायी।

४. विद्यालय विभाग में योग प्रशिक्षण दिया।

५. आवश्यकताएँ–

१. योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा भवन

२. योग एवं प्राकृतिक चिकित्सालय के लिए उपकरण

३. अनुसंधान कार्य के लिए उपकरण

४. प्रयोगशाला का विकास

हिन्दी–विभाग

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय का हिन्दी विभाग गुरुकुल के स्थापना काल से ही हिन्दी भाषा के प्रचार–प्रसार में अपना सतत् योगदान देता रहा है। गुरुकुल के हिन्दी विभाग ने स्वतंत्रता पूर्व हिन्दी आंदोलन की अगुवाई करते हुए दक्षिण के अहिन्दी भाषी क्षेत्रों में हिन्दी भाषा की जोत जलाई। गुरुकुल को विश्वविद्यालय स्तर की सन् ६३ में मान्यता मिलने पर इस विभाग ने हिन्दी आलोचना के क्षेत्र में यशस्वी कार्य किए। आचार्य पद्मसिंह शर्मा, हिन्दी के पाणिनि कहे जाने वाले आचार्य किशोरीदास वाजपेयी इस विभाग के गौरव स्तंभ रहे हैं। फीजी, मारीशस, गुयाना सूरीनाम आदि देशों के छात्र यहाँ से अध्ययन कर हिन्दी भाषा और गुरुकुलीय विचारधारा का प्रचार–प्रसार कर रहे हैं।

इधर १९९६–९७ की अवधि में पठन–पाठन का कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। विभाग में हिन्दी जगत के यशस्वी विद्वानों के व्याख्यान आयोजित किये गये। इनमें बाल कवि बैरागी, नई दिल्ली, प्रो० डॉ० महेन्द्र कुमार, दिल्ली वि०वि०, प्रो० महेन्द्र नाथ दूबे, आगरा, प्रो० डॉ० कैलाशचन्द्र भाटिया, अलीगढ़, प्रो० हरिशचन्द्र वर्मा एवं प्रो० नरेशचन्द्र मिश्र, महर्षिदयानन्द वि०वि० रोहतक, डॉ० उदयशंकर श्रीवास्तव, मुस्लिम वि०वि० अलीगढ़, प्रो० प्रेमकान्त टण्डन इलाहाबाद विश्वविद्यालय आदि विभिन्न कार्यों से विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में पधारे। विभाग के आचार्य डॉ० विष्णुदत्त राकेश ने विश्वविद्यालय के ९६ वर्षों के दीक्षान्त भाषणों तथा प्रमुख सारस्वत व्याख्यानों का संकलन–सम्पादन 'दीक्षालोक' नाम से किया। दीक्षान्त समारोह में इसका लोकार्पण किया गया।

हिन्दी पत्रकारिता के छात्र प्रशिक्षण यात्रा पर इन्दौर, भोपाल गये, जहाँ उन्होंने प्रेस की कार्यविधि का अवलोकन किया। इस यात्रा के दौरान उन्हें पत्रकारिता से जुड़े विद्वानों के व्याख्यान सुनने का अवसर प्राप्त हुआ। विभाग के 'प्रशिक्षु पत्रकारों से विशिष्ट व्यक्तियों के साक्षात्कारों' को भी कमलकान्त बुधकर ने 'बातें मुलाकातें' के रूप में सम्पादित किया है। 'बातें मुलाकातें' हिन्दी की साक्षात्कार विद्या की अनुपम कृति है जो पाठकों के हाथों में है।

केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, नई दिल्ली, विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग की उपलब्धियों को दृष्टि में रखते हुए अहिन्दी भाषी नवलेखकों का २३ जून ९७ से एक सप्ताह का शिविर आयोजित कर रहा है।

डॉ० सन्तराम वैश्य रीडर

हिन्दी विभाग, गुरुनानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर द्वारा आयोजित, 'कबीर हमारे समकालीन' विषयक दो दिवसीय (२९ फरवरी १ मार्च ९६) राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया।

हिन्दी विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित 'हिन्दी रिफ्रेशर कोर्स' में 'रिसोर्स पर्सन' के रूप में दिनांक २४.२.९७ को व्याख्यान दिया।

हिन्दी विभाग, गुरुनानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर द्वारा आयोजित 'पुनर्जागरण और भारतीय साहित्य', विषयक दो दिवसीय (२१–२२ फरवरी ९७) राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया।

राष्ट्रीय रामायण मेला, चित्रकूट धाम के २४वें समारोह (७ मार्च से ११ मार्च १९९७) की साहित्यिक संगोष्ठियों में प्रमुख वक्ता के रूप में भाग लिया।

एस०एम०जे०एन० कालेज की पत्रिका 'अभिव्यक्ति' में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की हिन्दी साहित्येतिहास लेखन की दृष्टि और उसका मूल्यांकन तथा 'गुरुकुल पत्रिका' में 'हिन्दी साहित्येतिहास लेखन की परम्परा' शीर्षक लेख प्रकाशित हुए।

इनके निर्देशन में शोध करने वाले दो छात्रों को इस वर्ष पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त हुई।

❖❖❖

Department of English Studies

During the current session 1996-97 a research scholar under Prof N. sharma's supervision has submitted his Ph. D. thesis which has been finally approved, and another Ph. D thesis completed and submitted for evaluation. Prof. N. Sharma is also the Dean, Faculty of Humanities and was the head of the department upto March 1997.

Prof. Sharma has visited a number of universities in the country as an expert on the subject. The universities of Meerut, Kumaon and Allahabad invited him for important academic work. His learned article entitled Meditation in Sri Aurobindo's Yoga was published in the journal of the Panjabi University, Patiala, and at present he is working on the literary and philosophical aspects of Sri Aurobindo's works.

Mr. S.S. Bhagat, the present Head of the English Dept., has produced a couple of successful Ph. D. candidate in the subject. At present three scholars for Ph.D. degree are working under him. Apart from guiding Ph.D. students in the Dept. he has been also acting as an external guide to the research scholars in outside universities.

Under Dr. Sharwan K. Sharma's able supervision this year a candidate was awarded Ph.D. degree on the thesis entitled Time in the poetry of Matthew Arnold. At present four research scholars are engaged in working under him. He has also guided a number of M.A. Final students towards the completion of their dissertation as an optinal subject. This year he attended XII International IACS conference organized by the University of Jammu where he presented a paper entitled USE OF LANDSCAPE IN THE MODERN CANADIAN POETRY.

At present three research scholars are working under Dr. Ambuj Sharma for their Ph.D. Degree. The research work of all the three scholars are in good progress and nearing completion.

Dr. Krishna Avatar Agrawal, a lecturer in the Dept., has been guiding a couple of students for their Ph. D. Degree. He has attended refresher courses this year at the University of Allahabad and CIEFL, Hyderabad.

He presented this year a research paper entitled CONSCIOUSNESS IN THE PLAYS OF ASIF CURRIMBHOY at the annual conference of IASCL at the Allahabad University. He also presented a learned article entitled PHILOSOPHICAL REMEDIES OF CURRENT PROBLEMS IN MODERN INDIA at the Indian Philosophical Congress held at Gurukul Kangri University, Hardwar.

His two research papers have also been published in two different issues of the GURUKUL PATRIKA of the Gurukul Kangri Vishwavidyalay.

मनोविज्ञान विभाग

सत्र १९९६–९७ में मनोविज्ञान विभाग के अन्तर्गत लगभग १०० छात्रों ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर प्रवेश लिया है। स्नातकोत्तर स्तर पर छात्रों की संख्या अधिकतम १५ कर दी गयी है।

शोध समितिः–

इस सत्र में हुई शोध समिति की बैठक में छह विषय शोध के लिए स्वीकार किए गये। बैठक में विषय विशेषज्ञ के रूप में मेरठ विश्वविद्यालय के प्रो० एस०एन० राय तथा काशी विद्यापीठ, वाराणसी के प्रो० जी०पी० ठाकुर ने भाग लिया। विभाग के सभी प्राध्यापक शोध कार्य करा रहे हैं।

अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी–

इस वर्ष के अन्तर्गत एक अन्तर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन फरवरी, १९९७ में किया गया। कांफ्रेंस का विषय डवलपिंग हयूमन रिलेशन्स एण्ड एथनिक अण्डरस्टैंडिंग' था। इस त्रिदिवसीय कांफ्रेंस का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री सूर्यदेव जी ने किया तथा देश–विदेश से आए सभी अतिथियों का स्वागत विश्वविद्यालय के कुलपति डा० धर्मपाल जी ने किया। विदेश से आने वाले प्रतिनिधि दक्षिण अफ्रीका, कनाडा, रशिया, स्लोवेनिया एवं अमेरिका से थे। लगभग कुल २४० प्रतिनिधियों ने देश–विदेश से भाग लिया। इस अवसर पर तीन मनोवैज्ञानिकों प्रो० दुर्गानन्द सिन्हा, प्रो० के०वी० कलियप्पन एवं प्रो० डी०एम० पेस्टनजी को सम्मानित भी किया गया। कांफ्रेंस प्रोसीडिंग का विमोचन दीक्षान्त समारोह में मुख्य अतिथि के द्वारा किया गया।

पी०एच०डी० उपाधि–

प्रो० ओ०पी० मिश्र के निर्देशन में श्री तन्मय भट्टाचार्य तथा प्रो० एस०सी० धमीजा के निर्देशन में श्री बालकृष्ण पाल को पी०एच०डी० की उपाधि प्रदान की गयी। विभाग के शिक्षकों की शैक्षणिक गतिविधियां इस प्रकार हैं–

प्रो० ओ०पी० मिश्र–

प्रो० ओ०पी० मिश्र मेरठ विश्वविद्यालय, गढ़वाल विश्वविद्यालय, कानपुर विश्वविद्यालय तथा काशी विश्वविद्यालय (विद्यापीठ) की शोध समितियों में विषय विशेषज्ञ के रूप में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने गढ़वाल विश्वविद्यालय की बोर्ड आफ स्टडीज में भी विशेषज्ञ के रूप में भाग लिया है। इसके अतिरिक्त राजकीय लोक सेवा आयोग तथा केन्द्रीय लोक सेवा आयोग में परीक्षक के रूप में कार्य किया।

प्रो० एस०सी० धमीजा–

इस वर्ष प्रो० एस०सी० धमीजा को मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष पद के अतिरिक्त प्रबन्धन

स्वामी दीक्षानन्द जी को अभिनन्दन पत्र भेंट करते हुंए कुलाधिपति एव कुलपति मंचस्थ अधिकारीगण

मचरथ अधिकारीगण

संकाय का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनके निर्देशन में ५ छात्र–छात्रायें पी.एच.डी. उपाधि के लिए कार्य कर रहे हैं। एम०ए० तथा पी०एम०आई०आर० के लगभग २० छात्र–छात्राओं ने उनके निर्देशन में प्रोजेक्ट का कार्य पूरा किया। प्रो० एस०सी० धमीजा के दो शोध–पत्र प्रकाशित हुए, एक पत्र प्रकाशन के लिए स्वीकार किया गया है। इसके अतिरिक्त एक शोध–पत्र प्रकाशित होने के लिए विदेश भेजा गया है। उनकी तीन पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

डा० एस०के० श्रीवास्तव–

डॉ० एस०के० श्रीवास्तव के तीन शोध–पत्र प्रकाशित हुए तथा दो शोध–पत्र प्रकाशित होने के लिए स्वीकार किये गये। एक मनोवैज्ञानिक परीक्षण का मानकीकरण डॉ० श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इण्डियन काउंसिल आफ सोशल साइंस रिसर्च एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा उन्हें दो प्रोजेक्ट पर कार्य करने के लिए वित्तीय सहायता स्वीकृत की गयी है। वर्तमान में छात्रावास के अध्यक्ष का कार्यभार भी संभाले हुए हैं।

डॉ० सी०पी० खोखर–

डॉ० सी०पी० खोखर के साथ एक छात्र पी०एच०डी० उपाधि के लिए कार्य कर रहा है तथा एम०ए० की एक छात्रा का उन्होंने लघु शोध कार्य पूर्ण कराया।

प्रौढ़ सतत् शिक्षा एवं प्रसार विभाग

प्रौढ़ सतत् शिक्षा एवं प्रसार विभाग को विश्व–विद्यालय अनुदान आयोग द्वारा पत्रांक ५.३२/६२ (एन.एफ.ई.१) दिनांक ६ जुलाई १६६६ के माध्यम से रु. १,१८,००० तथा पत्रांक एफ. ६–६८/६२ (एन.एफ.ई.१) दिनांक ६ सितम्बर १६६६ के माध्यम से रु. ४,६६५/– सत्र १६६६–६७ हेतु स्वीकृत किये गये।

१. जन–शिक्षण निलयम––५

२. सतत् शिक्षा कोर्स–५

३. जनसंख्या शिक्षा क्लब–१

४. साक्षरता कार्यक्रम

१. जन शिक्षण निलयम– विभाग द्वारा पाँच जन–शिक्षण निलयम ग्राम जमालपुर, सीतापुर, गाड़ोवाली, अजीतपुर (कटारपुर), जगजीतपुर एवं सराय में संचालित किये गये। विभाग द्वारा इन निलयमों पर समाचार पत्र, पत्रिकायें, फुटबाल, बॉलीबाल एवं कैरम बोर्ड उपलब्ध कराये गये।

२. सतत् शिक्षा– विभाग द्वारा इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सिलाई एवं सौन्दर्यकरण में ६–६ माह के दो प्रशिक्षण आयोजित किये गये। इसके अतिरिक्त १५–१५ दिन के पेंटिंग, घरेलू बिजली उपकरणों की मरम्मत तथा धूम्ररहित चूल्हा सम्बन्धी तीन प्रशिक्षण आयोजित किये गये।

३. जनसंख्या शिक्षा– इस कार्यक्रम के अन्तर्गत विभाग द्वारा सिलाई एवं सौन्दर्य प्रशिक्षणार्थियों के बीच ग्राम जगजीतपुर में वाद–विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जनसंख्या एवं विकास विषय पर विश्व–विद्यालय एवं स्थानीय महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं की प्रतियोगिता की गयी।

४. साक्षरता कार्यक्रम– इस कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम सराय, सीतापुर, गाड़ोवाली, जगजीतपुर एवं कटारपुर में ६०० निरक्षरों को साक्षर बनाया गया।

५. अन्य क्रिया कलाप– विभाग द्वारा इण्डियन सोसाइटी फॉर कम्युनिटी एजूकेशन के सहयोग से सातवें राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन दिनांक १८–२० नवम्बर, १६६६ में किया गया। इस सम्मेलन का उद्घाटन पूर्व रक्षा राज्यमंत्री प्रो० शेर सिंह द्वारा किया गया। इस सम्मेलन का समापन राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो० जे०एस० राजपूत द्वारा किया गया। सम्मेलन में लगभग १०० प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

६. प्रकाशन– जनसंख्या शिक्षा के अन्तर्गत जनसंख्या एवं साक्षरता पुस्तक का प्रकाशन किया गया।

विभागीय अधिकारियों के कार्य कलाप

डॉ० आर०डी० शर्मा

विभागाध्यक्ष डॉ० आर०डी० शर्मा ने एम०ए० (उत्तरार्ध) योग में तृतीय पेपर शोध विधियों का शिक्षण कार्य किया।

संगोष्ठी/सम्मेलन में भागीदारी

१. इण्डियन सोसायटी फार कम्युनिटी एजूकेशन के सातवें राष्ट्रीय सम्मेलन में १८–२० नवम्बर, १९९९ में 'सामुदायिक विकास के लिए सामुदायिक शिक्षा' विषय पर आयोजित किया।

२. लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रौढ़ सतत् शिक्षा एवं प्रसार विभागों के निदेशकों की बैठक में १०, ११ सितम्बर १९९९ को भाग लिया।

३. लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रौढ़ सतत् शिक्षा एवं प्रसार विभागों के निदेशकों की बैठक में मार्च २७, १९९७ को भाग लिया।

विषय विशेषज्ञ

१. हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में अनौपचारिक शिक्षा संकाय में विशेष विशेषज्ञ के रूप में नामित किया गया।

२. हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में कॉमर्स संकाय में 'परा मनोवैज्ञानिक' संबंधी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा पोषित परियोजना में सलाहकार के रूप में कार्य किया।

शोध परियोजना– हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के कॉमर्स संकाय में 'प्रबन्ध सम्बन्धी' भारतीय समाज विज्ञान परिषद, नई दिल्ली द्वारा पोषित परियोजना में सह–अन्वेषक के रूप में कार्य किया।

अन्य

१. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की नवीं पंचवर्षीय योजना के लिए बी०एड० संबंधी प्रस्ताव तैयार किया।

२. विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केन्द्र हेतु नवीं पंचवर्षीय योजना के लिये प्रस्ताव तैयार किया।

३. अनौपचारिक शिक्षा संकाय का प्रस्ताव नवीं पंचवर्षीय योजना हेतु तैयार किया गया।

डॉ० जे०एस० मलिक परियोजना अधिकारी

१. इण्डियन सोसाइटी फॉर कम्युनिटी एजूकेशन एवं विभाग द्वारा आयोजित सम्मेलन में १८–२० नवम्बर १९९९ को भाग लिया।

२. भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ द्वारा आयोजित संगोष्ठी में ८ व ९ मार्च १९९७ को भाग लिया।

प्रकाशित शोध लेख– वैदिक वर्ण व्यवस्था का वैज्ञानिक आधार। गुरुकुल पत्रिका।

प्रबन्धन संकाय

कुलपति डॉ० धर्मपाल के अथक प्रयासों के फलस्वरूप तीन वर्ष पूर्व कार्मिक प्रबन्ध में स्नाकोत्तर डिप्लोमा प्रारम्भ किया गया था। इसी क्रम में ए०आई०सी०टी०ई० एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की स्वीकृति प्राप्त होने से पृथक से प्रबन्धन संकाय की स्थापना की गई तथा प्रबन्धन संकाय के अन्तर्गत एम०बी०ए० पाठ्यक्रम दिसम्बर १९९६ सें प्रारम्भ किया गया। इस पाठयक्रम के लिए लगभग ४०० छात्र एवं छात्राओं ने प्रवेश परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से समूह वार्ता एवं साक्षात्कार के पश्चात् ६०ँ छात्र–छात्राओं का चयन किया गया। ३ दिसम्बर १९९६ से यज्ञ करने के पश्चात कुलपति जी ने पाठयक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। संकायाध्यक्ष के रूप में प्रो० एस०सी० धमीजा, विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान को प्रबन्धन संकाय का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया।

अध्यापन कार्य के अतिरिक्त संकाय ने छात्र–छात्राओं के ज्ञानवर्धन के लिए इण्डस्ट्रीयल टूर, गेस्ट लेक्चर्स, रिपोर्ट प्रसेन्टेशन, ग्रुप डिस्कशन, वाद–विवाद प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता, बिजनेस क्विज, बिजनेस गेम्स आदि के भी आयोजन किये गये। संकाय के अंतर्गत निम्न शोध पत्र प्रकाशित/प्रस्तुत किये गये–

(1) 'Changing human values and social conflicts'

(2) 'Ethnic Strife and neuroticism in Kashmiri Migrants'

By S.C. Dhamija

in International conference at G.K. University, Hardwar.

Managerial Effectiveness* published in guest of Bharteeya Shikshan, August 1996.

By S.P. Singh

Effective Communication at International Conference on 'Developing Human Relations and Ethnic Understanding' Gurukul Kangri University, Hardwar.

By Anurag Sing

*Stress Management' in IInd Asian & 33rd IAAP International Conference held at Gurukul Kangri University, Hardwar.

By Dr. Vivek Sahni and Dr. V.K. Singh

आलोच्य वर्ष के अन्तर्गत निम्न विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किये गये–

Dr. V.K Singh delivered an expert lecture on "Performance Appraisal" at TIT, Bhiwani (Haryana).

Mr Sanjay Sethi, HFCl, New Delhi delivered expert lectures on 7 Ps' of marketing.

Prof. S.K. Sharma, Head, Txtile Institute for Technology (TIT),

Bhiwani delivered expert lectures on Human Resource Management-An overview.

Sh. Balveer Talwar, Manager, BHEL, Hardwar delivered expert lectures on T.Q.M.

Mr Sanjay Chopra, Deputy Director, IAS Academy, Mussourrie delivered a lecture on "Practical aspect of Administration in Management".

Mr Mukesh Khanna (Actor & Industrialist) and Ved Khanna (Industrialist), Shree Ram Textiles, Mumbay delivered lectures on "Enterprenial Development."

जनवरी, १९९७ में कार्मिक प्रबन्ध के छात्रों के लाभार्थ एक शिक्षण भ्रमण डॉ० विवेक साहनी एवं डॉ० विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में ग्रिन्डवैल नार्टन लि०, बैंगलौर, ए०के० इण्डस्ट्रीज, मुम्बई, श्रीराम क्लॉथ मिल्स, मुम्बई एवं आर्य मिल्क डेरी, भिवानी के लिए आयोजित किया गया। अप्रैल १९९७ में एम०बी०ए० एवं पी०एम०आई०आर० के छात्रों एवं छात्राओं को आई.ए.एस. एकेडमी मसूरी, नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ विजुअली हैण्डीकैप्ड देहरादून तथा चीनी मिल, डोईवाला का भ्रमण कराया गया।

विभागीय पुस्तकालय के अन्तर्गत प्रबंध विशेषज्ञ विषयों पर लगभग १३०० पुस्तकें उपलब्ध हैं तथा अनेक संबंधित पत्र–पत्रिकाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं।

संकाय के अन्तर्गत दृश्य–श्रवण उपकरण भी क्रय किये गये हैं तथा अनेक विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्यान कैसेट उपलब्ध हैं। इन ऑडियों विजुअल इक्वीपमेन्टस का प्रयोग छात्रों एवं छात्राओं के लाभार्थ किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली की रिव्यू समिति ने अप्रैल १९९७ में संकाय का निरीक्षण किया। समिति के सुझाव पर प्रबंधन संकाय के अन्तर्गत निम्न पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं ए०आई०सी०टी०ई० की स्वीकृति हेतु भेजे गये हैं।

1. Management of Information Technology (MIT).
2. Master of Tourism and Hotel Management (MTHM).
3. Master of Business Economics (MBE).
4. Master of Personnel Management & Industrial Relations (MPMIR).
5. Master of Business Finance (MBF).
6. Three one year Post Graduate Diploma in:-

(a) Sales and Marketing Management (PGDSMM)
(b) Production and Operation Management (PGDPOM)
(c) Financial management (PGDFM).

विज्ञान संकाय

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय आज भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति की अनुपम धरोहर के रूप में है। यह विश्वविद्यालय वर्तमान में वैदिक शिक्षाओं के साथ–साथ विज्ञान विषयों की उच्च शिक्षा प्रदान कर रहा है। संकाय के प्राध्यापकगण शिक्षण कार्य के साथ–साथ शोध कार्य में संलग्न हैं। वर्ष १९९५–९६ में संकाय का परीक्षाफल सराहनीय रहा। यह अत्यन्त हर्ष एवं प्रतिष्ठा का विषय है कि संकाय से बी०एस०सी० उपाधि लेकर निकले छात्रों को भारत के अन्य प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश मिल चुका है।

इस सत्र में विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष प्रोफेसर एस०एल० सिंह दारूल सलाम विश्वविद्यालय में विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में कार्य कर रहे हैं। उनके स्थान पर डॉ० वीरेन्द्र अरोड़ा संकायाध्यक्ष का कार्य कर रहे हैं।

संकाय के प्राध्यापक शोध कार्य करवा रहे हैं। शोध एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के लिये संबंधित विभागों की आख्या अवलोकनीय है। यहां के शिक्षकों के शोध पत्र लगातार विदेशी एवं भारतीय पत्रिकाओं में छप चुके हैं। संकाय की एक विशिष्टता यह है कि बी०एस०सी० में कम्प्यूटर विज्ञान को विषय विशेष के रूप में पढ़ाने का प्रबंध है। छात्रों की सुविधा के लिये इस वर्ष बी०एस०सी० में सांख्यिकी विषय में अध्ययन की सुविधा प्रदान की गई है। छात्र संख्या निरन्तर बढ़ रही है।

संकाय में प्रत्येक ग्रुप के वरीयता क्रम के अनुसार प्रति ग्रुप में ५–५ मेधावी छात्रों को संकाय द्वारा छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त जिन्दल ट्रस्ट, आसफअली रोड, दिल्ली से भी विभिन्न कक्षाओं में अध्ययनरत छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। सत्र १९९६–९७ में छात्रों की संख्या निम्नवत रही–

कक्षा	ग्रुप	छात्र संख्या
बी०एस०सी० प्रथम खण्ड	गणित	८४
बी०एस०सी० प्रथम खण्ड	कम्प्यूटर	४०
बी०एस०सी० प्रथम खण्ड	सांख्यिकी	३५
बी०एस०सी० द्वितीय खण्ड	गणित	८५
बी०एस०सी० द्वितीय खण्ड	कम्प्यूटर	५१
बी०एस०सी० तृतीय वर्ष	गणित	१०८
बी०एस०सी० तृतीय वर्ष	कम्प्यूटर	५४
बी०एस०सी० तृतीय वर्ष	मनोविज्ञान	११
बी०एस०सी० तृतीय वर्ष	दर्शन	०२
एम०ए०सी० प्रथम वर्ष	गणित	०५
एम०एस०सी० द्वितीय वर्ष	गणित	०६
एम०एस०सी० प्रथम वर्ष	रसायन	१८
एम०एस०सी० द्वितीय वर्ष	रसायन	१८

एम०एस०सी० प्रथम वर्ष	भौतिकी	११
एम०एस०सी० द्वितीय वर्ष	भौतिकी	१०
एम०एस०सी० प्रथम वर्ष	ए०सी०ए०	४०
एम०एस०सी० द्वितीय वर्ष	ए०सी०ए०	४०
एम०एस०सी० तृतीय वर्ष	एम०सी०ए०	३०

संकाय कार्यालय

संकाय के जू०असि० कम टाइपिस्ट श्री यशपाल सिंह राणा प्रोन्नत होकर मुख्य कार्यालय में स्थानांतरित हो गये। श्री धर्मवीर सिंह जू० असि० ने कार्यालय के दायित्वों के साथ साथ एन०एस०एस० के कार्य में सहयोग दिया। श्री हंसराज जोशी, जू०असि० ने कार्यालय के दायित्वों के अतिरिक्त प्रवेश संबंधी कार्यों तथा प्राकृतिक एवं भौतिकी विज्ञान शोध पत्रिका में प्रबंधक के कार्यों का निर्वहन किया।

कार्यालय के अन्य कर्मचारियों श्री रामदास, श्री रायसिंह, श्री राजपाल सिंह, श्री विनोद कुमार ने संकाय से संबंधित कार्यों रख–रखाव आदि में पूर्ण सहयोग दिया।

जीव विज्ञान संकाय

स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज द्वारा स्थापित गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय आज भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति की अनुपम धरोहर के रूप में है। यह विश्वविद्यालय वर्तमान में वैदिक शिक्षाओं के साथ–साथ विज्ञान विषयों की उच्च शिक्षा प्रदान कर रहा है। बी.एस.सी. की उपाधि लेकर निकले छात्रों को भारतवर्ष के अन्य प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश मिल चुका है।

संबंधित विभागों में शोध एवं शैक्षणिक–गतिविधियों के लिए आख्या अवलोकनीय है। संकाय में मेधावी छात्रों को वरीयताक्रम के अनुसार छात्रवृति प्रदान की जाती है। सत्र १९९६–९७ में प्रवेशानुसार छात्र संख्या निम्नवत् रही:–

कक्षा	ग्रुप	छात्र संख्या
बी.एस.सी. प्रथम वर्ष	बायो०	७३
बी.एस.सी. प्रथम वर्ष	ई० माइक्रो०	२५
बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष	बायो०	४३
बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष	ई० माइक्रो०	२१
बी.एस.सी. तृतीय वर्ष	बायो०	४०
बी.एस.सी. तृतीय वर्ष	ई० माइक्रो०	१४
बी.एस.सी. तृतीय वर्ष	मनो० वि०	२
एम.एस.सी. प्रथम वर्ष	माइक्रो०	१८
एम.एस.सी. द्वितीय वर्ष	माइक्रो०	१७
एम.एस.सी. प्रथम वर्ष	पर्यावरण	१२
एम.एस.सी. द्वितीय वर्ष	पर्यावरण	१३

पुण्य भूमि गुरुकुल कांगडी का विहंगम दृश्य

विश्व विद्यालय का पुरातत्त्व संग्रालय

(गणित व सांख्यिकी विभाग)

बी.एस.सी. प्रथम व एम.एस.सी. प्रथम वर्ष में नये छात्रों के प्रवेश के बाद कक्षायें प्रारम्भ हुईं। नये एवं पुराने छात्रों को अधिक से अधिक अध्ययन के लिये प्रेरित किया गया एवं छात्रों की व्यक्तिगत कठिनाइयों का भी निराकरण विभाग के शिक्षकों द्वारा किया गया।

इस सत्र से विभाग में बी.एस.सी. स्तर पर सांख्यिकी विषय प्रारम्भ किया गया तद्नुसार विभाग का नाम गणित एवं सांख्यिकी विभाग किया गया।

सत्र में विभाग के शिक्षकों ने कम्प्यूटर विभाग द्वारा आयोजित परिभाषिक शब्दावली कार्यशाला में सक्रिय भाग लिया।

३० अप्रैल १६६७ को विभाग के रीडर डॉ० हरबंस लाल गुलाटी ६० वर्ष की आयु प्राप्त होने पर विश्वविद्यालय से सेवा निवृत हुये। उन्हें विभाग द्वारा भावभीनी विदाई दी गयी तथा उन्हें सम्मानित किया गया।

इस सत्र में डॉ० राजेन्द्र कुमार शर्मा की विभाग में विधिवत् रूप से प्राध्यापक पद पर नियुक्ति हुई।

अमर शहीद स्वामी श्रद्धानन्द सप्ताह के अवसर पर विभाग के छात्रों द्वारा एक झांकी प्रस्तुत की गयी जिसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। इसके लिये विभाग के समस्त शिक्षकों ने सहयोग दिया।

सत्र में समस्त शिक्षक अध्ययन कार्य के अतिरिक्त शोध कार्य में भी व्यस्त रहे जिनका विवरण निम्न है–

प्रो० श्याम लाल सिंह

इस सत्र में प्रो० श्याम लाल सिंह दारूल सलाम विश्वविद्यालय में विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं।

डॉ० वीरेन्द्र अरोड़ा (विभागाध्यक्ष)

विभागीय कार्य सम्पन्न कराने के अतिरिक्त विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष का कार्य किया। इन्टरनेशनल बायोग्राफिकल सेन्टर, इंग्लैंड द्वारा इन्टरनेशनल मैन आफ दी ईयर से सम्मानित किया गया। वैदिक गणित में शोध पत्र प्रकाशन हेतु प्रेषित किये।

विश्वविद्यालय सेवायोजना एवं मंत्रणा केन्द्र के प्रमुख का कार्य कर रहे हैं। कम्प्यूटर विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला में भाग लिया।

डॉ० विजयेन्द्र कुमार शर्मा

विभागीय शिक्षण कार्य के अतिरिक्त विभाग के लिए सामान आदि क्रय करने का कार्य भी अन्य वर्षों की भांति किया। कुछ शोध पत्र भी प्रकाशन की प्रक्रिया में है।

डॉ० महीपाल सिंह

विभागीय शिक्षण कार्य के अतिरिक्त शोध कार्य में भी संलग्न रहे। वनस्थली विद्यापीठ

राजस्थान में आयोजित कांफ्रेंस में शोध पत्र प्रस्तुत किया। कम्प्यूटर विभाग में आयोजित कार्यशाला में भाग लिया।

डॉ० हरवंश लाल गुलाटी

विभागीय शिक्षण कार्य के अतिरिक्त परीक्षा कार्य में सहायक परीक्षाध्यक्ष के रूप में कार्य किया। कम्प्यूटर विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला में भाग लिया।

डॉ० राजेन्द्र कुमार शर्मा

डॉ० शर्मा की नियुक्ति विभाग में २७ नवम्बर १९९६ को हुई। शिक्षण कार्य के अतिरिक्त विभागीय अन्य कार्यों में भी इनका सहयोग सराहनीय है। डॉ० शर्मा शोध कार्यरत है।

भौतिकी विभाग

सत्र १९९६–९७ में बी.एस.सी. एवं एम.एस.सी. कक्षाओं का अध्यापन कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ।

विभाग में शोध छात्र विभिन्न अध्यापकों के निर्देशन में शोध कार्य में संलग्न हैं। इस सत्र में शोध समिति की बैठक हुई जिसमें डॉ० राजेन्द्र कुमार के निर्देशन में श्री पंकज लूथरा एवं श्रीमती सीमा राणा के शोध विषय स्वीकृत हुए।

इस सत्र में विभाग की खराब हो चुकी सम्पूर्ण विद्युत लाइन बदली गयी तथा कुछ बड़ी स्लैब डार्करूम में प्रयोग करने हेतु बनवायी गईं। कुलपति जी के निर्देशानुसार डॉ० राजेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कन्या गुरुकुल महाविद्यालय, हरिद्वार में भौतिकी विभाग की स्थापना इसी सत्र में की गई तथा वहां पर भी अध्यापन कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ।

दिसम्बर माह में पाठ्यक्रम समिति की बैठक हुई जिसमें बी.एस.सी. एवं एम.एस.सी. कक्षाओं के पाठ्यक्रमों में संशोधन किया गया। भौतिकी विषय की सभी परीक्षाएं सुचारू रूप से सम्पन्न करायी गयी।

सी.एस.आई.आर. के पूर्व डायरेक्टर जनरल प्रो० एस०के० जोशी १५ जनवरी ९७ को विभाग में पधारे एवं 'New Materials Of Coming Decades' विषय पर एक बहु आयामी व्याख्यान दिया जिससे विज्ञान एवं जीव विज्ञान संकाय के अन्य अध्यापक एवं छात्र भी लाभान्वित हुये।

डॉ० पी०पी० पाठक का 'A Note on Raingush Phenomena' विषय पर एक शोध पत्र J.8 Natural and Physics Sciences, Vol. 9 में प्रकाशन हेतु स्वीकृत हुआ।

विभागीय अध्यापकों द्वारा विश्वविद्यालय से बाहर के कार्यों में भी हिस्सा लिया जिनमें निम्न प्रमुख हैं–

१. राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का संयोजन

२. राष्ट्रीय स्नातक भौतिकी परीक्षा एवं राष्ट्रीय मानक भौतिकी परीक्षा।

३. सर सी०वी० रमन मैमोरियल एनुअल साइन्स स्कालरशिप कान्टेस्ट १९९७

भौतिकी विभाग के पुस्तकालय में लगभग १५०० पुस्तकें हैं जिनका प्रयोग एम.एस.सी. के छात्र, शोध छात्र एवं शिक्षकों द्वारा किया जाता है।

भौतिकी विभाग में एम.एस.सी. कक्षाओं में वैदिक भौतिकी का पाठ्यक्रम भी पढ़ाया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि सत्र १९९७–९८ से स्नातकोत्तर स्तर पर 'Instrumentation, Design & Maintenance' विषयक का specialisation शुरू किया जा रहा है।

रसायन विज्ञान विभाग

सामान्य विवरणः– वर्ष १९९६–९७ में विभाग में कुल छात्र संख्या ५५० रही, जिसमें ३६ छात्र एम.एस.सी. (Commercial Methods of Chemical Analysis) में अध्ययनरत रहे।

विभागीय शोध समिति व पाठ्यक्रम समिति की बैठकें समय पर की गई। बी.एस.सी व एम.एस.सी. पाठ्यक्रमों का पुनर्निरीक्षण, संशोधन किया गया व स्नातकोत्तर स्तर पर कम्प्यूटर से संबंधित प्रश्नपत्र 'Computer Application in Chemistry' प्रारम्भ किया।

इस समय विभाग में कुल १० शोध छात्र कार्यरत हैं। इसी वर्ष में डॉ० आर०डी० कौशिक व डॉ० ए०के० इन्द्रायण के निर्देशन में क्रमशः एक–एक छात्र को पी.एच.डी. उपाधि प्रदान की गयी।

विभाग में चल रहा एम.एस.सी. पाठ्यक्रम एक अत्याधुनिक व रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रम है जिसमें प्रविष्ट छात्रों को आसानी से रोजगार उपलब्ध हो जाता है।

गत दो वर्षों से विभाग में निम्नांकित निर्माण कार्य हुआः– गैस प्लान्ट में प्लास्टर, बिजली की फिटिंग, भट्टी की मरम्मत व चबूतरा निर्माण, पाँच शोध सुविधायुक्त कक्षों की व्यवस्था, पुरानी व खराब हो चुकी पावर लाइन हटाकर नयी लाइन डलवाना व नये प्वाइन्टस लगवाना, खराब हो चुके इक्यूपमैंटस की मरम्मत, प्रयोगशालाओं के बाहर पक्का फर्श निर्माण, बी.एस.सी. (द्वितीय) प्रयोगशाला में २० अतिरिक्त शैल्फों का निर्माण, विभागीय कार्यालय कक्ष का निर्माण, बाथरूम की मरम्मत, अध्यक्ष कक्ष की व्यवस्था आदि।

इस समय एक उपकरण प्रयोगशाला का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है जिसके पूर्ण हो जाने के बाद विभाग में उपकरण आदि सुव्यवस्थित ढंग से कार्य कर सकेंगे।

आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा व प्रयोगात्मक परीक्षायें सुनिश्चित समय पर कुलपति जी द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार करायी गई जिसके फलस्वरूप एम.एस.सी. रसायन का सत्र पूर्ण रूपेण नियमित कर दिया गया।

विभाग में एक कम्प्यूटर व प्रिंटर क्रय किया गया जिससे एम.एस.सी. छात्रों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण में सुविधा होगी।

रसायन विभाग के पुस्तकालय में कुल ६९७ पुस्तकें हैं जिनका उपयोग एम.एस.सी. व शोध छात्रों के अतिरिक्त शिक्षकों द्वारा भी किया जाता है। वर्ष १९९६–९७ में डॉ० आर०डी० सिंह विभागीय पुस्तकालय के इंचार्ज रहे। विभागीय पुस्तकालय कक्ष का निर्माण अभी विचाराधीन है।

रसायन विभाग में २० सितम्बर १९९६ को स्वर्गीय श्री ओम प्रकाश सिन्हा जी के बलिदान दिवस पर यज्ञ आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें कुलपति जी, आचार्य जी, डीन व अन्य शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त कर सिन्हा जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

गोआ विश्वविद्यालय व सामुद्रिक शोध संस्थान, डोना पोला के लिए सरस्वती यात्रा लेकर छात्रों के साथ डॉ० आर.डी. कौशिक व डॉ० रणधीर सिंह गये।

इस वर्ष विभागीय मेन्टेनेन्स ग्रान्ट में वृद्धि की गई व उपकरण आदि क्रय करने हेतु अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रशासन द्वारा उपलब्ध करायी गयी।

कुलपति जी के निर्देशानुसार डॉ० आर०डी० कौशिक की अध्यक्षता में कन्या गुरुकुल महाविद्यालय, हरिद्वार में रसायन विभाग की स्थापना वर्ष १९९५–९६ में की गयी थी। इस वर्ष एम.एस.सी. (Commercial methods of Chemical Analysis) द्वितीय वर्ष हेतु उपकरण आदि क्रय किए गये व सुचारू रूप से पाठ्यक्रम चलाते हुए विश्वविद्यालय द्वारा घोषित कार्यक्रमानुसार एम०एस०सी० प्रथम व द्वितीय वर्ष की परीक्षायें ठीक समय पर सम्पन्न करायी गयी। इस समय विभाग में २३ छात्राएं एम०एस०सी० में व तीन शोध छात्राएं पी०एच०डी० उपाधि हेतु कार्यरत हैं।

विभागीय शिक्षकों का प्रगाते विवरण

डा० आर० डी० कौशिक, रीडर एवं विभागाध्यक्ष

१. डा० कौशिक के निर्देशन में कु० वन्या जैन को इस वर्ष पी०एच० डी० उपाधि प्राप्त हुई।

२. डा० कौशिक के निर्देशन में दो एम०एस०सी छात्रों ने डिसर्टेशन कार्य पूर्ण किया।

३. तीन अन्य शोध छात्र पी०एच०डी० उपाधि हेतु कार्यरत हैं।

४. यू० जी० सी० शोध परियोजना "Kinetics and mechanism of periodate oxidation of compounds of physiological importance" पर कार्य चल रहा है।

५. निम्नाँकित शोध पत्र कान्फ्रेंस में प्रस्तुति हेतु स्वीकृत हुआ व इसे डा० आर०डी० कौशिक के निर्देशन में कार्यरत शोध छात्र श्री राजेश जोशी द्वारा प्रस्तुत किया गया।

"Kinetics and Mechanism of periodate oxidation of N-N-dimethyle-P-toluidine in acetone water medium," R.D. Kaushik & Rajesh Joshi, proceeding of 15th conference of Indian council of Chemists (Aurangabad), P.P,-1, (1996) 100.

६. निम्नाँकित शोध पत्र अन्तर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित प्रकाशनार्थ स्वीकृत हुऐ ।

(i) " Kinetics and mechenism of periodate oxidation of m-toluidine in acetone water medium", R.D. Kaushik & Rajesh Joshi, Asian Journal of Chemistry, 9 (3), (1997) 527 - 532.

(ii)"Periodate oxidation of aromatic amines-Kinetics and mechanism of oxidation of P-toluidine in acetone - water medium". R.D. Kaushik & Rajesh Joshi, Asian Journal of Chemistry, 9 (4), (1997) (Accepted for publication) (In press).

(iii) "Kinetics of periodate oxidation of aromatio amines-A comparision of effect of PH of exidation of some anilines, " R.D. Kaushik & Rajesh Joshi, Asian Journal of Chamistry, 9(4), (1997) (Accepted for pubication) (In Press)

(iv) " A new Kinetic spectrophotometric method based on periodote oxidation for determination of N-N, dimethyl -P- toluidine in acctone-water medium", R.D. Kaushik & Rajesh Joshi. Himalayan Journal of

Environment and Zoology, 10, (1996) (Accepted for publication) (In press).

(v) " Microgram determination of m-toluidine in water by Kinetic - spectro photometric method based on periodetc oxodation", R.D. Kaushik & Rajesh Joshi Journal of Environment and Pollution, 4, (1997) (Accepted for publication) (In press).

(vi) " An analysis of water being supplied to Gurukul Kangri University campus, Hardwar". R.D. Kaushik, Mamta sharma, Rajesh Joshi & G.P. Gupta Journal of Natural and physical sciences (19997) (communicated for publication)

८. डा० कौशिक ने संयोजक बोर्ड आफ स्टडीज; संयोजक, शोध उपाधि समिति; परीक्षाध्यक्ष विभागीय प्रयोगात्मक परीक्षा; संयोजक एम०एस० सी० प्रवेश समिति; सदस्य, बी०एस०सी० प्रवेश समिति; व संयोजक, ओमप्रकाश सिन्हा बलिदान दिवस समारोह के रूप में १९९६–९७ में कार्य किया ।

डा० रामकुमार पालीवाल, रीडर रसायन विभाग

१. डा० पालीवाल के निर्देशन में दो एम०एस०सी० छात्रों ने अपना डिसर्टेशन कार्य पूर्ण किया। उन्होंने परीक्षा उडन दस्ते के सदस्य के रूप में तथा अनुशासन समिति में प्रोक्टर के रूप में कार्य किया।

२. विभागीय सामान्य क्रिया कलापों में अपना सहयोग प्रदान किया।

डा० ए० के० इन्द्रायण, रीडर रसायन विभाग

१. यू० जी० सी० शोध परियोजना "Isolation extraction and study of medicinally valued dye from some indigenous plant" पर कार्यरत हैं।

२. दो एम०एस०सी छात्रों ने डिसर्टेशन हेतु कार्य किया ।

३. एक छात्र श्री ऋषि कुमार शुक्ला को डा० इन्द्रायण के निर्देशन में पी०एच०डी० उपाधि प्राप्त हुई। इस समय उनके निर्देशन में ४ अन्य शोध छात्र कार्यरत हैं।

४. औषध वनस्पतियों से सम्बन्धित एक वार्ता A.I.R.नजीबाबाद से प्रसारित हुई। विश्वविद्यालय के स्वतन्त्रता दिवस व गणतन्त्र दिवस समारोहों का संयोजन किया।

५. U.S.A. से प्रकाशित होने वाले Marqui's world who's who में नाम व उपलब्धियों को सम्मिलित किया गया।

६. निम्न दो शोध पत्र कान्फ्रेंसों में प्रस्तुति हेतु स्वीकृत हुए ।

(A) " Study of properties of the oil extracted from seeds of Melia composita" by Km. Priya and Dr. A.K. Indrayan. I.C.C. conference December 1996.

(B) " Isolation adn study of properties of ambrette seed oil " by A.K. Indrayan, Vimla Yadav, K.S. Singh, Indian Science Conference Jan. 1997.

७. निम्नाँकित शोध पत्र प्रकाशित हुए

(i) Spectrophotometric studies of [bis (pyrazine) silver (II)

peroxodisulphate] and kinetics and mechanism of oxidation of water by it in a quieous perchloric acid". by R.K. Shukala & A.K. Indrayan Indian J. Chem., 36 A, 53 (1997).

(ii) " Isolation and study of properties of Ambrette seed dil extracted by using different solvent", Dr. A.K. Indrayan, Vimla Yadav, M. Kumar and K.S. Singh, Indian drugs, 34, 105 (1997).

डा० कौशल कुमार, रीडर रसायन विभाग :

१. डा० कौशल कुमार के निर्देशन में दो एम०एस०सी० छात्रों ने डिसर्टेशन कार्य पूर्ण किया।

२. वर्तमान में डा० कौशल कुमार के निर्देशन में एक शोध छात्र कार्यरत है जिसका शोध विषय "Physico-chemical Biological & Chemical studies on a compound herbal preparation of A marmelos, O. sanctum and piper nigrum in traditional folklore cure of diabetes mellitus" है।

५. निम्नलिखित शोध पत्र प्रकाशनार्थ भेजे गये।

(i) A Physico-Chemical study of sewage treatment plant, Hardwar.

(ii) A Pharmacological appraieal of the folk medicinal usage of A marmelos, O. Sanetum and Piper nigrum.

(iii) Safety efficacy and follogability of tolk lore formulation of citrus medica, Cyprea moneta and salsola Kali.

६. विभागीय सामान्य क्रिया–कलापों में अपना सहयोग प्रदान किया।

डा० रणधीर सिंह, रीडर, रसायन विभाग

१. एक major शोध प्रोजेक्ट यू० जी० सी० भेजा जा रहा है व एक अन्य प्रोजेक्ट C.S.I.R. भेजा जा रहा है।

२. दो शोध छात्र पी.एच.डी० उपाधि हेतु डा० सिंह के निर्देशन में कार्यरत हैं।

३. निम्नाँकित शोध पत्र अन्तर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए ।

(i) "Nickel (II) selective sansor based on heterogeneous membrane of macrocyclic compound," Sansor and actuators (Chemical) 9606 (1996).

(ii) " Synthesis and Characterization of macrocyclic complexes of Ni (II) Co (II) & Cu (II) Containing N_6 macrocyclic ligand," J. India Chem. Soc. 1996.

४. विभागीय समस्त सामान्य गतिविधियों में अपना सहयोग प्रदान किया।

डा० श्री कृष्ण, प्रवक्ता, रसायन विभाग

१. डा० श्री कृष्ण के निर्देशन में दो एम० एस० सी० छात्रों ने डिसर्टेशन कार्य पूर्ण किया।

२. विभांगीय सामान्य क्रिया–कलापों में अपना सहयोग प्रदान किया।

कम्प्यूटर विज्ञान विभाग

कम्प्यूटर विज्ञान विभाग विगत नौ वर्षों से कम्प्यूटरीय शिक्षा के विस्तार में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। विभाग की सत्र ९६–९७ की उपलब्धियों का ब्यौरा निम्न है।

१. शोधपत्रों का प्रकाशन :

इस वर्ष विभिन्न राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं/सम्मेलनों में विभागीय सदस्यों द्वारा निम्नलिखित शोध पत्र प्रकाशित किये गये।

(i) Vinod Kumar, P.K. Yadav and K.J. Bhatia

"On the Design of Reduced Communication Cost Based Task Allocation Algorithm for Distributed Processing Systems", An international Conference on Software Engineering Div. II & Madras Chapter, Madras, January 23-25, 1997. (Accepted)

(ii) M.P. Singh, Vinod Kumar and Arun Kumar

" Performance Analysis of Two-Stage Job Scheduling Schemes for Large Parallel Systems", 32nd Annual Convention of Computer Society of India, Nov. 13-16, 1997, Ahmadabad. (Communicated)

(iii) Vinod Kumar, M.P. Singh and Arun Kumar

" Performance Evaluation of Parallel Processing Systems", Presented at the Fourth Annual Conference of Indian Society of Industrial & applied Mathemactics, Jamia Millia Islamia University, New Delhi, April 6-8. 1996.

(iv) Vinod Kumar, M.P. Singh and P.K. Yadav

" An Efficient Algorithm for Multiprocessor Scheduling with Dynamic Reassignment", Proceedings of the Sixth National Seminar on Theoretical Computer Science, Banasthali Vidyapth, Rajasthan, August 5-8, 1996, pp. 105-118.

(v) Soni and K.J. Bhatia

" Resource Allocation Using Goal Programming - Case Study", Proceedings of the 6th International conference on Computer in Agriculture held at Cancun, Mexico, June 1996.

(vi) विनोद कुमार, प्रदीप कुमार एवं सुधीर शर्मा

" वितरित अभिकलन तंत्र हेतु सामान्य कृत दक्ष कार्य नियतन विधि", कम्प्यूटर विज्ञान

विभाग गु० का० वि० वि० हरिद्वार एवं वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, नयी दिल्ली द्वारा, ६–१० जनवरी, १९९७ में आयोजित कंप्यूटर विज्ञान की हिन्दी तकनीकी शब्दावली का विकास एवं अनुप्रयोग विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला/संगोष्ठी विवरणिका।

(vii) विनोद कुमार एंव कर्मजीत भाटिया

"वितरित आंकड़ा संसाधन तंत्र में कार्य नियतन"

कंप्यूटर विज्ञान विभाग गु०का० वि० वि० हरिद्वार एवं वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, नयी दिल्ली द्वारा, ६–१० जनवरी, १९९७ में आयोजित कंप्यूटर विज्ञान की हिन्दी तकनीकी शब्दावली का विकास एवं अनुप्रयोग विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला/संगोष्ठी विवरणिका।

(viii) विनोद कुमार

"वितरित आंकड़ा संचय : संरचना एवं प्रबन्धन

कंप्यूटर विज्ञान विभाग गु०का० वि० वि० हरिद्वार एवं वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, नयी दिल्ली द्वारा, ६–१० जनवरी, १९९७ में आयोजित कंप्यूटर विज्ञान की हिन्दी तकनीकी शब्दावली का विकास एवं अनुप्रयोग विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला/संगोष्ठी विवरणिका।

(ix) सुनील कुमार

"आभासी वास्तविकता"

कंप्यूटर विज्ञान विभाग गु०का० वि० वि० हरिद्वार एवं वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, नयी दिल्ली द्वारा, ६–१० जनवरी, १९९७ में आयोजित कंप्यूटर विज्ञान की हिन्दी तकनीकी शब्दावली का विकास एवं अनुप्रयोग विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला/संगोष्ठी विवरणिका।

(x) वेदव्रत

"डॉस कमाण्ड का हिन्दीकरण"

कंप्यूटर विज्ञान विभाग गु०का० वि० वि० हरिद्वार एवं वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, नयी दिल्ली द्वारा, ६–१० जनवरी, १९९७ में आयोजित कंप्यूटर विज्ञान की हिन्दी तकनीकी शब्दावली का विकास एवं अनुप्रयोग विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला/संगोष्ठी विवरणिका।

(xi) द्विजेन्द्र पंत

"बहुमाध्यम तकनीक एवं उसके अवयव"

कंप्यूटर विज्ञान विभाग गु०का० वि० वि० हरिद्वार एवं वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, नयी दिल्ली द्वारा, ६–१० जनवरी, १९९७ में आयोजित कंप्यूटर विज्ञान की हिन्दी तकनीकी शब्दावली का विकास एवं अनुप्रयोग विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला/संगोष्ठी विवरणिका।

(xii) अनिल कुमार, राजीव वशिष्ट एवं भरतलाल गर्ग

"सूचना महामार्ग"

कंप्यूटर विज्ञान विभाग गु०का० वि० वि० हरिद्वार एवं वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, नयी दिल्ली द्वारा, ६–१० जनवरी, १९९७ में आयोजित कंप्यूटर विज्ञान की हिन्दी तकनीकी शब्दावली का विकास एवं अनुप्रयोग विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला/संगोष्ठी विवरणिका।

२. लघु शोध प्रबन्धों का निर्देशन :

एम० सी० ए० के बारह छात्रों ने डा० विनोद कुमार के निर्देशन में, आठ छात्रों ने श्री कर्मजीत भाटिया के निर्देशन में तथा चौदह छात्रों ने सुनील कुमार के निर्देशन में अपने एक सत्रीय लघु शोध प्रबन्ध पूरे किये।

३. अन्य विभागों के कार्यों में सहयोग

(i) श्री कर्मजीत भाटिया ने सत्र १९९६–९७ की विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम के चयन हेतु चयन समिति के सदस्य के रूप में कार्य किया।

(ii) डा० विनोद कुमार शर्मा ने प्रबन्धन संकाय, पर्यावरण विज्ञान विभाग, रसायन विज्ञान विभाग व कन्या गुरुकुल महाविद्यालय देहरादून की प्रयोगशालाओं के लिए क्रय किये जाने वाले कम्प्यूटर उपकरणों का विवरण तैयार करने व क्रय प्रक्रिया में विशेषज्ञ के रूप में सहयोग किया।

(iii) श्री वेदव्रत ने पर्यावरण विज्ञान विभाग, रसायन विज्ञान विभाग व प्रबंधन संकाय के लिए क्रय किये जाने वाले कम्प्यूटर उपकरणों की प्रतिस्थापना में इन विभागों का सहयोग किया।

(iv) श्री वेदव्रत ने कंप्यूटर केन्द्र में नोवेल नेटवर्क के प्रबन्धन में सराहनीय कार्य किया।

४. पी०एच०डी० हेतु शोध कार्य :

डा० विनोद कुमार के निर्देशन में एक छात्र श्री प्रदीप कुमार को पी०एच०डी० उपाधि प्राप्त हो चुकी है तथा दो अन्य छात्र श्री अरुण कुमार एवं श्री अवनीश कुमार पी०एच०डी० के लिए शोध कार्य कर रहे हैं।

५. विभागीय सदस्यों द्वारा व्याख्यान :

डा० विनोद कुमार ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर में 'कम्प्यूटर सिस्टम परफारमेंस' विषय पर चार आमंत्रित व्याख्यान दिये तथा एल०एम०एस०पी० जी० कालिज ऋषिकेश में "Software project Development Issues, measures and precautions" में विषय पर दो आमंत्रित व्याख्यान दिये।

६. शोध सम्मेलनों में सहकारिता :

(i) डा० विनोद कुमार ने इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा "Networking Management Education", विषय पर अप्रैल ६–१२, १९९७ तक आयोजित राष्ट्रीय शोध सम्मेलन में भाग लिया।

(ii) विभाग के सभी सदस्यों ने कम्प्यूटर केन्द्र, ग० का० वि० वि० में Digital Electronic Corporation, नई दिल्ली द्वारा आयोजित पंच–दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम में भाग लिया।

७. शोध सम्मेलनों/कार्यशालाओं का आयोजन :

कम्प्यूटर विज्ञान विभाग में वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग के सहयोग से दिनांक ६.१.९७ से १०.१.९७ तक "कम्प्यूटर की हिन्दी तकनीकी शब्दावली का विकास एवं

अनुप्रयोग" विषय पर एक पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें देश के कोने–कोने से लगभग ५५ विद्वानों ने भाग लिया। इसमें डा० विनोद कुमार ने स्थानीय संयोजक के रूप में कार्य किया। इस कार्यशाला के आयोजन में विभाग के अन्य सदस्यों ने भरपूर सहयोग प्रदान किया।

८. आमंत्रित व्याख्यानों का आयोजन :

इस सत्र में निम्न विषय विशेषज्ञों ने आमन्त्रित व्याख्यान दिये–

१. डा० जी०एस० अग्रवाल, रुड़की विश्वविद्यालय, रुड़की
२. डा० एस०पी० शर्मा, रुड़की विश्वविद्यालय, रुड़की
३. डा० के०के० श्रीवास्तव, रुड़की
४. ब्रिगेडियर ओ० पी० चौधरी, भूतपूर्व कुलपति, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक
५. डा० एल० एन० दहिया, उपकुलपति, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक
६. डा० आर० के० शर्मा, गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर

९. शैक्षणिक निकायों में सक्रियता :

डा० विनोद कुमार सिस्टम सोसाइटी आफ इण्डिया के आजीवन सदस्य हैं, तथा कम्प्यूटर सोसाइटी आफ इण्डिया के सदस्य व हरिद्वार चेप्टर के वाइस चेयरमेन है ।

१०. विभागीय प्रयोगशाला व पुस्तकालय का विस्तार :

इस वर्ष विभागीय प्रयोगशाला में ४ नये कम्प्यूटर जोड़े गये। श्री सुनील कुमार (प्रवक्ता) की देख रेख में विभागीय पुस्तकालय का निरन्तर विस्तार हो रहा है। इस वर्ष लगभग दो सौ नई पुस्तकें खरीदी गयीं। श्री वेदव्रत व श्री द्विजेन्द्र पंत का विभागीय प्रयोगशाला व पुस्तकालय के रख–रखाव संबंधी कार्यों में सहयोग अत्यन्त सराहनीय रहा।

११. एम०सी० ए० प्रोजेक्ट व रोजगार सम्बन्धी कार्य :

श्री कर्मजीत भाटिया, (प्रवक्ता) ने एम०सी०ए० तृतीय वर्ष के छात्रों के प्रोजेक्ट व रोजगार सम्बन्धी कार्यों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया जिससे सभी छात्रों को विभिन्न कम्पनियों में प्रोजेक्ट करने का अवसर प्राप्त हुआ तथा एम०सी०ए० उत्तीर्ण लगभग सभी छात्रों को रोजगार प्राप्त हुआ। इन्ही प्रयासों से विभिन्न साफ्टवेयर कम्पनियों से परिसरीय साक्षात्कार हेतु पत्र आने प्रारम्भ हो गये हैं।

कम्प्यूटर केन्द्र

गु० का० वि० हरिद्वार में कम्प्यूटर केन्द्र की स्थापना वि० वि० अनुदान आयोग द्वारा प्रदत्त अनुदान से १९८७ में की गई। वर्तमान में केन्द्र में ५० लाख रु० लगभग के आधुनिक कम्प्यूटर संयंत्र एवं साफ्टवेयर उपलब्ध हैं जिसे एम०सी०ए०, बी०एस०सी० और बी०ए० कम्प्यूटर के छात्र उपयोग में ला रहे हैं।

१. अत्याधुनिक कम्प्यूटर सयंत्रों से युक्त कम्प्यूटर केन्द्र में एम०सी०ए०, बी०एस०–सी० और बी०ए० के छात्रों की प्रयोगात्मक कार्य की आवश्यकता को देखते हुए केन्द्र को दो पालियों मे चलाया जा रहा है।

२. केन्द्र के पुराने ७ कम्प्यूटरों का अत्याधुनिक कम्प्यूटरों में नवीनीकरण किया गया जिस पर अनुमानतः ३ लाख रु० खर्च हुए। नवीनतम कम्प्यूटर साफ्टवेयर जैसे विन्डोज ९५, विजुवल सी और विजुवल बेसिक आदि का समावेश हुआ।

३. मुख्य कार्यालय में एक अलग कम्प्यूटर सेल का निर्माण किया गया है ताकि मुख्य कार्यालय की कम्प्यूटर सम्बंधी आवश्यकता को पूरा किया जा सके।

४. विज्ञान संकाय की ९५–९६ सत्र की छात्रों की सूची कम्प्यूटर द्वारा तैयार की गयी। दूसरे विभागों जैसे भौतिकी, रसायन, गणित के कार्यों के लिए वांछित कम्प्यूटर सुविधा प्रदान की गयी तथा वि० वि० अनुदान आयोग को भेजे गये विभिन्न पाठ्यक्रमों जैसे एम०बी०ए०, कन्या गुरुकुल आदि की रूपरेखा कम्प्यूटर केन्द्र में तैयार की गई। नवी पंचवर्षीय योजना के लिए सभी प्रस्तावों का मुद्रण कंप्यूटर केन्द्र में किया गया। वि०वि० अनुदान आयोग को भेजी विश्वविद्यालय प्रोफाइल तैयार करने में श्री शशिकान्त का विशिष्ट योगदान रहा ।

५. श्री महेन्द्र असवाल तथा श्री शशिकान्त ने कम्प्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा मानव संसाधन विकास मंत्रालय के सहयोग से जनवरी १९९७ में आयोजित कम्प्यूटर शब्दावली में अपना लेख 'बहुमाध्यम : एक परिचय' प्रस्तुत किया।

६. श्री मनोज कुमार ने यू० जी० सी० के INFLIBNET PROGRAMME के अन्तर्गत पुस्तकालय में Dissertation & Thesis के कम्प्यूटरीकरण का प्रथम चरण पूरा किया गया। इस कार्य से प्रेरित होकर यू० जी० सी० पुस्तकालय के कम्प्यूटरीकरण के लिए शीघ्र ही एक लाख का अनुदान देने जा रही है।

७. श्री मनोज कुमार व श्री अचल कुमार गोयल ने कम्प्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा मानव संसाधन विकास मन्त्रालय के सहयोग से आयोजित कम्प्यूटर शब्दावली कार्यशाला में अपना लेख " इलेक्ट्रोनिकी डाक–ई–मेल" प्रस्तुत किया।

८. श्री अचल कुमार गोयल ने एम० एस० सी० (रसायन) के छात्रों को "Fortran Programming" विषय पर व्याख्यान दिये तथा प्रबन्धन संकाय व रसायन विज्ञान विभाग की प्रयोशालाओं में कम्प्यूटर उपकरणों की प्रतिस्थापना में सहयोग दिया।

जन्तु एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग

सन् १६८४ में यू०जी०सी० द्वारा जन्तु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान दोनों को संयुक्त रूप से एम०एस०सी० माइक्रोबायोलोजी दी गयी। तब से लगातार इस विभाग द्वारा माइक्रो बायोलोजी (एम० एस० सी०) कक्षाओं को पढ़ाया जा रहा है। इस विभाग में किये गये लघु शोध प्रबन्ध के कारण, यहाँ के छात्र देश विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों में उच्च पदों पर आसीन है तथा क्लीनिकल माइक्रोबायोलोजी के कारण बहुत से छात्र स्वरोजगार योजना के अर्न्तगत अपनी–अपनी पैथोलोजी एवं माइक्रोबायोलोजी लैब चला रहे हैं।

सन् १६६५–६६ से विभाग में एम०एस०सी० पर्यावरण विज्ञान भी प्रारम्भ किया गया। जिसके अन्तर्गत इस वर्ष छात्रों के लाभ हेतू देश के अनेक विश्वविद्यालयों एवं शोध सस्थानों से विषय विषेशज्ञों द्वारा नवीनतम, जानकारी विभिन्न व्याख्यानों द्वारा प्रदान की गयी। इसके साथ ही अमेरिकन वैज्ञानिक डा० होस्ट रसल वासर ने "पर्यावरण एवं स्वास्थ्य" नामक विषय पर २० नवम्बर १६६६ को सारगर्भित व्याख्यान दिया।

